- ❖ Life-enhancing (*saarak*): - The vegetation that nourishes *pranic*-activity is known as life-enhancing.
- ❖ Life-debilitating (*maarak*): - The vegetation that dessicates *pranic*-activity is known as life-debilitating.
- ★ The body formations of entire animal order have all activities of material order and *pranic* order into their fold. These are evident in the form of growth (birth, maturation), permanence (living according to specie) and dissolution (death) stages in animals. Jeevan in animal order is attached to sense-objects of food, sleep, fear and coitus. Innate-nature of animal order is cruel-uncruel.
- ★ The units of knowledge order – distinct from the above three evolution stages - have the opportunity of studying and practicing knowledge, wisdom and science through behaviour with motives of wealth, progeny and fame, by conduct of steadfastness, courage and generosity – whose completeness and incompleteness itself is the basis of perspective of humanness or inhumanness.
- ❖ Steadfastness (*dheerta*) : - Commitment and perseverance towards justice itself is steadfastness.
- ❖ Courage (*veerta*): - Tendency of devoting one's conscious and material forces for getting justice for others.
- ❖ Generosity (*udarta*): - Tendency of happily devoting one's own means i.e. body, mind and wealth for others by way of realizing use and good-use.
- ❋ In the course of studying and practicing knowledge, wisdom and science human beings are in the statuses of delusion, discernment, or non-delusion.
- • **There are countless activities in the Cosmic order and entire Cosmic order is saturated in the all pervasive Omnipotence.**
- ★ As a result of being inspired entire matter is continuously engaged in effort. Without effort, advancement and deterioration is not possible in activities and their results. Therefore:-

- पदार्थावस्था + श्रम = प्राणावस्था।
- प्राणावस्था + श्रम = जीवावस्था।
- जीवावस्था + श्रम = भ्रमित ज्ञानावस्था।
- भ्रमित ज्ञानावस्था + श्रम = विश्राम अर्थात् सह-अस्तित्व में अनुभूति।

❖ श्रम :-श्रम का तात्पर्य अधिक उन्नत अर्थात् यथास्थिति से अधिक उन्नत यथास्थिति से है। ऐसी यथास्थिति विकास क्रम, जो कि भौतिक -रासायनिक वस्तुओं के रूप में है। विकास चैतन्य पद अथवा जीवन पद के रूप में अध्ययन सुलभ है। ऐसे जीवन जागृति क्रम, जागृति के रूप में अध्ययन बोध व अनुभवगम्य है। अनुभवगम्य का अर्थ व्यवहार परम्परा में प्रमाणित होने से है।

★ श्रम के क्षोभ के बराबर ही विश्राम की तृषा है क्योंकि ज्ञानावस्था में 'समस्त श्रम' विश्राम सहज गन्तव्य, यथास्थिति और उसकी निरंतरता के लिये है।

**''सर्व शुभ हो''**





- **Material order + effort = *Pranic* order.**
- ***Pranic* order + effort = Animal order.**
- **Animal order + effort = Knowledge order in delusion.**
- **Knowledge order in delusion + effort = Effortlessness or Realization in coexistence.**

❖ Effort (*shram*): - Effort is to attain higher state of being than present. These states of being are in the course of evolution, which are in the form of material entities. Progress (constitutional-completeness) is studiable as conscious plane or jeevan. Such jeevan is studiable, undestandable and realizable in awakening progression and awakened stages. "Realizable" means – becoming evident in human behaviour as tradition.

★ The friction from one's (human being's) efforts equals one's thirst of effortlessness, because 'entire effort' in knowledge order is for attaining the destination of effortlessness and its continuity.

**"May there be Universal goodness"**

## अध्याय - चार

# मानव सहज प्रयोजन

- विश्राम के लिये ही इस पृथ्वी पर मानव अपने महत्व को जानने, पहचानने के प्रयास एवं प्रयोग में व्यस्त है।

- एक से अधिक मानव एकत्र होने को परिवार, समुदाय व अखण्ड समाज संज्ञा है। जागृत मानव परम्परा में सार्वभौम व्यवस्था पूर्वक अखण्ड समाज प्रमाणित होता है।

★ अकेले में मानव के जीवन में कोई कार्यक्रम, व्यवहार एवं उत्पादन सिद्ध नहीं होता है। इस पृथ्वी पर मानव अधिकतम विकसित इकाई है। इससे विकसित इकाई इस पृथ्वी पर परिलक्षित नहीं है। मानव इसीलिए विकसित इकाई सिद्ध हुआ है, क्योंकि :-

1. वह मानवेतर सृष्टि के उपयोग, सदुपयोग, शोषण एवं पोषण में सक्षम है।
2. मानव तथा मानवेतर तीनों सृष्टि में पाए जाने वाले गुण, स्वभाव एवं धर्म का ज्ञाता मानव ही है।
3. मानवेत्तर सृष्टि में न पाये जाने वाले स्वभाव, व्यवहार एवं अनुभूति को मानव में पाया जाता है।

- सामाजिकता से आवश्यकता; आवश्यकता से प्रयोग एवं उत्पादन; प्रयोग एवं उत्पादन से अर्थोपार्जन; अर्थोपार्जन से उपयोग, सदुपयोग व प्रयोजनशीलता; उपयोग, सदुपयोग व प्रयोजनशीलता से व्यवहारिकता; व्यवहारिकता से मानवीयता तथा मानवीयता से अखण्ड सामाजिकता है। अखण्ड सामाजिकता के अर्थ में सार्थक है।

❖ अखण्डता:- अखण्डता सार्वभौमता सहज सूत्र व्याख्या रूप में मानव का प्रयोजन।





## Chapter-4

# Existential purpose of Human being

- **Only for effortlessness, human beings on this Earth are busy in endeavours and experiments of knowing and recognizing their own significance.**
- **More than one human being coming together is known as family, community, or undivided society. Undivided society is achieved by way of universal orderliness in awakened human tradition.**

★ A single human being can not accomplish any program, behaviour, or production. Human being is the most evolved unit on this Earth. More evolved unit than human being is not evident on this Earth. Human being proves to be most evolved unit, because: -

1. He is capable of making use, good-use, exploitation and nourishment of Cosmic order other than humankind.
2. Only human being is the knower of characteristics, innate-nature and religion found in humankind and Cosmic order other than humankind.
3. Human being is found to be having innate-nature, behaviour and understanding which are not found in Cosmic order other than humankind.

- **Social obligations give rise to identification of needs; identification of needs gives rise to experiementation and production activities; experimentation and production activities give rise to wealth generation; wealth generation gives rise to use, good-use and purposefulness of wealth; use, good-use and purposefulness of wealth gives rise to behavioural harmony; behavioural harmony gives rise to humanness and humanness gives rise to social harmony - which is achieved in the form of undivided society.**

❖ Undivided-ness (*akhandta*):- Existential purpose of human being in essence and expansion of undividedness and universality.

- ❖ सामाजिकता:- सम्पर्क एवं संबंध का निर्वाह ही सामाजिकता है।
- ❖ आवश्यकता :- निर्वाह के लिए समुचित साधनों के प्रति (जो समझदार परिवार में निर्धारित होता है) तीव्र इच्छा ही आवश्यकता है। यह शरीर पोषण-संरक्षण समाज गति के अर्थ में।
- ❖ समुचित साधन :- मानव की परस्परता में व्यवहार, प्रयोग एवं उत्पादन को संतुलित, समृद्ध एवं जागृति पूर्ण प्रमाण परंपरा के लिए प्रयुक्त आवश्यकीय साधनों की समुचित साधन संज्ञा है। शरीर पोषण, संरक्षण व समाज गति के लिए अर्पित, समर्पित वस्तुयें समुचित साधन हैं।
- ❖ प्रयोग :- मानव की आवश्यकता के रूप में प्राकृतिक ऐश्वर्य पर श्रम नियोजन पूर्वक उपयोगिता मूल्य व कला मूल्य को स्थापित करने हेतु सफल होते तक प्रयास ही प्रयोग है।
- ❖ उत्पादन :- प्रयोग को सामान्यीकृत करने हेतु विकसित क्रिया पद्धति में श्रम नियोजन प्रक्रिया की उत्पादन संज्ञा है जिसमें बहुतायत उत्पादन की अथवा निर्माण की कामना सन्निहित रहती ही है।
- ❖ धनोपार्जन :- प्राकृतिक ऐश्वर्य पर श्रम नियोजन से कला एवं उपयोगिता की सिद्ध मात्रा की धन संज्ञा हैं जिसके आदान से प्रदान तथा प्रदान से आदान का होना आवश्यक है। ऐसे धन के एकत्रीकरण क्रिया को धनोपार्जन संज्ञा है। धनोपार्जन की यह क्रिया परक परिभाषा है। उपार्जन का अर्थ ही है उपाय द्वारा किया गया अर्जन।
- ❖ उपयोग :- उत्पादन व सेवा के लिए प्रयुक्त अर्थ की उपयोग संज्ञा है।
- ❖ उत्पादन :- उत्पादन दो भेद से होता है - सामान्य आकाँक्षा से अथवा महत्वाकाँक्षा से।
- ❖ सामान्य आकाँक्षा :- आहार, आवास एवं अलंकार में प्रयुक्त वस्तुओं को सामान्य आकाँक्षा संज्ञा है।





- ❖ Social harmony (*samajikta*):- To fulfill duties and responsibilities in relationships and associations among human beings itself is social harmony.
- ❖ Needs (*avashyakta*): - Acute desire for appropriate means which are determined in a resolved-family itself is 'need'. This acute desire gets manifested in the form of nourishment and protection of body and societal-progress.
- ❖ Appropriate means (*samuchit sadhan*): - The means that are necessary for experimentation and production activities needed for realization of resolution and prosperity. These are the objects offered and devoted for bodily-nourishment, bodily-protection and societal-progress.
- ❖ Experimentation (*prayog*): - The endeavour until success for instilling utility value and art value on natural abundance through hard-work (physical labor) to fulfill human needs.
- ❖ Production (*utpadan*): - The process of deploying hard-work (physical labor) for normalising an experiment is known as production, wherein the wish for surplus remains to be there.
- ❖ Wealth generation (*dhan-uparjan*): - The measure of utility and art achieved from deploying hard-work (physical labor) of human being on natural abundance is known as wealth – give and take of which is necessary. The activities of collecting such wealth is known as wealth generation. This is a functional definition of wealth generation. Generation means – accomplishing by planned execution.
- ❖ Use (*upyog*): - Deployment of wealth towards production and serving others (*seva*) is known as use.
- ❖ Production(*utpadan*) : - Production has two distinctions – for common aspirations or for higher aspirations.
- ❖ Common aspiration (*samanya-akanksha*): - The program of accomplishing food, shelter and utilities is known as common aspiration.

❖ **महत्वाकाँक्षा :-** दूरगमन, दूरदर्शन तथा दूरश्रवण के लिए प्रयुक्त वस्तुओं को महत्वाकाँक्षा संज्ञा है।

❖ **सदुपयोग :-** परिवार मूलक स्वराज्य व्यवस्था में भागीदारी करते हुए तन, मन, धन रूपी अर्थ का नियोजन सदुपयोग है।

❖ **प्रयोजन :-** जागृति पूर्णता पूर्वक अखण्ड समाज सार्वभौम व्यवस्था में तन, मन, धन का नियोजन प्रयोजन है।

❖ **व्यवहारिकता :-** मानवीयता पूर्ण आचरण की व्यवहारिकता संज्ञा है।

- अखण्ड सामाजिकता का अध्ययन मानवीय स्वभाव, विषय एवं दृष्टि के आधार पर ही है, जिसके संरक्षण हेतु सामाजिक व्यवस्था है।
- उपरिवर्णित आधार पर अध्ययन करने पर मानव प्रवृत्तियों की कुल तीन प्रकार से गणना होती है :-

1. अमानवीयता 2. मानवीयता 3. अतिमानवीयता।

❖ अमानवीय स्वभाव, विषय एवं दृष्टि का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन देने हेतु की गई व्यवस्था अमानवीय अथवा पाशविक प्रवृत्ति व्यवस्था है।

❖ **अमानवीय स्वभाव :-** हीनता, दीनता एवम् क्रूरता ही अमानवीय स्वभाव है।

❖ **अमानवीय विषय :-** आहार, निद्रा, भय एवम् मैथुन ही अमानवीय विषय है।

❖ **अमानवीय दृष्टि :-** प्रियाप्रिय, हिताहित एवम् लाभालाभ ही अमानवीय दृष्टि है।

❖ **प्रिय :-** ऐन्द्रिय सुख सापेक्ष क्रिया की प्रिय संज्ञा है।

❖ **हित :-** शरीर स्वास्थ्य वर्धन एवं पोषण क्रिया की हित संज्ञा है।





❖ Higher aspiration (*mahattva-akanksha*): - The program of accomplishing transportation and tele-communication is known as higher aspiration.

❖ Good-use (*sadupyog*): - Deployment of means in the form of body, mind and wealth for participation in “family-rooted self-organized orderliness”.

❖ Purposefulness (*prayojan*) : - Deploying material and conscious means in the form of body, mind and wealth towards undivided society and universal orderliness with complete awakening.

❖ Behavioural harmony (*vyavharikta*): - Conduct of humanness is known as behavioural harmony.

- **The study of social harmony is possible only on the basis of (awakened) human being’s social-nature, tendency and perspective only and social order is meant for its conservation.**
- **Study based on above leads to categorization of tendencies of humankind into three:-**

**(1) inhumanness, (2) humanness, (3) super-humanness.**

❖ The social order for conserving, strengthening and encouraging inhuman nature, pursuits and perspectives is known as inhuman social order or animal-like social order.

❖ Inhuman nature (*amanviya svabhav*): - Cunningness, wretchedness and cruelness only is the inhuman nature.

❖ Inhuman pursuits (*amanviya vishaya*): - Food, sleep, fear and coitus only are the inhuman pursuits.

❖ Inhuman perspective (*amanviya drishti*): - Pleasant-unpleasant, healthy-unhealthy and profit-loss only are the inhuman perspectives.

❖ Pleasant (*priya*): - The activity of anticipating sensory-contentment is known as pleasant.

❖ Healthy (*hita*): - The activity of enhancing bodily health and nourishment is known as healthy.

- ❖ लाभ :- श्रम से अधिक द्रव्य पाने की क्रिया को लाभ अथवा लघु मूल्य के बदले गुरु मूल्य आदाय ही लाभ है।
- ❖ हीनता :- विश्वासघात ही हीनता है।
- ❖ विश्वासघात :- जिससे जिस क्रिया की अपेक्षा है, उसके विपरीत आचरण किया जाना ही विश्वासघात है।
- ❖ छल :- विश्वासघात के अनन्तर भी उसका आभास न हो ऐसे विश्वासघात की छल संज्ञा है।
- ❖ कपट :- विश्वासघात के अनन्तर उसके प्रकट या स्पष्ट हो जाने की स्थिति में विश्वासघात की कपट संज्ञा है।
- ❖ दम्भ :- आश्वासन देने के पश्चात् भी किए गये विश्वासघात की दम्भ संज्ञा है।
- ❖ पाखण्ड :- दिखावा पूर्वक किए गए विश्वासघात की पाखण्ड संज्ञा है।
- ❖ दीनता :- अपने दु:ख को दूसरों से दूर कराने हेतु जो आश्रय प्रवृत्ति है, उसकी दीनता संज्ञा है।
- ★ दीनता अभावजन्य या अक्षमताजन्य दो प्रकार की होती है।
- ❖ अभाव :- उत्पादन से अधिक उपभोग एवं उपयोग की इच्छा ही अभाव है। आलस्य, प्रमाद, अज्ञान, अप्राप्ति, प्राकृतिक प्रकोप तथा सामाजिक असहयोग अभाव के कारण हैं।
- ❖ अक्षमता :- इच्छानुसार बौद्धिक एवं कार्य-व्यवहार क्रिया का संपादन न कर पाना ही अक्षमता है। अक्षमता का कारण अजागृति और रोग है।
- ❖ क्रूरता :- स्व-अस्तित्व को बनाए रखने के लिए बलपूर्वक दूसरे के अस्तित्व को मिटाने में जो वैचारिक प्रयुक्ति तथा शोषण कार्य है, उसे क्रूरता कहते हैं।
- ★ अपराध एवं प्रतिकार क्रूरता के दो भेद हैं।
- ★ अपराधात्मक क्रूरता हिंसा के रूप में व्यक्त तथा प्रतिकारात्मक क्रूरता प्रतिहिंसा के रूप में व्यक्त है।





- ❖ Profit (*labh*): - The activity of getting more material than one's hard-work (physical labor) is known as profit, or taking higher value in exchange for a lower value itself is profit.
- ❖ Cunningness (*heenta*): - Betrayal itself is cunningness.
- ❖ Betrayal (*vishwas-ghat*): - The conduct of someone contrary to what was expected from him itself is known as betrayal.
- ❖ Deceit (*chhal*): - After betraying trust, its not getting recognized is known as deceit.
- ❖ Cheating (*kapat*): - After betraying trust, its getting exposed is known as cheating.
- ❖ Fraud (*dambh*): - Betraying trust even after giving assurance is known as fraud.
- ❖ Charlatanism (*pakhand*): - Overtly betraying trust is known as charlatanism.
- ❖ Wretchedness (*deenta*): - The tendency of seeking refuge of others for alleviation of one's own misery is known as wretchedness.
- ★ Wretchedness is due to poverty or lack of potential.
- ❖ Poverty (*abhav*): - Desire of consuming and using more than production is poverty. The causes of poverty are laziness, negligence, ignorance, natural calamities and social non-cooperation.
- ❖ lack of potential (*akshamta*): - Not being able to perform conscious and physical functions as desired itself is lack of potential. The causes of lack of potential are un-awakening (delusion) and disease.
- ❖ Cruelness (*kroorta*): - Scheming to forcefully remove other to maintain one's own existence is known as cruelness.
- ★ Crime and vengeance are the two distinctions of cruelness.
- ★ Criminal cruelness is in the form of violence and vengeant cruelness is expressed in the form of counter-violence.

- मानवीय स्वभाव, विषय एवम् दृष्टि को संरक्षण, संवर्धन एवम् प्रोत्साहन देने वाली व्यवस्था मानवीय व्यवस्था है।

❖ मानवीय स्वभाव :- धीरता, वीरता और उदारता दया, कृपा, करूणा ही मानवीय स्वभाव है।

❖ मानवीय विषय :- पुत्रेषणा, वित्तेषणा एवं लोकेषणा मानवीय विषय है।

❖ मानवीय दृष्टि :- न्यायान्याय, धर्माधर्म एवं सत्यासत्य मानवीय दृष्टि है।

★ न्याय :- मानवीयता के संरक्षणात्मक नीतिपूर्वक किये जाने वाले व्यवहार व्यवस्था ही न्याय है।

- अतिमानवीय स्वभाव, विषय एवं दृष्टि की जागृति के लिए समुचित अवसर एवं साधन को नियोजित करने वाली व्यवस्था एवं वैयक्तिक प्रयास को अतिमानवीय सामाजिक व्यवस्था कहते हैं। अखण्ड समाज, परिवार मूलक स्वराज्य व्यवस्था व हर मानव सहज प्रमाण परम्परा ही अतिमानवीय सामाजिक व्यवस्था है।

❖ अतिमानवीय स्वभाव :- दया, कृपा और करुणा ही अति-मानवीय स्वभाव है।

❖ दया :- जिनमें पात्रता हो, परंतु उसके अनुरूप वस्तु उपलब्ध न हो, ऐसी स्थिति में उसे वस्तु उपलब्ध कराने हेतु की गयी प्रयुक्ति ही दया है।

❖ कृपा :- वस्तु समीचीन है पर उसके अनुरूप पात्रता अर्थात् मानवीयतापूर्ण नजरिया नहीं है, उनको पात्रता उपलब्ध कराने वाली प्रयुक्ति कृपा है।

❖ करुणा :-जिनमें पात्रता न हो और वस्तु भी समीचीन न हों, उनको उसे उपलब्ध कराने वाली प्रयुक्ति ही करुणा है।





- **The order that conserves, strengthens and encourages humane nature, pursuits and perspective is humane-orderliness.**

❖ Humane nature (*manveeya-svabhav*): - Steadfastness, courage and generosity, kindness, graciousness and compassion itself is humane nature.

❖ Humane pursuits (*manveeya vishaya*): - Motives of progeny, wealth and fame alone are humane pursuits.

❖ Humane perspective (*manveeya drishti*): - Justice-injustice, religious-irreligious and truth-untruth are the humane perspective.

★ Justice (*nyaya*): - The social order with ethics of conserving humanness itself is justice.

- **The collective and individual endeavours that provide adequate opportunities and means for awakening of super-humanly nature, pursuits and perspective are known as superhumanly social order. Undivided society, family rooted self-organizing orderliness and tradition with acceptance of human being as evidence of truth is a superhumanly social order.**

❖ Superhumanly nature (*ati-manviya svabhav*): - Kindness graciousness and compassion itself is superhumanly nature.

❖ Kindness (*daya*): - When receptivity is there but understanding is not established in tradition, then activities of establishment of understanding into tradition is known as kindness.

❖ Graciousness (*krupa*): - When understanding is established in tradition, but receptivity according to that as humane worldview is not there, in that state thoughts and activities of instilling such receptivity are known as graciousness.

❖ Compassion (*karuna*): - Those who neither have receptivity and nor is the understanding established in tradition, in that state thoughts for making these available itself is known as compassion.

❖ अतिमानवीय विषय :- सत्य (सह-अस्तित्व रूपी परम सत्य)

❖ अतिमानवीय दृष्टि :- मात्र सत्य।

• न्याय व अन्याय सहित लक्ष्य भेद से संपर्क सफल एवं असफल सिद्ध होता है, जिससे सामाजिकता का विकास व ह्रास सिद्ध होता है।

❖ सम्पर्क :- जिस परस्परता में प्रत्याशाएँ ऐच्छिक रूप में निहित है, ऐसे मिलन की संपर्क संज्ञा है।

❋ ऐहिक उद्देश्य (जीव चेतना वश) से संबंध नहीं है। संबंध आमुष्मिक उद्देश्य (विकसित चेतना, मानव, देव मानव दिव्य मानव सहज प्रमाण) पूर्वक ही हैं, जिनका निर्वाह ही जागृति है।

❖ संबंध :- जिस परस्परता में प्रत्याशाएँ पूर्णता के अर्थ में पूर्व निश्चित रहती हैं, ऐसे मिलन की संबंध संज्ञा है।

• सामाजिकता का निर्वाह कर्त्तव्य एवं निष्ठा से है, जिससे अखण्डता-सार्वभौमता रुप में सामाजिकता का विकास तथा अन्यथा से ह्रास है।

❖ निर्वाह :- समाधान, समृद्धि सहित उपयोग, सद्उपयोग व प्रयोजनों को प्रमाणित करना अथवा परस्पर पूरक सिद्ध होना।

❖ कर्त्तव्य :- मानवीयता पूर्ण विधि से करने योग्य कार्य-व्यवहार एवं मूल्य निर्वाह क्रिया ही कर्त्तव्य है।

❖ निष्ठा :- कर्त्तव्य एवं दायित्व निर्वाह की निरंतरता ही निष्ठा है।

★ सामाजिकता के निर्वाह के लिये समाधान, समृद्धि आवश्यक है, इसके लिये बौद्धिक एवं भौतिक साधन है।

❖ साधन :- साधक को अथवा साध्य केलिये आवश्यकीय वस्तु एवं पात्रता को साधन संज्ञा है, जो हर साधक में अपेक्षणीय है।





❖ Superhumanly tendency (*ati-manviya pravritti*): - Truth (absolute truth in the form of coexistence).

❖ Superhumanly-perspective (*ati-manviya drishti*): - Only truth.

• **Human associations succeed or fail depending on whether their aim is with justice or injustice and as a result there is progress or decline in social harmony.**

❖ Association (*sampark*): - The mutualities in which the expectations from each other are as 'desirable', such meetings are known as associations.

❋ Human-relationships are not for mundane aims (due to animal consciousness). Human relationships are for great aims (i.e. to evidence evolved consciousness as human consciousness, godly consciousness and divine consciousness) and fulfilling these itself is awakening.

❖ Relationship (*sambandh*): - Human mutualities in which the expectations from each other remain pre-determined for realization of completeness, such meetings are known as relationships.

• **Fulfillment of social obligations is from dutifulness and commitment whereby society evolves in the form of undividedness and universality otherwise it deteriorates.**

❖ Fulfill (*nirvaaha*): - Realizing use, good-use and purposes or realizing mutual complementariness.

❖ Dutifulness (*kartavya*): - The activities of realizing values and doing work and behaviour that is worthy by way of humanness itself is dutifulness.

❖ Commitment (*nishtha*): - Continuity of fulfilling duties and responsibilities itself is commitment.

★ Resolution and prosperity are necessary for fulfilling social-obligations. Human being has conscious-means (resolution) and material-means (prosperity) for this.

❖ Means (*sadhan*): - The necessary understanding and receptivity in aspirant or required for achieving the aim are known as means, which would be expected in every aspirant.

❖ **बौद्धिक साधन :-** जागृति सहज क्षमता, योग्यता एवं पात्रता के रूप में बौद्धिक साधन है।

❖ **भौतिक साधन :-** सामान्य एवं महत्वाकाँक्षाओं के लिये आवश्यकीय रचना एवं वस्तु उत्पादन के रूप में भौतिक साधन हैं।

★ उपरोक्तानुसार वर्णित साधनों को प्रयुक्त करने हेतु जो प्रयत्न, प्रयास एवं व्यवसाय (उत्पादन क्रिया) है, उसमें इच्छा का होना आवश्यक है।

• जो जिसको पाने के लिये तीव्र इच्छा से संवेगित होता है, वह उसे पाये बिना तृप्त नहीं होता है।

★ बौद्धिक एवं भौतिक साधनों की प्रयुक्ति के लिए इच्छा, किसी न किसी आवश्यकता की पूर्ति के लिये ही होती है। यह आवश्यकता स्वार्थ, परार्थ अथवा परमार्थ भेद से होती है।

❖ **स्वार्थ :-**सीमित एवं संकीर्ण अर्थ नियोजन योजना की स्वार्थ संज्ञा है। जो एक मानव अथवा परिवार तक ही सीमित रहती है अथवा वैयक्तिक या पारिवारिक इन्द्रिय सुख-सुविधा के लिये जो विचार एवं व्यवहार है वह स्वार्थ है।

❖ **परार्थ :-** दूसरों की सुविधा के लिये जो विचार एवं व्यवहार और इसकी पूर्ति के लिये अर्थ नियोजन की प्राथमिकता ही परार्थ है।

❖ **परमार्थ :-** जिस विचार एवं व्यवहार में समाधान सहित सर्वशुभ की उपलब्धि हो और समस्या का निराकरण हो और स्नेह का ही संबंध हो, इसे सर्व सुलभ कराने के लिये जो अर्थ नियोजन है, उसकी परमार्थ संज्ञा है।

❋ उपरोक्त नियम ही विभिन्न प्रकार की गठित सामाजिक इकाईयों के लिये भी लागू होगा। जिससे विभिन्नता समाप्त होकर, मानवीयता स्थापित होगी।

★ अर्थ मात्र तीन ही हैं :- मन (जीवन), तन, धन।

• बौद्धिक प्रयोग एवं प्रयास से बौद्धिक समाधान तथा भौतिक प्रयोग, प्रयास एवं उत्पादन से भौतिक समृद्धि की उपलब्धि होती है। बौद्धिक समाधान और भौतिक समृद्धि सामाजिकता के विकास के लिये सहायक है।





❖ Conscious means (*bauddhik sadhan*): - The conscious means are in the form of potential, ability and receptivity for awakening.

❖ Material means (*bhautik sadhan*): - The material means are in the form of objects of common aspiration and higher aspiration obtained through production.

★ The effort, endeavour and occupation (production activity) for deploying the means described above, must include the desire to do so.

• **One who moves with acute desire for achieving something is not content until he achieves it.**

★ The desire of deploying conscious and material means is for fulfilling some or the other need. This need is self-centered, others-centered, or holistic.

❖ Self-centered (*svarth*): - The plan of deploying means of living for limited and narrow ends is known as self-centered - which remains limited to only one human being or one family. The thoughts and behaviour for sensory-comforts of one individual or one family is self-centered.

❖ Others-centered (*pararth*): - Thoughts and behaviour that give priority in deploying means of living for comforts of others are known as others-centered.

❖ Holistic (*paramarth*): - The thoughts and behaviour that accomplish universal-good along with resolution, and which resolve problems and which have only affection in the relationships, the deployment of means of living for making this universally available are known as holistic.

❋ The above law itself will become applicable for numerous kinds of social units – thereby, their differences will end and humanness will get established.

★ Means of living are only three: - mind (jeevan), body and wealth.

• **Experimentation and endeavours of conscious kind lead to resolution in thoughts. Experimentation, endeavours and production lead to accomplishing material prosperity. Resolved thoughts and material prosperity are helpful for development of social harmony.**

- ★ भौतिक समृद्धि के लिये प्राकृतिक वैभव का उपयोग एवं सदुपयोग अनिवार्य है। खनिज, वनस्पति और पशु-पक्षी प्राकृतिक वैभव है।
- ★ प्राकृतिक वैभव के उपयोग और सदुपयोग के लिये श्रम रूपी अर्थ का नियोजन आवश्यक है।
- ❋ अर्थ :- तन, मन एवं धन का नियोजन, मानवीय तथा अतिमानवीय भेद से प्रयुक्त करने से सामाजिकता का विकास है।
- • अमानवीय समुदायों के गठन के मूल में भ्रमित मानवों व बलवान जीवों अर्थात् क्रूरता का भय है।
- ★ इसी प्रकार मानव समुदाय गठन के मूल में प्राकृतिक भय, पाशवीय भय तथा मानव में निहित अमानवीयता के भय से मुक्त होना लक्ष्य है।
- • मानव मात्र द्वारा समस्त प्रयास एवं प्रयोग तृप्ति अथवा सुख के लिये है।
- • ऐन्द्रिय (संवेदना), बौद्धिक (वैचारिक समाधान), मूल्य मूलक (न्याय) और लक्ष्य मूलक (जागृति सहज प्रमाण) भेद से तृप्तियाँ अथवा सुख है।
- ★ शॅब्द, स्पर्श, रूप, रस एवं गन्धेन्द्रियों द्वारा आहार, निद्रा, भय और मैथुन से होने वाली सभी तृप्तियाँ ऐन्द्रिय है जो सामयिक होती है।
- ★ वित्तेषणा, पुत्रेषणा, लोकेषणा से प्राप्त तृप्ति की बौद्धिक तृप्ति संज्ञा है जो दीर्घकालीन या दीर्घ परिणामी होती है।
- ★ संबंध, मूल्य, मूल्यांकन, उभय तृप्ति ही मूल्य मूलक विधि से जीने का प्रमाण है। जिसमें निरंतर सुख की संभावना दिखने लगती है।
- ★ मानव लक्ष्य (समाधान, समृद्धि, अभय, सह-अस्तित्व) व जीवन मूल्य (सुख, शांति, संतोष, आनंद) के अर्थ में जीना ही लक्ष्य मूलक विधि से जीने का प्रमाण है, यही विश्राम अथवा निरंतर सुख है। प्रकटन सुख रूप में है, मूल में शांति, संतोष आनंद रहता ही है।
- ❖ वित्तेषणा :- सदुपयोग के अर्थ में न्याय दृष्टि पूर्वक धन-बल कामना ही वित्तेषणा है।





- ★ For material prosperity, the use and good-use of natural abundance is indispensable. Minerals, vegetations and birds-animals are natural abundance.
- ★ The deployment of means of living in the form of hard-work (physical labor) is necessary for use and good-use of natural abundance.
- ❋ The development of social harmony is from deployment of means of living – body, mind and wealth - towards humanness and super-humanness.
- • **At the root of constitution of inhuman communities is the fear of cruelness of humans in delusion and mighty beasts.**
- ★ In the same way, at the root of constitution of humane communities is the aim of getting liberated from the fear of Nature, fear of beasts and fear of inhumanness in human beings.
- ★ Entire endeavours and experimentations by human beings are only for attaining contentment or happiness.
- ★ The contentments or happiness are either sensual (from sense-organs), conscious (resolution in thoughts), values rooted (justice), or rooted in existential purpose (as natural-evidence of awakening).
- ★ All contentments from sense-organs (hearing, touch, sight, taste and smell) through acts of food, sleep, fear and coitus are sensual, which are temporary in nature.
- ★ The contentment attained from motives of wealth, progeny and fame is known as conscious contentment, which are longer-lasting.
- ★ Living for human-purpose (resolution, prosperity, fearlessness, coexistence) and jeevan's purpose (happiness, peace, contentment and bliss) alone is evidence of purpose-rooted living, which alone is effortlessness or continuity of happiness.
- ❖ Motive of wealth (*vitteshna*): - The wish for obtaining wealth for good-use, with perspective of justice itself is motive of wealth.

- ❖ **पुत्रेषणा :- परिवार एवं समाज व्यवस्था के अर्थ में जन-बल कामना की पुत्रेषणा संज्ञा है।**
- ❖ **लोकेषणा :- अखण्ड समाज व्यवस्था के अर्थ में न्याय, धर्म दृष्टि पूर्वक यश-बल कामना ही लोकेषणा है।**
- ❖ **समाधान:- कैसे और क्यों की पूर्ति (उत्तर) ही समाधान है।**
- ❖ **विश्राम :-जिसमें श्रम नहीं समाधान है, जिसके द्वारा श्रम नहीं होता है वह अनुभूति ही विश्राम है।**

★ इच्छानुसार द्रवित होने वाले अंग को **इन्द्रिय,** बोध करने-कराने वाले अंग को **बुद्धि,** सह-अस्तित्व में अनुभूति करने वाले जीवन में अंगभूत **आत्मा,** समस्त आत्माओं के आधारभूत सत्ता की **अध्यात्म** व **परमात्मा** संज्ञा है।

❋ आवश्यकता तथा उपयोगिता का निर्णय उपरोक्त तीन तृप्तिकारक अथवा सुखकारक लक्ष्य भेद से निर्णय किया जाता है।

- ऐन्द्रिक तृप्ति क्षणिक, बौद्धिक तृप्ति दीर्घ परिणामी तथा अनुभव (लक्ष्य मूलक) तृप्ति नित्य अथवा अपरिणामी सिद्ध होती है।
- प्रियाप्रिय, विषय सापेक्ष; हिताहित, शरीर सापेक्ष; लाभालाभ, वस्तु व सेवा सापेक्ष; न्यायान्याय, व्यवहार सापेक्ष; धर्माधर्म, समाधान सापेक्ष तथा सत्यासत्य, सह-अस्तित्व में अनुभव सापेक्ष पद्धति से स्पष्ट होता है।

★ प्रिय विषय प्राप्त होने पर क्षणिक तृप्ति होती है। अप्रिय विषय प्राप्त होने पर इन्द्रियाँ तृप्त नहीं होती है।





- ❖ Motive of progeny (*putteshna*): - The wish for begetting children for having family and social order itself is motive of progeny.
- ❖ Motive of fame (*lokeshna*): - The wish for fame with perspectives of justice and religion towards realization of undivided society itself is motive of fame.
- ❖ Resolution (*samadhan*): - Complete fulfillment of how and why (as having answers) itself is resolution.
- ❖ Effortlessness (*vishram*): - That which has no effort and from which there is no effort, that realization itself is effortlessness.

★ The body-part which can be moved willfully is known as **sense-organ**, the part of jeevan that accepts and instills *bodh* (understanding) is known as ***buddhi***, the inseparable-part of jeevan that becomes realized in coexistence is known as ***atma*** and the Omnipotence foundation of all *atma*s is known as **Spirituality** and ***Paramatma***.

❋ Need and usefulness is determined based on the distinctions in above mentioned four contentment-causing or happiness-causing purposes.

- **Sensory-contentment proves to be momentary, conscious-contentment proves to be long-lasting and contentment of realization (purpose rooted) proves to be eternal or ever-lasting.**
- **Pleasant-unpleasant perspective is relative to sense-objects; healthy-unhealthy perspective is relative to body; profit-loss perspective is relative to physical-objects and comforts; justice-injustice perspective is relative to human behaviour; religious-irreligious perspective is relative to resolution; and truth-untruth perspective becomes clear relative to realization in coexistence.**

★ There is momentary satisfaction upon getting a pleasant object. The sense-organs are not satisfied upon getting an unpleasant object.

★ हृदय के तृप्त होने पर हित तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। हृदय के अतृप्त रहने पर अहित तथा स्वास्थ्य का लाभ नहीं होता है।

- इंद्रिय तृप्ति सामयिक प्रतिक्रिया है।

❖ तृप्ति :- आंदोलनों से मुक्त क्रिया ही तृप्ति है।

❖ आंदोलन :- शरीर पर्यन्त हृदय के सम्वर्धन तथा संरक्षण की अक्षुण्णता इसके क्रिया एवं गति के संतुलन से बनी रहती है, इस क्रिया एवं गति का घट जाना या बढ़ जाना ही आंदोलन है।

★ इन्द्रिय तृप्ति से हृदय तृप्ति आवश्यक नहीं है, पर हृदय तृप्ति से इन्द्रिय तृप्ति होती है।

- लघु मूल्य के बदले गुरु मूल्य का आदाय (प्राप्ति) लाभ है।

- लघु मूल्य के बदले गुरु मूल्य का प्रदाय तीन परिस्थितियों में होता है :- (1) विवशता वश, (2) स्वेच्छा वश तथा (3) अज्ञान वश।

- समस्त व्यवहार कुल छः दृष्टियों में परिलक्षित है :-

  (1) प्रियाप्रिय (2) हिताहित (3) लाभालाभ (4) न्यायान्याय (5) धर्माधर्म और (6) सत्यासत्य।

★ अमानवीय दृष्टि से युक्त मानवों का व्यवहार मात्र तीन दृष्टियों यथा- प्रियाप्रिय, हिताहित और लाभालाभ के आश्रय में है।

- मानव के लिए आवश्यकीय व्यवहार न्यायपूर्ण नियमों का पालन है तथा आवश्यकीय विचार धर्मपूर्ण नियमों का पालन है।

★ उपरोक्त सूत्र के विपरीत नियमों का पालन ही मानव के लिये अनावश्यकीय व्यवहार एवं विचार है।

★ उपरोक्तानुसार समस्त जीव अर्थात् पशु-पक्षी, वैषयिक-सामुदायिक प्राणी तथा मानव न्यायिक-सामाजिक इकाई सिद्ध होते हैं।





★ When heart becomes content there is health or there is improvement in health. When heart remains uncontent there is unhealthiness or there is no improvement in health.

- **Sensory contentment is a temporary reaction.**

❖ Contentment (*trupti*): - The activity devoid of disturbances itself is contentment.

❖ Disturbance (*andolan*): - Until body is alive, heart's condition is maintained by balance in its activity and pulse. The increase or decrease in heart's activity and pulse itself is disturbance.

★ Sensory contentment doesnot necessarily imply heart's contentment (physical health), but heart's contentment (physical health) implies sensory contentment.

- **Getting higher value in exchange of lower value is known as profit.**

- **Higher value is offered in exchange of lower value in three situations: - (1) Due to helplessness, (2) Due to own desire, (3) Due to ignorance.**

- **Entire human behaviour is evidenced totally in six perspectives : - (1) pleasant-unpleasant, (2) healthy-unhealthy, (3) profit-loss, (4) justice-injustice, (5) religious-irreligious, (6) truth-untruth.**

★ Behaviour of human beings with inhumanness is in the refuge of only three perspectives - pleasant-unpleasant, healthy-unhealthy and profit-loss.

- **The necessary behaviour for human being is following the laws of justice and necessary-thoughts for human being is following the laws of religion.**

★ Following the laws in contradiction with above essence is unnecessary behaviour and thoughts for human being.

★ Accordingly, entire animalkind (i.e. animals, birds etc) are instinctual and communal beings and all human beings are judicious and social beings.

★ सामान्यत: पशुओं की सामुदायिकता का भास भय की अवस्था में परिलक्षित हुआ है। किसी भी स्थिति में पशुओं की सामुदायिकता का भास अध्ययन, उत्पादन तथा व्यवस्था कार्य में परिलक्षित नहीं हुआ है जबकि जागृत मानवों में सामाजिकता का मूल आधार समाधान, समृद्धि, अभय, सह-अस्तित्व में जीना है।

★ पशुओं में आहार, निद्रा, भय, मैथुन ये चार विषय ही प्रसिद्ध हैं, जबकि जागृत मानवों में सामान्यतः ईषणात्रय अर्थात् पुत्रेषणा, वित्तेषणा और लोकेषणा पाई जाती है तथा विश्राम सहज रूप में समाधान, समृद्धि, अभय, सह-अस्तित्व में प्रमाण होना पाया जाता है।

- विश्राम ही दु:ख का उन्मूलन तथा भ्रम से मुक्ति ही मोक्ष है।

- सृष्टि का चरम लक्ष्य विश्राम है, इसका प्रमाण जागृत मानव परम्परा ही है। इसलिए हर भ्रमित मानव भी विश्राम के लिए व्याकुल रहता है। समाधान ही विश्राम है। यही अभ्युदय है।

❖ सह-अस्तित्व में चारों अवस्थाओं और चारों पदों का अपने-अपने लक्ष्य के लिए किया जाने वाला क्रियाकलाप ही सम्पूर्ण सृष्टि है।

- मानवेतर जीवों में जो ज्ञान उपयोग में आया है, उसे सामान्य ज्ञान संज्ञा है। मानव द्वारा जो व्यवहृत है, वह दो वर्ग में परिलक्षित है :-

  (1) ज्ञान सम्मत विवेक और (2) विज्ञान।

- विवेक और विज्ञान सम्पन्न होने के कारण ही मानव ने विश्राम को पहचाना है तथा इसके लिए समुचित प्रयोग भी किया है, जो सृष्टि के कार्य का उद्देश्य एवं फल भी है।





★ Commonly the communality in animals becomes apparent in their state of fear. We never see animals coming together to study, do production, or willfully participate in orderliness – while the foundation of social harmony in awakened human beings is living with resolution, prosperity, fearlessness and coexistence.

★ In animalkind – food, sleep, fear and coitus – only these four pursuits are found to be there, while awakened human beings commonly have progeny-motive, wealth-motive and fame-motive, along with evidences of effortlessness in the form of resolution, prosperity, fearlessness and coexistence.

- **Effortlessness itself is eradication of misery and liberation from delusion itself is salvation.**

- **The ultimate purpose of Cosmic order is effortlessness and its evidence is awakened human tradition only. Therefore every human being in delusion also thirsts for effortlessness. Resolution itself is effortlessness. This itself is all-round resolution.**

❖ The activities of the four evolution stages and the four planes for their respective purposes itself is whole Cosmic order.

- **The knowledge that has become manifested in animal-kind is known as common-knowledge. The knowledge that gets evidenced by human being upon awakening is in two categories: - (1) Wisdom based on knowledge; (2) Science based on knowledge.**

- **It is due to being endowed with wisdom and science that a human being has recognized effortlessness and done experimentation, which is both aim and outcome of activities of Cosmic order.**

- भ्रमित मानव कर्म करते समय में स्वतंत्र तथा फल भोगते समय में परतंत्र है, जबकि पशु कर्म करते समय भी और फल भोगते समय भी परतंत्र है। जागृत मानव कर्म करते समय स्वतंत्र तथा फल भोगते समय भी स्वतंत्र है।

- कर्म की स्वतंत्रता के फलस्वरूप ही मानव को जितना उन्नतावकाश है, उतना ही अवनतावकाश भी है। फलत: मानव ने सामान्यत: क्रमश: ईषाणाओं तथा मोक्ष के द्वारा विश्राम पाने का प्रयास किया है। मोक्ष का तात्पर्य सर्वतोमुखी समाधान है, यही भ्रम मुक्ति है। इसे प्रमाणित करना ही जागृति है।

★ पूर्व में वर्णित किया जा चुका है कि विकसित इकाई में अविकसित इकाई के अथवा विकसित सृष्टि में अविकसित सृष्टि के सभी गुण, स्वभाव एवं धर्म विलय रुप में रहते ही हैं। तदनुसार मानव गलती करने का अधिकार लेकर तथा सही करने का अवसर एवं साधन लेकर जन्मता है। क्योंकि परम्परा में हर मानव, मानव चेतना को पाया नहीं इसलिए सन् 2000 तक जीव चेतना में जीया और जीव चेतना में गलती करता ही है। उदाहरणार्थ :- एक अध्यापक कक्षा में गणित पढ़ाता है। अध्यापक सही ही पढ़ाता है और सबको समान रूप से संबोधित भी करता है, फिर भी विद्यार्थी गलती करते हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि बालक के मन, मस्तिष्क में भ्रमवश गलती करने की प्रवृत्ति है ही। इसी के साथ यह भी सिद्ध होता है कि मानवीय वातावरण व अध्यापन अर्थात् अध्यापक के बोध कराने की क्षमता के आधार पर वही विद्यार्थी पुन: सही करने में भी समर्थ होता है।





- **A human being in delusion alone is free at the time of performing actions and is bound at the time of experiencing results of his actions, while animals are bound both while performing actions and while experiencing results of their actions. An awakened human being is free while performing actions and is free also while experiencing results of his actions.**
- **As a result of having freedom at the time of performing actions, a human being has as much scope for progress as he has the scope for deterioration. As a result, human being has endeavoured to attain effortlessness through pursuing sense-objects, achieving humane-motives (for wealth, progeny and fame) and pursuing salvation. Salvation means all-round resolution, which alone is liberation from delusion. Realization of salvation itself is awakening.**

★ It has been described earlier that characteristics, innate-nature and religions of less-evolved Cosmic order remain “merged” in more-evolved Cosmic order. Accordingly, a human being by birth has capability of doing wrong and opportunity and means of doing right. Since every human being did not inherit human consciousness from tradition, until year 2000 humankind lived in animal consciousness and “doing wrong” is inevitable in animal consciousness. For example, suppose a teacher teaches mathematics in a school. The teacher teaches the correct thing only and he addresses all disciples in the same way. Despite this some disciples make mistakes. This proves that these disciples had tendency for making mistakes due to delusion. Along with this it also proves that with environment of humanness and teaching by the teacher (based on teacher’s potential for imparting education) – the same disciple which was making mistakes earlier, becomes able to do correctly.

इससे यह सिद्ध होता है कि वातावरण तथा अध्ययन प्रत्येक मानव को एक अवसर व आवश्यकता के रूप में मौलिकत: प्राप्त है एवं जीव चेतना में जीते हुए सही करने की प्रवृत्ति का साक्ष्य है।

- मानव ने अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए ही उत्पादन कार्य एवं प्रयोग किया है। उत्पादन एवं प्रयोग का फल ही अर्थोपार्जन है।

❋ प्रत्येक मानव प्राप्त अर्थ की सुरक्षा एवं सदुपयोग चाहता है।

- अपने-अपने योग्यता, क्षमता एवं पात्रता अनुसार प्रत्येक भ्रमित मानव ने प्राप्त अर्थ के सदुपयोग एवं सुरक्षा की कामना से वैयक्तिक नीति निर्धारण किया जिससे मतभेद उत्पन्न हुआ। फलस्वरूप मानव ने सार्वभौम सिद्धांतपूर्ण व्यवस्था के संबंध में अन्वेषण किया जिससे एक मौलिक सिद्धांत उपस्थित हुआ, जो निम्नानुसार है :-

- ''मानव सही में एक तथा गलती में अनेक है।''

- सिद्धांत ही नियति, नियति ही नियम, नियम ही विज्ञान एवं विवेक, विज्ञान एवं विवेक ही ज्ञान तथा ज्ञान ही सिद्धांत है।

❖ सिद्धांत :-नियम, प्रक्रिया एवं उपलब्धि जिस समय भाषा के रूप में अवतरित होता है, उसे सिद्धांत कहते हैं। प्रक्रिया कार्य-व्यवहार के रूप में है जिसका फल-परिणाम फलित होता है।

❖ नियम :- क्रिया के संरक्षण एवं अनुशासन रीति ही नियम है।

- मानवीयता के संरक्षण हेतु ही मानव सामाजिकता यथा मानवीयतापूर्ण संस्कृति, सभ्यता, विधि और व्यवस्था का अध्ययन, प्रयोग एवं पालन करना चाहता है, चूंकि यह चारों परस्पर पूरक हैं।





This proves that – environment and is naturally available to every human being in the form of opportunity and need, which is evident in the form of having expectation for doing right even while living in animal consciousness.

- **Humankind has performed experimentation and production activities only to fulfill its needs of living. The result of experimentation and production itself is wealth generation.**

❋ Every human being desires protection and good-use of means of living that are available to him.

- **Every human being in delusion determined his own custom for good-use and protection of means of living available to him, which gave rise to ideological differences. As a result, humankind explored for universal and principled orderliness from which one fundamental-principle surfaced, which is as follows: -**

- **"Human beings are united in right and fragmented in wrong."**

- **Principle itself is existential orderliness; existential orderliness itself is law; law itself is wisdom and science; wisdom and science itself is knowledge; and knowledge itself is principle.**

❖ Principle (*siddhant*): - Law, procedure and accomplishment when formulated into words, it is called as principle. Procedure is in the form of work and behaviour which gets results.

❖ Law (*niyam*): - The way by which activity is conservaed and disciplined itself is law.

- **It is for conservation of humanness that a human being desires to study, experiment and follow culture, civilization, norms and orderliness of humanness, since these four are mutually complementary.**

- **विज्ञान एवं विवेकपूर्ण विचार, व्यवहार, अध्ययन, अध्यापन, उत्पादन, उपयोग, सदुपयोग, वितरण, प्रचार, विधि एवं व्यवस्था ही मानवीयता के संरक्षण के लिए मानव द्वारा अनुभूत संपूर्ण कार्यक्रम है।**

❖ **विचार :- प्रियाप्रिय, हिताहित, लाभालाभ, न्यायान्याय, धर्माधर्म तथा सत्यासत्य तुलनात्मक वृत्ति की क्रिया के फलस्वरूप निश्चित विश्लेषण ही विचार है।**

❖ **अध्ययन :- अधिष्ठान अर्थात् आत्मा और अनुभव की साक्षी में अर्थ बोध पूर्वक स्मरण सहित किये गये प्रक्रिया एवं प्रयास ही अध्ययन है।**

❖ **अध्यापन :- अनुभव मूलक विधि से अधिष्ठान की साक्षी में बोध और साक्षात्कार पूर्वक स्मरण सहित ग्रहण कराने योग्य सत्यतापूर्वक क्रियाओं को बोधगम्य बनाने योग्य प्रक्रिया ही अध्यापन है।**

❖ **प्रचार एवं प्रदर्शन :- इच्छित वस्तु की सामान्य जन-जाति के मन-बुद्धि में अवगाहन कराने हेतु प्रस्तुत प्रक्रिया के भाषात्मक प्रयोग ही प्रचार है तथा कला एवं भाषा सहित प्रयुक्त प्रयास ही प्रदर्शन है।**

❖ **विधि :- एक या अनेक व्यक्तियों द्वारा अखण्ड समाज व सार्वभौम व्यवस्था को अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से व्यवस्था प्रदान करने हेतु निर्णीत नियमपूर्ण पद्धतियों की विधि संज्ञा है।**

❖ **व्यवस्था :- विधि के आशय को कार्यरूप प्रदान करने हेतु प्रस्तुत परंपरा ही व्यवस्था है।**

- **सह-अस्तित्व सहज परंपरा के बिना सामाजिकता का निर्वाह नहीं है।**





- **Science and wisdom based thoughts behaviour, study, teaching, production, use, good-use, distribution, propagation, norms and orderliness is the whole program for conservation of humanness experienced by human being.**

❖ Thought (*vichar*): - Definite reasoning (distinction) from evaluation-activity of *vritti* based on perspectives of pleasant-unpleasant, healthy-unhealthy, profit-loss, justice-injustice, religious-irreligious and truth-untruth itself is thought.

❖ Study (*adhyayan*): - In the attestation of *atma* and realization, the procedures and endeavours upon understanding of meaning along with memorization itself is study.

❖ Teaching (*adhyapan*): - From realization rooted method, in the attestation of *atma*, upon understanding and direction-perception, with memorization, the procedure worthy of making realities understandable are called teaching.

❖ Propagation (*prachar*) and Exhibition (*pradarshan*): - Propagation is the use of language for addressing the public mindset towards what is desirable – and exhibition is efforts that combine art and language.

❖ Norms (*vidhi*): - The lawful practices decided by one or many individuals to provision the conservation of undivided society and universal orderliness are known as norms.

❖ Orderliness (*vyavastha*): - Manifestation of tradition for implementing the intent of norms (of a society) is known as orderliness.

- **Fulfillment of social-obligations is not possible in the absence of tradition based on understanding of coexistence.**

- सह-अस्तित्व में निर्विरोध, निर्विरोध पूर्वक जागृति, जागृति पूर्वक समाधान-समृद्धि, समाधान-समृद्धि पूर्वक सुख-शांति, सुख-शांति पूर्वक स्नेह, स्नेह पूर्वक विश्वास, विश्वास पूर्वक सह-अस्तित्व प्रमाणित होता है व सह-अस्तित्व में प्रमाणित होना ही जागृति है।

❖ सह-अस्तित्व :- परस्परता में शोषण, संग्रह एवं द्वेष रहित तथा उदारता, स्नेह और सेवा सहित व्यवहार, संबंध व संपर्क का निर्वाह ही सह-अस्तित्व है।

❖ निर्विरोध :- न्याय एवं धर्म के प्रति निश्चय, निष्ठा एवं अभ्यास ही निर्विरोध है।

❖ समृद्धि :- अभाव का अभाव ही समृद्धि है अथवा उत्पादन अधिक, अर्थात् आवश्यकता से अधिक उत्पादन ही समृद्धि है।

❖ सुख :- न्यायपूर्ण व्यवहार एवं धर्मपूर्ण विचार (समाधान) का फलन ही सुख है।

❖ स्नेह :- न्यायपूर्ण व्यवहार में निर्विरोधिता का फलन ही स्नेह है। यह जागृत जीवन में वृत्ति से अनुरंजित मन की क्रिया है।

❖ विश्वास :- जागृत परंपरा में निहित प्रत्याशा के सार्थक निर्वाह क्रिया ही विश्वास है।

❖ सेवा :- उपकार कर संतुष्ट होने वाली प्रवृत्ति एवं प्रतिफल के आधार पर किया गया सहयोग सहकारिता सेवा है।

❈ उपकार प्रधान सेवा में उपकार करने की संतुष्टि मिलती है। प्रतिफल प्रधान सेवा में केवल प्रतिफल आंकलित होती है।

❖ उपकार = समृद्धि एवं जागृति के लिए सहायता, प्रेरणा।

❈ जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है, मानव ने प्रयोग एवं उत्पादन से प्राप्त अर्थ यथा तन, मन और धन के सदुपयोग एवं सुरक्षा की कामना किया है।





- **Understanding of coexistence achieves absence of opposition; absence of opposition achieves awakening; awakening achieves prosperity; awakening and prosperity achieves resolution; resolution achieves happiness; happiness achieves affection; affection achieves trust; trust achieves coexistence and evidencing realization in coexistence itself is awakening.**

❖ Coexistence (*sah-astitva*): - Mutualities without exploitation, hoarding and hatred and fulfillment of relationships and associations with behaviour of generosity affection and serving others itself is coexistence.

❖ Absence of opposition (*nirvirodh*): - Conclusion, commitment and practice towards justice and religion itself is absence of opposition.

❖ Prosperity (*samriddhi*): - Lacking the sense-of-lacking itself is prosperity. Production in excess of definite-needs itself is prosperity.

❖ Happiness (*sukha*): - The result of behaviour of justice and thoughts of religion itself is happiness.

❖ Affection (*sneha*): - Absence of opposition in behaviour of justice itself is affection. This is activity of *mun* which is totally-affected from *vritti*.

❖ Trust (*vishwas*): - The activities for meaningful-fulfillment of obligations innate in awakened tradition itself is trust.

❖ Serving (*seva*): - Serving is the tendency of being contented by doing beneficence, also serving can be in expectation of returns by helping or assisting.

❈ Serving where beneficence is primary, satisfaction is from doing beneficence. Serving where returns are primary, only returns get assessed.

❖ Beneficence (*upkar*): - Help and inspiration for prosperity and awakening.

❈ As written above, humankind has wished for good-use and protection of means of living obtained from experiementation and production.

❋ अर्थ का सदुपयोग एवं इसकी सुरक्षा केवल मानवीयता पूर्ण व्यवहार एवं विचार के आधार से ही संभव है। जिसके लिए मानव द्वारा विज्ञान एवं विवेक द्वारा व्यवस्था का निर्णय किया जाता है।

❋ समस्त भ्रमित मानव परम्परा में दो प्रकार की व्यवस्थाएँ परिलक्षित होती हैं :- (1) धर्मनैतिक व्यवस्था और (2) राज्यनैतिक व्यवस्था।

- सामाजिकता के संरक्षण के लिये दोनों व्यवस्थाओं का परस्पर पूरक होना अत्यावश्यक है।

- जागृत मानव परंपरा में हर परिवार में प्राप्त अर्थ का सदुपयोग धर्मनीति के रूप में तथा सुरक्षा राज्यनीति के रूप में प्रमाणित होता है। यही अखण्ड समाज, सार्वभौम व्यवस्था का आधार है।

★ इस प्रकार धर्मनैतिक व्यवस्था तथा राज्यनैतिक व्यवस्था का क्षेत्र बिल्कुल ही स्पष्ट है। जब यह दोनों व्यवस्थाएँ एक दूसरे की पोषक अथवा पूरक न होकर, एक दूसरे की शोषक या एक दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप करने लगती है तभी सामाजिक असंतुलन उत्पन्न होता है और अमानवीयतावादी विचार एवं व्यवहार को पुष्टि मिलती है। विकल्प के रुप में मानवीयता की आवश्यकता उदय होती है।

- अर्थ की सुरक्षा के लिए विधि एवं व्यवस्था पक्ष है। विधि आचरण में एवं व्यवस्था परस्परता में स्पष्ट है।

❋ विधि पक्ष की उपादेयता विवेक सम्मत वैयक्तिक एवं अखण्ड समाज अर्थ का पोषण, सद्व्यय परस्परता में तृप्ति के रूप में प्रमाणित होती है। उपरोक्तानुसार व्यवस्था की उपादेयता विधि के आशय को कार्यरूप प्रदान करने हेतु समझदार परंपरा को स्थापित करना है। विधि पक्ष का वैभव जागृत परंपरा में प्रमाणित होता है।

- संपूर्ण सृष्टि जड़ एवं चैतन्य भेद से परिलक्षित है।

★ चैतन्य पक्ष के अभाव में शरीर द्वारा किसी भी क्रिया का संपादन संभव नहीं है। मानव चैतन्य सृष्टि की विकसित इकाई है।





❋ Good-use and protection of means of living is possible only on the basis of behaviour and thoughts of humanness. It is to achieve this, (awakened) human beings determine orderliness based on wisdom and science.

❋ All human traditions in delusion exhibit two kinds of orderliness: - (1) Religious-order (2) Political-order or State.

- **Mutual complementariness of both these orders (religious order and political order) is absolutely necessary for conservation of social harmony.**

- संपूर्ण सृष्टि का कुल अध्ययन जड़, चैतन्य तथा व्यापकता के संदर्भ में ही है। यही भौतिक, रासायनिक एवं जीवन क्रिया के रूप में स्पष्ट है।
- संपूर्ण सृष्टि का अध्ययन मानव ने कुल छः दृष्टिकोणों से किया है :-

  (1) प्रियाप्रिय, (2) हिताहित, (3) लाभालाभ, (4) न्यायान्याय, (5) धर्माधर्म और (6) सत्यासत्य।
- सुखाकाँक्षा से आशय, आशय से आवश्यकता, आवश्यकता से अध्ययन, अध्ययन से क्षमता, क्षमता से दृष्टि, दृष्टि से दर्शन तथा दर्शन से स्पष्टीकरण, स्पष्टीकरण से निश्चित योजना है।
- मानव में अर्थ तथा काम के प्रलोभन से ही प्रियाप्रिय, हिताहित तथा लाभालाभ दृष्टियाँ क्रियाशील है, साथ ही धर्म तथा मोक्ष के संकल्पों से न्यायान्याय, धर्माधर्म तथा सत्यासत्य दृष्टियाँ क्रियाशील हैं। भ्रम मुक्ति ही मोक्ष है।





- **That which cannot be fulfilled, that which is not complete, the stubbornness for fulfilling that is known as 'chasing a migage' or delusion, which is bondage.**
- **The mirage or delusion is dispelled only from holistic view (*darshan*) upon realization in coexistence.**
- **Holistic view and realization of self is only in coexistence and for this study of unit's form, characteristics, innate-nature and religion is compulsory.**
- **The study of entire Cosmic order is in the context of material, conscious and Omnipresence. This is evident in the form of physical, chemical and jeevan activities.**
- **Human being has studied entire Cosmic order from six perspectives: - (1) pleasant-unpleasant, (2) healthy-unhealthy, (3) profit-loss, (4) justice-injustice, (5) religious-irreligious, (6) truth-untruth.**
- **Expectation of happiness gives rise to intention, intention gives rise to need of understanding, need of understanding gives rise to study, study gives rise to potential, potential gives rise to realization in perspective, realized perspective gives rise to holistic view (*darshan*), holistic view (*darshan*) gives rise to absolute clarity and absolute clarity gives rise to definite plan.**
- **The perspectives of pleasant-unpleasant, healthy-unhealthy and profit-loss in human being are active only from greed of material wealth and sensory contentment. Along with this, the perspectives of justice-injustice, religious-irreligious and truth-untruth are active only from convictions of religion and salvation. Liberation from delusion itself is salvation.**

- मानवीयता तथा अतिमानवीयता से समृद्ध होने के लिए मोक्ष व धर्म प्रमाणित होना आवश्यक है।
- भ्रमवश सुविधा-संग्रह प्राप्ति के लिए की गई प्रारंभिक तैयारी ही प्रलोभन है। सार्थक प्राप्ति के सम्भावनात्मक विचारों की आशय, जिसकी उपलब्धि के बिना तृप्ति सम्भव न हो उसे आवश्यकता संज्ञा है।
- अधिष्ठान (आत्मा) की साक्षी में स्मरणपूर्वक किए गए प्रयास को अध्ययन संज्ञा है जो जितने योग्यता से सम्पन्न है, वह उसकी क्षमता का बल और शक्ति के रूप में प्रकाशन है। सभी मानव जीवन में क्षमता समान है। क्षमता द्वारा की गई अभिव्यक्ति को दृष्टि, और दृष्टि में होने वाले प्रतिबिम्बन क्रिया को दर्शन की संज्ञा है। प्रतिबिम्बन का तात्पर्य समझने से है।
- सह-अस्तित्व ही सम्पूर्ण दृश्य है।
- दृश्य का दर्शन व्यापक वस्तु में सम्पृक्त जड़-चैतन्य प्रकृति सहज रूप में विद्यमान सत्ता में अनुभव ही ज्ञानावस्था की इकाई के पूर्ण जागृति का द्योतक है।
- लोक तृष्णा से त्रस्त एवम् इसमें व्यस्त समस्त प्रयत्नों में मानव को श्रम की पीड़ा ही है, यही भ्रम है। इसीलिये मानव ने श्रम की पीड़ा से मुक्त होने का यत्न भी किया है, जो मानव की क्षमता, योग्यता एवम् पात्रता के अनुसार सफल अथवा असफल हुआ है।
- मानव ने अमानवीयता की समीक्षा तथा मानवीयता और अतिमानवीयता का अध्ययन करने का प्रयास किया है। उपरोक्त तीनों दृष्टि, स्वभाव एवम् विषय का वर्णन पूर्व में किया जा चुका है।
- सह-अस्तित्व में दर्शन ही ज्ञान है, ज्ञान ही नियम है तथा नियम ही नियन्त्रण है, जिसको अस्तित्व में पाया जाता है।





- **Realization of salvation and religion is necessary for achievement of humanness and super-humanness.**
- **Greed is the background for accomplishments of delusion. The thoughts of considering meaningful accomplishment are known as intent. That without whose accomplishment contentment is not possible, is known as need.**
- **In the attestation of *atma*, the endeavour with memorization is known as study. Ability is expression of one's potential in the form of strength and force. All human selfs have same potential. The expression of potential is known as perspective and the reflection in perspective is known as view. Reflection means understanding.**
- **Coexistence itself is the entire observable reality.**
- **Holistic view (*darshan*) of the observable reality, as realization in material and conscious nature saturated in Omnipotence is indicative of complete awakening of a unit of knowledge order.**
- **Only suffering of struggle results from cravings to delusion and efforts engaged therein. This itself is delusion. For this reason, humankind has endeavoured for becoming liberated from this suffering of struggles, which became successful or unsuccessful according to human being's potential, ability and receptivity.**
- **Human being has tried to study inhumanness, humanness and super-humanness. Perspectives, innate-natures and pursuits of these three have been described in earlier chapters.**
- **Holistic view (*darshan*) in coexistence itself is knowledge, knowledge itself is law and law itself is restraint, which is evident in existence.**

❋ हर क्रिया नियम से नियन्त्रित है।

- विषयी, विषय तथा विषय-वस्तु यह तीनों क्रियाएँ हैं।
- जड़ क्रिया को पाकर किए गए श्रम से, विश्राम की प्रतीक्षा एवम् प्रयास मानव ने किया है, जो असफल सिद्ध हुआ है। इसके साथ ही व्यवहारिक एवम् वैचारिक एक-सूत्रता पूर्वक सह-अस्तित्व भी सिद्ध हुआ है, जो नियम एवम् व्यापकता सहज महिमा है।
- समस्त क्रियाएं सत्ता में नियन्त्रित तथा संरक्षित है। क्योंकि इकाई और इकाई के बीच सत्ता का अभाव नहीं है। इसलिये सत्ता ही नियम एवम् नियंत्रण का कारण सिद्ध हुआ है। इसी के भास, आभास एवम् अनुभूति के योग्य क्षमता, योग्यता एवम् पात्रता से सम्पन्न होने के लिए ही मानव ने अनवरत प्रयास विभिन्न स्तरों पर किया है, कर रहा है और करता रहेगा।
- उक्त प्रयास के मूल में क्षमता, क्षमता के मूल में अध्ययन, अध्ययन के मूल में पात्रता, पात्रता के मूल में योग्यता, योग्यता के मूल में कर्माभ्यास, कर्माभ्यास के मूल में साधन, साधन के मूल में एकसूत्रता, एकसूत्रता के मूल में प्रयास हर मानव इकाई में अपनी-अपनी अवस्था और जागृति अनुसार होना पाया जाता है।
- परस्पर समाधान के अर्थ में जीवन क्रिया व संकेत ग्रहण सहित अनुसरण क्रिया ही 'एकसूत्रता' है।
- स्पष्टतापूर्वक प्रसारित संकेतानुसरण से ही एकसूत्रता व जागृति है, अन्यथा भ्रम व ह्रास है।





- **Every activity is restrained from law.**
- **Observer, observation and observable reality are three activities.**
- **Humankind has awaited and endeavoured to achieve effortlessness by accomplishing material objects, which has proved to be unsuccessful. Along with this, coexistence has also been achieved through coherence in thoughts and behaviour, which is the natural grandeur of law and Omnipresence.**
- **Entire activities (of nature) are restrained and conserved in the Space – because the gap in one unit and other unit is not devoid of Space. Therefore Space itself proves to be the cause of law and restraint in nature. Human being has endeavoured, is endeavouring and will continue endeavouring at many levels to attain potential, ability and receptivity worthy of getting its sense, intuition and realization.**
- **At the root of above endeavours there is potential, at the root of potential is study, at the root of study is receptivity, at the root of receptivity is ability, at the root of ability is practice, at the root of practice is means for practicing, at the root of means for practicing is coherence; at the root of coherence is endeavours – which are there in every human being based on his status of understanding and awakening.**
- **Universality is the activity of following the actions and directions for mutual resolution.**
- **Universality and awakening is only from following the directions expressed with clarity, otherwise there is delusion and regression.**

- भ्रमित व्यक्ति के द्वारा, भ्रमित व्यक्ति को संबोधन एवं अमानवीय शिक्षापूर्वक जागृति को प्रमाणित करना संभव नहीं है। जागृत व्यक्ति के द्वारा ही भ्रमित व्यक्ति को जागृति के लिए मार्ग प्रशस्त करना प्रमाणित होता है और यही स्वयं में जागृति का प्रमाण है।
- हर इकाई अनन्त की तुलना में अंश ही है।
- हर इकाई का गठन अनेक अंशों से सम्पन्न है।
- विखण्डन पूर्वक एकसूत्रता की उपलब्धि सिद्ध नहीं है, क्योंकि क्रिया किसी गठन पर ही आधारित होती है। इसी आधार पर विखण्डन विधि में दाह (ताप या दुःख) पाया जाता है यह दाह, ताप या दुःख पुनः दूसरे के लिये विखण्डन क्रिया के लिए कारक बन जाता है।
- विखण्डन क्रिया से किसी का अस्तित्व मिटाया नहीं जा सकता है, क्योंकि गणितशः इकाई का विखण्डन करते-करते भी कुछ शेष रह ही जाता है। मानव परम्परा में विखण्डन को समुदायों के रूप में पहचाना जाता है और अखण्डता में एकसूत्रता पूर्वक सम्पूर्ण मानव एक इकाई के रूप में पहचान में आता है।
- मानव लौकिक एवम् पारलौकिक भेद से व्यवहार करता है।
- समस्त लौकिक व्यवहार स्वार्थ या परार्थ भेद से है तथा पारलौकिक व्यवहार सबीज और निर्बीज भेद से हैं।
- नैतिक एवम् अनैतिक भेद से स्वार्थ वादी व्यवहार है। इसका सम्बन्ध स्वजन, स्ववर्ग, स्वजाति, स्वमन, स्वसम्प्रदाय, स्वपक्ष तथा स्वभाषा भेद से है, जबकि परमार्थ व्यवहार सर्व-जन, सर्व-वर्ग, सर्व-जाति, सर्व-मन, सर्व-सम्प्रदाय, सर्व-पक्ष तथा सर्व-भाषा भेद का समाधान है।





- **It is not possible to accomplish awakening through inhuman education where one deluded human being guides another deluded human being. An awakened human being only can pave the path of awakening of a deluded human being and this itself is the evidence of awakening in self.**
- **Every unit is only a part in comparison of the countless all.**
- **Every unit is constituted of many parts.**
- **Coherence cannot be accomplished through fragmentation, because every activity is based on some constitution only. On this basis, fragmentation is found to be with conflict (heat or misery). This heat or misery again becomes the cause of fragmentation of another.**
- **Nothing could be annihilated out of existence by fragmentation, because mathematically even after fragmenting many times something still remains. Fragmentation in humankind is recognized in the form of communities, while with coherence whole humankind gets recognized as one undivided unit.**
- **Human being behaves with distinction of worldly and transcendental.**
- **Entire worldly behaviour is with distinction of self interest or altruistic interest and transcendental behaviour is with distinction of tethered or untethered.**
- **The behaviour that serves interests of self is with distinction of ethical and unethical. Such behaviour is concerned with one's own people, own group, own caste, own mind, own community, own opinion and own language, while universal behaviour has resolution for all people, all groups, all minds, all communities, all opinions and all languages.**

- स्वार्थ (प्रलोभन) अर्थ व काम के भेद से है।
- परार्थ व्यवहार धर्म और अर्थ के भेद से है।
- परमार्थ विचार एवम् व्यवहार धर्म तथा मोक्ष के भेद से है।
- मानवीयता के लिये आवश्यकीय नियमपूर्वक किये गये समस्त राज्यनीति एवम् धर्मनीति सम्मत व्यवहार को 'नैतिक' तथा भ्रमवश अमानवीयता पूर्वक किये गये व्यवहार को 'अनैतिक' संज्ञा है।
- स्वजन, वस्तु व सेवा को महत्वपूर्ण और अन्य को गौण समझने वाली प्रवृत्ति की स्वार्थ संज्ञा है। इसी प्रकार परजन, वस्तु व सेवा में अधिक महत्व का अनुमान करने वाली प्रवृत्ति व प्रयास को परार्थ संज्ञा दी जाती है।
- विषय चतुष्टय विचार ही सबीज विचार है। लोकेषणा और ऐषणामुक्ति निर्बीज विचार है। मानव पद में पुत्रेषणा और वित्तेषणा सबीज होते हुए मानव न्याय सम्मत समाधान सम्पन्न होता है। इसलिए 'मानव' भ्रमबाधा से मुक्त होता है तथा जागृत रहता है। मानव पद को भ्रान्ताभ्रान्त भी संज्ञा है। मानव पद में सबीज विचार का समीक्षा हुआ रहता है।
- समझदारी पूर्वक विचार अर्थात् ज्ञान, विज्ञान, विवेक प्रमाणित होना ही निर्बीज विचार है। यह दिव्य मानव कोटि में उपकार प्रधान विधि से ही प्रमाणित होता है।





- **Self interest (greed) is from distinction of wealth and sensory-contentment.**
- **Altruistic interest is from distinction of religion and wealth.**
- **Holistic thoughts and behaviour are from distinction of religion and salvation.**
- **All behaviour with necessary laws for humanness in agreement with 'ethics of human-religion' and 'ethics of human-state' is known as 'ethical' and all behaviour of inhumanness due to delusion is known as 'unethical'.**
- **The tendency of considering own people, own things and own comforts as significant and considering those of others as insignificant is known as 'self interest' (selfish). In the same way, the tendency of assuming higher significance to other people, things of others and comfort of others is known as 'altruistic'.**
- **The thoughts of four sense-objects are 'tethered'. The thoughts of fame-motive (righteous-fame) and liberation from motives are 'untethered'. In '*manav*' category – while progeny-motive and wealth-motive are tethered, one is resolved and is aligned with justice. Therefore '*manav*' is liberated from the difficulties of delusion and is awakened, while completeness in awakening remains to be achieved. The '*manav*' category is also known as 'discerning'. In '*manav*' category one is with clear demarcation of tethered thoughts and untethered thoughts.**
- **The resolved thoughts or manifestation of knowledge, wisdom and science itself is the meaning of "untethered thoughts". This gets manifested in '*divya manav*' category only.**

- व्यष्टि के अस्तित्व में पाया जाने वाला अभिमान व अहंकार ही संकीर्णता व क्लेश का मूल कारण है।
- समष्टि के अस्तित्व की यथार्थ समझ से उदारता एवम् कृतज्ञता की उपलब्धि होती है और व्यापक सत्ता में अनुभूति से भ्रान्ति का उन्मूलन होता है।
- यथार्थ दर्शन के बिना मानवीय विचार, मानवीय विचार के बिना मानवीय कार्य-व्यवहार में प्रवृत्ति, मानवीय कार्य-व्यवहार के बिना व्यवहार की एकसूत्रता, व्यवहार की एकसूत्रता के बिना निर्विरोधिता, निर्विरोधिता के बिना निर्विरोधिता पूर्ण समाज, निर्विरोधता पूर्ण समाज के बिना सह-अस्तित्व, सह-अस्तित्व के बिना समाधान समृद्धि, समाधान समृद्धि के बिना स्वर्गीयता, स्वर्गीयता के बिना विवेक व विज्ञान पूर्ण अध्ययन, विवेक व विज्ञानपूर्ण अध्ययन के बिना यथार्थ दर्शन का प्रमाण नहीं है।

**''सर्व शुभ हो''**





- **The conceit and false sense of self found in the individualistic existence itself is the root cause of narrow mindedness and conflicts.**
- **The actual understanding of holistic existence accomplishes generosity and gratitude and realization in all pervasive Omnipotence roots out delusion.**
- **Without holistic view (*darshan*) of realities – thoughts of humanness are not; without thoughts of humanness – humanness in work and behaviour is not; without humanness in work and behaviour – coherence in behaviour is not; without coherence in behaviour – unopposedness is not; without unopposedness – society with unopposedness (integral society) is not; without integral-society – coexistence is not realized; without coexistence – resolution and prosperity is not achieved; without resolution and prosperity – heavenliness is not achieved; without heavenliness – study of science and wisdom is not; without study of science and wisdom – the evidence of holistic view (*darshan*) of realities is not there.**

**"May Universal Goodness Prevail"**

# अध्याय - दस

# क्लेश मुक्ति

- क्लेश मुक्ति की आशा सर्व मानव में पाई जाती है।

- **दु:ख से मुक्ति तथा भ्रम से मुक्ति** - ऐसे भेद से ही मुक्ति के लिये प्रयास है, इसी के लिये समस्त अध्ययन, उपासना, प्रयोग, व्यवहार, व्यवसाय, अभ्यास और निष्ठा संपन्न हुई है। विगत परंपरा में मुक्ति का कोई प्रमाण अथवा उपाय अध्ययन गम्य नहीं हुआ है। इसीलिए भ्रम मुक्ति हेतु यह प्रस्ताव है।

- अध्ययन से हर इकाई की गठन, प्रक्रिया, परिणाम एवं उसका प्रयोजन स्पष्ट होता है।

★ रूप, गुण परिवर्तनशील है, जबकि स्वत्व रूपी तत्व शाश्वतवादी है, क्योंकि तत्व चारों अवस्थाओं में पाया जाता है। सभी वृहत इकाईयों के गठन का मूल तत्व परमाणु है। सभी तत्वों के परमाणु का गठन सिद्धांत समान है। परमाणु का गठन भी मध्यांश तथा आश्रित अंशों से है। परमाणु में समाहित अंशों की सक्रियता एवं विकास क्रम भेद से ही सभी अवस्थाएँ हैं।

- अध्ययन ही उपासना है। प्रमाणित मानव ही अध्यापक है जिनके सान्निध्य में ही अध्ययन है। अध्ययनपूर्वक समझदारी से तदाकार तद्रूपता पूर्वक स्वत्व, स्वतंत्रता अधिकार होता है।

❖ अध्यापक :- अनुभव मूलक विधि से अनुभव गामी पद्धति पूर्वक सह-अस्तित्व रूपी सत्य बोध कराने वाला।

- प्रयोग से उपयोगी साधनों की पहचान होता है।





# Chapter-10

# Liberation from Conflicts

- **The want of liberation from conflicts is found to be there in all human beings.**

- **Liberation from misery and liberation from delusion – The endeavours for liberation are for these distinctions only. Entire studies, worships (*upasana*), experiments, behaviour, practices and faiths have been for this purpose only. The ancient traditions do not have any evidence of liberation, nor has any path become studiable. Therefore, this proposal is for liberation from delusion.**

- **Study clarifies the constitution, process, result and purpose of every unit.**

★ Form and characteristics undergo continuous change, while substance of their constitution is permanent which is found to be there in all four evolution stages. The basic substance in constitution of all large units is atom and the constitution principle of atoms of all element types is the same. Atom's constitution is from nucleus and orbiting particles. All evolution stages are from the distinction in activity of atomic-particles and evolution stage.

- **Study itself is devotion (*upasana*). Self realized human being alone is the teacher, in whose closeness itself the study takes place. It is from understanding achieved from study upon alignment and attunement with realities that one achieves the capability of independence.**

❖ Teacher (*adhyapak*): - The one who imparts understanding of truth in the form of coexistence through realization oriented procedure from realization rooted method.

- **Means of use are recognized from experimentation.**

- उत्पादन से उपयोगी सामग्रियों की उपलब्धि एवं विपुलीकरण होता है।
- अभ्यास से कुशलता-निपुणता-पाण्डित्य में पारंगत होना प्रमाणित होता है।
- निष्ठा से न्याय, धर्म एवं सत्य के प्रकाश में मानव लक्ष्य के लिये अध्ययन होता है। निष्ठा के फलस्वरूप अनुभूति होता है। अनुभूति मात्र सत्य में है। सह-अस्तित्व रुपी परम सत्य में अनुभूति ही जीवन में भ्रम मुक्ति है।
- व्यापक सत्ता पारगामी-पारदर्शी रूप में और देवी-देवताएँ अनेक हैं।

❖ ईष्ट :- निर्भ्रमता पूर्वक श्रद्धा, विश्वास सहित श्रेष्ठता का पहचान होना सह-अस्तित्व में ईष्ट है।

- समझदारी रुपी ईष्ट में निष्ठा की निरंतरता से ही अनुभूति है।
- जीवन तत्व अमरत्ववादी है, इसीलिये नित्य अनुभव करने योग्य योग्यता को प्रमाणित करने का अवसर हर मानव इकाई में है।
- सत्ता में संपृक्त जड़-चैतन्य सहज परस्परता में ही जिसका अस्तित्व सिद्ध होता हो, इसी को सह-अस्तित्व संज्ञा है।
- असंग्रह से निर्बीज प्रवृत्ति का प्रसव है, जिसका फल प्रमाण सर्वतोमुखी समाधान से समझदारी एवं समृद्धि श्रम से प्रकट होता है।
- असंग्रहः- व्यय के लिये की गई आय की **असंग्रह** संज्ञा है तथा इसका सद्व्यय अनिवार्य है। यह स्वधन विधि से सार्थक है।

❖ अकृर्त्तत्व :- अभिमान मुक्त क्रियाकलापों को अकृर्त्तत्व संज्ञा है। भ्रमवश संग्रह प्रवृति के प्रति किये गये क्रियाकलाप ही अभिमान है।





- **Production results in acccomplising useful materials and their large scale availability.**
- **Practice achieves profinciency in skills, behaviour and knowledge.**
- **The study happens with commitment, for achieving human being's existential purpose, in the light of justice, religion and truth. Realization happens as a result of commitment. Realization is only in Truth. Realization in absolute Truth in the form of coexistence itself is liberation from delusion in jeevan.**
- **All pervasive Omnipotence is permeable and transparent, while gods-goddesses are many.**

❖ Ideal (*ishta*): - Recognizing excellence upon non-delusion with reverence and trust itself is ideal in coexistence.

- **The realization is only from commitment towards ideal in the form of understanding of coexistence.**
- **Jeevan element is of immortal kind, therefore every human being has the opportunity of attaining ability for becoming realized in the eternal Omnipotence.**
- **That whose existence proves to be only in the mutuality of material and conscious nature saturated in the Omnipotence is known as coexistence.**
- **Un-hoarding gives rise to untethered tendency, which results in achieving all-round resolution and prosperity.**
- **Un-hoarding (*asangraha*) : - Earning for spending righteously is known as un-hoarding. This is achieved by way of righteous wealth (having what is righteously one's own).**

❖ Modesty (*akritatva*): - The actions devoid of conceit are known as modesty. The activities with hoarding tendency due to delusion itself are conceit.

❋ जो नहीं करना चाहिए उसे न करते हुए विधि विहित क्रियाकलापों को अपनाना ही अनावश्यक कार्यों से मुक्ति है। यही अकृर्त्तत्व हैं। भ्रमवश किये जाने वाले जितने भी क्रियाकलाप हैं, यही बंधन हैं, क्लेश कारी हैं। इसका निराकरण अनुभव सहज जागृति पूर्वक किये जाने वाले सभी क्रियाकलाप समाधान कारी, सुखकारी और शुभकारी होना ही अकृर्त्तत्व है। यही उपलब्धि और समृद्धि है।

- भ्रम से निराकर्षण ही अकृर्त्तत्व है। अमानवीयता ही हर मानव के लिए अकरणीय है। अकरणीय को न करना ही अकृर्त्तत्व है।

- निराकर्षण अर्थात् आसक्ति से मुक्त अर्थात् अधिमूल्यन, अवमूल्यन व र्निमूल्यन से मुक्त होना निराकर्षण है।

- चेष्टा से मुक्त होने का अधिकार किसी इकाई में नहीं है अथवा किसी इकाई द्वारा सिद्ध नहीं हुआ है, इसीलिये चेष्टा से मुक्ति के प्रयास को अकर्मण्यता, आलस्य एवं प्रमादात्मक दोष निरुपित किया है।

❖ अकर्मणत्व :- आलस्य और प्रमाद के रूप में होना पाया जाता है। या कर्म से मुक्ति पाने की प्रयास की अकर्मण्यता संज्ञा है।

❖ आलस्य :- किसी कार्य को सही मानते हुए, उसकी उपादेयता सिद्ध होते हुए भी उसे न करना आलस्य है।

❖ प्रमाद :- जिस कार्य में उपादेयता सिद्ध होती हो, उस संबंध में ज्ञान के अभाव में वांछित क्रिया न संपन्न होने वाली स्थिति प्रमाद है।

- आंशिक एवं पूर्ण भेद से निराकर्षण है। मानव पद में आंशिक निराकर्षण तथा दिव्य मानव पद में पूर्ण निराकर्षण प्रमाणित है। यह उपकार प्रकृति सहज वरीयता क्रम में स्पष्ट है।





❋ Not doing that which is unworthy of doing and accepting the actions that are ordained itself is liberation from unnecessary actions. This itself is modesty. Whatever actions are done due to delusion, are bondage-causing and conflict-causing. The eradication of bondage is from actions of realization based awakening which are resolution-causing, happiness-causing and goodness-causing, which itself is modesty. This itself is achievement and prosperity.

- **Disinterest from delusion itself is modesty. Inhumanness itself is unworthy of doing for every human being. Not doing which is unworthy of doing itself is modesty.**

- **Disinterest is liberation from attachment, which is liberation from over-valuation, under-valuation and un-valuation.**

- **The capability of becoming free from activity is not there in any unit, or such state has not been accomplished by any unit, therefore attempting to free oneself from action is denoted as flaw of inaction, lethargy and negligence.**

❖ Inaction (*akarmanatva*): - Inaction is found in the form of lethargy and negligence. The endeavours of achieving freedom from actions are known as inaction.

❖ Lethargy (*alasya*): - Not doing some action despite believing it to be right and knowing its purpose itself is lethargy.

❖ Negligence (*pramad*): - The action whose purpose is clear, but in the absence of not having the required knowledge, the state of desired action's not happening is known as negligence.

- **Disinterest is from the distinction of partial or total. '*Manav*' category has manifestation of partial disinterest and '*divya manav*' category has manifestation of total disinterest. This becomes evident in the form of priority for beneficence.**

- अंतरंग और बहिरंग समस्त क्रियाएँ सकारात्मक रूप में मध्यस्थ है।
- चैतन्य पक्ष की अंतरंग तथा जड़ पक्ष सहित शरीर की बहिरंग संज्ञा है।
- समातिरेक विषमता के लिए कारण, विषमातिरेक सम क्रिया सम्पन्न होने का कारण है। यही रचना-विरचना क्रम स्थूल क्रिया में स्पष्ट है।
- मानव जागृति पूर्वक यथास्थिति में ही मध्यस्थ है। यथास्थिति ही स्वभाव गति है।
- हर जड़ परमाणु अपने में भी मध्यस्थ क्रिया सम्पन्न है। सम, विषमातिरेक आक्रामकों को स्वभावीकरण की क्रिया संपन्न करने की क्षमता मध्यांश में होता है।
- आत्मा मध्यस्थ क्रिया है। 'जीवन' आत्मानुरूपी कार्य करने की स्थिति में ही जागृति प्रमाणित होता है। यही मध्यस्थ है।
- पूर्ण विकसित जागृत इकाई में आत्मानुवर्ती बुद्धि, चित्त, वृत्ति एवं मन की क्रियाएं मध्यस्थीकरण प्रणाली से नियंत्रित होती हैं, जिसके फलस्वरूप ही सुख, शांति, संतोष एवं आनंद की प्रतिष्ठा होता है।
- क्रिया से मुक्त इकाई नहीं है। सम, विषम एवं मध्यस्थ क्रिया का होना पाया जाता है। जैसा कि उपरवर्णित है सम तथा विषम क्रियाओं में संतुलन नहीं है। इसलिये यह सिद्ध होता है कि मध्यस्थीकरण प्रणाली से इकाई को मध्यस्थ क्रिया से संतुलित किया जाता है। इस प्रकार मध्यस्थ की ही क्रियाशीलता प्रमाणित होती है तथा सम और विषम इसके नियंत्रित सिद्ध हैं।
- इकाई निष्क्रिय हो ऐसी कोई संभावना नहीं है।





- **All interior and exterior activities are with distinction of attraction, repulsion and centering.**
- **Conscious aspect is known as interior and material aspect along with body is known as exterior.**
- **Excess of attraction is cause of repulsion activity and excess of repulsion is cause of attraction activity. This cycle of formation-deformation is evident in material nature.**
- **The centeredness of humankind is only in permanence status upon awakening. Permanence status itself is manifestation of innate-nature.**
- **Every material atom too is with activity of centeredness in itself. The potential for normalizing excesses of attraction and repulsion is there in the nucleus.**
- ***Atma* is activity of centeredness. Awakening is achieved in the state of jeevan's functioning in accordance with *atma*. Awakening itself is centeredness.**
- **In a constitutionally complete awakened unit (jeevan) the activities of *buddhi, chitta, vritti* and *mun* are attuned to *atma* and are restrained by its centering process. As a result - happiness, peace, contentment and bliss is achieved.**
- **There is no unit which is devoid of activity. The attraction, repulsion and centeredness activities are found to be always there. As it has been described above, the attraction and repulsion activities donot have balance. Therefore, a unit is balanced from activity of centeredness through the process of centering. Therefore, it is the activity of centeredness only that gets evidenced in the conduct of unit, while attraction and repulsion activities remain in its restraint.**
- **There is no possibility for a unit's being inactive.**

- मानव में व्यवहारिक मध्यस्थता न्याय से, वैचारिक मध्यस्थता समाधान (धर्म) से तथा अनुभव की मध्यस्थता ज्ञान, विज्ञान व विवेक से है। मानव धर्म सर्वतोमुखी समाधान परंपरा है।
- समस्त व्यवहार नियम से नियंत्रित हैं। नियम वस्तु के आचरण के रूप में प्रमाण है।
- विचार मात्र समाधान से नियंत्रित है, जो जागृति का प्रमाण है।
- अनुभव सहअस्तित्व में है जो सत्ता में संपृक्त प्रकृति ही है। अनुभव मात्र व्यापकता में है, जो शून्य है।
- अत: यह सिद्ध होता है कि सह-अस्तित्व में अनुभव ही ज्ञान सहज प्रमाण, ज्ञान व्यापक में अनन्त इकाईयाँ होने की समझ ही है, व्यापक में अनंत प्रकृति की अविभाज्यता ही सह-अस्तित्व है।
- पूर्ण जागृत मानव में न्याय पूर्ण व्यवहार तथा समाधान पूर्ण विचारों को पाया जाता है।
- अनुभूति मात्र सह-अस्तित्व रूपी सत्य में ही है। सत्य में अनुभूति ज्ञानावस्था की निर्भ्रान्तावस्था की इकाई द्वारा ही होती है तथा इसका प्रभाव बुद्धि, चित्त, वृत्ति तथा मन में आप्लावन होता है।
- सम, विषम विचार तथा व्यवहार दोनों आस्वादन क्रियाएं हैं।

❖ आस्वादन :- समाधान सहज प्रयोजन के अर्थ में आशा एवं रुचि सहित ग्रहण क्रिया की ही आस्वादन संज्ञा है।





- **The centeredness of human behaviour is from justice, the centeredness of thoughts is from resolution (religion) and centeredness of realization is from knowledge, wisdom and science. Humankind's religion is realized as tradition of all-round resolution.**
- **Entire human behaviour is restrained from law. The evidence of law is in the form of entity's conduct.**
- **Thoughts are restrained only from resolution, which is evidence of awakening.**
- **Realization is only in Coexistence which is nature saturated in the Omnipotence. Realization is only in Omnipresence, which is Space.**
- **Therefore it is proven that realization in coexistence itself is evidence of knowledge. Knowledge is as understanding of presence of countless units in the Omnipresence. The inseparableness of countless units of nature in the Omnipresence itself is coexistence.**
- **Completely awakened human being is found to be with behaviour of justice and thoughts of resolution.**
- **Realization is only in Truth in the form of coexistence. Realization in Truth is only by unit of knowledge order in non-delusion status and its effect as inundation is there on *buddhi, chitta, vritti* and *mun*.**
- **Thoughts and accordingly behaviour of both attraction and repulsion get manifested as activities of taste.**

❖ Taste (*asvadan*): - The activities of sensory reception or experiencing with anticipation and interest, for the purpose of resolution are known as taste.

- अनुभव सहज व्यवहारिक मध्यस्थता जो वृत्ति की क्रिया है, न्याय और समाधान के रूप में परिलक्षित होती है।
- अनुभव सहज बोध की स्थिति में बुद्धि की क्रिया में आप्लावन होता है।
- उपरोक्तानुसार न्याय, धर्म या समाधान अनुभव के ही विविध स्तर हैं।
- इसलिए व्यवहार में अनुभव तथ्य न्याय है, विचार में अनुभव तथ्य धर्म ही समाधान है और आत्मानुभूत तथ्य सह-अस्तित्व है। यही परम सत्य है।
- व्यवहारिक मध्यस्थता, व्यवहारिक संतुलन सम-विषम व्यवहार के बीच मध्यस्थता करने की पात्रता से है। पात्रता और योग्यता न्याय के रूप में होता है। वैचारिक मध्यस्थता सम, विषम विचारों का समाधान प्रस्तुत करने योग्य योग्यता से है तथा अनुभव की मध्यस्थता व्यष्टि एवं समष्टि व्यापक में सम्पृक्त रहने के रूप में है।
- आत्मा में जागृति व्यापक वस्तु में अनुभूति क्रिया संपन्न होने के फलन, बुद्धि व चित्त की जागृति विचारों में समाधान प्रस्तुत करने योग्य योग्यता, वृत्ति तथा मन की जागृति समस्त व्यवहार व क्रिया को न्याय से समन्वित व्यवहार को प्रस्तुत करने की पात्रता, योग्यता की स्थिति जागृति प्रमाण है।
- आसक्ति रहित इकाई में अकर्तृत्व भ्रम मुक्ति रुप में होता है। अधिकाधिक उपकार करने के उपरांत भी और करने की स्वीकृति रहती है।
- आसक्ति भ्रम ही है।
- ईष्ट दिशा में प्रवृत्ति हो तथा अन्य दिशाओं में प्रवृत्ति न हो, उसकी ऐच्छिक निराकर्षण संज्ञा है। संपूर्ण दिशाओं में प्रमाणित होने वाली ही पूर्ण निराकर्षण जागृति संज्ञा है।





- **The centeredness in behaviour upon realization in coexistence, which is an activity of *vritti*, gets manifested in the form of justice and resolution.**
- **When understanding of realization is achieved, the activity of *buddhi* gets inundated.**
- **According to above, justice and religion (or resolution) are different levels of realization only.**
- **Therefore, the realization aspect in behaviour is justice. The realization aspect in thoughts is resolution. And realization aspect in *atma* is in coexistence. This alone is the absolute truth.**
- **Centeredness in human behaviour or behavioural balance is achieved from the ability of mediation in behaviour of attraction and repulsion. This ability is in the form of justice. The centeredness in thoughts is from the ability of producing resolution between thoughts of attraction and repulsion and centeredness of realization is in the form of entire nature being saturated in the Omnipresence.**
- **The awakening in *atma* is the result of becoming realized in the Omnipotence. The awakening of *buddhi* and *chitta* is as ability of producing resolution in thoughts, the awakening of *vritti* and *mun* is as ability of harmonizing entire work and behaviour from justice – as evidence of awakening.**
- **The modesty in an unattached-unit is in the form of liberation from delusion. It is in the form of having acceptance of doing ever more beneficence.**
- **Attachment is delusion itself.**
- **Tendency in the direction of ideal (coexistence) and tendency not being there in other directions, is known as willful disinterest. That which gets realized in all dimensions is known as complete disinterest or awakening.**

- **निराकर्षण ही अनासक्ति, यही जागृति है। अनासक्ति ही अकर्तृत्व, अकर्तृत्व ही असंचयता, असंचयता ही अभय समृद्धि, अभय समृद्धि ही स्वर्गीयता, स्वर्गीयता ही निराभिमानता, निराभिमानता ही पर-वैराग्य, पर-वैराग्य ही योग, योग ही व्यापकता में अनुभव, व्यापकता में अनुभव ही मध्यस्थता, मध्यस्थता ही प्रामाणिकता, प्रामाणिकता ही निराकर्षण अथवा भ्रममुक्ति है।**
- **मानव समाज का पोषण एवं सम्वर्धन जीवन मुक्त अथवा भ्रम मुक्त मानवों का स्वभाव है।**

★ पर-वैराग्य का तात्पर्य :- जागृति के लिए सभी विरोधी (अतिव्याप्ति, अनाव्याप्ति, अव्याप्ति) दोषों से मुक्त होना पर-वैराग्य संज्ञा है। पर का तात्पर्य ही जागृति प्रमाणित होना है।

**''सर्व शुभ हो''**





- **Disinterest (in disharmony) itself is unattachment, which itself is awakening. Disinterest in disharmony itself is modesty, modesty itself is un-hoarding, un-hoarding itself is fearlessness and prosperity, fearlessness and prosperity itself is heavenliness, heavenliness itself is unconceitedness, unconceitedness itself is quietude, quietude itself is union, union itself is realization in the Omnipresence, realization in the Omnipresence itself is centeredness, centeredness itself is authenticity, authenticity itself is disinterest in disharmony as liberation from delusion.**
- **Nurturing and growth of human society is the innate-nature of human beings who have become liberated from delusion.**

★ The meaning of quietude: - Being liberated from all flaws (over-valuation, under-valuation and un-valuation) in opposition to awakening is known as quietude. Quietude means, evidence of awakening.

**“May Universal Goodness Prevail”**

## अध्याय - ग्यारह

# योग

- योग के प्राप्त एवं प्राप्य दो भेद हैं।
- जो प्राप्य है, उसमें आसक्ति ही संपूर्ण योग वियोग का कारण है।
- मध्यस्थ व्यवहार, विचार एवं अनुभव 'प्राप्त योग' है, जो अनवरत उपलब्ध है, वर्तमान है।
- एकत्व व निकटत्व के भेद से प्राप्य योग है।
- सजातीय मिलन की एकत्व तथा विजातीय मिलन की निकटत्व संज्ञा है।
- इकाई का ह्रास व विकास प्राप्य योग पर ही है।
- विकास वादी योग की सुयोग तथा ह्रासवादी योग की कुयोग संज्ञा है।
- न्याय एवं धर्म-सम्मत विचार व व्यवहार सम्पन्न एवं सत्यानुभूति प्रमाण सहित मानव **जागृत या पूर्ण विकसित,** न्याय एवं धर्म सम्मत विचार व व्यवहार संपन्न **विकसित,** न्याय-सम्मत विचार व व्यवहार संपन्न मानव **प्रगति** तथा अन्यायासक्त विचार तथा व्यवहार संपन्न मानव **ह्रास** की ओर गतिवान है जो पशु मानव व राक्षस मानव के रूप में हैं।
- जो जिसका अपव्यय करेगा वह उससे वंचित हो जाएगा।
- मानव ह्रास में आसक्ति के फलस्वरूप प्राप्त बल, बुद्धि, रूप, पद और धन का अपव्यय करता है।





## Chapter-11

# Union

- **Union is of two kinds – immanent (saturation of units in Omnipotence) and coincidental (meeting of two units).**
- **That which is coincidental, attachment in that itself is the cause of entire union and separation.**
- **Centeredness in behaviour, thoughts and realization is 'immanent union' which is continuously available, as eternal presence.**
- **The coincidental union is with distinctions of identical-union and cohabitation union.**
- **Meeting of entities of same kind is known as identical union and meeting of entities of different kinds is known as cohabitation union.**
- **The advancement and deterioration of a unit is from coincidental union only.**
- **The union of advancement is known as fortunate and union of deterioration is known as unfortunate.**
- **Human beings with thoughts and behaviour of justice and religion and with evidence of realization in truth are awakened or with completely evolved consciousness; human beings with thoughts and behaviour of justice and religion have evolved consciousness; human beings with thoughts and behaviour of justice are progressive; and human beings with thoughts and behaviour attached to injustice are regressive – who are *pashu manav* and *rakshas manav*.**
- **One who wastes something, will lose that thing.**
- **Human being due to his attachment in delusion wastes his faculties of physical strength, intellect, body, social rank and wealth.**

- मानव के लिये आवश्यकीय नियम मानवीयता का संरक्षण ही है जो न्याय एवम् समाधान है, जिसके पालन से स्वर्गीयता का प्रसव है। इसके विपरीत मानव के लिए अनावश्यकीय नियम मानवीयता का शोषण ही है, जो अन्याय है, जिसमें विवशता से नारकीयता का प्रसव होता है।

- असंग्रह अर्थात् समाधान-समृद्धि, स्नेह, विद्या, निराभिमानता (सरलता), अभय एवं वाणी संयम से युक्त विचार मात्र से **वैचारिक स्वर्गीयता** की, स्वनारी/स्वपुरुष तथा स्वधन एवं दया पूर्ण व्यवहार से **व्यवहारिक सुख** अथवा व्यवहारिक स्वर्गीयता की उपलब्धियाँ हैं। यही सर्वमानव के लिए आवश्यकीय नियम है।

★ इसके विपरीत संग्रह, द्वेष, अविद्या, दिखावा, भय तथा वाणी की असंयमता से युक्त विचार से वैचारिक नारकीयता का तथा परनारी/परपुरुष, परधन एवं परपीड़ा रत कार्य एवं व्यवहार से व्यवहारिक क्लेशों से पीड़ित होना होता है।

- मानव-मानव के लिए आवश्यकीय नियमानुक्रम, व्यतिक्रम भेद से ही सुख व दुःख का, हर्ष एवं अमर्ष का कारण सिद्ध हुआ है।

- समस्त संबंधों एवं संपर्कों, वस्तु एवं विषय, रूप एवं आशय के पोषक एवं शोषक भेद से ही मानव ने नियम का पालन किया है। इनमें से मानवीयता के लिये आवश्यकीय तथा अनावश्यकीय नियमों को जान व समझ लेना ही अध्ययन है तथा इनमें से आवश्यकीय वर्गों को सभी स्तरों पर प्रयोग में लाना ही प्रमाण और उपलब्धि है।

- मानव जीने के सोपानों को व्यक्ति, परिवार, समाज, राज्य, राष्ट्र, अर्न्तराष्ट्र के रूप में पहचाना गया है। दूसरी विधि से व्यक्ति, परिवार, अखंड समाज, सार्वभौम व्यवस्था रूप में पहचान होती है। तीसरी विधि से हर व्यक्ति, समझदारी सहज विधि से जिम्मेदारी के रूप में व्यवस्था का आरंभिक स्वरूप परिवार है, इसी क्रम में दश सोपानीय परिवार सभाओं के रूप में पहचान होता है।





- **The necessary law for humankind is conservation of humanness only, which is justice and resolution – following which gives rise to heavenliness. As its opposite, the unnecessary law for humankind is exploitation of humanness, which is injustice – following which gives rise to hellishness.**

- **Heavenliness in thoughts is accomplished from un-hoarding (resolution and prosperity), affection, understanding, unconceitedness (simplicity), fearlessness and restraint in speech. Heavenliness in behaviour or harmony in behaviour is accomplished from righteous marital relationship, righteous wealth and kindness in behaviour.**

★ Its opposite, thoughts of hoarding, hatred, un-wisdom, pretention, fear and unrestraint in speech gets hellishness in thoughts; and work and behaviour that has unrighteous marital relationship, misappropriation and which inflicts suffering to others results in behavioural conflicts.

- **Human being experiences happiness or misery, joy or sadness due to following or not following the necessary laws of humanness.**

- **Human being has followed the laws of nurturing or exploitation in all his relations and associations, objects and objectives, forms and intents. Among these, knowing and understanding the laws that are necessary and unnecessary for humanness itself is study and bringing the necessary aspects into practice at all levels itself is evidence and accomplishment.**

- **The levels of human living have been recognized as individual, family, society, state, nation and inter-nation. Other way of recognizing levels is – individual, family, undivided society and universal orderliness. Third way of recognizing levels is in the form of understanding based ten-staged family councils, the initial stage of which is family.**

- मानव के लिये आवश्यकीय नियम ही न्याय, न्याय ही धर्म, धर्म ही सत्य, सत्य का आधार ही व्यापक सत्ता और सह-अस्तित्व, सह-अस्तित्व में समझ ही आनंद, आनंद ही जागृत जीवन तथा जागृत मानव जीवन ही मानव परंपरा के लिये आवश्यकीय नियम है, यह मानव जीवन का जागृत चक्र है। सर्व मानव जीवन के लिये यह सुचक्र है।

- जीने की आशा सहित चैतन्य इकाई को 'जीवन' तथा जीवन द्वारा लक्ष्य को पाने के क्रम में प्रयास की जो निरंतरता है, उसकी जीवन जागृति क्रम संज्ञा है।

- मानव के लिये अमानवीय नियम ही अन्याय, अन्याय ही अधर्म, अधर्म ही असत्य, असत्य ही अनीश्वरता, अनीश्वरता ही दु:ख, दु:ख ही जीवत्व (अमानवीयता), जीवत्व ही मानव के लिये अनावश्यकीय नियम है। यह जीव चक्र है, जो मानव के लिये कुचक्र है।

- सामाजिक स्तर पर सार्वभौमिक सिद्धांत के आविष्कार को **नियम** की, नियम को व्यवस्था के स्तर पर व्यवस्थापूर्वक व्यवहृत करते हुए **न्याय** की, न्याय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परस्पर समाधानित विचार पूर्ण नीति द्वारा व्यवहृत करते समय **धर्म** की, धर्म को ब्रम्हांड के स्तर पर व्यवहृत करते समय **सत्य** की, अनंत ब्रम्हांड के स्तर पर व्यवहृत करते समय उसे **सह-अस्तित्व** की, सह-अस्तित्व में मानव द्वारा अनुभव की दशा में **आनंद** की, तथा आनंद को व्यक्तिगत जीवन में आचरित करने की **जागृत जीवन** संज्ञा है।

- सुख, संतोष, शांति एवं आनंद, यह सुख की चार अवस्थाएँ हैं।





- **The necessary law for humankind is justice, justice itself is religion, religion itself is truth, basis of truth itself is all pervasive Omnipotence and coexistence, understanding in coexistence itself is bliss, bliss itself is awakened living, awakened human living itself is the necessary law for human tradition. This itself is the cycle of awakening for human living. This is a righteous cycle for human living.**

- **The continuous effort in conscious unit (jeevan) for achieving its existential purpose along with want-to-be-alive is known as jeevan's awakening progression.**

- **The unnecessary law for human being is injustice. Injustice itself is irreligiousness, irreligiousness itself is untruth, untruth itself is ungodliness, ungodliness itself is misery, misery itself is animal-ness, animal-ness is unnecessary-law for humankind. Such living is for animals and for humans it is an unrighteous cycle.**

- **Universal principle at social level is known as law, law while practicing at the level of orderliness is known as justice, justice while practicing at inter-national level as ethics for mutual-resolution is known as religion, religion when practiced at universal level is known as truth, truth when practiced at the level of countless Cosmic order level is known as coexistence, state of realization in coexistence of human being is known as bliss and realizing bliss into personal conduct is known as awakened-living.**

- **Happiness, peace, contentment and bliss – these are four statuses of happiness.**

- सुख की चार अवस्थाओं के पोषक नियमों को मानव के लिए आवश्यकीय नियम तथा इनके शोषक **नियमों** को अनावश्यकीय नियम संज्ञा है, क्योंकि समस्त मानव सुखानुभव की प्रतीक्षा, आशा, प्रयोग एवं प्रयास में रत हैं।
- मानवीयतापूर्ण आचरण रूपी विधि की **न्याय,** समत्ववादी अथवा श्रेयवादी स्वभाव की **धर्म,** यथार्थता की **सत्य,** व्यापकता की **ईश्वर,** पूर्ण सर्वतोमुखी समाधान की **आनंद,** आवश्यकीय नियमाचरण की **जागृत जीवन,** निरपेक्ष शक्ति की **सत्ता** संज्ञा है।
- लोकेशानुभव का अवसर आत्मा को, लोकदर्शन का अवसर बुद्धि व चित्त को तथा न्यायोचित व्यवहार का अवसर वृत्ति व मन को है।
- संशय व विपर्यय (भ्रम) से मुक्त जो बौद्धिक स्थिति है उसकी **पूर्ण समाधान,** इच्छापूर्वक किए गए अंतरंग व बहिरंग व्यवहार की **आचरण** तथा सार्वभौमिक सिद्धांत की **नियम** संज्ञा है।
- अनिश्चयता की **संशय** एवं अयथार्थता अर्थात् भ्रमित कार्य व्यवहार की **विपर्यय** संज्ञा है।

**''सर्व शुभ हो''**





- **The laws which nurture the four statuses of happiness are known as necessary laws for humankind and the laws which exploit these are known as unnecessary laws. Entire human beings are waiting, expecting, experimenting and endeavouring for being realized in happiness.**
- **The norms for conduct of humanness are known as justice, progressive and harmony-causing nature is known as religion, actuality is known as truth, Omnipresence is known as Almighty (*ishwar*), complete all-round resolution is known as bliss, conduct of necessary laws is known as awakened living and absolute-force is known as Space.**
- ***Atma* has the opportunity for realization in the Omnipotence, *chitta* and *buddhi* have the opportunity of holistically viewing of the world, *vritti* and *mun* have the opportunity of manifesting behaviour of justice.**
- **The state of intellect which is liberated from all doubts and delusion is known as complete resolution, willful interior and exterior behaviour is known as conduct and universal principle is known as law.**
- **Uncertainty is known as doubt and that which is not actual is known as delusion.**

**"May Universal goodness Prevail"**

## अध्याय - बारह

# लक्षण, लोक, आलोक एवं लक्ष्य

- अवलोकन भेद से ही लक्षण, लोक, आलोक एवं लक्ष्य है।

❖ लक्षण :- रूप, गुण, स्वभाव व धर्म की लक्षण संज्ञा है।

❖ लोक :- इच्छा एवं क्रिया के सम्मिलित रूप की लोक संज्ञा है।

❖ आलोक :- ज्ञान-विवेक-विज्ञान ही आलोक है।

❖ लक्ष्य :- क्षमता, योग्यता एवं पात्रता अनुसार योगानुभूति योग्य विकास के लिये किए गये प्रयोग एवं प्रयास के अनुभूति की लक्ष्य संज्ञा है।

- आलोक सहित (बोध पूर्वक) की गई दर्शन क्रिया की अवलोकन संज्ञा है। आलोक सहित अर्थात् अनुभव मूलक विधि से व अनुभवगामी पद्धति पूर्वक किया गया साक्षात्कार बोध अनुभव ही अवलोकन है।

- भोग, प्राप्य योग व प्राप्त योग के भेद से लक्ष्य का निर्धारण किया जाता है।

- भोगासक्ति का लक्ष्य विषय चतुष्टय (आहार, निद्रा, भय और मैथुन) है।

- प्राप्य योग का लक्ष्य लोकेषणा सहित किसी उपकार क्रिया के योग से प्राप्त विभूति अथवा सामर्थ्य द्वारा जन जाति को आप्लावित, प्रभावित करना है।





## Chapter-12

# Traits, Worlds, World views and Aims of Human beings

- **The differences in clarity of existence in human beings itself determines differences in their traits, worlds, world views and aims.**

❖ Trait (*lakshan*): - Form (physical appearance), characteristics, innate-nature and religion (innateness) are known as traits (of human being).

❖ World (*loka*): - World (of a human being) is combined form of his desires and actions.

❖ World view (*alok*): - World view of a human being is (that which he accepts as) knowledge, wisdom and science.

❖ Aim (*lakshya*): - The experiments and endeavours according to one's potential, ability and receptivity for experiencing the union are known as aim.

- **The activity of understanding with one's world view (upon understanding) is known as clarity of existence. The attainment of direct perception, understanding and realization from realization rooted method and realization oriented process itself is clarity of existence.**

- **The aim is determined from the distinctions of sensory-enjoyment, coincidental union (to achieve something) and immanent-union (realization in coexistence).**

- **The aim of sensory-enjoyment is the four sense-objects (food, sleep, fear and coitus). The progeny-motive and wealth-motive are used for these only.**

- **The aim of coincidental union is to influence and affect common people, with motive of fame, through some object or capability obtained from someone's beneficence.**

- विषयासक्त मानव क्रिया से क्रिया की तृप्ति चाहता है, जो संभव नहीं है। क्योंकि संवेदन क्रिया + संवेदन क्रिया से ह्रास अथवा विकास क्रम ही संभव है।

- सम्पूर्ण जड़ क्रिया मात्र अपूर्ण है। अर्पूण को पाकर अपूर्ण तृप्त नहीं हो सकता। तृप्ति की संभावना केवल न्याय, धर्म एवं सत्यानुभूति से ही है।

- प्राप्य योग विधि से सफलता पूर्वक किये गये प्रयास से ही विशुद्ध मानवीयता प्रमाणित होती है, जिससे स्वतंत्र रूप से मानवीयता का संरक्षण होता है। प्राप्त योगानुभूति पूर्वक ही प्राप्य योग सार्थक होता है।

- प्राप्त योगानुभूति ही पूर्ण जागृति है। ऐसी इकाईयाँ ही अनवरत रूप से अन्य के जागृति के लिए समुचित प्रेरणा स्रोत हैं। जिसका नाम जागृति परम्परा भी है।

- निरीक्षण, परीक्षण एवं सर्वेक्षण क्रिया द्वारा कारण, गुण व गणित के संयोग से की गयी अवलोकन क्रिया द्वारा ही सत्यता का परिचय होता है।

- उक्त संयोग की अपूर्णता में ही समस्त मतभेद हैं।

★ मतभेद ही क्रम से विरोध, द्रोह, विद्रोह, द्वेष, विद्वेष, सशंकता, आतंक, दास्यता एवं दुष्टता, शोषण और युद्ध के कारण हैं।

★ जनजाति के स्तर पर समस्त मतभेद के मूल में एक से अधिक पक्ष का होना अनिवार्य है। उसमें सभी गलत हों तब अथवा कोई एक पक्ष अवश्य गलत हो, तो संघर्ष अवश्य होता है। सब सही हों, ऐसी स्थिति में संघर्ष संभव नहीं है।





- **A human being attached to sense-objects seeks contentment of one activity through another activity, which is not possible to accomplish – because, from one sensory-activity after another only regression or experience of material nature is possible.**
- **Entire material activities are only incomplete (being in the *pranic* plane). An incomplete cannot become content upon finding another incomplete. The possibility of contentment is only from realization in justice, religion and truth.**
- **Pristine humanness is achieved only from successful endeavours of coincidental union, as a result of which conservation of humanness takes place in the form of independence. The success of coincidental union is only upon realization in immanent union (realization in coexistence).**
- **Realization in immanent union itself is complete awakening. Such awakened units remain to be continuous sources of inspiration for awakening of others. This is also called as awakened tradition.**
- **The Truth gets recognized only from holistically observing by the process of scrutinizing, examining and surveying.**
- **Entire clashes of opinions are there until above mentioned union remains incomplete.**

★ Clash in opinions is the cause of antagonism, malevolence, revolt, hatred, counter-hatred, suspicion, terror, slavery, wickedness, exploitation and war.

★ At the root of entire clashes of opinions at the level of civilization, it is compulsory to have more than one side (view-point). When all of those sides are wrong or if any one side is wrong, then struggle is inevitable. If all sides are right, in that state struggle is not possible.

- लक्ष्य भेद से आचरण भेद एवं विचार में भी प्रभेद घटित होना पाया जाता है।
- स्व, पर, परिस्थितिवश होने वाले विवशताओं के भेद से ही लक्ष्य निर्णय है।
- स्व-कृत निर्णय, पूर्णता एवं अपूर्णता के दिशा-भेद से है। यथार्थता की ओर 'पूर्णता' तथा भ्रामकता की ओर 'अपूर्णता' संज्ञा है।
- ज्ञानमूलक विज्ञान एवं विवेक के विधिवत् अध्ययन से यथार्थता की ओर प्रयासोदय है, अन्यथा भ्रामकता की ओर प्रयास है।
- प्रयास ही क्रिया और कार्य व व्यवहार है।
- सुकर्म एवं दुष्कर्म के आशय भेद से वैयक्तिक जीवन व जीविका है, तदनुसार ही भावी घटनाएँ एवं कार्य संपन्न होते हैं।
- सच्चरित्र एवं दुष्चरित्र के भेद से कुटुम्ब है तथा तदनुरुप ही अग्रिम प्राप्तियाँ हैं।
- सिद्धांत, मत, संप्रदाय, वर्ग, भाषा व जाति के विचार व प्रचार भेद से सामुदायिक जीवन है तथा उसी के प्रतिरूप में उसके लिये भावी घटनाएँ है।
- न्याय व अवसरवादितापूर्ण नीति भेद से राष्ट्रीय जीवन है तथा तदनुसार ही उसका भावी मार्ग उत्थान एवं पतन के लिये प्रशस्त है।





- **The difference in aims of human beings results in differences in their conducts and also differences in their thoughts.**
- **Human being decides on his aim based on his own understanding, based on understanding of others, or due to circumstances.**
- **The decisions made from one's own understanding are either in the direction of completeness or incompleteness. The direction towards actuality is known as 'completeness' otherwise the endeavours are towards delusion.**
- **The methodical study of knowledge-based wisdom and science gives rise to endeavours towards reality otherwise endeavours are towards delusion.**
- **Human endeavours are in the form of work and behaviour.**
- **The distinction in the intent of 'doing good' or 'doing bad' determines personal living and livelihood; and based on that future events and activities take place.**
- **The distinction in righteous-character and unrighteous-character determines state of family and according to that are its further accomplishments.**
- **The living of a society is based on the distinctions in the ideology and propagation of principles, opinions, group, language and caste.**
- **The distinction in ethics of justice and opportunism determine national character and accordingly its future is paved towards progress or decline.**

- विवेक अथवा अविवेक, विज्ञान अथवा सामान्य ज्ञान संपन्न विचार व मर्यादा के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय जीवन की घटनाएँ मानव समुदाय के संगठन व विघटन के रूप में भावी क्षणों में प्रतिष्ठित हैं।
- मानव समुदाय रुप में जितना विघटन को प्राप्त करे उतना ही ह्रास है तथा जितना संगठन को प्राप्त करे उतना ही जागृत परंपरा की ओर उन्नति है।
- मानव समुदाय में गलती के बिना वैचारिक मतभेद सिद्ध नहीं है।
- नियमपूर्वक किये गये कार्य एवं विचार को 'सुकर्म' तथा इसके विपरीत 'दुष्कर्म' संज्ञा है।
- नैतिकता संपन्न (राज्यनीति तथा धर्म नीति संपन्न) कुशलता, निपुणता, पाण्डित्य सहित किये गये चरित्र चित्रण को 'सच्चरित्र' तथा उसके विपरीत को 'दुश्चरित्र' संज्ञा है।
- सिद्धांत मात्र सत्य ही है। सिद्धांत वैविध्यता का कारण नहीं है। सिद्धांत में वैविध्यता है भी नहीं। यदि है, तो सिद्धांत नहीं है।
- न्यायपूर्ण नीति वह है, जिससे मानवीयता का संरक्षण हो। अवसर वादी नीति वह है, जिससे मानवीयता का संरक्षण न होता हो।
- मानव लक्ष्य (समाधान, समृद्धि, अभय, सह-अस्तित्व) को पहचानने के लिए प्राप्त ज्ञान विज्ञान सम्मत विवेक है।

❖ विज्ञान :- भौतिक समृद्धि सहित मानव लक्ष्य जीवन मूल्य की सफलता के लिए दिशा निर्धारण ज्ञान ही विज्ञान है।

- अस्तु, अंतर्राष्ट्रीयता का मूल उद्‌देश्य बौद्धिक समाधान तथा भौतिक समृद्धि का संतुलन एवं संरक्षण बनाये रखना ही सिद्ध होता है, जिससे अखण्ड मानव समाज में सह-अस्तित्व सिद्ध होता है, अन्यथा सह-अस्तित्वविहीन मानव समुदाय विखंडन के रूप में है ही।





- **Thoughts and disciplines based on wisdom or un-wisdom, science or general-knowledge determine events of inter-national living and these are established in the form of human-society's future integration or disintegration.**
- **The extent to which humankind fragments is the extent to which it deteriorates and the extent to which it integrates is the extent to which it advances towards awakened tradition.**
- **Humankind cannot have differences in opinions without its being wrong.**
- **The thoughts and acts based on law are known as righteous-actions and their opposite are known as unrighteous-actions.**
- **Ethical characterization along with proficiency in skills, behaviour and knowledge is known as 'righteous-character' and its contrary is known as 'unrighteous-character'.**
- **Principle is truth only. Principle is not the cause of variation. Principle does not have variations. If variation is there, then it is not a principle.**
- **The ethics of justice is that from which there is conservation of humanness. The ethics of opportunism is that from which the conservation of humanness doesnot happen.**
- **The knowledge based science and wisdom is for recognizing humankind's existential purpose (resolution, prosperity, fearlessness and coexistence).**

❖ Science (*vigyan*): - The knowledge for determining direction for achieving universal human-purpose along with material prosperity.

- **Therefore, the basic purpose of international organization is maintaining balance and conservation of resolution (understanding) and material prosperity, which leads to realization of coexistence in human-society - otherwise in the absence of coexistence, humankind is in the form of fragmentations.**

- अंतरंग (वैचारिक) एवं बहिरंग (व्यवहार) भेद से सुगमताएँ एवं दुर्गमताएँ हैं।
- आवश्यकता से अधिक उत्पादन के रूप में **समृद्धि** का, व्यक्तित्व के रूप में **चरित्र** का, प्रामाणिकता तथा सहमति के भेद से सामाजिकता का; न्याय पालन, प्रबोधन तथा पोषण से राष्ट्रीयता का; विज्ञान व विवेक से प्राप्त समृद्धि, समाधान, अभय, सह-अस्तित्व से अंतर्राष्ट्रीय जीवन का वैभव है, अन्यथा में ह्रास है।
- संग्रह कामना तृप्ति का पोषक नहीं है, क्योंकि संग्रह का पूर्ति नहीं है।
- मानव आकाँक्षाएं, सामान्य आकाँक्षाओं तथा महत्वाकाँक्षाओं के रूप में परिलक्षित हैं एवं मानव द्वारा तदनुसार ही उत्पादन व उपयोग-सदुपयोग विधि से अर्थ का नियोजन है।
- जागृत मानव की सामान्य आकाँक्षा आहार, आवास एवं अलंकार भेद से है, जिसकी पूर्ति के लिये वह उत्पादन एवं उपभोग, सदुपयोग में व्यस्त है।
- मानव की महत्वाकाँक्षाओं को मूलत: तीन वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है - (1) दूर-गमन, (2) दूरश्रवण तथा (3) दूर-दर्शन। इनकी पूर्ति हेतु भी मानव उत्पादन एवं उपयोग में व्यस्त है।
- सामान्य आकाँक्षा की अपूर्ति से असंतोष, पूर्ति से सशंकता तथा अधिकता से संतुष्टि होती है।
- महत्वाकाँक्षा की अपूर्ति से कौतूहल, पूर्ति से तृप्ति तथा अधिकता से असंतोष होता है।





- **Easiness and difficulties are interior (of thoughts) or exterior (in behaviour).**
- **Grandeur of prosperity is in the form of production in excess of definite-needs; grandeur of character is in the form of (awakened) personality; grandeur of social harmony is in the form of authenticity and its acceptance; grandeur of nation is in the form of realization of justice, awakened education and nurturing; grandeur of international-orderliness is from realization of prosperity, resolution, fearlessness and coexistence achieved from knowledge based science and wisdom. In the absence of these there is regression.**
- **The intent of hoarding does not achieve contentment, because there is no point of contentment for hoarding.**
- **The traits of human aspirations are in the form of common aspirations and higher aspirations and accordingly human being has produced these and achieved their use and good-use.**
- **An awakened human being's common aspirations are as food, shelter and utilities. He fulfills them through production, use and good-use.**
- **Human being's higher aspirations are classified as – (1) long distance travel (transportation), (2) long distance hearing (telephone) and (3) long distance seeing (television). Human beings are engaged also in their production and use.**
- **Unfulfilled common aspirations give rise to discontent, their exact fulfillment gives rise to suspiciousness and their excessiveness gives rise to contentment.**
- **Unfulfilled higher aspirations gives rise to curiosity, their exact-fulfillment gives rise to contentment and their excessiveness gives rise to discontent.**

- न्यायवादी तथा अवसरवादी नीति भेद से ही मानव ने दूसरों पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया है, जो देश, भाषा, वर्ग, जाति व बल प्रभावी भेद से पाया जाता है, जो राष्ट्र के प्रति निष्ठा या विद्रोह के रूप में व्यक्त होता है।
- अन्यायवादी विधि (कानून), विधान व नीति से हिंसा, प्रतिहिंसा, सशंकता तथा आतंक का प्रसव होता है।
- हर मानव में न्याय की याचना जन्मजात स्वभाव के रूप में पायी जाती है, जिसका स्पष्टीकरण योग्य अध्ययन अति आवश्यक है।
- भ्रमवश माने हुए न्याय से अन्याय का और अन्याय से अन्याय दमन करने के लक्ष्य भेद के आशय से समस्त विधि, विधान एवं नीतियों का अनुमोदन मानव करता है। इसी आधार पर एक अथवा अनेक राष्ट्रों का जीवन असफल है।
- पूर्ण दर्शन लोक-व्याप्त है।
- रहस्यों का उन्मूलन करने वाले दर्शन को 'पूर्ण' दर्शन संज्ञा है।
- रहस्यों का निवारण सह-अस्तित्व में जागृति रूपी अध्यात्म ज्ञान, बौद्धिक ज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के एकसूत्रात्मक अध्ययन से ही संभव है।
- लोक के प्रति अनासक्त मानवों ने ही ज्ञानानुभव किया है। ऐसे अनुभूति जागृत व्यक्तियों में व्यवहारिक संतुलन एवं वैचारिक समाधान सहज ही रहता है।
- इच्छा की अपेक्षा में संवेदन क्रिया अल्प है। इच्छा शक्ति अधिक से अधिक क्रिया में व्यस्त है। अनुपात से अधिक शक्ति नियोजन अपव्यय है। यह अपव्यय ही आसक्ति है। इसका निरोध तथा नियंत्रण ही अनासक्ति है।





- **Human being has endeavoured to control others through ethics of justice or opportunism – which is found in the forms of State, language, groups, races and physical-power.**
- **Unjust norms (laws), legislation and ethics give rise to violence, counter-violence, suspiciousness and terror.**
- **Every human being is found to be in want of justice by birth as innate-nature, for which study that is capable of instilling the understanding of justice is absolutely necessary.**
- **Human beings give consent to entire norms, legislations and policies that are with the aim of suppressing injustice from justice (what one believes to be justice while being in delusion) and of suppressing injustice from injustice. It is on this basis one to all nations have failed.**
- **Holistic view is all pervasive.**
- **The world view that uproots all mysteries is known as 'holistic'.**
- **Uprooting of mysteries is possible only from coherent study of material, conscious and spiritual aspects.**
- **Only the human beings who are unattached to the desires and actions have become realized in knowledge. Such realized awakened human beings naturally achieve balance in their behaviour and resolution in their thoughts.**
- **Sensory activity (with body) is lesser compared to desire (in jeevan). The force of desire is busy in ever more activity. It is wasteful to use more than proportional force. This wastage (of force of desire) itself is attachment. Its control and restraint itself is unattachment.**

- प्रधानतः कारणानुक्रम से अध्यात्म ज्ञान का, गुणानुक्रम न्याय से बौद्धिक विज्ञान का और गणितानुक्रम नियम से भौतिक विज्ञान का अनुसंधान, आविष्कार और उपलब्धियाँ सार्थक होती हैं।
- परस्पर अनुशासित (नियंत्रित) या अनुवर्तित लोक-व्यूह की ब्रम्हांड संज्ञा है, जिसमें अनेक सौर-व्यूह हैं।
- गणितानुक्रम नियम से क्रिया, प्रतिक्रिया एवं परिपाक (फल) का; गुणानुक्रम न्याय से ह्रास एवं जागृति का; कारणानुक्रम विधि से सापेक्ष एवं निरपेक्ष (शक्ति) ऊर्जा में संपूर्ण प्रकृति का अध्ययन आभास एवं अनुभव पूर्ण हुआ है।
- निरपेक्षता के बिना व्यापकता सिद्ध नहीं है, क्योंकि सापेक्ष मात्र ससीम ही है।
- सह-अस्तित्व में अनुभव बोध ही **समझ** है; समझ ही ज्ञान, विज्ञान, विवेक के रूप में प्रमाण है; ज्ञान ही **नियम;** नियम ही **नियंत्रण;** नियंत्रण ही **संतुलन;** संतुलन पूर्वक जीना ही मानव में **न्याय;** सार्वभौम व्यवस्था में न्याय पूर्वक जीना ही **धर्म** अर्थात् समाधान; सह-अस्तित्व में अनुभव ही धर्म और **सत्य** है। निरपेक्ष सत्ता में नियम पूर्ण ज्ञान की अभिव्यक्ति नित्य वर्तमान है।
- नियंत्रण महिमा व्यापक और नियंत्रित अनेक हैं।
- जो नियंत्रित है वह इकाई है, यही स्वभाव गति क्रिया है।
- क्रियाएं अनंत हैं तथा समस्त क्रियाएं सत्ता में ही ओतप्रोत व नियंत्रित है, जिससे हर इकाई शक्त है अर्थात् सत्ता में ही हर इकाई को शक्ति प्राप्त है।





- **Primarily - exploration, discovery and accomplishments of spiritual knowledge realizes from study of successive causes; exploration, discovery and accomplishments of consciousness-science (psychology) realizes from study of successive characteristics and exploration, discovery and accomplishments of material aspect realizes from study of successive quantities.**
- **Mutually disciplined planetary bodies is known as universe, in which there are many solar systems.**
- **Mathematical laws are for study of action, reaction and their result; qualitative laws are for study of advancement and deterioration; causal laws are for study, intuition and realization of entire nature in absolute energy.**
- **Omnipresence cannot be without absoluteness, because relativitiy is only with limits.**
- **Realization in coexistence itself is understanding; understanding itself is evidence of knowledge, wisdom and science; knowledge itself is law; law itself is restraint; restraint itself is balance; balanced living itself is justice in humankind; living with justice in universal orderliness itself is religion or resolution; realization in coexistence itself is religion and truth. The expression of knowledge as law is eternally present in the absolute Omnipotence.**
- **The grandeur of restraint is the Omnipresence and restrained are many.**
- **That which is restrained is unit, which is unit in its natural state of being.**
- **Activities are countless and entire activities are saturated and restrained in the Omnipotence, from which every unit is forceful, which means - every unit has force immanent in Omnipotence itself.**

- शक्त ही इकाई; इकाई ही स्पंदन; स्पंदन ही क्रिया; क्रिया ही अनेकता; अनेकता ही संपूर्णता; संपूर्णता ही परस्परता; परस्परता ही नियंत्रण; नियंत्रण ही परिणाम; परिणाम ही ह्रास एवं विकास; ह्रास एवं विकास ही अवस्था; विकसित अवस्था ही चैतन्य पद; चैतन्य पद ही स्फुरण; स्फुरण ही कंपन; कंपन ही प्रतिभा; प्रतिभा ही प्रतीति; प्रतीति ही भास; भास ही अध्ययन; अध्ययन ही विज्ञान एवं विवेक; विज्ञान एवं विवेक ही दर्शन; दर्शन ही निर्भ्रमता; निर्भ्रमता ही समाधान; समाधान ही आनन्द; आनन्द ही पूर्णता; पूर्णता ही जागृति; पूर्ण जागृति ही विश्राम तथा विश्रामस्थ इकाई ही पूर्ण शक्त है।

- हर मानव; प्राप्त शक्ति की अनुभूति करने तक अविश्रान्त श्रृंखला में पाया जाता है।

- गठन रहित संतुलित इकाई नहीं है। हर गठन में कई अंशों या अंगों एवं इकाईयों को पाया जाना अनिवार्य है।

- हर परमाणु किसी विकास क्रमांश में अवस्थित है।

- हर विकास क्रमांश में स्थित परमाणु के मध्यांश मध्यस्थ क्रिया होती है जो मध्यस्थ होने के कारण अन्य अंशों से अधिक शक्त है अन्य अंशों को संतुलित किया रहता है। मध्यांश मध्यस्थ क्रिया है, जबकि आश्रितांश सम या विषम क्रिया हैं।





- **That which is forceful itself is unit; unit itself is pulsation; pulsation itself is activity; (more than one) activity itself is plurality; plurality (in coexistence) itself is wholeness; wholeness itself is mutual complementariness; mutual complementariness itself is (realization of) restraint; restraint itself is (realization of) constitutions in nature; constitution itself undergoes deterioration and advancement; deterioration and advancement itself is evident as evolution stages; progressed evolution stage (constitutional-completeness) itself is expression of consciousness; expression of consciousness itself is exuberance (in jeevan); exuberance (in jeevan) itself is vibration (jeevan's expression through brain); vibration itself is intelligence; intelligence itself is manifested as perception of truth; perception of truth itself is manifested as sense of truth; sense of truth itself is the basis of imparting study; study itself is in the form of science and wisdom; science and wisdom itself is holistic view (*darshan*); holistic view (*darshan*) itself is non-delusion; non-delusion itself is resolution; resolution itself is bliss; bliss itself is completeness; completeness itself is awakening; complete awakening itself is effortlessness; and the unit established in effortlessness itself is completely forceful.**
- **Every human being is found to be in a state of unrest until he becomes realized in the immanent force.**
- **There is no balanced unit without a constitution. Every constitution necessarily has many parts or constituents and units.**
- **Every atom is a stage towards progress (constitutional-completeness).**
- **The nucleus of every atom in a stage of evolution is known as *atma*, which is more forceful than other particles due to its being central. Nucleus is the activity of centeredness, while all dependent particles are as attraction or repulsion activities.**

- मानव को पूर्ण पद या पूर्ण जागृति या पूर्ण विश्राम और यथास्थिति को पाने का अवसर है। इसीलिये समस्त प्रयास भी है।
- ज्ञानावस्था की निर्भ्रान्त इकाई पूर्ण जागृत, भ्रान्ताभ्रान्त इकाई पूर्ण जागृति को प्रमाणित करने के अति निकट तथा भ्रान्त इकाईयों में अपेक्षा में निकट है।
- रूप, बल, बुद्धि, पद एवं धन की विषमता से ही मानव में परस्पर स्पर्धा, प्रलोभन, आकाँक्षा, उत्साह, अध्ययन, अनुसंधान, संधान, प्रयोग,व्यवसाय और ईर्ष्या, द्वेष, आतंक, हिंसा, छल, कपट, दंभ तथा पाखंड का भी प्रसव है, जिससे मानव का विकास अथवा ह्रास सिद्ध है।
- सह-अस्तित्व में विरोध का विजय अथवा शमन, विरोध शमन से जागृति, जागृति से सहज जीवन, सहज जीवन से स्वर्गीयता, स्वर्गीयता से सह-अस्तित्व में अनुभव, अनुभव से कर्त्तव्य निष्ठा, कर्त्तव्य निष्ठा से सफलता, सफलता से विज्ञान एवं विवेक, विज्ञान एवं विवेक से स्वयंस्फूर्त जीवन और स्वयंस्फूर्त जीवन से ही सह-अस्तित्व प्रमाणित होता है।
- स्वयं स्फूर्त जीवन मानवीयता का द्योतक है, जो एक स्वतंत्र जीवन है।
- सह-अस्तित्व ही विरोधों से मुक्ति, विरोधों से मुक्ति ही विरोध का शमन है और विरोध का शमन ही सह-अस्तित्व है।
- अज्ञान, मृत्यु, अंधकार और भ्रम यह चार प्रकार की मान्यताएँ मानव विचार में पाई जाती है। इन्हें माना जाता है अवश्य, पर इनका अस्तित्व सिद्ध नहीं होता।
- मृत्यु,अंधकार और भ्रम के मूल कारण में भी अज्ञान ही है।





- **Human being has the opportunity of attaining complete plane or complete awakening or complete effortlessness and its continuity. All human endeavours are towards this only.**
- **An unit of knowledge order liberated from delusion is known as completely awakened, a unit in discerning status is very close to realization of complete awakening and is closer to complete awakening compared to those in delusion.**
- **The disparities in appearance, physical strength, intellect and wealth itself has given rise to competition, greed, aspiration, enthusiasm, study, exploration, experimentation, occupation in humankind and also it has given rise to jealousy, hatred, terror, violence, deceit, cheating, fraud and charlatanism, which has resulted in advancement or deterioration of human being.**
- **Victory over antagonism or dissolution of antagonism is in coexistence, dissolution of antagonism results in awakening, awakening results in naturalness in living, naturalness in living results in heavenliness, heavenliness results in realization in coexistence, realization results in commitment towards duties, commitment towards duties results in success, success results in science and wisdom, science and wisdom results in spontaneous living and spontaneous living alone results in realization of coexistence.**
- **Spontaneous living is indicative of humanness, which is realization of independence in living.**
- **Coexistence itself is liberation from antagonisms, liberation from antagonisms itself is dissolution of antagonism and dissolution of antagonism itself is coexistence.**
- **Ignorance, death, darkness and delusion are four kinds of beliefs in human-thinking. Though these are believed, but their existence is not proven.**
- **The root cause of (beliefs of) death, darkness and delusion also is ignorance itself.**

- जो जैसा है, उसको वैसा ही समझने योग्य विकासांश का अभाव ही **अज्ञान,** पिण्ड की विघटन क्रिया को **मृत्यु,** किसी इकाई के एक ओर प्रकाश पड़ने पर उसके दूसरी ओर जो उसकी छाया पड़ती है उसी को **अंधकार** संज्ञा है।
- अगोपनीयता एवं रहस्यहीनता ही यथार्थता है, जिससे ही सहजता की उपलब्धि है।
- गोपनीयता से संकीर्णता का तथा रहस्यता से भ्रामकता का प्रसव है।
- अज्ञान, मृत्यु, अंधकार एवं भय के वैकल्पिक रूप एवं गुण की कल्पना ही 'भ्रम' है।
- संकीर्णता तथा रहस्यता से मानव ह्रास की ओर गतिमान है, जिसके कारण विरोध, विद्रोह, आतंक आदि सभी अमानवीय गुण प्रभावित हैं।
- समष्टि (संपूर्ण मानव) के बल, बुद्धि, रूप, पद एवं धन से व्यष्टि का बल, बुद्धि, रूप, पद एवं धन अल्प है, क्योंकि समष्टि की आंशिकता की व्यष्टि संज्ञा है।
- मानव इकाई अभिमान-ग्रस्त होने पर वंचना, परिवंचना, आतंक एवं विग्रह-पूर्वक अनेक के शोषण में प्रवृत्त होती है। साथ ही, उस अभिमान से मुक्त होकर ही विवेक, विज्ञान, स्नेह, सहजता व सह-अस्तित्व पूर्वक एक द्वारा अनेक के पोषण की प्रवृत्ति पाई जाती है तथा पोषण भी होता है।
- शोषणवादी प्रणाली में संघर्ष तथा पोषणवादी प्रणाली में शांति की उपलब्धि है।
- समाधान विधि से व्यवहारिक एकसूत्रता तथा वैचारिक एकसूत्रता अखण्डता व सार्वभौमता का पोषणवादी प्रणाली का मूल सूत्र ही न्याय है। अन्याय में शोषण है ही।





- **Lack of potential in oneself for understanding "realities as they are" itself is ignorance, dissolution of body itself is death, the shade that falls on the other side of an object where light falls is known as darkness.**
- **Non-secrecy and non-mysteriousness itself is actuality, from which alone naturalness is accomplished.**
- **Secrecy gives rise to narrow mindedness and mysteriousness gives rise to delusion.**
- **Imagining forms and characteristics of ignorance, death, darkness and fear itself is "delusion".**
- **Human beings move towards decline from narrow-mindedness and mysteriousness – due to which all inhuman characteristics like antagonisms, revolts, terror etc get affected.**
- **In comparison with the physical strength, intellect, appearance, social rank and wealth of 'entireness' (all human beings), the physical strength, intellect, appearance, social rank and wealth of 'some' human beings is lesser, because a part of 'entireness' is known as 'some'.**
- **A human being upon becoming caught up in conceit gets inclined for exploitation of many through blaming, counter-blaming, terrorizing and dividing. Also, after becoming liberated from that conceit one is found to have tendency of nurturing many through wisdom, science, affection, naturalness and coexistence – and nurturing happens as well.**
- **Exploitation accomplishes struggle and nurturing accomplishes peace.**
- **Culture, Civilization, Norms and Orderliness - these four constitute man-made environment, from which humanness is either nurtured or exploited.**

- समस्त मानव के लिये जागृति के अवसर समान हैं, जिनका सदुपयोग एवं दुरूपयोग वातावरण, अध्ययन तथा पूर्व-संस्काराधीन है।
- संस्कृति, सभ्यता, विधि एवं व्यवस्था, यह चार प्रकार से मानव-कृत वातावरण है, जिससे मानवीयता का पोषण अथवा शोषण होता है।
- बौद्धिक समाधान व भौतिक समृद्धि तथा विकल्पात्मक ज्ञान जिस प्रकार के मानवकृत वातावरण से बोधगम्य होता हो, इससे ही मानव के विकास व जागृति का मार्ग प्रशस्त होता है।
- वर्तमान के पूर्व में की गई क्रिया मात्र का फल परिणाम ही 'संस्कार' है, जो अमानवीयता, मानवीयता तथा अतिमानवीयतापूर्ण भेद से है, विकल्प के आधार पर ही इकाई की क्षमता, योग्यता एवं पात्रता सुसंस्कार है। सुसंस्कार के विपरीत जितने भी क्रियाकलाप हैं, वह अमानवीयता है।

**''सर्व शुभ हो''**





- **The way of resolution gets coherence in behaviour and thoughts and it is the essence of nurturing undivided-ness and universalness. Exploitation has to be there in injustice.**
- **The opportunities of awakening are same for all human beings. The good-use and misuse of these opportunities depends on environment, study and prior impressions.**
- **Human made environment that establishes understanding (as alternative), resolution in thoughts and material prosperity itself paves the path for humankind's advancement and awakening.**
- **The result of activities performed prior to present itself is 'impression' which is with distinctions of inhumanness, humanness and super-humanness. The potential, ability and receptivity on the basis of alternative-knowledge itself are righteous impressions. All activities contrary to righteous impressions are inhumanness.**

**"May Universal goodness Prevail"**

## अध्याय - तेरह

# मानवीयता

- मानव के लिये मानवीयता , देवमानवीयता, दिव्यमानवीयता ही एक मात्र सुख शांति संतोष आनन्द के लिए आधार है। सुख हर स्तर का लक्ष्य है अर्थात् सुख अमानवीयता, मानवीयता तथा अतिमानवीयता का भी लक्ष्य है।
- भ्रमवश मानव ने लाभ द्वारा सुखी होने की कामना की है।
- भाव से समाधान, समाधान से सदुपयोग, सदुपयोग से अधिकार, अधिकार से व्यवस्था, व्यवस्था से समाधान-समृद्धि-अभय-सहअस्तित्व, समाधान-समृद्धि-अभय-सहअस्तित्व से भाव होता है।
- शोषण पूर्वक प्राप्त आय से एक से अनेक तक सुखी नहीं है।
- शोषक का शुष्क होना अनिवार्य है, क्योंकि क्रिया की प्रतिक्रिया समान होती है।
- जब कमाते हैं, तब गंवाते नहीं; जब गंवाते हैं, तब कमाते नहीं।
- सद्व्यय ही कमाई का प्रयोजन है और अपव्यय ही गंवाई है। इसीलिये सद्व्यय-पूर्वक ही मानव न्यायपूर्ण आय को पाकर सफल तथा सुखी है, अन्यथा असफल एवं दु:खी है।
- तन तथा धन मन के लिए आय-व्यय किया जाता है।





## Chapter-13

# Humanness

- **Humanness, godly humanness, divine humanness are the only bases for happiness, peace, contentment and bliss for humankind. Happiness is the existential purpose of every level of human existence, which means, happiness is the purpose of inhumanness, humanness and super-humanness also.**
- **Humankind in delusion wishes to become happy through profit.**
- **Understanding gets manifested as Resolution, Resolution gets manifested as Good-use, Good-use gets manifested as Capability, Capability gets manifested as Orderliness, Orderliness gets manifested as Resolution-Prosperity-Fearlessness-Coexistence and Resolution-Prosperity-Fearlessness-Coexistence gets manifested as Understanding.**
- **No one can become happy from earning through exploitation.**
- **The one who exploits necessarily becomes drained, because every action has equal reaction.**
- **When we earn then we don't lose; when we lose then we don't earn.**
- **Rightful spending itself is the purpose of earning and wrongful spending itself is losing. Therefore a human being is successful and happy only from rightful spending, otherwise he is unsuccessful and miserable.**
- **Body is used and wealth is earned and spent for mind (conscious aspect).**

- मानव परिवार, समाज, राष्ट्र एवं लोक क्रम से अन्योन्याश्रित है जिनका अध्ययन तथा अनुसरण करने का अवसर समस्त मानव को प्राप्त है।
- मानव परिवार, समाज, राष्ट्र तथा लोक, प्राप्त अवसर तथा अनुसरण क्रिया के आवश्यकीय नियमों के पालन द्वारा ही सफल हुए हैं। इसके विपरीत असफल हुए हैं।
- मानवीयतापूर्ण व्यवहार पक्ष का पूर्ण अध्ययन ही मानव-कुल के एकसूत्रता सूत्र है।
- मानव कोटि तक ऐसी कोई इकाई नहीं हैं, जिसमें शुभ आशय न हो, अथवा जो किसी का पूरक और उपयोगी न हो, इसीलिए समस्त क्रिया परस्पर पूरक और उपयोगी सिद्ध है। मात्र विचार ही सत्यपूर्ण होने पर स्वतंत्र है, स्वतंत्र विचार भी परस्पर पूरक और उपयोगी सिद्ध है ही।
- मानव में परस्पर पूरकता व उपयोगिता व्यवहार की एकसूत्रता है। एकसूत्रता से सफलता की ओर अन्यथा असफलता की ओर गति है।
- सह-अस्तित्व में विरोध नहीं, एकसूत्रता है। अत: सह-अस्तित्व मानव-जीवन में व्यवहार का लक्ष्य सिद्ध हुआ।
- धर्मपूर्ण विचार तथा न्यायपूर्ण व्यवहार से ही सत्य में अनुभूति प्रमाणित होना संभव होती है।
- पराधिक अर्थात् दूसरों से अधिक उन्नति के लिए जो प्रवृत्ति एवं प्रयास है, उसे 'स्पर्धा' तथा इसके विरोध में प्राप्त प्रयास व प्रवृत्ति की 'ईर्ष्या' संज्ञा है। स्पर्धा से उत्तेजना व द्वेष तथा ईर्ष्या से अमर्ष का प्रसव होता है।





- **Human being, family, society, nation and world are successively interdependent. All human beings have the opportunity of studying and following this interdependence.**
- **Human being, family, society, nation and world become successful only from availing the opportunity of studying and following the necessary laws (of humanness), otherwise these become unsuccessful.**
- **Complete study of behaviour aspect of humanness is the formula of realizing coherence in humankind.**
- **Until (evolution of) humankind there is no unit which does not have intent of goodness, or which is not complimentary and of use for some other unit. Therefore entire activities of nature prove to be mutually complimentary and useful. Only thoughts become independent upon becoming rooted in Truth. Independent thoughts also prove to be mutually complimentary and useful.**
- **Mutual complementariness and usefulness itself is coherence in behaviour in humankind. Coherence results in movement towards success; otherwise there is movement towards failure.**
- **Coexistence has no antagonism, but there is a coherence. Therefore coexistence is the purpose of behaviour in humankind.**
- **Thoughts of religion and behaviour of justice only have the possibility of achieving realization in Truth.**
- **The tendency and endeavour for advancing more than others is known as 'competition', while tendency and endeavour for achieving more deterioration than others is known as 'jealousy'. Competition gives rise to agitation and hatred. Jealousy gives rise to animosity.**

- स्वयं में पूर्ण होने के लिए मानव परंपरा में जिज्ञासा और निष्ठा उदय होने की स्थिति में सभी ईर्ष्या, द्वेष शमन होने लगते हैं। पूर्ण जागृत होने पर ईर्ष्या, द्वेष आदि समस्त भ्रमों से मुक्ति हो जाती है अर्थात् सह-अस्तित्व के प्रकाश में स्पर्धा की निरर्थकता स्वयं में, से, के लिए जागृति के अर्थ में स्पष्ट है।

❋ प्रचलित मान्यता है कि 'स्पर्धा से विकास अथवा जागृति' है, जबकि 'यर्थाथ' (सही समझ) के प्रति जिज्ञासा और निष्ठा से ही मानव में जागृति व मानवीय परंपरा का मार्ग प्रशस्त होता है जो अखण्ड समाज के रूप में प्रमाणित होता है।

- संग्रह से लोभ, द्वेष से विरोध, अविद्या से अज्ञान, अभिमान से उद्दण्डता और भय से आतंक का जन्म होता है, जो वैचारिक क्लेश हैं।

❖ द्वेष - दूसरों के नाश में ही स्व-सुख की कल्पना करना 'द्वेष' है।

- जो स्वयं क्लेशित रहेगा, वह दूसरों को क्लेश पहुँचायेगा ही, क्योंकि यह नियम है कि जिसके पास जो होगा, वह उसे बाँटेगा ही।

- उपरोक्त पाँच अपरिमार्जित प्रवृत्तियों के समाधान के रूप में पाँच परिमार्जित मूल प्रवृत्तियाँ भी हैं, जो असंग्रह (समृद्धि), स्नेह, विद्या, सरलता तथा अभय हैं। इन प्रवृत्तियों से उत्पन्न संपूर्ण संवेग और प्रवृत्ति क्रमशः उदारता, निर्विरोध, यर्थाथ ज्ञान, सह-अस्तित्व तथा धैर्य उद्गमित होता है, जिससे हर्ष, प्रसन्नता, उत्साह, तृप्ति, उल्लास तथा आह्लाद की निरंतरता बनी रहती है, जिसकी अनवरत प्रतीक्षा में मानव है।





- **When curiosity and commitment for one's own completeness arises in humankind then all jealousies and hatreds start dissolving. Upon attaining complete awakening one becomes liberated from all jealousies, hatreds and entire delusions. In the light of coexistence the meaninglessness of competition becomes clear in, from and for self.**

❋ This is to clarify prevalent meaning of 'competition' in the light of awakening and its realization. It is commonly believed that competition leads to advancement and awakening, while in the inquiry and commitment towards 'actuality' (right understanding) alone paves the path of awakening in human being and tradition of humanness, which is achieved in the form of undivided society.

- **Hoarding gives rise to greed, hatred gives rise to antagonism, un-wisdom gives rise to ignorance, conceit gives rise to disruptiveness and fear gives rise to terror. These are conflicts in thoughts.**

❖ Hatred (*dvesh*): - imagining one's own happiness in other's destruction itself is hatred.

- **One who himself lives in conflict is bound to give conflicts to others, because it is the law that one distributes only what one has.**

- **As resolution of above five gross tendencies there are five refined tendencies also, which are – un-hoarding, affection, knowledge, naturalness and fearlessness. The impetus of these tendencies is as generosity, unopposedness, knowledge of actuality, coexistence and patience respectively – whereby the continuity of cheerfulness, merriment, enthusiasm, contentment, sprightliness and joyousness is achieved. This is the status which humankind has always been waiting for.**

- अनुभव बोध (संकल्प) से इच्छा, इच्छा से विचार, विचार से आशा, आशा से संवेग, संवेग से क्रिया, क्रिया से अध्ययन तथा अध्ययन से बोध होता है। यह इच्छा तथा क्रिया की क्रम-गति है।

- संग्रह मात्र धन का ही है, जो प्रतीक मूल्य है।

- उत्पादित व संपादित भेद से वस्तुएं हैं।

❖ संपादन :- प्राकृतिक वस्तुओं से उपलब्धि की 'संपादन' संज्ञा है।

❖ उत्पादन :- प्राकृतिक ऐश्वर्य पर श्रम पूर्वक संपादित वस्तु को मनाकार (इच्छानुरूप आकार) प्रदान करना ही 'उत्पादन' है।

- वस्तु का संग्रह नहीं है, क्योंकि उसका उपयोग व परिणाम निश्चित है (रूपांतरण)।

★ स्व-श्रेष्ठता के मान्यता के आधार पर घृणा, दुर्बलता की तुलना में हिंसा तथा दूसरों के विकास के प्रति ईर्ष्या है, जबकि स्व-श्रेष्ठता के अनुरूप असक्षम को समुचित सहयोग देना ही घृणा के स्थान पर उदारता, अपने को पर-विकासानुरूप, जागृति अनुरूप पाने का प्रयास ही स्पर्धा है तथा दुर्बल की रक्षा करना भी दया है।

- हिंसात्मक कार्य व्यक्ति, परिवार, समाज, वर्ग, जाति, मत, सम्प्रदाय, भाषा तथा राष्ट्र के स्तर-भेद से है, जो द्वन्द्व एवं प्रतिद्वन्द्व के रूप में परिलक्षित होता है।

- हिंसा की प्रतिहिंसा, द्वन्द्व का प्रतिद्वन्द्व, अपराध का प्रतिकार अवश्यम्भावी है। अत: द्वेष-कामना किसी भी देश व काल में मानव के जागृति के लिये सहायक नहीं सिद्ध हुई है।

❖ अविद्या अथवा अज्ञान - जैसा जिसका रूप, गुण, स्वभाव एवं धर्म है, उसको उसी प्रकार समझने योग्य जागृति के अभाव की 'अविद्या' अथवा 'अज्ञान' संज्ञा है।





- **Realization based understanding (conviction) affects desires, desires affect thoughts, thoughts affect wants, wants affect impetus, impetus affects activities (work and behaviour), activities affect study and study affects understanding. This is the cycle of desire and activities in human living.**
- **Hoarding can only be of money, which is a symbol.**
- **The objects are with distinction of production and collection.**

❖ Collection (*sampadan*): - Accomplishment of objects from natural abundance is known as collection.

❖ Production (*utpadan*): - Giving the desired form to the collected objects itself is known as production.

- **It is not possible to accumulate material objects indefinitely, because their use or transformation is inevitable.**

★ Believing oneself to be superior than others is the basis of hatred; believing other to be weaker than oneself is the basis of violence; and jealousy is towards other's advancement. While helping others according to one's own excellence replaces hatred with generosity, endeavours for becoming awakened like other itself is meaningful-competition and protecting the weak ones too is kindness.

- **Violence is at the levels of individual, family, society, community, caste, opinion, sect, language and nation state, which gets manifested as struggle and counter struggle.**
- **Violence necessarily results in counter violence, struggle necessarily results in counter struggle and crime necessarily results in counter crime. Therefore hatred has never been helpful for humankind's awakening anytime, anywhere.**

❖ Un-wisdom (*avidya*) or Ignorance (*agyan*): - The lack of awakening for understanding form, characteristics, innate-nature and religion of realities as they are, itself is known as unwisdom or ignorance.

❖ अभिमान :- स्व-बल, बुद्धि, रूप, पद व धन को श्रेष्ठ तथा अन्य को नेष्ट मानने वाली प्रवृत्ति की 'अभिमान' संज्ञा है।

- इकाई समष्टि में अंश के रूप में है।
- प्राणभय, पदभय, मानभय तथा धनभय यह भय के चार कारण भेद हैं। प्राण, पद, मान तथा धन, यह स्थानांतरण तथा परिवर्तन से मुक्त नहीं है।

❖ प्राणभय :- शरीर के अस्तित्व (जीवन्तता) के विपरीत में जो मृत्यु की कल्पना है, वह 'प्राणभय' है।

❖ पदभय :- एक से अनेक तक पाये जाने वाले अधिकार की 'पद' संज्ञा है तथा इसके विरोध में 'पदभय' संज्ञा है।

❖ मानभय :- यश के विपरीत में या विरोध में 'मानभय' संज्ञा है।

❖ धनभय :- धन के विरोध की संभावना अथवा स्थिति को 'धनभय' संज्ञा है।

❖ उपरोक्त वर्णित चारों उपलब्धियाँ अर्थात् प्राण, पद, मान और धन सामयिक हैं, जिन्हें स्थायी समझ लेना ही संकट का कारण है। क्योंकि प्राण का हरण,पद का पतन या वियोग, मान का भंग तथा धन का व्यय, यह नियति क्रम सिद्धियाँ हैं।

- अत: मानव के लिये परम लाभ मानवीयता पूर्ण प्रमाण ही है, जिससे मानव सुखी होता है।

**''सर्व शुभ हो''**





❖ Conceit (*abhiman*): - The tendency of believing one's own physical strength, intellect, appearance, social rank and wealth to be worthy and those of othersto be unworthy itself is known as conceit.

- **Each unit is a part in entireness.**
- **Fear is of four kinds – fear of life, fear of rank, fear of reputation and fear of wealth. The body, rank, reputation and wealth are not without replacement and change.**

❖ Fear of life (*pran-bhaya*): - Imagining that body will not remain itself is 'fear of life'.

❖ Fear of rank (*pad-bhaya*): - The extent of one's influence in society is known as 'rank' and imagining its loss is 'fear of rank'.

❖ Fear of reputation (*maan-bhaya*): - Imagining infamy or loss of fame is known as 'fear of reputation'.

❖ Fear of wealth (*dhan-bhaya*): - Imagining loss of one's wealth is known as 'fear of wealth'.

❖ The above mentioned four accomplishments – body, rank, reputation and wealth – are temporary. Believing these to be permanent itself is a problem, because loss of life, fall or loss of rank, loss of fame and spending of wealth is inevitable.

- **Therefore, the ultimate accomplishment for human being is evidence of humanness, from which human being attains happiness.**

**"May Universal goodness Prevail"**

## अध्याय - चौदह

# मानव व्यवहार सहज नियम

- मानव व्यवहार में प्रवर्तनशील है । मानव के जागृत, स्वप्न तथा सुसुप्तावस्था के समस्त व्यवहार में चैतन्य का रहना अनिवार्य है।

- आशा, विचार, इच्छा, ऋतम्भरा एवम् प्रामाणिकता के प्रमाण की स्वीकृति के साथ तथा इन पाँचों क्रियाओं सहित प्रमाण प्रस्तुत करने वाले इकाई की जागृत मानव संज्ञा है।

- चैतन्य पक्ष के अर्थात् जीवन के विकास और जागृति का कारण संस्कार, गुण व स्वभाव है।

- संस्कार अध्ययन, व्यवहार और कर्माभ्यास से है।

- अध्ययन जड़-चैतन्य एवं व्यापक में ही है और यह ज्ञान, विवेक-विज्ञान विधि से ही संपन्न होता है।

- विवेकात्मक अध्ययन से आत्मा का अमरत्व, शरीर का नश्वरत्व और व्यवहार के नियमों का बोध होता है, साथ ही मानव लक्ष्य व जीवन मूल्य स्पष्ट होता है। इस बोध से उत्तरोत्तर सुसंस्कार परिष्कृत होता है।

- व्यवहारिक नियम मानवीयता के संरक्षण के लक्ष्य से हैं।

★ मानवीयता के संरक्षण का लक्ष्य मानवीय दृष्टि विषय, प्रवृत्ति, मानवीय गुण, स्वभाव और मानवीय व्यवहार में स्पष्ट है, जिससे मानवीयतापूर्ण व्यवहार-संपन्न व्यक्ति द्वारा प्रचार, प्रदर्शन तथा प्रेरणा, समर्थ समाज से मानवीयतापूर्ण सामाजिक कार्यक्रम, संरक्षण तथा प्रोत्साहन, नीतिपूर्ण व्यवस्था से ही मानवीयता का समग्र संरक्षणात्मक लक्ष्य पूरा होता है।





## Chapter-14

# The Laws of Human Behaviour

- **Human being is naturally inclined for behaviour. Conscious aspect is necessarily there in entire behaviour of a human being in waking, dreaming, or sleeping states.**
- **Awakened human being is the one who along with acceptance of wants, thoughts, desires, understanding and authenticity, produces evidences of these five activities in his living.**
- **The causes of advancement and awakening in jeevan (conscious aspect) are its impressions, characteristics and innate-nature.**
- **Impressions are from study, behaviour and practice.**
- **Study is of material and conscious nature and of the Omnipresence and it happens by way of knowledge, wisdom and science only.**
- **Study of wisdom results in understanding of immortality of self, mortality of body and laws of behaviour and along with this existential purpose of human being and jeevan values become clear. From this understanding the impressions become more and more refined.**
- **The laws of behaviour are for the purpose of conserving humanness.**

★ The aim of conservation of humanness gets manifested in perspectives, pursuits, tendencies, characteristics, innate-nature and behaviour of humanness. The aim of conservation of humanness is achieved from spreading, exhibiting, inspiring, encouraging social activities of humanness and ethical orderliness by such human beings who are equipped with behaviour of humanness.

- मानव के बहिरंग व्यवहार के लिये सांस्कृतिक व प्राकृतिक भेद से साधन उपलब्ध हैं। मानव द्वारा की जाने वाली कृति (रीति सहित कार्य) का पूर्व-रूप (विचार की स्थिति) ही संस्कार व संस्कृति का स्वरूप है।

- मानवीय संस्कृति रूप, बल, धन एवं पद अनुभव प्रमाण रुप में प्रस्तुत होता है।

- प्राकृतिक साधन खनिज, वनस्पति तथा मानवेतर जीव के जाति-भेद से हैं।

- मानव चैतन्य अवस्था में जागृति जागृति क्रम इकाई है, इसीलिये इन्हें प्राकृतिक संपदा के सदुपयोग सुरक्षा करने का अथवा भ्रमवश दुरूपयोग करने का अवसर प्राप्त है। क्योंकि विकसित के द्वारा अविकसित का उपयोग सदुपयोग, प्रयोजन सहज प्रमाणित होना और भ्रमवश दुरूपयोग करने की संभावना रहती है। जिसमें मानव उपयोग, सदुपयोग पूर्वक ही सुखी होता है।

- प्राकृतिक संपदा का सदुपयोग से अथवा दुरूपयोग से ऋतु-संतुलन अथवा असंतुलन सिद्ध होता है।

- हर भूमि पर पाया जाने वाला- ऋतुमान, शीतमान, तापमान और वर्षामान- उस भूमि पर स्थित खनिज एवं वनस्पति के अनुपात पर निर्भर करता है, जिसका निर्णय परीक्षण एवं सर्वेक्षण-पूर्वक गणित से सिद्ध होता है।

- सामाजिक संतुलन अथवा असंतुलन स्व-धन/पर-धन, स्व-नारी/पर-नारी तथा दया/ द्वेष-युक्त विचार सहित किये गये व्यवहार से सिद्ध होता है।

❖ स्व-धन :- प्रतिफल, पारितोषिक तथा पुरस्कार के रूप में प्राप्त धन 'स्व-धन' अन्यथा 'पर-धन' संज्ञा है।





- **The means for outward behaviour of human beings are cultural (other human beings) or natural (nature other than human beings). Impressons and culture are as prior form (as state of thoughts) of a human being's actions.**
- **Culture of humanness gets manifested as appearance, physical strength, wealth, rank and evidence of realization in human beings.**
- **Natural means are as many kinds of minerals, vegetations and living beings other than humans.**
- **Human being is a unit in evolution stage of awakening advancement or awakening, therefore human beings have the possibility of making good-use and protection of natural abundance (in awakening stage) and of misusing these due to delusion (in awakening progression stage) – since a more evolved status can make use, good-use and achieve purposefulness of unevolved statuses and also the possibility of misuse remains due to delusion. Among these, human being becomes happy only from use and good-use.**
- **The good-use and misuse of natural abundance results in climatic balance or imbalance.**
- **The measure of climate - heat, cold and rains - on any land depends on proportion of minerals and vegetations on that land, which is determined mathematically from examining and surveying.**
- **Societal balance or imbalance is achieved from righteous or unrighteous wealth, righteous or unrighteous marital relationship, behaviour with thoughts of kindness or hatred.**

❖ Righteous wealth (*sva-dhan*): - Wealth obtained as a result of one's hard work (physical labour), as gift and as reward is known as 'righteous wealth', otherwise it is 'unrighteous wealth'.

❖ स्व-नारी :- भौगोलिक स्थिति के अनुसार समाज निर्णीत निर्णय के अनुसार ही 'स्व-नारी तथा स्व-पुरुष' संज्ञा है, अन्यथा 'पर-नारी/पर-पुरुष' संज्ञा है।

❖ दया :- दूसरों के विकास के लिये यथा-संभव सहायक होना तथा उनके विकास में हस्तक्षेप न करना ही 'दया' है। इसके विपरीत में आचरण की 'द्वेष' संज्ञा है।

- जन्म-सिद्ध अधिकार, प्रदत्त अधिकार तथा समयोचित अधिकार भेद से मानव कर्त्तव्य-पालन के लिये अधिकार प्राप्त करता है।
- जन्म-सिद्ध अधिकार संबंध के अर्थ में, प्रदत्त अधिकार व्यवस्था-गत सीमा के अर्थ में तथा समयोचित अधिकार संपर्क के अर्थ में है।
- संबंध :- माता-पिता, पुत्र-पुत्री, भाई-बहिन, पति-पत्नी, साथी-सहयोगी, गुरु-शिष्य तथा मित्र के रूप में है।
- प्रदत्त अधिकार :- कुटुंब, समाज तथा व्यवस्था-दत्त भेद से है।
- समयोचित अधिकार समय व समीचीन मिलन के अनुसार व्यवहार में संपन्न होता है।
- कुटुंब-दत्त अधिकार कुटुंब में कर्तव्यों-दायित्वों के पालन, चरित्र-संरक्षण, प्राण-पोषण व अर्थोपार्जन के लक्ष्य भेद से है।
- समाज-दत्त अधिकार समाज-दत्त कर्तव्यों के पालन, गरिमापूर्ण व्यक्तित्व एवम् सार्थक शास्त्र प्रचार तथा सिद्धान्तों के शोध के आशय भेद से है।
- व्यवस्था-दत्त अधिकार व्यवस्था-दत्त कर्तव्यों का पालन, शास्त्र सिद्धांतों का कुशलता, निपुणता, पाण्डित्य पूर्वक अध्ययन, व्यवहार व कर्माभ्यास में परिपूर्णता और अधिकार पूर्ण व्यक्तित्व पर निर्भर करता है, जिससे सफलता है, अन्यथा में असफलता है।





❖ Righteous marital relationship (*sva-naree/sva-purush*): - In accordance with geographical conditions, determination of marriage partner with social acceptance is known as 'righteous marital relationship', otherwise it is known as 'unrighteous marital relationship'.

❖ Kindness (*daya*): - Being helpful for advancement of others as much as possible and not interfering in their advancement itself is 'kindness'. Conduct opposite to this is known as hatred.

- **Human being obtains his capabilities for fulfilling his duties with distinction of birth rights, awarded rights and situational rights.**
- **Birth rights are towards relationships, awarded rights are in the purview of orderliness and situational rights are towards associations.**
- **Relationships are in the form of mother-father, son-daughter, brother-sister, husband-wife, colleague-assistant, teacher-disciple and friend.**
- **Awarded rights are with distinction of their being given from family, society and orderliness.**
- **Situational rights are manifested in behaviour according to time and conditions of the meeting.**
- **The rights awarded by family are based on their aims, i.e. adherence of duties and responsibilities, conservation of character, nourishment of body and wealth generation.**
- **The rights given by society are with distinction of adherence of duties towards society, graceful personality, spreading of meaningful literature and researching principles.**
- **The rights given by orderliness depend on adherence of duties towards orderliness, study of principles specified in scriptures for proficiency in skills, behaviour and knowledge, completeness in practices of behaviour and work and authoritative personality from which there is success, otherwise there is failure.**

- मानव मात्र में सुख की आशा अपरिवर्तनीय है, जिसकी अपेक्षा में ही चेतना विकास मूल्य शिक्षा से विधि व निषेध स्वीकार होता है।
- सुख एवं दु:ख वैयक्तिक, कौटुंबिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यवहार-नीति पर ही आधारित है।
- मानव में व्यवहार-नीति के निर्वाह के लिये छ: दृष्टियाँ पूर्व में वर्णित की गई हैं, जिनमें से मानवीय-दृष्टि-सम्पन्न व्यवहार से ही एक से अनेक तक सुखी है।
- भ्रमित मानव कर्म करते समय स्वतंत्र और फल भोगते समय परतंत्र होने के कारण ही अमानवीय दृष्टि से भय व प्रलोभन पूर्वक व्यवहार कार्य करता है, फलत: दु:ख भोगता है, और स्वयं के जागृति को अवरुद्ध करता है।
- मानव इस सृष्टि में सर्वोच्च विकसित, जागृतिशील व जागृत रूप में प्रमाणित होने योग्य इकाई है। इसीलिये मानव में तीनों सृष्टि यथा पदार्थावस्था, प्राणावस्था एवं जीवावस्था के गुण, स्वभाव एवं धर्म समाविष्ट रहते ही हैं।
- मानव ने बौद्धिक समाधान तथा भौतिक समृद्धि द्वारा सुखी होने की कामना की है।
- भौतिक समृद्धि वैज्ञानिक नियमों के अध्ययन और तदनुसार कर्माभ्यास से ही संभव है तथा बौद्धिक समाधान विवेकपूर्ण नियमों के अध्ययन एवं तदनुसार नियंत्रण से ही संभव है।





- **The "want of happiness" is unchangeable in all humankind. It is in expectation of happiness, the discrimination of "right" and "wrong" gets accepted by way of "Consciousness Development Value Education".**
- **The realization of happiness or misery depends on the norms of behaviour at the levels of individual, family, society, nation and inter-nation.**
- **The six perspectives from which humankind achieves norms of behaviour have been described earlier. Among those, only the behaviour from perspective of humanness achieves happiness for all.**
- **Since human being in delusion is free while performing actions and is bound while enjoying results of those actions, he works and behaves with fear and greed from inhuman perspective; as a result he suffers and blocks his own awakening.**
- **Human being in this Cosmic order is the most evolved, is in the awakening progression and is worthy of realizing awakening. It is for this reason, human being incorporates characteristics, innate-nature and religion of material order, *pranic* order and animal order.**
- **Human being has wished for becoming happy through intellectual resolution and material prosperity.**
- **Material prosperity is possible only from study of laws of Science and their practice in work accordingly and intellectual resolution is only possible from laws of Wisdom and living with restraint accordingly.**

- स्वस्थ व्यवहार के लिए स्वस्थ शरीर का भी महत्वपूर्ण स्थान है, जो प्राण के विधिवत् नियन्त्रण से ही संभव है।

- अन्न से प्राण-पोषण, व्यवसाय से समृद्धि, संयम से अपव्यय का निरोध, वैज्ञानिक समझ से भौतिक दर्शन, विवेकात्मक समझ से बौद्धिक दर्शन, व्यवहारिक समझ से समाज दर्शन, अर्थशास्त्र की समझ से व्यवस्था का दर्शन तथा पूर्ण समाधान से व्यापकता में अनुभूति एवं दर्शन है।

- प्राण एक वायु विशेष है, जिससे हृदय क्रिया के लिये प्रेरणा पाता है। वायु एक से अधिक विरल पदार्थों के उत्सव अथवा सह-अस्तित्व से उत्पन्न, वेग व तरंग सहित पदार्थ-राशि है। प्राण के पाँच भेद हैं:- (1) प्राण, (2) अपान, (3) व्यान, (4) उदान और (5) समान।

- **प्राणवायु** शरीर व प्राणकोशा के लिये प्रेरणापूर्वक बल-पोषक, **अपान वायु** अनावश्यक व बल-शोषक, **व्यान वायु** शरीर के लिये उपयोगात्मक, **उदानवायु** शरीरके लिये संचालनात्मक तथा **समानवायु** शरीर के लिये विकासात्मक है। इन पाँचों वायु का संतुलन संबंधित इकाई के विचार, आहार, विहार व व्यवहार की रीति, नीति एवं परिस्थिति पर निर्भर करता है।

- अन्न-आहार एवं औषधि के रूप में है।

❖ आहार :- ग्रहण कर लेने योग्य तत्व जिसमें हों, उसकी 'आहार' संज्ञा है।

❖ औषधि :- शारीरिक व मानसिक विकृति (रोग) के निराकरण (उपचार) हेतु प्रयुक्त पदार्थ की 'औषधि' संज्ञा है।

❖ अन्न :- शारीरिक पोषण एवं परिवर्धन हेतु प्रयुक्त पदार्थ की 'अन्न' संज्ञा है।





- **Healthy body also has an important role for healthy behaviour, which is possible only from disciplined control of breathing.**
- **Nutrition results in nourishment of body, occupation results in prosperity, living with restraint controls wastage, scientific understanding results in holistic view (*darshan*) of material aspects, behavioural understanding results in holistic view of society, understanding of economics results in holistic view of orderliness and complete resolution results in realization in the Omnipresence and holistic view (*darshan*).**
- ***Pran* is a specific kind of air from which heart gets inspiration for its activity. Air is a quantity of matter of more than one kind of gaseous materials in a state of harmony and with wave motion arising from their coexistence. Air is of five kinds: - (1) *pran*, (2) *apaan*, (3) *vyaan*, (4) *udaan*, (5) *samaan*.**
- ***Pran* air is nourishing for body and *pranic* cells with inspiration, *apaan* air is unnecessary and debilitating, *vyaan* air is useful for body, *udaan* air is for body's control and *samaan* air is for strength of body. The balance of these five kinds of airs depends on human being's thoughts and habits, ethics, customs and conditions of food, enjoyment and behaviour.**
- **Nutrition is in the form of food and medicine.**

❖ Food (*ahar*): - That which has substance that are worthy of having, is known as 'food'.

❖ Medicine (*aushadhi*): - The substance that is used for eradication (cure) of bodily or mental deformity (illness) is known as 'medicine'.

❖ Nutrition (*anna*): - Substance that is used for bodily nourishment and growth is known as 'nutrition'.

- प्राप्त कर्त्तव्य; वांछित, प्रेरित व सूचित भेद से हैं।
- प्राप्त कर्त्तव्य का निश्चयपूर्वक किया गया मनन, चिंतन, विचार, चेष्टा, प्रयोग, प्रयास, व्यवसाय व अनुसंधान क्रिया ही 'निष्ठा' है। अन्य शब्दों में निश्चित क्रिया की पूर्णता के लिये पाये जाने वाले वैचारिक व शारीरिक योग की निरंतरता ही निष्ठा है।
- **The classification of social living from the reference of humanness in behaviour (as perspective, characteristics and concerns) is as follows: -**

  **(1) Humanness,**

  **(2) Super humanness,**

  **(3) Inhumanness.**

★ The one with perspective, characteristics and concerns that nurture humanness in behaviour is known as '*manav*'. The one with perspective, characteristics and concerns that nurture super humanness is in one of the two categories: - (1) *dev manav* and (2) *divya manav*. The ones with perspective, characteristics and concerns that nurture inhumanness are also classified into two categories – (1) *pashu manav*, (2) *rakshas manav*.

- ***Manav* is awakened, *dev manav* and *divya manav* is completely awakened and *pashu manav* and *rakshas manav* (inhuman) is unawakened.**
- **Human being appraises high or low with distinction of nurturing and exploitation, which gets reflected in the form of advancement and deterioration.**

- लघुत्व का गुरुत्व पर, संकीर्णत्व का व्यापकत्व पर, अल्पत्व का वृहदत्व पर, व्यष्टित्व का समष्टित्व पर, दुर्बल का सबल पर, अक्षम का सक्षम पर, अनाधिकारी का अधिकारी पर आक्रमण पूर्वक अधिकार पाने का प्रयास सफल नहीं होता। तदनुसार अवसरवादिता, न्यायवादिता पर सफल और सिद्ध नहीं है और न होगा।

- एक का अनेक द्वारा तथा अनेक का एक द्वारा अनुसरण एवं अनुकूलता केवल न्याय पूर्वक किए गए व्यवहार से ही सफल है, अन्यथा असफल है।

- उपरोक्तानुसार ही एक व्यक्ति द्वारा कुटुंब के, एक कुटुंब द्वारा समाज के, एक समाज द्वारा राष्ट्र के, एक राष्ट्र द्वारा विश्व के साथ न्यायसम्मत व्यवहार तथा अनुसरण-प्रणाली है। अनुसरण-प्रणाली से स्वर्गीयता का अनुभव जागृत मानव परंपरा में ही है। इसके विपरीत क्रम से नारकीयता है। यह इसलिए भी सिद्ध है कि गुरुमूल्य को लघुमूल्य में नहीं समाहित किया जा सकता।

- मानवोचित नियम पालन प्रकिया व नीति को अनुकूल तथा इसके विपरीत को प्रतिकूल आचरण की संज्ञा है।

- नियम ही **न्याय** है, न्याय ही **ज्ञान** है, ज्ञान ही **विज्ञान व विवेक** है, विवेक एवं विज्ञान ही **समाधान** है, समाधान ही नित्य **सुख** है। समाधान ही **नियंत्रण** है, नियंत्रण ही **नियम** है।

- रूप, बल एवं बुद्धि **वैयक्तिक संपत्ति** है। इनकी सफलता इनके सदुपयोग से ही है, जो सामाजिक तथा बौद्धिक नियम पालन से ही संभव है। ये निम्नानुसार है :-

★ रूप का व्यवहार सच्चरित्रता के साथ, बल का व्यवहार दया के साथ एवं बुद्धि का व्यवहार विवेक एवं विज्ञान के साथ संतुलित रूप में प्रतिष्ठित है। यही नियम व न्याय है।





- **The efforts of overruling by attack of lower value over higher value, of narrowness over vastness, of smallness over bigness, of meek over mighty, of incapable over capable, of unworthy over worthy do not become successful. Accordingly opportunism is not successful and proven over judiciousness, nor would ever be.**

- **The situation of 'many people following one person' or 'one person following many people' is successful only from behaviour of humanness, otherwise it is unsuccessful.**

- **Accordingly – an individual with family, a family with society, a society with nation and a nation with world evidences justice in its behaviour. The experience of heavenliness by the process of following larger constitution is in awakened human tradition only. When the sequence described here is reversed it is hellishness. This is also established because it is not possible to include higher value into lower value.**

- **Adherence to the process and ethics worthy for human beings is known as righteous conduct and adherence to laws that are unworthy for human beings is known as unrighteous conduct.**

- **Law itself is Justice, Justice itself is Knowledge, Knowledge itself is Science and Wisdom, Science and Wisdom itself is Resolution and Resolution itself is Eternal happiness. Resolution itself is Restraint and Restraint itself is Law.**

- **Appearance, physical strength and intelligence belong to individual. Success with them is only from their good-use, which is only possible from adherence to laws of society and laws of understanding. These laws are as follows: -**

★ The harmony in behaviour in the aspect of appearance is with righteous character, of physical strength is with kindness and of intellect is with science and wisdom. This itself is law and justice.

- उक्त व्यवहार न्यायाश्रित होने पर ही सफल है, अन्यथा अवसरवादिता है, जो क्लेश कारण है।
- जन, धन एवं यश यह कौटुंबिक और अखंड समाज की संपत्ति है। न्याय-सम्मत संबंध निर्वाह की नीति व रीति से, विधि-विहित किए गए व्यवसाय, प्रयोग व आविष्कार से तथा अनुसंधान और प्रयोजनार्थ से ही इन संपत्तियों का सदुपयोग सिद्ध हुआ है तथा सफलता मिली है, अर्थात् जन, धन एवं यश का उपयोग कौटुंबिक और अखंड समाज समृद्धि के लिये होना चाहिए, न कि वैयक्तिक। इस प्रकार के न्यायपूर्ण व्यवहार से ही कुटुंब में परस्पर सहयोग, सहकार्य तथा सह-अस्तित्व की भावना का विकास संभव है, जिससे परस्परता में विश्वास के प्रति दृढ़ता बनेगी। इस प्रकार अवसरवादी मनोवृत्ति का नाश होगा।
- न्यायवादी व्यवहार से सामाजिक स्तर पर **नैतिक मार्ग दर्शन,** वैचारिक समाधान योग्य प्रेरणा तथा व्यापक सत्तानुभूति योग्य अध्ययन से **अर्थ की सुरक्षा तथा सदुपयोगात्मक नीति** का उद्घाटन है। मानवीयता व अतिमानवीयता को बोधगम्य कराने हेतु योग्य अध्यापन और सत्यानुभूति योग्य समाधान व समृद्धि योग्य कर्माभ्यास व परंपरा के पालन हेतु निष्ठा के उद्भव व विकास से सामाजिक जीवन की सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।
- सफल सामाजिक जीवन व व्यवस्था से व्यक्तियों को अपने विकास हेतु प्रेरणा पाने की अधिक संभावनाएं हैं। लघु मूल्य का गुरु मूल्य की ओर आकृष्ट होना स्वाभाविक ही है और सफल समाज में इस ओर उन्मुख होने के लिए तथा तदनुसार प्रयोग, प्रयास एवं व्यवसाय तथा अध्ययन के लिए उपयुक्त वातावरण, अवसर व साधन उपलब्ध रहता ही है।





- **Above behaviour is successful only when it is in the refuge of justice, otherwise there is opportunism, which is the cause of antagonism.**
- **Progeny, wealth and fame belong to family and undivided society. It is from custom and ethics of fulfilling of relationships with justice, methodically performed occupation, experimentation and inventions for exploration or realization of universal human purpose that their good-use is evidenced and success is achieved, i.e. the progeny, wealth and fame should be devoted for the prosperity of undivided society and not for individual ends. In this way, only from behaviour of justice - the development of feelings of mutual assistance, cooperation and coexistence in a family is possible, from which the trust gets strengthened among the family members. In this way the mindset of opportunism gets eradicated.**
- **Behaviour of justice shows the way for realizing ethics at the level of society and inspires for resolution in thoughts. Study worthy of realization in all pervasive Omnipotence expositions the ethics of conservation and good-use of means of living. Teaching that instills understanding of humanness and super-humanness, practice of resolution and prosperity that is worthy of realization in Truth and development of commitment for following its Tradition paves the way for success of socially harmonious living.**
- **The possibilities are more for individuals getting inspiration for their advancement from successful social living and such social order. It is only natural for lower value to get attracted towards higher value and the environment, possibilities and means are always available in a righteous society for turning towards progress.**

- न्याय ही विधान, विधान ही व्यवस्था, व्यवस्था ही ज्ञान, विवेक, विज्ञान व ज्ञान, विवेक, विज्ञान ही नियम, नियम ही नियंत्रण, नियंत्रण ही न्याय है।
- न्याय, विधान व्यवस्था ज्ञान व नियम के लिये प्रेरणा देने तथा इसमें निष्ठा उत्पन्न करने के लिये क्रम से व्यवस्थापक, विधायक, विद्वान, विचारक तथा प्रचारक की उपादेयता अपरिहार्य है।

❖ व्यवस्थापक :- विधि विधान में पारंगत नैतिकता का आचरण करने-कराने वाले तथा विपरीत आचरण करने वाले को समझदारी पूर्वक सुधार कर सकने वाले व्यक्ति की व्यवस्थापक संज्ञा है।

❖ विधायक :- विधि विधान में पारंगत। वर्तमान वातावरण एवं पर्यावरण व संतुलन के योग्य स्पष्ट नीति-निर्णय करने वाले विद्वान एवं व्यक्तित्व-संपन्न व्यक्ति की 'विधायक' संज्ञा है।

❖ विद्वान :- मानवीयतापूर्ण आचरण सहित, मानव की परस्परता के मध्य में पाये जाने वाली विषमता को समापहरण करने योग्य समाधान का निर्भ्रान्त स्वरूप में अध्ययन कराने वाले व्यक्ति की 'विद्वान' संज्ञा है।

❖ विचारक :- मानवीयतापूर्ण आचरण सहित मानव की परस्परता के मध्य में पाये जाने वाली विषमता को समापहरण करने योग्य समाधान को प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को 'विचारक' की संज्ञा है।

❖ प्रचारक :- नैतिकता चरित्र एवं मूल्य का, कलापूर्ण ढंग से लोक जन-मानस में, विश्वास उत्पन्न करने वाले को 'प्रचारक' की संज्ञा है।

❖ प्रजा :- नियम सहित मानवीयता पूर्ण आचरण का पालन करने वाले प्रत्येक मानव की प्रजा संज्ञा है।

❖ विचारक तथा विद्वान ही प्रचारक हो सकते हैं।

- शासन और शासक भ्रमित मानव प्रवृत्ति की उपज है। अत: शासक विचारक नहीं हो सकता। विचारक सदा-सदा व्यवस्था का पोषक है। शासक सदा-सदा व्यवस्था का शोषक है। अत: विचारक (व्यवस्थापक) शासक नहीं तथा शासक कभी विचारक नहीं हो सकता।





- **Justice itself is Provision; Provision itself is Orderliness; Orderliness itself is Knowledge, Wisdom and Science; Knowledge, Wisdom and Science itself is Law; Law itself is Restraint and Restraint itself is Justice.**
- **The roles of Coordinator, Legislator, Scholar, Thinker and Propagator are indispensible for giving inspiration for Justice, Provision, Orderliness, Knowledge and Law.**

❖ Coordinator (*vyavasthapak*): - The person who has complete understanding of norms and provisions and who adheres to ethical conduct and who can reform those with unethical conduct by his understanding is coordinator.

❖ Legislator (*vidhayak*): - The person who has complete understanding of norms and provisions and who determines the clear norms according to present conditions is legislator.

❖ Scholar (*vidvan*): - The person with conduct of humanness, who imparts understanding of resolution in the form of non-delusion, which is capable of removing discords among human relationships is known as 'scholar'.

❖ Thinker (*vicharak*): - The person with conduct of humanness, who presents resolution which is capable of removing discords among human-relationships is known as thinker.

❖ Propagator (*pracharak*): - The person who evokes trust in public-mindset for living with ethics, character and values in a artistic manner is known as 'propagator'.

❖ Public (*praja*): - Every human being who adheres to conduct of humanness with law is known as public.

❖ Only thinkers and scholars can be propagators.

- **Rule and Ruler are the productions of deluded mindset. A ruler can not be a thinker. Thinker always nurtures orderliness. Ruler always exploits orderliness. Therefore a thinker cannot be a ruler and a ruler cannot be a thinker.**

- जब व्यक्ति व्यवस्था अर्थात् अखंड समाज, सार्वभौम व्यवस्था के अर्थ में समाधान पूर्ण विधि से अपने वैचारिक जीवन की प्रतिष्ठा योग्य क्षमता, योग्यता एवं पात्रता को अर्जित कर लेता है; तब वह व्यवहार पक्ष की समस्याओं के समाधान से युक्त हो जाता है तथा यही इनकी तृप्ति भी है। ऐसे व्यक्ति में क्षोभ का अभाव हो जाता है। यही मानवीयता का वैभव है।

★ न्याय पूर्ण व्यवहार को स्वीकारने का अर्थ ही समाधान है। न्यायपूर्ण व्यवहार में समाधान निहित रहता है।

❋ मानव द्वारा की जाने वाली समस्त क्रियाएं विचार मूलक है। अत: वैचारिक पारंगतता से ही क्रिया की निपुणता, कुशलता, पाण्डित्य, वैचारिक शिष्टता से ही व्यवहारिक न्याय, व्यवहारिक न्याय से ही वैचारिक पारंगत्व, वैचारिक पारंगत्व से ही भाव का शिष्ट भाषाकरण संभव है। यथार्थता का अध्ययन ही वैचारिक समाधान है तथा सत्यानुभूति ही आनंद है, जो सफलता की पराकाष्ठा है।

- समस्त व्यवसाय मात्र समृद्धि की वांछा से, समस्त व्यवहार परिमार्जित मानव समाज न्याय के पोषण की मूल भावना से, मानवीयता-संपन्न समस्त भावपूर्ण भाषा-प्रसारण-क्रिया को मानव के अभ्युदय एवं विकास की कामना से सत्यता में 'अनुभूति व अध्ययन' मानव ने विश्राम की आकाँक्षा से किया है। विश्राम ही समाधान है।

- उत्पादन से अधिक उपभोग, प्रयास एवं प्रवृत्ति, समाज-शोषक सिद्ध है, तथा मात्र अवसरवादिता से ही फलती है, अन्यथा न्यायवादी व्यवहार से आवश्यकता से अधिक उत्पादन व समाज न्याय पोषक होना सिद्ध है।





- **When a person attains the potential, ability and receptivity worthy of living with resolution in holistic orderliness or towards undivided society and universal orderliness, then he becomes with resolution of all problems in behaviour and this accomplishment itself is his contentment. In such a person the friction disappears. This itself is the grandeur of humanness.**

★ Resolution itself is the meaning of accepting behaviour of justice. Resolution remains merged in behaviour of justice.

❖ Entire activities performed by a human being are rooted in his thoughts. Therefore – it is only from attaining harmony in thoughts that one becomes able to evidence proficiency in skills, behaviour and knowledge in one's actions. It is from discipline in thoughts alone there is justice in behaviour. It is from justice in behaviour alone there is harmony in thoughts. It is from harmony in thoughts that reality can be adequately expressed in language. The study of actuality itself gets resolution in thoughts and realization in truth itself is bliss, which the ultimate of success.

- **Entire human occupations are only in expectation of prosperity. Entire human behaviour is only from the root intent of nurturing justice in human society. Entire propagation in language of humanness is only with the wish of advancement and all-round resolution for human being. Human being has studied and become realized from the aspiration of achieving effortlessness. Effortlessness itself is resolution.**

- **The acts and tendency of consuming more than production proves to be exploitative for society and this results only from opportunism. The behaviour of justice evidences more production than needs and it nurtures justice in society.**

अवसरवादी व्यवहार में परधन, परनारी तथा परपीड़ा का समाविष्ट होना आवश्यक है, जिसके लिए अमानवीयतावादी मानसिकता, भाषा, प्रसारण, प्रकाशन तथा प्रदर्शन अनिवार्य है, जिससे भ्रामकता का तथा विलासिता का ही प्रचार होता है, जो मानव-कुल को असंतुलित, व्याकुल तथा त्रस्त किये हुए हैं।

- मानव गलती करने का अधिकार लेकर तथा सही करने का अवसर एवं साधन लेकर जन्मता है।
- उपरोक्तानुसार मानव को न्यायवादी बनाने हेतु तथा न्याय में निष्ठा उत्पन्न करने हेतु उसे स्वभाववादी बनाने के लिए व्यवस्था व शिक्षा संस्कार का योगदान आवश्यक है।
- भ्रांति ही अवसरवादिता में आसक्ति का कारण है। भ्रांति मात्र आरोप ही है।
- भ्रांति के विपरीत में निर्भ्रमता है। निर्भ्रमता ही न्याय का कारण है। निर्भ्रमता के फलस्वरूप समाधान, मनोबल, सुख, कर्त्तव्य में निष्ठा, स्नेह, अनुराग, शांति, संतोष, प्रेम, सहजता, सरलता, उत्साह, आह्लाद तथा आनंद सहज उपलब्धि है। यह सब अनन्य रूप में संबद्ध हैं।

❖ समाधान :- क्यों, क्या, कितना, कैसे की पूर्ति अथवा क्रिया से अधिक ज्ञान की 'समाधान' संज्ञा है।

❖ मनोबल :- केन्द्रीकृत मन: अर्थात् समझदारों में समझदारी को प्रमाणित करने में मनोयोग स्थिति की 'मनोबल' संज्ञा है।

❖ सुख :- न्याय में दृढ़ता की 'सुख' संज्ञा है।

❖ कर्त्तव्य में निष्ठा :- उत्तरदायित्व का वहन ही कर्त्तव्य में निष्ठा है।





**The opportunist behaviour has to include misappropriation of other's wealth, unrighteous marital relationship and inflicting of suffering to others – for which inhuman mindset, language, propogation, expression and exhibition becomes imperative, whereby only delusion and luxuriousness gets spread, which has kept humankind unbalanced, distraught and stricken.**

- **Human being is born with capability of doing wrong and with opportunity and means of doing right.**
- **According to above, the role of education and orderliness is necessary for orienting human being's thoughts into justice, growing commitment in justice and for making justice his innate-nature.**
- **Delusion only is the cause of attachment in opportunism. Delusion is an imposition only.**
- **Non-delusion is opposite of delusion. Non-delusion itself is the cause of justice. Non-delusion results in resolution, mental strength, happiness, commitment to duties, affection, devotion, peace, contentment, love, naturalness, spontaneity, enthusiasm, joy and bliss. All these aspects are inseparably inter-related.**

❖ Resolution (*samadhan*): - Complete fulfillment of why, what, how much and how – or having more knowledge than required for action itself is known as 'resolution'.

❖ Mental-strength (*manobal*): - *Mun* that is centered (in the effect of *atma*) or the state of mind in realizing understanding among realized human beings is known as 'mental-strength'.

❖ Happiness (*sukha*): - Perseverence in justice is known as happiness.

❖ Commitment in duties (*kartavya me nishtha*): - Taking the accountability itself is commitment in duties.

❖ स्नेह :- न्याय, धर्म एवं सत्य की निर्विरोधिता ही 'स्नेह' है।

❖ अनुराग :- निर्भ्रमता से प्राप्त आप्लावन की 'अनुराग' संज्ञा है।

❖ शांति :- वेदना विहीन जागृत वैचारिक स्थिति।

❖ संतोष :- अभाव का अभाव (समृद्धि, समाधान) अथवा अभाव से अभावित चित्रण विचार सम्पन्नता।

❖ प्रेम :- दिव्य मानव, देव मानव की सान्निध्यता, सामीप्यता, सारुप्यता तथा सालोक्यता प्राप्त करने हेतु अंतिम संकल्प की 'प्रेम' संज्ञा है। दया, कृपा, करूणा की संयुक्त अभिव्यक्ति है।

❖ सहजता :- जागृति सहज मानसिक वैचारिक, चिंतन स्थिति में संगीत है, उसकी 'सहजता' संज्ञा है।

❖ सरलता :- जागृति सहज स्वभावपूर्ण व्यवहार की 'सरलता' संज्ञा है। कायिक, वाचिक, मानसिक रूप में नियमों को वचन पूर्वक प्रमाणित करना।

❖ आनंद :- सह-अस्तित्व में अनुभूति की 'आनंद' संज्ञा है।

❖ पूर्णता :- सर्वतोमुखी समाधान संपन्नता ही 'पूर्णता' है।

❖ निर्भ्रमता :- न्याय, धर्म एवं सत्यतापूर्ण व्यवहार, भाषा, भाव, बोध, संकल्प व अनुभूति की 'निर्भ्रमता' संज्ञा है।

★ विचार का प्रतिरूप ही भाव, भाषा एवं व्यवहार के रूप में परिलक्षित होता है।

★ न्याय, धर्म एवं सत्यानुभूति योग्य क्षमता से व्यवहार, भाव व भाषा संयमित और परिमार्जित होता है।





❖ Affection (*sneha*): - The non-opposition from justice, religion and truth itself is 'affection'.

❖ Devotion (*anurag*): - The inundation obtained from non-delusion itself is known as 'devotion'.

❖ Peace (*shanti*): - The awakened state of thoughts that is devoid of anguish.

❖ Contentment (*santosh*): - Lacking the sense of lacking (prosperity and resolution) or imaging and thoughts that lack the sense of lacking.

❖ Love (*prem*): - The final pledge for attaining togetherness, closeness, alikeness and attunement of *dev manav* and *divya manav* is known as 'love'. Love is combined expression of kindness, graciousness and compassion.

❖ Naturalness (*sahajta*): - The harmony in the states of mind, thoughts and contemplation is known as 'naturalness'.

❖ Simplicity (*saralta*): - The natural behaviour of awakening is known as 'simplicity'. Simplicity is to evidence the laws declaratively in thoughts, speech and actions.

❖ Bliss (*anand*): - Realization in coexistence is known as bliss.

❖ Completeness (*poornta*): - Having all-round resolution itself is completeness.

❖ Non-delusion (*nirbhramta*): - Behaviour, language, emotion, understanding, conviction and realization of justice, religion and truth is known as 'non-delusion'.

★ Thought itself gets manifested in the form of emotion, language and behaviour.

★ The behaviour, emotions and language gets restrained and refined only from potential worthy of realization in justice, religion and truth.

- पवित्र विचार ही मनोबल अर्थात् पवित्र विचारों का व्यवहार में प्रमाणित होना, मनोबल ही कर्त्तव्य निष्ठा, कर्त्तव्य निष्ठा ही समाधान-समृद्धि, समाधान-समृद्धि ही सह-अस्तित्व तथा सह-अस्तित्व ही पवित्र विचार है, जिससे न्यायवादी व्यवहार प्रतिष्ठित तथा अवसरवादी व्यवहार अप्रतिष्ठित है।
- अवसरवादिता पर ही संयमता, नियंत्रण तथा सुधार का अधिकार जागृति पूर्वक प्रमाणित होता है।
- प्रत्येक मानव जन्म से ही न्याय का याचक है। न्यायपूर्ण व्यवहार प्रस्तुत करने योग्य क्षमता, योग्यता एवं पात्रता को उत्पन्न करना ही, एक से अनेक मानव द्वारा किए जा रहे अनवरत प्रयास का मूल उद्देश्य है।
- न्यायवादी मानवों की परस्परता में सहज स्वभाव ही 'सामाजिकता' है तथा यही मानवीयतापूर्ण समाज है।

**''सर्व शुभ हो''**





- **Purity of thoughts itself is mental strength from which such thoughts get manifested in behaviour. Mental strength itself is commitment to duties, commitment to duties itself is resolution and prosperity, resolution and prosperity itself is coexistence and coexistence itself is pure thoughts, from which behaviour of justice gets established and behaviour of injustice gets uprooted.**
- **Discipline, restraint and reform of opportunism gets evidenced only upon awakening.**
- **Every human being pleads for justice from birth itself. The root objective of ceaseless efforts of all human beings is to give rise to potential, ability and receptivity worthy of manifesting behaviour of justice.**
- **The innate-nature of human beings awakened to justice itself is 'social harmony' and this itself is the society of humanness.**

**"May universal goodness arise always"**

# अध्याय - सोलह
# पोषण एवं शोषण

- कोई भी मानव स्वयं का शोषण नहीं चाहता है।

- इकाई - अनुकूल इकाई = शोषण।

  इकाई + अनुकूल इकाई = पोषण।

★ विकास और जागृति संपूर्ण सृष्टि का लक्ष्य है तथा सृष्टि में प्रत्येक जड़ इकाई की चेष्टा विकास क्रम व विकास रूप में ही है। सृष्टि में इकाई के स्वतंत्र अस्तित्व का दर्शन नहीं होता। प्रत्येक इकाई वातावरण से प्रेरित रहता ही है। सृष्टि, जड़ एवं चैतन्य, दो स्वरूप में है। जड़ अपने 'त्व' सहित व्यवस्था समग्र व्यवस्था में भागीदारी रूप में है। जिसका दृष्टा मानव है किन्तु चैतन्य सृष्टि में मानव इकाई के जागृति पूर्वक स्वतंत्र (स्वायत्त) होने की व्यवस्था है। यहाँ स्वतंत्रता का अर्थ सब से अलग होने से नहीं है, फिर स्वतंत्रता का क्या अर्थ है ? स्वतंत्रता का अर्थ है, अपने को सह-अस्तित्व सहज व्यवस्था में संगीतमय रूप में प्रमाणित करना। मानव इकाई में इसकी पूर्ण संभावनाएँ हैं तथा जागृत मानव ने स्वतंत्रता की अनुभूति भी की है।

❋ इस अध्याय में शोषण एवं पोषण का अध्ययन मानव के संदर्भ में ही किया गया है। पोषण सहअस्तित्व के अर्थ में, इसके विपरीत शोषण है।

★ वातावरण के संगीत से युक्त होकर स्वतंत्र अस्तित्व की अनुभूति करना मानव जागृति की चरम परिणति है। समस्त अवरोध है, वह 'शोषक' तथा सहायक समस्त तत्व 'पोषक' हैं। अतएव, यह सिद्ध हुआ कि जागृति को अवरुद्ध करने वाली समस्त क्रियाएँ 'शोषण' हैं तथा जागृति को गतिशील करने वाली समस्त क्रियाएँ 'पोषण' हैं।





# Chapter-16
# Nurturing and Exploitation

- **No human being wants exploitation of his own.**

- **Unit – conducive unit = exploitation**

  **Unit + conducive unit = nurturing**

★ Advancement and awakening is the existential purpose of entire Cosmic order and every material unit has initiative for evolution and progress only. It is not possible to see independent existence of any unit in Cosmic order. Every unit remains inspired from its environment. Cosmic order is in two forms – material and conscious. Material nature is in the form of orderliness within itself and participation in holistic orderliness - the seer of which is human being. But in conscious nature there is provision for human being's becoming independent (self-reliant) upon awakening. Here independence does not mean becoming separated from all. Then what does independence mean? Independence means, evidencing oneself in coexistential orderliness in the form of harmony. Human being has complete possibility for this and human being has realized independence as well.

❖ In this chapter the study of exploitation and nurturing is in the context of human being only. Nurturing is towards coexistence and its opposite is exploitation.

★ The ultimate of human awakening is realization in independent existence of self, while being in harmony with one's environment. Therefore, all activities that obstruct awakening are 'exploitation' and all activities which give impetus (support) to awakening are 'nurturing'.

★ प्रत्येक इकाई परस्परता से प्रभावित है, चाहे वह प्रभाव स्थूल हो अथवा सूक्ष्म हो। चूंकि यहाँ मानव इकाई के पोषण एवं शोषण का विश्लेषण है, अत: हमें व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र तथा अंतर्राष्ट्रीय भेद से विश्लेषण करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय मानव समुदाय एक है तथा सब की साम्य कामना 'सुख' ही है। निरंतर सुख की उपलब्धि ही मानव का चरम विकास है तथा सुख की स्थिति में ही मानव अपने को वातावरण के दबाव से मुक्त अनुभव करता है। सुखी मानव अन्य का पोषण करने में भी समर्थ होता है।

- समाधान की स्वीकृति सुख बौद्धिक स्थिति है। 'जीवन' बल व शक्तियों की संगीतमयता व एकसूत्रता ही सुख है। सर्वमानव समाधान पूर्वक सुखी होता है।

- मानव ने बौद्धिक समाधान तथा भौतिक समृद्धि से सुख की कामना की है।

❈ यह उल्लेखनीय है कि 'जीवन परमाणु' सर्वोच्च विकसित पद है।

- बौद्धिक समाधान के मार्ग में सब से बड़ा अवरोधक तत्व भय है। मानव कुल तीन प्रकार के भय से पीड़ित हुआ है :-

  (1) प्राकृतिक भय,

  (2) पाशविक भय तथा

  (3) मानव में निहित अमानवीयता का भय।

- उपरोक्त तीनों से कुल चार प्रकार से मानव भयभीत है :-

  (1) पद भय (2) मान भय (3) धन भय (4) मृत्यु भय।

- भौतिक समृद्धि के लिए मानव के पास केवल तीन ही अर्थ हैं :-

  (1) तन (2) मन (3) धन।





★ Every unit is affected from its mutualities, whether this effect is gross or subtle. Since this is the reasoning of human being's nurturing and exploitation, therefore we will have to reason in the context of family, society, nation and inter-nation. Entire human race of the world is one unit and common wish of all human beings is 'happiness'. The accomplishment of continuity of happiness itself is the highest advancement of human being and only in the state of happiness a human being experiences himself to be liberated from the stress of his environment. A happy human being is also capable of nurturing others.

- **The acceptance of resolution or happiness is a state of conscious aspect (jeevan). The harmony and coherence in strengths and forces of 'jeevan' itself is happiness. All human beings become happy upon achieving resolution.**

- **Humankind has wished for happiness from resolution (understanding) and material prosperity.**

❖ It is worth mentioning that 'jeevan atom' is the most advanced status of nature.

- **Fear is the biggest obstruction in the path of resolution. Humankind has suffered from fear of three kinds: -**

- **Fear of nature**

- **Fear of animals**

- **Fear of inhumanness in humans**

- **Among the above three, humankind is fearful in four ways: -**

  **(1) Fear of rank, (2) Fear of reputation, (3) Fear of wealth, (4) Fear of life.**

- **Human beinghas only three means for achieving material prosperiy :-**

  **(1) body, (2) mind, (3) wealth.**

- भ्रमित मानव ने तन, मन एवं धन के नियोजन से ही प्राप्त प्राकृतिक ऐश्वर्यों को उपयोग तथा भोग करते हुए प्राकृतिक भय, पाशविक भय तथा मानव में निहित अमानवीयता के भय से मुक्त होने के लिए सुखानुभूति की कामना की है।

★ भय से निवारण हेतु समुदाय रुपी सामाजिकता की कामना मानव ने किया। सामाजिकता का अर्थ ही है संबंध एवं संपर्क का निर्वाह। संबंध एवं संपर्क के निर्वाह के लिए आधारभूत प्रेरणा श्रोत चार हैं :-

(1) सभ्यता, (2) संस्कृति, (3) व्यवस्था (4) विधि।

★ सभ्यता, संस्कृति, व्यवस्था और विधि पूर्वक मानव ने प्राप्त अर्थ का नियोजन करते हुए सुख की अनुभूति की कामना की है। छोटी से लेकर बड़ी इकाई तक ने अर्थ का उपयोग और उपभोग करते हुए सुखी होने का प्रयास किया है, पर जब एकाकी प्रयोग से उसे सुख की उपलब्धि नहीं हुई तो समाज का गठन हुआ तथा ऐसे गठित समाज में संपर्क एवं संबंधों के निर्वाह के लिए नियम स्वीकृत हुए। इन नियमों का सभ्यता एवं संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में अध्ययन करने का प्रयास किया गया तथा इन्हें आवश्यकीय तथा अनावश्यकीय नियमों के रूप में माना गया। साथ ही इन्हें ऐसा ही मानने और प्रयोग करने हेतु प्रेरणा देने के लिए व्यवस्था और विधि का जन्म हुआ।

★ मध्यस्थ दर्शन सहअस्तित्ववाद के प्रकाश में संस्कृति सम्मत विधि व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए प्राप्त अर्थ 'तन, मन और धन' की सदुपयोगात्मक नीतियों का निर्धारण हुआ तथा इन्हें 'धर्म -नीति' की संज्ञा दी गई। धर्म-नीति मानव का वैभव है।

★ सामाजिकता एकसूत्रता को बनाए रखने के लिए तथा अमानवीयता से मुक्ति के लिए, जिससे मानव को प्राप्त अर्थ-तन, मन और धन की सुरक्षा भी होती हो ऐसी **राज्यनीति** अध्ययन गम्य हुई। सामाजिक इकाई होने के कारण एक मानव व परिवार के तन तथा धन की सुरक्षा के साथ परिवार, समाज तथा राष्ट्र की सुरक्षा स्वयमेव सिद्ध है। यह उसी स्थिति में संभव तथा व्यवहार्य है जब मानव से लेकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जीवन में एकसूत्रता हो।





- **Deluded human being wishes to experience happiness by becoming liberated from the fear of nature, animals and inhumanness in humans through using and enjoying the objects made from natural abundance by devoting his body, mind and wealth.**

★ It is for get rid of this fear, humankind wished for social-living in the form of communities. Social-living means fulfilling relationships and associations in society. There are four basic sources of inspiration for fulfilling relationships and associations in a society: - (1) civilization, (2) culture, (3) orderliness and (4) norms.

★ It is with civilization, culture, norms and orderliness that humankind wished to experience happiness while devoting their available means of living. Human beings tried to become happy by using and enjoying material-means, but when individualistic efforts could not achieve happiness then society got formed and the laws for fulfilling relationships and associations in society got accepted. There were endeavours of studying these laws in the context of civilization and culture and these laws got believed as necessary and unnecessary. Along with this, orderliness (systems of governance) and norms emerged to implement these laws and for inspiring public to believe in them in the same way.

★ In the light of Madhyasth Darshan Sah-astitva-vad, the ethics of good-use of available means of living as body, mind and wealth were determined and these were given the name of 'Ethics of Human-Religion'. Ethics of Human-Religion is the grandeur of humankind.

★ In the light of Madhyasth Darshan – 'Ethics of Human-State' also became studiable In order to maintain coherence in social-living and for liberation from inhumanness, which can also provide protection to the means of living (body, mind and wealth). Since human being is a social-unit, protection of body and wealth of one human being and one family naturally leads to protection of whole society and nation. This is possible and practicable only when there is coherence in living from individual level until national and international level.

★ राज्यनीति से साकार होने वाली उपलब्धि के मूल तत्व हैं :-

- स्व-धन, स्वनारी/स्व-पुरुष और दया में निष्ठा एवं विश्वास का प्रमाण तथा पर-धन, पर-नारी/ पर-पुरुष और पर-पीड़ात्मक व्यवहार से मुक्ति ।

- अंतर्राष्ट्रीय नीति से राष्ट्रीय नीति को प्रेरणा व दिशा, राष्ट्रीय नीति से सामाजिक नीति को प्रेरणा व दिशा, सामाजिक नीति से पारिवारिक नीति को प्रेरणा व दिशा और पारिवारिक नीति से मानवीयतापूर्ण आचरण के लिए प्रेरणा व दिशा प्राप्त होती है।

- इसकी भिन्न पद्धति से भी नीति निर्धारण होता है, जिससे कि मानव समाज के लिये व्यक्ति की महत्ता तथा व्यक्ति के लिए मानव समाज की महत्ता प्रतिपादित होती है। इसके साथ ही व्यक्ति से लेकर संपूर्ण मानव समाज की एकसूत्रता का महत्व भी हृदयंगम होता है।

- जागृति विधि से अंतर्राष्ट्रीय नीति में अखंडता व सार्वभौमता की नीति, राष्ट्रीय नीति में विधि (न्याय) की अक्षुण्णता बनाए रखने के लिए व्यवस्था, सामाजिक नीति में स्वधन, स्वनारी/स्वपुरुष तथा दया पूर्ण कार्य-व्यवहार की नीति और व्यक्तिगत जीवन में समझदारी संपन्न नीति से ही पोषण संभव है।

- संपूर्ण संपर्क, संबंध के लिए प्रेरणा के श्रोत हैं। संपर्क दो प्रकार के होते हैं-

  (1) प्राकृतिक संपर्क (2) मानव संपर्क।

★ प्राकृतिक संपर्क में जागृत मानव प्राकृतिक ऐश्वर्य का उपयोग व सदुपयोग करता है।

★ मानव संपर्क जो जागृति के लिये प्रेरणा देता है पोषण है।





★ The ‘Ethics of Human-State’ accomplishes the following:-

- **The evidences of righteous wealth, righteous marital relationship and commitment in kindness. Also, liberation from unrighteous wealth, unrighteous marital relationship and inflicting suffering to others.**

- **The international ethics give inspiration and guidance to national ethics, national ethics give inspiration and guidance to social ethics, social ethics give inspiration and guidance to family ethics and family ethics give inspiration and guidance to individual for conduct of humanness.**

- **The ethics are determined from a different way from this as well, where in significance of individual for society and significance of society for individual gets postulated. Along with this, the significance of coherence starting from individual until whole human society is also understood.**

- **Awakening results in - undivideness and universality in international ethics; orderliness for keeping the continuity of norms (justice) in national ethics; righteous wealth, righteous marital relationship and ‘work and behaviour with kindness’ in social ethics; and ethics of resolution in individual living itself makes nurturing possible.**

- **Entire associations of humankind are sources of inspiration for relationships. Associations are of two kinds: - (1) association with nature, (2) association with human beings.**

★ Awakened human beings make use and good-use of natural abundance in their association with nature, which is nurturing.

★ Awakened human beings give inspiration for awakening in association with other human beings, which is nurturing.

- **जो जिसका मूल्यांकन नहीं करेगा वह उसका सदुपयोग नहीं करेगा या नहीं कर सकेगा। अत: मानव के हर पक्ष का मूल्यांकन आवश्यक है।**

- **किसी भी उपलब्धि के प्रति आवश्यकीय नियम सहित पूर्ण समझ की 'निश्चय' तथा अपूर्ण समझ से किए गए प्रयास की 'मान्यता' संज्ञा है।**

★ **अत: संबंध में भाव पक्ष का तिरस्कार ही उस संबंध का शोषण है।**

- **मानव के लिए पोषण युक्त संपर्कात्मक एवं संबंधात्मक विचार एवं तदनुसार व्यवहार से ही मानवीयता की स्थापना संभव है, अन्यथा, शोषण और अमानवीयता की पीड़ा है।**

★ **प्रत्येक इकाई के मूल में तीन बातें मुख्य होती हैं :-**

**(1) गठन (2) उद्देश्य और (3) आचरण (कार्यक्रम) की विशिष्टता। यहाँ चूंकि व्यक्ति से लेकर अंतर्राष्ट्रीय मानव समाज की इकाई के संदर्भ में शोषण एवं पोषण की विवेचना है अत: हम उपरोक्त चर्चा के उपरांत इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि विभिन्न इकाईयों के गठन, उद्देश्य और आचरण (कार्यक्रम) की विशेषता निम्नानुसार होने पर ही संपूर्ण मानव समाज एकसूत्रता में होकर, शोषण मुक्त हो सकेगा।**

| **(1) इकाई** | **(2) गठन की विशिष्टता** | **(3) गठन का उद्देश्य** | **(4) आशित आचरण** |
|---|---|---|---|
| 1. मानव | अनुभव संपन्न जीवन एवं शरीर | सुखानुभूति | न्यायसम्मत व्यवहार |
| 2. परिवार | सीमित समझदार व्यक्तियों के समूह का संबंध प्रधान गठन | समाधान एवं समृद्धि | साधनों के लिए उत्पादन एवं प्रयोग समाधानपूर्वक |





- **One who does not appraise something correctly, will not make or will not be able to make good-use of that thing. Therefore appraisal of every aspect of human being is needed.**

- **Accomplishment with complete understanding of necessary law is known as determination and endeavour with incomplete understanding is known as belielf.**

★ Therefore rejection of the conscious aspect in any relationship itself is exploitation of that relationship.

- **It is possible to instate humanness only from thoughts and behaviour that nurture associations and relationships, otherwise there is exploitation and suffering of inhumanness.**

★ At the root of any unit, there are three important aspects:-

(1) constitution, (2) its purpose in existence and (3) speciality of its conduct. Since this reasoning is in the context of exploitation and nurturing of individual human being until international human society, from above discussion we reach to the conclusion that coherence and liberation from exploitation will get realized in humankind when constitution, purpose in existence and speciality of conduct (function) of numerous units will become as described below.

| **(1) Unit** | **(2) Speciality of Constitution** | **(3) Purpose of constitution** | **(4) Expected Conduct** |
|---|---|---|---|
| 1. Human being | Realized jeevan and body | Realization of happiness | Judicious behaviour |
| 2. Family | Constitution of limited number of realized (wise) individuals who are primarily | Resolution and Prosperity | Production and Experimentation for material means with |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. समाज | सीमित परिवारों का समूह, जिसमें संबंध एवं संपर्क दोनों सम्मिलित हों। | समृद्धि सहित सत्यता एवं अखण्ड सामाजिकता को आत्मसात करना, अर्थ का सदुपयोग-सुरक्षा | जागृति पूर्वक प्रचार एवं प्रदर्शन, प्रकाशन तथा प्रोत्साहन। शिक्षा-संस्कार विधि से लोक-व्यापीकरण |
| 5. विश्व | कई राज्यों का समूह जिसके मूल गठन में मानवीयता प्रधान संयोजक तत्व है सार्वभौम व्यवस्था के अर्थ में | मानवीयता को प्रोत्साहन। | सह-अस्तित्व में, से, के लिए। |

★ उपरोक्त वर्णित उद्देश्य अर्थात् तन, मन और धन के सदुपयोग और तन, मन और धन की सुरक्षा की पूर्ति के लिए तथा तदनुकूल आचरण को व्यवहार में लाने हेतु और तदनुसार विभिन्न स्तरों के गठन की संपर्कात्मक तथा संबंधात्मक परस्परता को विश्वासपूर्वक सुदृढ़ करने के लिये एक समन्वित धर्मनीति तथा राज्य नीति आवश्यक है, जिससे एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था को स्थापित तथा विकसित किया जा सके, जो मानव के जागृति की संपूर्ण संभावनाओं से युक्त हो। ऐसी व्यवस्था मात्र पोषण-प्रधान गुणों व नीतियों से ही संपन्न होगी, जो जागृति का मार्ग प्रशस्त करेगी, जिससे मानव सुखी रहेगा।

★ उपरोक्तानुसार धर्मनीति तथा राज्यनीति के व्यवहारान्वयन में सहायक सभी विचार तथा व्यवहार पोषक, अन्यथा में शोषक ही सिद्ध होंगे।

★ वातावरण के दबाव से मुक्त होने के लिए शोषण से मुक्ति आवश्यक है, जो सहअस्तित्व में अनुभवपूर्वक सर्वतोमुखी समाधान से ही मानव में प्रमाणित है।

★ मध्यस्थ दर्शन, सह-अस्तित्ववाद के प्रकाश में संपूर्ण मानव समाज के लिए समन्वित धर्मनीति तथा राज्यनीति निम्न आधारभूत सिद्धांतों की सहायता से की गयी है।





| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. Society | Group of limited number of families, which includes both relationships and associations. | Internalizing truth and social harmon with prosperity, good-use and conservation of means of living. | Publicity, exhibition and encouragement with Awakening.<br><br>Universalization of understanding by way of education. |
| 4. World | Group of many nations, where humanness is the essence of uniting towards realization of universal orderliness | Encouraging humanness. | In, from and for coexistence. |

★ To accomplish the purpose described above – i.e. for good-use and conservation of means of living (body, mind and wealth), for bringing this conduct into practice and at all levels of constitutions – a coordinated 'Ethics of Human-Religion' and 'Ethics of Human-State' is necessary, so that such a social order gets established and developed which has all the possibilities of humankind's awakening. Such a social order would be only with characteristics and ethics that are nurturing, which will pave the way for Awakening, from which humankind will achieve Happiness.

★ According to above, all thoughts and practices in realizing ethics of human-religion and ethics of human-state into practice will prove to be nurturing, all elese will only prove to be exploitative.

★ Liberation from exploitation is necessary for becoming free from stress of environment. This liberation gets evidenced in humankind only from all-round resolution upon realization in coexistence.

★ In the light of Madhyasth Darshan Sah-astitva-vad, the coordinated ethics of human-religion and ethics of human-state has been done with help of following basic principles.

- | | | |
  |---|---|---|
  | 1. | भूमि एक (अखण्ड राष्ट्र) | राज्य अनेक |
  | 2. | मानव जाति एक | कर्म अनेक |
  | 3. | मानव धर्म एक | समाधान अनेक |
  | 4. | सत्ता (व्यापक रूप में) | देवता अनेक |

- उक्त चार सिद्धांतों से एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्वयंसिद्ध सूत्र की निष्पत्ति होती है, वह है :-
- मानव जाति सही में एक तथा भ्रमवश गलती में अनेक है। अनेक (परस्पर विरोध) होने का कारण रहस्य और उपभोक्तावाद ही है। जागृति पूर्वक सभी अनेक परस्पर पूरकता, उपयोगिता विधि से एक हो जाते हैं।

# मानव धर्म-नीति

**परिभाषा**

❖ सर्वमानव सुखपूर्वक जीने देना एवं जीना ही अनुभूति है। समझदार मानव सम्मत संबंध निर्वाह में ही समाधान है। समाधान, समृद्धि, अभय व सह-अस्तित्व सहज प्रमाण प्रस्तुत करना निश्चित कार्यक्रम है, उसे 'मानव धर्म नीति' की संज्ञा है।

**आवश्यकता**

- मानव धर्मनीति सहज समझ तथा परिपालन इसलिए आवश्यक है कि मानव प्रयोग एवं उत्पादन द्वारा प्राप्त अर्थ तथा प्राप्त प्राकृतिक संपदा के सदुपयोग की कामना करता है।

**लक्ष्य अथवा साध्य**

- अमानवीयता से मानवीयता की ओर गुणात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करने हेतु समझ, साधन, अवसर तथा व्यवस्था उपलब्ध कराना, जो अतिमानवीयता के लिये प्रोत्साहन देने में समर्थ हो।





- | | | |
  |---|---|---|
  | **(1)** | **Earth is One (undivided nation)** | **Nation states are Many.** |
  | **(2)** | **Human race is One** | **Human actions are Many.** |
  | **(3)** | **Human Religion is One** | **Resolutions are Many.** |
  | **(4)** | **Almighty (Omnipotence) is One** | **Divine beings are Many.** |

- **From above four principles one very significant formula emerges and that is: -**
- **"Human beings are united in right and fragmented in wrong." The reason for this fragmentation (mutual conflict) is mysteriousness and consumerism. Upon awakening all fragments get united by becoming complementary and useful for each other.**

# Ethics of Human-Religion

**Definition**

❖ All human beings with happiness realizing "letting live and live". Resolution is only in fulfilling human-relationships with understanding. Producing evidences of resolution, prosperity, fearlessness and coexistence itself is definitive program, which is known as Ethics of Human-Religion.

**Need**

- **The understanding and adherence of ethics of human religion is necessary because every human being wishes for good-use of available natural grandeur and means of living obtained from his experimentation and production activities.**

**Aim or Objective**

- **To pave the way of qualitative change from inhuamanness to humanness by provisioning the understanding, means, opportunity and orderliness, which is capable of encouraging super-humanness.**

- प्रत्येक मानव में साध्य को पाने हेतु तीन बातों का होना अनिवार्य :-
- 1. साधक, 2. साधना, 3. साधन।

1. **साधक :** प्रत्येक मानव को 'साधक' की संज्ञा है, वह क्रम से समझदारी सहित व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र तथा अंतर्राष्ट्रीय भेद से है।
2. **साधना :** तन, मन तथा धन सहित मानवीय दृष्टि, विषय एवं स्वभाव सहित साध्य (मानवीयता एवं अतिमानवीयता) को पाने हेतु प्रयुक्त क्रिया प्रणाली को 'साधना' की संज्ञा है।
3. **साधन :** तन, मन व धन ही साधन है। सर्वमानव के लिए जागृति ही साध्य है।

- साधन की प्रयुक्ति कायिक, वाचिक, मानसिक, कृत, कारित एवं अनुमोदित भेद से कुल नौ प्रकार की होती है। इन समस्त साधनों को तीन क्षेत्रों में ही प्रयुक्त किया जा रहा है :-

  (1) प्राकृतिक क्षेत्र (2) सांस्कृतिक क्षेत्र (3) बौद्धिक क्षेत्र।

★ सह-अस्तित्व व सामाजिकता का अध्ययन व्यक्ति के जागृति एवं व्यवहार के संदर्भ में ही है।

★ अखंड समाज का गठन समझदारी सहित समझदार व्यक्तियों के उद्देश्यपूर्ण आचरण संहिता समेत व्यवस्था प्रणाली ही है। अखंड समाज से व्यक्ति संपर्क एवं संबंध द्वारा जुड़ा हुआ है।

- मानव समाज में परस्पर निम्न संबंध दृष्टिगोचर होता है :-

1. पिता-माता एवं पुत्र-पुत्री संबंध,
2. पति-पत्नी संबंध,
3. गुरु और शिष्य संबंध,
4. भाई और बहिन संबंध,
5. साथी-सहयोगी संबंध,
6. व्यवस्था और समग्र व्यवस्था संबंध,





- **Every human being must necessaerily have three things for achieving an objective: -**
- **1. Aspirant, 2. Practice, 3. Means.**

1. **Aspirant** (*sadhak*): - Every human being is known as 'aspirant'. A human being with understanding is as individual, family, society, nation and inter-nation.
2. **Practice** (*sadhana*): - The procedure deployed for achieving the objective with body, mind and wealth, with perspective, pursuits and nature of humanness is known as 'practice'.
3. **Means** (*sadhan*): - Body, mind and wealth are the means. Awakening is the only objective for all human beings.

- **The deployment of means are with nine distinctions - as physical, verbal, mental, by doing, getting done and by giving consent. These means are being used only in three domains: - (1) natural domain, (2) cultural domain, (3) conscious domain.**

★ The study of coexistence and social harmony is only in the context of human being's awakening and behaviour.

★ The constitution of undivided society is in the form of orderliness with code of purposeful conduct of individuals with understanding. Individuals are connected with undivided society through relationships and associations.

- **The following relationships are seen in human-society: -**

1. **The relationship of father-mother and son-daughter**
2. **The relationship of husband and wife**
3. **The relationship of teacher and disciple**
4. **The relationship of brother and sister**
5. **The relationship of guide and assistant**
6. **The relationship of orderliness and holistic orderliness**

7. मित्र संबंध।

★ **पिता-माता एवं पुत्र-पुत्री संबंध :-** माता-पिता के संबंध में पुत्र-पुत्री के साथ मातृ-भाव में शरीर-भाव सहित मौलिकता प्रधान रहता है तथा पितृ संबंध में मूल्य और बौद्धिक जागृति प्रधान व पोषण सम्पन्न रहता है। मूल रूप में माता पोषण प्रधान तथा पिता संरक्षण प्रधान स्पष्ट है।

माता पिता की पहचान हर मानव संतान किया ही रहता है। शिशुकाल की स्वस्थता का यह पहचान भी है। अतएव माता-पिता जिन मूल्यों के साथ प्रस्तुत होते हैं, वह ममता और वात्सल्य है। ममता मूल्य के रूप में पोषण प्रधान क्रिया होने के रूप में या कर्त्तव्य होने के रूप में स्पष्ट है। इसलिए मां की भूमिका ममता प्रधान वात्सल्य के रूप में समझ में आती है। ममता मूल्य के धारक-वाहक ही स्वयं में मां है।

अभिभावक सन्तान का अभ्युदय ही चाहते हैं। कुछ आयु के अनन्तर इसका प्रमाण चाहते हैं।

❋ माता एवं पिता हर संतान से उनकी अवस्था के अनुरूप प्रत्याशा रखते हैं। उदाहरणार्थ शैशवावस्था में केवल बालक का लालन पालन ही माता-पिता का पुत्र-पुत्री के प्रति कर्त्तव्य होता है तथा इस कर्त्तव्य के निर्वाह के फलस्वरूप वह मात्र शिशु की मुस्कुराहट की ही अपेक्षा रखते हैं। कौमार्यावस्था में किंचित शिक्षा एवं भाषा का परिमार्जन चाहते हैं। कौमार्यावस्था के अनंतर संतान में उत्तम सभ्यता की कामना करते हैं। सभ्यता के मूल में हर माता-पिता अपने संतान से कृतज्ञता (गौरवता) पाना चाहते हैं तथा केवल इस एक अमूल्य निधि को पाने के लिये तन, मन एवं धन से संतान की सेवा किया करते हैं। संतान के लिये हर माता-पिता अपने मन में अभ्युदय, समृद्धि तथा संपन्नता की ही कामना रखते हैं, इन सब के मूल में कृतज्ञता की वाँछा रहती है। जो संतान माता-पिता एवं गुरु के कृतज्ञ नहीं होते हैं, उनका कृतघ्न होना अनिवार्य है, जिससे वह स्वयम् क्लेश परंपरा को प्राप्त करते हैं और दूसरों को भी क्लेशित करते हैं।





7. **The relationship of friends**

★ **The Relationship of father-mother and son-daughter**: - In the relationship of father-mother and son-daughter, in motherly feelings the essence of the relationship is with acknowledgement of body (as nourishment) and in the fatherly feelings give priority to values, awakening along with nourishment of body. In essence, mother is with priority to nourishment and father is with priority to protection.

Every human-child recognizes his mother and father. This recognition is also an indication of healthy childhood. The values with which father and mother present themselves are 'care' and 'guidance'. The value of care gets manifested in the form of duty of providing nourishment. Therefore the role of mother is primarily care along with guidance. Mother herself holds and carries the value of care.

The guardians (or parents) want their child's all-round progress progress and after some age they want to see its evidence.

❋ Mother and father keep expectations from their children according to their age. For example – in infant-stage the upbringing is the only duty of mother-father towards their son-daughter and their only expectation from child is a smile. In adolescence, they want to see some education and refinement in language. After adolescence, they wish to see good civilized behaviour in their children. In terms of civilized behaviour, essentially the father-mother want to get the feeling of gratitude from their child and for getting this invaluable treasure they devote their body, mind and wealth for serving their children. Every mother and father only wish all-round resolution, prosperity and well-being for their children and at the root they expect gratitude from them. The children who are not grateful to their mother-father and teacher, are necessarily ungrateful, from which they themselves remain in conflict and give conflicts to others.

★ **पति-पत्नी संबंध :-**

❋ दाम्पत्य जीवन की चरम उपलब्धि 'एक मन और दो शरीर होकर' व्यवहार करना है । दाम्पत्य जीवन में व्यवहार निर्वाह संपर्क एवं संबंध ही है । तात्पर्य यह है कि दाम्पत्य जीवन व्यक्ति के रूप में दो है और व्यवहार के रूप में एक हैं।

❋ एक मन और दो शरीर अनुभव करने के लिए दोनों पक्षों द्वारा निर्विरोध पूर्वक अपने संबंध एवं संपर्क का निर्वाह करना ही अवसर, आवश्यकता तथा उपलब्धि है। जहाँ तक मान, सम्मान, प्रतिष्ठा, आदर और यश का प्रश्न है, वह पति अथवा पत्नी दोनों में सम्मिलित रूप से रहता है तथा उनमें से किसी एक को भी मिलने पर दूसरे पक्ष में वह समान रूप में बंटता ही है और इसकी स्वीकृति भी है। पति-पत्नी के रूप में दो शरीर एक मन होने का यही प्रमाण है।

❋ परस्परता रूपी सभी संबंधों में विश्वास मूल्य सदा-सदा होना परमावश्यक है। यही मूल मुद्दा है संबंधों को पहचानने का। सभी संबंध अथवा स्थापित संबंध पहचान में होने के उपरांत शरीर काल तक निर्वाह होने की बात आती है। यही जागृत मानव परंपरा का प्रमाण है। संबंधों में से एक महत्वपूर्ण संबंध पति-पत्नी संबंध है । इस संबंध में परस्परता में मूल्यों का पहचान इस प्रकार से होता है कि विश्वास पूर्वक सम्मान, स्नेह व प्रेम मूल्यों का निरंतर अनुभव होता है या समय-समय पर होता है। न्यूनतम विश्वास मूल्य बना ही रहता है। प्रेम मूल्य; दया, कृपा, करुणा की अभिव्यक्ति है। इस विधा में पति में मूल्यांकन के आधार पर दया, कृपा, करुणा मूल्यों का स्पष्ट होना, उसी प्रकार से पत्नी द्वारा भी इन मूल्यों का स्पष्ट होना ही प्रेम मूल्य है। वास्तविक रूप में पात्रता के अनुसार वस्तु का मूल्यांकन, पात्रता के अनुसार योग्यता का मूल्यांकन, योग्यता के अुनसार पात्रता का मूल्यांकन परस्परता में होना स्वाभाविक क्रिया है। यह नित्य नैमित्यिक है। नित्य मूल्यांकन का तात्पर्य हम मूल्यांकन में अभ्यस्त हो गये हैं। नैमित्यिक का तात्पर्य-प्रयत्न पूर्वक ध्यान पूर्वक मूल्यांकन करने से है। ऐसी स्थिति बारंबार होते-होते मूल्यांकन सहज रूप से होना पाया जाता है। इस प्रकार योग्यता के अनुसार पात्रता, पात्रता के अनुसार योग्यता का मूल्यांकन विशेषकर पति-पत्नी संबंध में होना अति आवश्यक है।





★ **The Relationship of Husband and Wife: -**

❋ The ultimate accomplishment of marital life is behaviour as 'one mind and two bodies'. The fulfillment of behaviour in marital life is about relationships and associations. This means that marital-life are two in the form of individuals and one in the form of behaviour.

❋ In order to experience 'one mind, two bodies' – the opportunity, need and accomplishment for both sides is to fulfill their relationships and associations without any conflicts (disagreements) between both of them. As far as reputation, respect, prestige and fame and concerned, these are common for both husband and wife and whenever anyone gets them - it gets distributed equally to other also and it is accepted also. This itself is the evidence of husband-wife being as 'one mind, two bodies'.

❋ The value of trust is absolutely necessary in all human-relationships. This is the crux of recognizing relationships. After all "given" relationships are recognized, it comes to fulfilling these relationships for the life-time. This itself is the evidence of awakened human tradition. Among all relationships, the relationship of husband-wife is a significant one. In this relationship along with trust the values of respect, affection and love are continuously experienced or are experienced from time to time. At the minimum the value of trust continues. The value of love is combined expression of kindness, graciousness and compassion. In this aspect - the values of kindness, graciousness and compassion getting expressed and appraised in husband and the same becoming expressed and appraised in wife itself is love. Mutual-appraisal naturally happens based on individual abilities in relationships. Mutual appraisal in a relationship is a "regular process". Regular means - its coming into routine. Process means – appraising attentively. This mutual-appraisal becomes natural after its repetition many times. Such appraisal of other's receptivity according to one's ability and appreciation of other's ability according to one's receptivity is absolutely necessary in a husband-wife relationship.

ये दोनों मूल्यांकन के साथ ही पात्रता और योग्यता में संतुलन स्थिति को पाया जाता है। तीसरी विधि से पति या पत्नी अथवा दोनों में योग्यता, पात्रता हो ही नहीं, यह दाम्पत्य जीवन अथवा किसी भी प्रौढ़/युवा में संभव ही नहीं है। यही हो सकता है कि योग्यता और पात्रता का न्यूनातिरेक हो सकता है। इसी में सामंजस्य को पाने के लिए दाम्पत्य जीवन का महती उपयोग होना पाया जाता है। इन तथ्यों को, पूर्व आशयों को भुलावा देना ही दु:ख और परेशानी का कारण है। यही भ्रम है।

★ **गुरु और शिष्य संबंध :-**

❋ गुरु की ओर से शिष्य के प्रति आशा बंधी रहती है कि जो अध्ययन कराया जाता है, उसका बोध शिष्य को होगा।

❋ शिष्य की गुरु से प्रत्याशा रहती है कि उसकी वांछा तथा जिज्ञासा के आधार पर उन्हीं दिशाओं में गुरु द्वारा अध्ययन कराया जाएगा। गुरु और शिष्य दोनों में उपलब्धि की कामना की साम्यता है। प्रक्रिया में पूरकता है। एक प्रदाता है और दूसरा प्राप्तकर्त्ता है। प्राप्तकर्त्ता और प्रदाता की एक ही अभिलाषा है कि 'बोध' पूर्ण हो जाये।

❋ शिष्य का अर्थ बोध-पूर्ण हो जाता है, उस समय गुरु पर्व मनाता है अर्थात् गुरु को प्रसन्नता की अनुभूति होती है, जिसको **वात्सल्य** कहते हैं। तात्पर्य यह है कि हर एक बड़े अपने से छोटों में वांछित गुणों की प्रसारण क्रिया में तत्पर रहते हैं। इसके बदले में जो तोष (उत्सवित होना) वे पाते हैं, वही इसकी उपलब्धि है। प्रदाय के बदले में किसी भौतिक वस्तु की प्राप्ति की अभिलाषा नहीं रहती।

❋ शिष्य का गुरु के साथ विश्वास सहित पहचान किया रहना सहज है। यह स्वाभाविक मिलन है। योग, मिलन के रूप में स्पष्ट होता है। गुरु-शिष्य का योग अपने में जागृति के आकाँक्षा पूर्वक कार्य-व्यवहार और अध्ययन करना, क्योंकि गुरु ही अध्ययन कराने वाला होना सुस्पष्ट है। अध्ययन कराने के क्रम में सदा-सदा शिष्य द्वारा ग्रहण करने की अपेक्षा व विश्वास समाया रहता है।





It is only with this mutual appraisal that balance in receptivity and ability of husband and wife is achieved. It is not possible that either husband or wife or both do not have any ability of receptivity. This is not even possible in any married life or in any adult or young person. It is possible though that the ability and receptivity in one person is less or more than the other person. It is for achieving balance in these that marital-life is found to be highly useful. To ignore these facts and intents alone is the cause of misery and difficulties – which itself is delusion.

★ **The Relationship of Teacher and Disciple: -**

❋ The teacher keeps his hope anchored towards disciple that whatever study is imparted will get understood by the student.

❋ The disciple in turn expects from teacher that teacher will teach based on his specific expectations and inquiries. The desire of accomplishment is common between both teacher and disciple. This process has mutual complementariness. One is 'giver' and the other is 'taker'. Both giver and taker are only with singular objective that understanding of disciple becomes complete.

❋ When the disciple attains complete understanding then the teacher celebrates, or the teacher experiences joy, which is called realization of guidance. It means, all elders remain earnest in transmitting the characteristics that they expect from their children. The satisfaction that they get in its return, that itself is its accomplishment. There is no desire here for anything material in return of this giving.

❋ The disciple recognizes teacher with trust. Their meeting is natural. Union becomes evident in the form of meeting. The union of teacher and disciple gets manifested as work-behaviour and studying for the purpose of awakening, since teacher alone is the one who imparts the study. In the course of teaching the expectation and trust remains that the disciple will receive knowledge.

उसमें जितने भी शिष्य सार्थक होते हैं, गुरु में प्रसन्नता का स्रोत समाया रहता है, यह स्पष्ट हो चुका है। यही गुरु-शिष्य के परस्परता में सफलता का प्रमाण है। जैसे-जैसे शिष्य का आकाँक्षा और जिज्ञासा शांत होता है, वैसे ही सभी संशय दूर होते जाता है। ऐसे संशय मुक्ति विधि से गौरव, श्रद्धा, कृतज्ञता मूल्य शिष्य में गुरु के लिए अर्पित होना पाया जाता है। इस प्रकार गुरु शिष्य में मूल्यों का मूल्यांकन पूर्वक उत्सवित होना स्वाभाविक होता है।

★ **भाई और बहन संबंध :-**

❋ भाई और बहन के संबंध को सौहार्द्र-भाव के नाम से जाना जाता है। इसमें परस्पर जागृति की प्रत्याशा एवं उत्साह है। एक की जागृति, दूसरे पक्ष के जागृति को आप्लावित कर देता है। जैसे यदि कोई बहन किन्हीं विशेष सद्गुणों से संपन्न है तो इसके कारण बहन स्वयम् में जितना आप्लावित है उतना ही अथवा उससे अधिक आप्लावन भाई में पाया जाता है। इसी प्रकार भाई का भाई के साथ बहन का बहन के साथ पाया जाता है।

❋ भाई-बहन की पहचान एक निश्चित आयु में हो पाती है। पहचान होते ही परस्परता में सच्चाई, समझदारी और परिवार सम्मत अथवा जागृत मानव परिवार सम्मत अपेक्षा के अनुसार, कौमार्य अवस्था में आज्ञापालन सहयोग और अनुसरण जैसे कार्यों में परस्पर मूल्यांकन होना पाया जाता है। यही मित्रों के साथ भी होता है। जब भाई-बहन इन मुद्दों पर मूल्यांकन करने लगते हैं तब भी अभिभावक और गुरुजनों के साथ आज्ञापालन संबंध रहता ही है। अनुसरण भी इन्हीं दो पक्षों से जुड़ा रहता है। मूल्यांकन में ये सब बात स्पष्ट होना स्वाभाविक रहता है। जहाँ तक सहयोग की अभिव्यक्ति है, इसमें एक दूसरे को अधिकाधिक सटीकता की और विचार अथवा प्रकाशित होने की संभावना बनी ही रहती है।

कौमार्य और युवावस्था के बीच भाई-बहन, भाई-भाई, बहन-बहन; के परस्परता में अनुशासन की बात आती है। अनुशासन आज्ञा पालन के क्रम में एक पक्षीय हो पाते हैं। अनुशासन गुरुजनों व अभिभावकों से जीने में प्रमाणित रहने के आधार पर, अनुशासन बोध संतानों में होना स्वाभाविक है। इन्हीं तथ्य के आधार पर, हर मानव संतान अनुशासन को अपने विचारों से जोड़ना शुरु करता है।





Whatever number of disciples becomes successful in this process that is the source of teacher's joy, as has been explained. This itself is the evidence of success of teacher-disciple relationship. As the expectation and inquiry of disciple gets satisfied, all his doubts also get dispelled. It is from such doubtless way the values of honour, reverence, gratitude get offered to the teacher. In this way the relationship of teacher and disciple becomes joyous with realization of these values.

★ **The Relationship of Brother and Sister: -**

❋ The relationship of brother and sister is also known by the feeling of camaraderie. In this relationship there is expectation and enthusiasm for mutual awakening. The awakening of one encourages awakening of other. For example – if a sister has some specific good characteristics then the extent she is happy with those, her brother is happy about them to the same extent or more. It is the same way between two brothers and two sisters.

❋ The brother and sister relationship gets recognized after a certain age and with that they start doing mutual-appraisal of their obedience, helpfulness and following as per the expectations of their awakened family. The same happens with friends as well. When brother and sister start doing appraisal of each other on these issues, then too they have the relationship of obedience and emulation with their guardians and teachers. All these aspects become clear in this appraisal process. Preciseness in expression of helpfulness keeps improving.

In the adolescent age there is an aspect of discipline among brother-sister, brother-brother and sister-sister relationship. Discipline through obedience is only one-sided, while discipline gets naturally accepted by children when their teachers and guardians live what they say. On the basis of these facts alone, the child starts connecting the discipline which he follows with his thoughts.

उसी के साथ आवश्यक-अनावश्यक तथा उपयोगी, अनुपयोगी विधा में भी वैचारिक प्रयुक्तियाँ होना स्वाभाविक रहता है। इस प्रकार अनुशासन आवश्यकता, उपयोगिता के आधार पर स्वीकृत होना शुरु होता है। शनैः-शनैः हर मानव संतान क्रम से अनुशासन में दक्ष होना पाया जाता है। इन सभी विधाओं में मानव संतान गुजरता हुआ अर्थात् आज्ञापालन, अनुशासन प्रक्रिया से, सोच विचार प्रक्रियाओं से गुजरता हुआ अपने आप में निश्चय की प्रक्रियाएँ आरंभ होते ही यही निश्चयन प्रक्रिया सुस्थिर होना ही आज्ञापालन और अनुशासन के आशय रहता ही है।

जैसे ही युवावस्था में पहुँचते हैं, स्वाभाविक रूप में स्वानुशासन का प्रमाण आवश्यकता के रूप में होता ही है। यही अभ्युदय का प्रमाण होना पाया जाता है। स्वानुशासन सर्वतोमुखी समाधान के रूप में ही प्रमाणित होता है। यही मानव संचेतना की अपेक्षा और सार्थकता है। यह शिक्षा-संस्कार कार्यों से लोक सुलभ होना पाया जाता है। जागृत मानव परंपरा में ही मानवीय शिक्षा-संस्कार सार्थक होना पाया जाता है। इस विधि से कार्य-व्यवहार विचार सम्पन्न होते हुए भाई-बहन-मित्र संबंधों में विश्वास पूर्वक सम्मान व मूल्यांकन पूर्वक परस्परता में स्नेह मूल्य को सदा-सदा प्रमाणित करना होता है। इस विधि से इन संबंधों में विश्वास, सम्मान, स्नेह मूल्य प्रधान रहता है साथ ही प्रेम मूल्य स्पष्ट होना भावी रहता है।

★ **साथी-सहयोगी संबंध :-**

❋ एक दूसरे के लिए पूरक विधि से सार्थक होना पाया जाता है। यह संबंध सहयोगी की कर्त्तव्य निष्ठा से व साथी के दायित्व निष्ठा से सार्थक होना पाया जाता है। यह परस्पर पूरक संबंध है। इनमें मूल मुद्दा दायित्व को निर्वाह करना, कर्त्तव्यों को पूरा करने में ही परस्परता में संगीत होना पाया जाता है। यह जागृत परंपरा की देन है। इसमें मुख्यत: विश्वास मूल्य रहता ही है। गौरव, सम्मान, स्नेह मूल्य अर्पित रहता है। सहयोगी के प्रति सम्मान मूल्य विश्वास के साथ अर्पित रहता है। इस विधि से मंगल मैत्री होना स्वाभाविक है।

★ **समझदार मानव परंपरा में व्यवस्था और समग्र व्यवस्था में भागीदारी का संबंध :-**





Along with this, the child starts thinking about what is necessary and what is unnecessary, what is useful and what is useless. In this way discipline starts getting accepted based on its necessity and usefulness also. Slowly every child becomes proficient in discipline. The child going through such thought processes starts the process of arriving at conclusions in himself and to have firm stability of these conclusions itself had been the intent of obedience and discipline.

As one reaches the adult-age, self-discipline naturally becomes a need. Self-discipline alone is the evidence of all-round resolution. Self-discipline is achieved in the form of all-round resolution only. This itself is the expectation and realization of human consciousness. Self-discipline becomes universalized through education. It is only in an awakened human tradition that education of humanness gets realized. In this way, living with these acceptances in work, behaviour and thoughts – the brothers, sisters and friends continue realizing the values of trust, respect and affection, along with mutual-appraisal. In this way these relationships primarily have the values of trust, respect and affection and along with this – the value of love remains to be realized.

★ **The Relationship of Guide and Assistant: -**

❋ This relationship is found to be realized from the way of mutual complementariness. This relationship gets realized when assistant is commited to duties and guide is committed to responsibilities. This is a mutually complementary relationship. At the core, fulfilling of responsibilities and fulfillment the duties alone realizes harmony in this relationship. This is a gift of awakened human tradition. In this relationship primarily there is the value of trust. The values of glory, respect and affection are offered. This naturally entails good friendship.

★ **The Relationship of Orderliness and Participation in Holistic orderliness in Resolved Human tradition: -**

❋ मानवत्व सहित व्यवस्था में विधि समायी रहती है। विधान निर्वाह रूप में प्रमाणित होता है। व्यवस्था का धारक-वाहक जागृत मानव ही होता है। व्यवस्था में भागीदारी करने के लिए मानव को जागृत होना रहना आवश्यक है। जागृति पूर्वक ही हर नर-नारी जानने, मानने, पहचानने, निर्वाह करने का प्रमाण प्रस्तुत करता है।

सामाजिक दायित्व का प्रमाण हर समझदार परिवार में समाधान, समृद्धिपूर्वक जीने में प्रमाणित होता है। यह क्रमशः सम्पूर्ण मानव का एक इकाई के रूप में पहचान पाना बन जाता है। पहचानने के फलन में निर्वाह करना बनता ही है। ऐसी निर्वाह विधि स्वाभाविक रूप में मूल्यों से अनुबंधित रहता ही है। यही व्यवस्था में भागीदारी की स्थिति में परिवार व्यवस्था से अन्तर्राष्ट्रीय या विश्व परिवार व्यवस्था तक स्थितियों में भागीदारी की आवश्यकता रहता ही है। ऐसे भागीदारी के क्रम में मानव अपने में, से समझदारी विधि से प्रस्तुत होना बनता है। समझदारी विधि से ही हर नर-नारी व्यवस्था में भागीदारी करना सुलभ सहज और आवश्यक है। इसी क्रम से मानव लक्ष्य प्रमाणित होते हैं जो समाधान, समृद्धि, अभय, सह-अस्तित्व के रूप में पहचाना गया है, इसे प्रमाणित करना ही मानवीयता पूर्ण व्यवस्था है।

★ **मित्र सम्बन्ध :-**

❖ समाधान, समृद्धि सहज समानता ही मित्र संबंध है एवं सर्वतोमुखी समाधान में सहभागिता हो उसकी 'मित्र' संज्ञा है।

इस सम्बन्ध में यह आवश्यक है कि एक पक्ष यदि किसी विपरीत घटना या परिस्थिति से घिर जाए तो दूसरा पक्ष अपना पूरा तन, मन और धन व्यय करने के लिए तथा मित्र को उस घटना-विशेष अथवा परिस्थिति विशेष से उबारने के लिये प्रयत्नशील हो जाये। यही मित्रता की चरम उपलब्धि है। घटना ग्रस्त या परिस्थिति ग्रस्त मित्र की जो कठिनाइयाँ है, वह पूरी की पूरी दूसरे मित्र को प्रतिभासित होती है। मित्रता की कसौटी ही यह है कि परस्पर की कठिनाइयों को दूसरा पक्ष सटीक स्वीकार लेता है और यदि उसका परिहार है, तो उसके लिये अपनी शक्तियों को नियोजित करता है।





❋ The orderliness with humanness has its intrinsic norms and legislation manifests these norms. The one whe holds and carries orderliness is awakened human being only. Human being has to be awakened for participating in orderliness. It is only upon awakening that every man and woman produces the evidences of knowing, believing, recognizing and fulfilling.

The manifestation of social-responsibility is in the form of every awakened family living with resolution and prosperity. This successively leads to recognizing entire humankind as one unit. Fulfilling is a natural consequence of recognizing a relationship. Such way of fulfilling relationships remains naturally linked with expression of values.

The need for participation remains to be there from the level of family-order till the level of world-family-order. It is for this participation that human being presents himself by way of understanding. It is only by way of understanding that it is natural, simple and necessary for every man and woman to participate in orderliness. In this way alone the existential purpose of humankind gets realized, which has been recognized in the form of resolution, prosperity, fearlessness and coexistence and its manifestation itself is the 'orderliness of humanness'.

★ **The Relationship of Friends**

❖ The equality in resolution and prosperity itself is the relationship of friends and collaboration in all-round resolution itself is known as friendship.

In this relationship, it is necessary tht if one side gets into some adverse situation or circumstances then the other side starts working towards rescuing the friend from that situation or circumstance by spending all his means (body, mind and wealth). This itself is the ultimate accomplishment of friendship. The difficulties of the friend stuck in a difficulty gets perceived by the other friend. The test of friendship is that the other side precisely understands the difficulties and if there is a solution for that situation, then he devotes his energies towards that solution.

❖ मित्रता की निरंतरता न्याय पूर्ण व्यवहार से ही सफल होती है। निर्वाह के इन समस्त सम्बन्धों से व्यष्टि से समष्टि तक पोषक अन्यथा शोषक सिद्ध है। मित्र-मित्र सम्बन्ध की परस्परता में विश्वास, सम्मान व स्नेह मूल्य प्रधान है एवं प्रेम संबंध भावी रहता है।

★ मानव के लिए सुख ही धर्म है। सुख की आशा से ओतप्रोत मानव को एक क्षण के लिए भी इस कामना से विमुख नहीं किया जा सकता। **धर्म** की परिभाषा ही इस प्रकार की गई है कि ''जिससे जिसका वियोग न किया जा सके, अथवा जिसका वियोग सम्भव न हो, वह उसका धर्म है।'' धर्म की इसी परिभाषा के आधार पर पदार्थ का धर्म 'अस्तित्व', अन्न व वनस्पति का धर्म 'पुष्टि', जीवों का धर्म 'जीने की आशा' और मानव का धर्म 'सुख' प्रतिपादित किया गया। यह भी प्रतिपादित किया गया कि हर विकसित अवस्था की इकाई में अविकसित इकाई का धर्म विलय रहता ही है।

❖ उपरिवर्णित सम्बन्ध एवम् सम्पर्क में तारतम्यात्मक व्यवहार पक्ष के आनुषंगिक मानव का, विभिन्न विभूतिपरक एवम् स्थितिपरक अध्ययन आवश्यक तथा वांछनीय है। अस्तु, सभी मानव आबाल-वृद्ध निम्न बारह स्थिति में गण्य है। ये सभी सुखी होना चाहते हैं। सुख भी नियम से, दुःख भी नियम से होना सिद्ध हुआ है। अतः निम्न बारह स्तर में पाये जाने वाले मानव किन नियम-सिद्ध प्रक्रिया द्वारा सुखी होना पाए जाते हैं, उसका स्पष्टीकरण निम्नानुसार है - यह सब व्यवहार संबंध व सम्पर्कात्मक है -

- 1. बलवान दयापूर्वक सुखी होता है,
- 2. बुद्धिमान विवेक तथा विज्ञान पूर्वक,
- 3. रूपवान सत् चरित्रता पूर्वक,
- 4. पदवान न्याय पूर्वक,
- 5. धनवान उदारता पूर्वक,
- 6. विद्यार्थी निष्ठा पूर्वक,
- 7. सहयोगी कर्त्तव्य पूर्वक





★ The continuity of friendship is realized only from behaviour of justice. When duties and responsibilities are fulfilled in these relationships of friends, then these prove to be nurturing – otherwise these prove to be exploitative. In the relationship of friends the values of trust, respect and affection are primary, while the value of love remains to be evidenced.

★ The religion for humankind is happiness. Human being is so much steeped in want of happiness that he cannot be disoriented from it even for a moment. The definition of religion itself has been done in this way – “That from which one cannot be separated or that separation of which is not possible, is its religion.” On the basis of this definition of religion – religion of material order is ‘to exist’ , religion of *pranic* order is to ‘to grow’, religion of animal order is ‘want-to-be-alive’ and religion of humankind is proposed as ‘happiness’. It has also been proposed that religion every evolved unit of nature includes religion of less evolved units.

❖ The study of human being in all aspects and states is necessary and desired for harmony in behaviour in the above described relationships and associations. Therefore, all human beings in all ages are counted in twelve statuses. All these want to become happy. Happiness as well as Misery happens with a definite law. Therefore, by which law-bound procedure the human beings in the following twelve states are found to be happy, its clarification is as follows.

- A mighty person becomes happy with kindness.
- An intelligent person becomes happy with wisdom and science.
- A beautiful or handsome person becomes happy with righteous character.
- A person with societal-rank becomes happy with justice.
- A wealthy person becomes happy with generosity.
- A student becomes happy with commitment.
- An assistant becomes happy with dutifulness .

- **8. साथी दायित्व पूर्वक**
- **9. तपस्वी संतोष पूर्वक,**
- **10. लोक सेवक स्नेह पूर्वक,**
- **11. सह-अस्तित्व (ईश्वर) में प्रेम पूर्वक मानव सुखी होता है।**
- **12. रोगी तथा बालक के साथ आज्ञा पालन के रूप में सुखानुभूतियाँ सिद्ध हुई हैं।**

★ **धर्मनीति के परिपालन से समस्त सम्पर्कात्मक तथा सम्बन्धात्मक व्यवहार में क्या अपेक्षा की जाती है, जिससे कि जीवन सफल होता है नीचे दर्शाया गया है। ऐसी धर्मनैतिक व्यवस्था तथा इसके लिए किया गया समस्त व्यवहार, प्रयोग तथा प्रयास अखण्ड समाज, सार्वभौम व्यवस्था का पोषक है।**

- **1. पुरुष का जीवन यतित्व से सफल है। पुरुष में जागृति को प्रमाणित करना यतित्व है।**
- **2. स्त्री का जीवन सतीत्व से सफल है। स्त्रियों में जागृति का प्रमाणित होना सतीत्व है।**
- **3. माता-पिता का जीवन व्यक्तित्व से,**
- **4. पुत्र का जीवन नैतिकता के प्रति निष्ठा से,**
- **5. व्यवस्था, न्यायपूर्ण नियम के समर्थन व पालन से,**
- **6. प्रजा का जीवन समग्र व्यवस्था में भागीदारी से,**
- **7. गुरु का जीवन अनुभव को प्रामाणिकता पूर्वक अध्ययन कराने से।**
- **8. शिष्य का जीवन गुरु द्वारा कराये गये अध्ययन के द्वारा अर्थबोध सम्पन्नता से,**
- **9. सहयोगी का जीवन कर्त्तव्य को निर्वाह करने से,**





- A guide becomes happy by being responsible.
- An ascetic becomes happy by being content.
- A public-servant becomes happy with affection.
- A human being becomes happy with love in coexistence.
- A sick person and a child experiences happiness in the form of obedience.

★ How a human living's living becomes successful from adhering to 'ethics of human-religion' in all relationships and associations has been described below. Such orderliness based on 'ethics of human-religion' and entire behaviour, experimentation and efforts are nurturing for realization of undivided society and universal orderliness.

- **The life of a man is successful from fortitude. The realization of awakening in man itself is fortitude.**
- **The life of a woman is successful from perseverence. The realization of awakening in women itself is perseverence.**
- **The life of mother and father is successful from dignified personality.**
- **The life of a son/daughter is successful from commitment towards ethical living.**
- **The orderliness is successful from acceptance and adherence of laws of justice.**
- **The life of public is successful from participation in holistic orderliness.**
- **The living of a teacher is successful from teaching with authenticity of realization.**
- **The life of a disciple is successful from accomplishing the meaning as *bodh* as a result of study imparted by the teacher.**
- **The life of an assistant is successful from fulfilling the duties.**

- 10. साथी का जीवन दायित्वों को निर्वाह करने से,
- 11. भाई या बहन का जीवन एक दूसरे के अनन्य जागृति की आशा से तथा स्नेह सहित दायित्व वहन करने से,
- 12. मित्र का जीवन परस्पर उदारता पूर्ण, समृद्धि सहित सर्वतोमुखी समाधान को प्रमाणित करने से सफल है।
- उपरोक्तानुसार व्यवहार करने में मानव सफल हो जाय, यही धर्म-नैतिक व्यवस्था का उद्देश्य है तथा शोषण के लिए प्राप्त समस्त प्रवृत्तियों का समूल निराकरण, मात्र उपरोक्तानुसार प्रतिष्ठित आचरण से ही संभव है। इसी विधि से अखण्ड समाज का प्रतिष्ठित होना स्पष्ट है।

# मानव राज्य-नीति

### परिभाषा

❖ **राज्य नीति का अर्थ :-** तन, मन एवम् धन की सुरक्षा के लिए विधि व्यवस्था प्रदान करने हेतु जो निश्चित कार्यक्रम है, उसे 'राज्य नीति' संज्ञा है।

❖ **राज्य :-** जिस भू क्षेत्र में मानव का आवास है और साथ ही जो सार्वभौम व्यवस्था तंत्र में भागीदार हो, उसे 'राज्य' संज्ञा है।

### आवश्यकता

- मानव प्रयोग व व्यवसाय द्वारा प्राप्त अर्थ तथा प्राकृतिक सम्पदा की सुरक्षा की कामना करता है, क्योंकि उसमें उसका श्रम नियोजित एवम् प्रयोजित है। ऐसा सुरक्षा के लिये राज्य-नीति का अध्ययन व समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी का परिपालन आवश्यक है।

### लक्ष्य अथवा साध्य

- राज्य नीति का लक्ष्य अखण्ड समाज, सार्वभौम व्यवस्था की अक्षुण्णता है।





- **The life of a guide is successful from fulfilling the responsibilities.**
- **The life of a brother or sister is successful from wanting each other's awakening and from bearing the responsibilities with affection.**
- **The life of a friend is successful from realizing generosity towards each other and realizing all-round resolution with prosperity.**
- **The purpose of orderliness of 'ethics of human-religion' is that human being should become successful in behaviour as described above. The eradication of all tendencies of exploitation is possible only from conduct according to above. In this way, undivided society gets realized.**

# Ethics of Human-State

### The Definition

❖ The meaning of 'Ethics of Human-State': - The definite program for providing norms and orderliness for protection of means (body, mind and wealth) is known as 'Ethics of Human-State'.

❖ State: - The land area inhabited by humans and also which participates in holistic orderliness, is known as 'State'.

### The Need

- **Human being wishes for protection of wealth obtained from experimentation and occupation and of naturally available wealth, because his hard work (physical labor) is devoted and utilized in it. The study of 'Ethics of Human-State' and adherence to understanding, honesty and responsibility is necessary for accomplishing this protection.**

### Aim and Purpose

- **The aim of 'Ethics of Human-State' is continuity of undivided society and universal orderliness.**

- **अमानवीयता से मानवीयता की ओर प्रगति हेतु मार्ग प्रशस्त करने के लिए साधन, अवसर तथा व्यवस्था की स्थापना एवम् सुरक्षा जो अतिमानवीयता को प्रोत्साहन देने में समर्थ हो।**

❋ राज्यनीति सहज लक्ष्य को सार्थक और सर्वजन सुलभ बनाने की कामना से समझदारी की आवश्यकता है। समझदारी सह-अस्तित्व रूपी अस्तित्व दर्शन ज्ञान, चैतन्य प्रकृति रूपी जीवन ज्ञान और मानवीयता रूपी आचरण ज्ञान ही संपूर्ण ज्ञान है। हर नर-नारी इसका ज्ञाता कर्ता-भोक्ता होने के योग्य ही है। इसे एक से अनेक मानव तक बोधगम्य, अनुभव गम्य रूप में प्रमाणित होना आवश्यक है। यही एक मात्र उपलब्धि अथवा जागृति ही संपूर्ण भ्रम को दूर करने के लिए पर्याप्त है।

❋ जागृत मानव परंपरा में राज्य का स्वरूप अखंड समाज सार्वभौम व्यवस्था सूत्र अध्ययन से और आचरण से व्याख्या होने के आधार पर विधि को पहचानने के मुख्य रूप से पाँच मुद्दे पाये गये हैं। यह - (1) मानवीय शिक्षा-संस्कार (2) न्याय-सुरक्षा (3) उत्पादन कार्य (4) विनिमय-कोष (5) स्वास्थ्य-सयंम के रूप में गण्य हैं।

राज्य प्रक्रिया में उक्त पाँचों व्यवस्थाएं सार्वभौमिकता के अर्थ में ही सार्थक होना पाया जाता है। मानवीय **शिक्षा-संस्कार** की सफलता अर्थ बोध होने के रूप में है। **न्याय-सुरक्षा** की सफलता संबंधों की पहचान, मूल्यों का निर्वाह, मूल्यांकन पूर्वक उभय तृप्ति के रूप में सार्थक होना पाया जाता है। **उत्पादन-कार्य** हर परिवार की आवश्यकता से अधिक उत्पादन के रूप में, समृद्धि के अर्थ में सार्थक होना पाया जाता है। **विनिमय-कोष** श्रम मूल्य के पहचान सहित, श्रम विनिमय पद्धति से सार्थक होता है। और **स्वास्थ्य-संयम** मानव परंपरा में जीवन जागृति को प्रमाणित करने योग्य शरीर की स्थिति-गति के रूप में सार्थक होता है। यह सब मानव सहज जागृति के अक्षुण्णता का द्योतक है अथवा सार्वभौम व्यवस्था, अखंड समाज और उसकी अक्षुण्णता का द्योतक है। यही राज्य वैभव का स्वरूप है। इस विधि से हर परिवार समाधान-समृद्धि पूर्वक जीना होता है।





- **The purpose of 'Ethics of Human-State' is to provide means, opportunity and protection for paving the way for advancing from inhumanness to humanness and encouraging super-humanness.**

❋ Understanding is needed for realizing 'Ethics of Human-State' and universalizing it. Understanding is the knowledge of existence in the form of coexistence, knowledge of conscious nature in the form of 'jeevan' and knowledge of conduct in the form of 'conduct of humanness'. Every man and woman is worthy of being knower, doer and enjoyer of this knowledge. It is necessary that this understanding gets transferred from one human being to many human beings – as achievement of *bodh* and realization. It is this accomplishment or awakening - that is adequate for dispelling entire delusion.

❋ In awakened human tradition, the State is manifestation of 'Undivided society Universal orderliness' in human-conduct. On this basis, the norms of the State are recognized primarily in five dimensions: - (1) Education, (2) Justice, (3) Production, (4) Exchange, (5) Health.

These five dimensions of a State are meaningful only when they are universal. Education dimension of State is successful when it imparts understanding of meaning. Justice dimension of State is successful in recognition of relationships (in coexistence), fulfilling of values, appraisal and mutual-contentment. Production dimension of State is successful when every family is able to produce more than its needs and realizes prosperity. Exchange dimension of State is successful with recognition of value of hard-work (physical labor) as the basis of exchange. Health (dimension of State) is successful with body's condition being capable of realizing jeevan's awakening. All these dimensions are indicative of human-awakening and its realization as undivided society and universal orderliness. This itself is the grandeur of human State. In this way, every family lives with resolution and prosperity.

- यदि समस्या है तो समाधान है ही। समाधान के आधार पर निश्चितता को पाना अनिवार्य है।

- कोई भी मानव अनिश्चित विधि व व्यवस्था नहीं चाहता। विधि एवम् व्यवस्था के प्रति विश्वास एवम् निष्ठा की निरन्तरता के लिये सार्वभौम विधि व्यवस्था आवश्यक है।

★ इसके पूर्व में न्यायवादी व अवसरवादी व्यवहार का विश्लेषण किया जा चुका है। अवसरवादी नीति से अनिश्चित दिशा, गति एवम् घटना ही सम्भव है, जिससे व्यवस्था में स्थिरता तथा विश्वास नहीं उत्पन्न कराया जा सकता। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जा चुका है कि न्यायवादी नीति के विकास तथा व्यवहारान्वयन के लिये मानवीयता ही आधार है।

★ विधि का लक्ष्य है, निषेध पर विजय (समाधान) और व्यवस्था का लक्ष्य है विधि का संरक्षण एवं संवर्धन। उपरोक्तानुसार निर्णीत विधि से मानवीयता की विजय होता है तथा ऐसी विधि के लिये दी गई व्यवस्था का लक्ष्य मानवीयता का संरक्षण एवम् संवर्धन ही है। इस प्रकार मानवीयता पूर्ण परंपरा विधि व व्यवस्था की उपलब्धि विश्वास है।

- विधि का मूल सूत्र मानवीयता पूर्ण आचरण ही है।

- मानव परम्परा में जागृत मानव ही शिक्षा प्रदान करने में समर्थ है। शिक्षा का प्रयोजन है, अखण्ड सामाजिकता का सूत्र एवम् व्याख्या समाधान, समृद्धि, अभय व सह-अस्तित्व। इस विधि से समाज अखण्डता और सार्वभौमता के रूप में वैभवित होता है।

❖ उपरिवर्णित धर्मनैतिक तथा राज्य-नैतिक व्यवस्था के लिए जो मानवीयतापूर्ण दृष्टि, स्वभाव तथा विषयों को व्यवहार में आचरित करने योग्य अवसर तथा साधन प्रस्तुत हो सके, शिक्षा नीति है।





- **If problem is there then its resolution has to be there. Definitiveness has to result on the basis of resolution.**

- **No human being wants indefiniteness in law and order. Continuity in trust and commitment towards law and order requires them to be universal.**

★ Prior to this the distinction in judicious and opportunist behaviour has been presented. Only indefinite direction, movement and events is possible from opportunistic policies whereby stability and trust in orderliness can not be achieved. Along with this, it has also been made clear that humanness alone can be the basis for development and practice of ethics of justice.

★ The aim of norms is to win (as resolution) over unrighteous/unacceptable. The aim of orderliness is to conserve and encourage adherence to norms. Humanness results from such norms. Conservation and encouragement of humanness results from orderliness given for these norms. In this way, trust is achieved in tradition from norms and orderliness of humanness.

- **The essence of norms is 'conduct of humanness' only.**

- **Awakened human being only is capable of providing education in human tradition. The purpose of education is, formulation and elaboration of undivided society and its realization as resolution, prosperity, fearlessness and coexistence. In this way the society gets realized as grandeur of undividedness and universality.**

❖ Education Policy is that which can develop perspective, innate-nature and concerns of humanness – so that 'Ethics of Human-Religion' and 'Ethics of Human-State' described above could be realized in practice.

★ समस्त मानव समाज द्वारा बौद्धिक, सांस्कृतिक एवम् प्राकृतिक क्षेत्र में ही विभिन्न कार्य सम्पादित किये जा रहे हैं। इन तीनों क्षेत्रों में किया गया कार्य ही मानव के लिए सम्पूर्ण व्यवहार कार्य है।

❖ राज्य-नीति का लक्ष्य **तन, मन एवम् धन की सुरक्षा** है तथा इसके लिए विधि तथा व्यवस्था प्रदान करना है। इस क्रम में यह जान लेना आवश्यक है कि बौद्धिक नियम की अवधारणाएँ ही क्रम से व्यवहार काल में प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक नियमों का अनुसरण करती हैं, जिससे जागृति प्रमाणित होती है। यहाँ हम बौद्धिक, सांस्कृतिक तथा प्राकृतिक क्षेत्र में किए जा रहे व्यवहार के विधि व निषेध पक्ष का अध्ययन करेंगे।

★ सदुपयोगी राज्य-नीति के निर्धारण के लिए विधि व निषेध निम्नानुसार परिलक्षित होता है :-

- **बौद्धिक क्षेत्र**

| विधि (जागृत मानव प्रवृत्ति) | निषेध (भ्रमित मानव प्रवृत्ति) |
|---|---|
| 1. समृद्धि का प्रमाण (व्यय के लिए आय) | संग्रह (आय को व्यय से मुक्त करने का प्रयास) |
| 2. स्नेह (सामाजिक नियम से निर्विरोधिता) का प्रमाण | द्वेष (आवश्यकीय नियम का विरोध) दूसरे का नाश, शोषण से स्वरक्षा की स्वीकृति |
| 3. विद्या (सह-अस्तित्व पूर्ण समझ) समझदारी का प्रमाण | अविद्या (संशयात्मक एवम् विषयात्मक प्रवृत्ति ) अधिमूल्यन, अवमूल्यन, निर्मूल्यन प्रवृत्ति। |
| 4. सरलता (दिखावा रहित स्पष्टता) सहज प्रामाणिक जीवन व मूल्यांकन का प्रमाण | अभिमान (दिखावा पूर्ण जीवन, अपने में अधिमूल्यन) |
| 5. अभय (विवेक) समाधान का प्रमाण | भय (अविवेक) |





★ Entire humankind is carrying out numerous activities only in the conscious domain, cultural domain and natural domain. Entire human behaviour is in these three domains.

❖ The aim of 'Ethics of Human-State' is conservation of body, mind and wealth and provide law and order for the same. Here it is necessary to know that the understanding in human being itself gets manifested as adherence to natural and cultural laws at the time of work and behaviour, whereby awakening gets realized. Here we will study the aspects of the aspects of "right" (acceptable) and "wrong" (unacceptable) in conscious, cultural and natural domains.

★ In the course of determining 'Ethics of Human-State' – the "right" and "wrong" gets demarcated as follows: -

- **The Conscious Domain (of Understanding)**

| The Right (Tendency of Awakened Human being) | The Wrong (Tendency of Deluded Human being) |
|---|---|
| **1** Evidence of Prosperity (Earning to spend for good-use) | Hoarding (The efforts to hoard or not spend what has been earned) |
| **2** Evidence of Affection (Non-opposition to social laws) | Hatred (Opposing the necessary laws), destroying other, while trying to protect oneself from exploitation. |
| **3** Knowledge (understanding of coexistence), evidence of understanding. | Incorrect-knowledge (which contradicts humanness), tendency of doubting and instinctual living, tendency of doing over-valuation, under-valuation and unvaluation |
| **4** Simplicity (clarity devoid of pretensions) | Conceit (life of pretensions, over-valuation of oneself) |
| **5** Evidence of fearlessness (wisdom) and resolution | Fear (unwisdom) |

- **सांस्कृतिक क्षेत्र**

| विधि (जागृत मानव प्रवृत्ति) | निषेध (भ्रमित मानव प्रवृत्ति) |
|---|---|
| 1. स्वधन - प्रतिफल पारितोष पुरस्कार सम्पन्नता का प्रमाण | परधन (शोषण एवं पाखण्ड पूर्वक प्राप्त धन) |
| 2. स्व-नारी या स्व-पुरुष, दयापूर्ण कार्य-व्यवहार (सामाजिक निर्णय अनुसार प्रमाण) | पर-नारी या पर-पुरुष (सामाजिक निर्णय के प्रतिकूल) |
| 3. दया (जीने देना) पात्रता के अनुसार वस्तु सुलभता का प्रमाण | पर-पीड़ा (दूसरों के जीवन में हस्तक्षेप) |

★ **प्राकृतिक क्षेत्र**

| विधि (जागृत मानव प्रवृत्ति) | निषेध (भ्रमित मानव प्रवृत्ति) |
|---|---|
| 1. प्राकृतिक सम्पत्ति खनिज वन का उनके उत्पादन के अनुपात में व्यय प्रमाण | प्राकृतिक सम्पत्ति का उत्पादन से अधिक व्यय (अतिरिक्त व्यय) |
| 2. प्राकृतिक सम्पत्ति के संतुलन में पूरक होने का प्रमाण | उत्पादन में अनानुपातीय दोहन व प्राकृतिक वैभव में हस्तक्षेप एवं शोषण (धरती क्षतिग्रस्त) |
| 3. प्राकृतिक वैभव में आवर्तन-शीलता को बनाये रखना | प्राकृतिक आवर्तनशीलता में बाधा उत्पन्न करना। अनावर्तिय द्रव्यों का शोषण करना |





- **The Cultural Domain**

| The Right (Tendency of Awakened Human being) | The Wrong (Tendency of Deluded Human being) |
|---|---|
| 1 Righteous wealth – The evidence of realizing prosperity through remuneration, gift and reward. | Unrighteous wealth (Wealth obtained through exploitation and charlatanism) |
| 2 Righteous marital relationship, Kindness in work and behaviour (the evidence of living in accordance with society's acceptance) | Unrighteous marital relationship (that which contradicts social- acceptance) |
| 3 Kindness (letting live), the evidence of making the understanding available according to other's receptivity. | Inflict suffering to others (interference in life of others) |

★ **The Natural Domain**

| The Right (Tendency of Awakened Human being) | The Wrong (Tendency of Deluded Human being) |
|---|---|
| 1 The evidence of utilizing natural-treasures (like minerals and forests) in proportion of their regeneration. | Over-use (excessive spending) of natural-treasures than their regeneration capacity. |
| 2 The evidence of being complementary in the balance of natural-treasures. | Disproportionate extraction for production and interference in natural-grandeur, its exploitation, harming the Earth's balance. |
| 3 Maintaining the cyclicality in natural grandeur. | Causing obstruction in natural cyclicality. Extracting non-renewable resources. |

❖ उपरोक्तानुसार विधि एवम् निषेध को मूल आधार मानकर समस्त अर्थ-तन, मन एवम् धन की सुरक्षा की नीति निर्धारित होना स्वाभाविक है।

- राष्ट्रीय स्तर पर राज्य-नीति निम्न छः दृष्टिकोण से निर्धारित की जानी चाहिए तथा उसका लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए। इन बिन्दुओं के आधार पर मानव के सह-अस्तित्व, जागृति तथा समृद्धि की दृष्टि से व्यवस्था तथा स्वानुशासन का सामान्यीकरण महत्वपूर्ण सिद्ध होता है।

★ 1. राष्ट्रीय सुरक्षा, सह-अस्तित्व सिद्धान्त से।

★ 2. आर्थिक सुरक्षा, परिवार सहज आवश्यकता से अधिक उत्पादन सिद्धान्त आवर्तनशील विधि से।

★ 3. उत्पादन सुरक्षा, प्राकृतिक सन्तुलन को बनाये रखने के सिद्धान्त से।

★ 4. विनिमय सुरक्षा, श्रम नियोजन व विनिमय सिद्धान्त से ।

★ 5. विद्याध्ययन संस्कार सुरक्षा, सह-अस्तित्व मूलक मानव केन्द्रित चिन्तन ज्ञान विधि से।

★ 6. नैतिक सुरक्षा, तन, मन, धन रूपी अर्थ का सदुपयोग सुरक्षा से।

★ 1. **राष्ट्रीय सुरक्षा :-** राष्ट्रीय जन-जाति (राष्ट्र में रहने वाले मानव) में राष्ट्रीय स्वत्व स्वतंत्रता अधिकार धारणा एवम् निष्ठा को सुरक्षित रखना। राष्ट्रीय सुरक्षात्मक नीति अखण्ड समाज, सार्वभौम व्यवस्था सहज है। जिससे राष्ट्रान्तर्गत व्यक्ति, परिवार तथा समाज को सुरक्षा का अनुभव हो सके और प्रत्येक व्यक्ति भय से रहित होकर व्यवसाय एवं व्यवहार में रत हो सके, जिससे समाधान समृद्धि-पूर्ण जीवन का अनुभव कर सकने का अवसर उपलब्ध हो।





❖ The policy for security/conservation of entire means – body, mind and wealth – can be determined while accepting above mentioned “right” and “wrong” as fundamental-basis.

- **The Ethics of Human-State at the level of Nation should be determined based on the following six perspectives and its aim should be made clear. The normalization of orderliness and self-discipline proves to be important for whole humankind’s coexistence, awakening and prosperity.**

★ 1. National-Security to be based on coexistence principle.

★ 2. Economic-Security of Nation to be based on the principle of ‘production more than definite-needs of family by way of natural-cyclicality’.

★ 3. Production-Security of Nation to be based on principle of environmental-balance.

★ 4. Exchange-Security of Nation to be based on the principle of ‘hard-work (physical labor) as basis of exchange’.

★ 5. Education-Security of Nation to be based on ‘coexistence rooted human centric contemplation knowledge method’.

★ 6. Ethical-Security of Nation to be based on good-use and conservation of means in the form of body, mind and wealth.

★ **1. National Security**: - National-Security is about ensuring the adherence and commitment in the citizens of the Nation towards National Sovereignty and Independence. The policy of national-security is aligned with undivided society and universal orderliness. National-security is that from which every citizen, family and society of the Nation can experience security and every individual can work and practice fearlessly, where every citizen has the opportunity to experience a resolved and prosperous life.

स्पष्ट है कि ऐसी नीति मात्र मानवीय दृष्टि को लक्ष्य में रखकर ही निर्धारित की जा सकती है, साथ ही ऐसी नीति में अन्य राष्ट्रों के शोषण की कोई संभावना न होने से परस्पर सह-अस्तित्व के लिये विश्वास के आधार का निर्माण होगा।

★ 2. **आर्थिक सुरक्षा :-** राष्ट्रीय अर्थ सुरक्षा का नीति निर्धारण निम्न बिन्दुओं के आधार पर किया जाना चाहिये :-

(1) व्यवस्था द्वारा सभी व्यक्तियों में उनकी क्षमता, पात्रता एवम् योग्यता के आधार पर उत्पादन कार्य में प्रवृत होने वाली नीति का विकास। इसका स्पष्ट स्वरूप परिवार की आवश्यकता से अधिक उत्पादन से है एवं समाधान-समृद्धि हर परिवार में प्रमाणित होने से है।

(2) परिवार समृद्धि के लिये प्रोत्साहन देना तथा तदनुरूप साधन सुलभता करने की नीति को अपनाना।

(3) समाधान, समृद्धि के अर्थ में तृप्ति को सर्वसुलभ करना।

(4) जागृति सहज क्षमता, योग्यता एवम् पात्रता के आधार पर सम्मान व गौरव प्रदान करना।

(5) उत्पादन हेतु अधिकतम श्रम व साधन व्यय करने हेतु प्रोत्साहन देने वाली नीति का विकास करना।

(6) अनेक जाति, वर्ग, मत, सम्प्रदायों एवम् पक्षात्मक विचारों से मुक्त समाधान पूर्ण मानवीयता सहज अखण्ड समाज नीति का विकास करना।

(7) स्वधन, स्वनारी/स्व पुरुष, दया पूर्ण कार्य-व्यवहार नीति का पालन करना।

(8) हर परिवार में समाधान, समृद्धि सहज आधार पर अमीरी-गरीबी का असंतुलन समाप्त करना।

(9) व्यवस्था के अंतर्गत हर आयुवर्ग के नर-नारियों को न्याय सुलभ कराने वाली पद्धति का विकास करना।





It is clear that such a policy can be determined only with perspective of humanness. Also, with such a policy, due to its not having any possibility of exploitation of other Nations, would build trust for mutual coexistence among Nations.

★ **2. Economic Security**: - The policy of a Nation's economic-security should be based on the following points.

1) Developing the policy by which all individuals develop the work-ethics for production-activities based on their potential, ability and receptivity. Its vision is in the form of every family doing more production than its definite needs and thereby living with resolution and prosperity.

2) Developing the policy that encourages prosperity at the level of family and makes the means available accordingly.

3) Making contentment commonly available as living with resolution and prosperity.

4) Giving respect to people and express honour towards people based on their potential, ability and receptivity towards awakening.

5) Developing the policy that encourages maximum utilization of human-labor and available means for production activities.

6) Developing the policies for undivided society of humanness and resolution that is free from thoughts of many castes, groups, opinions, communities and ideologies.

7) Adherence to righteous wealth, righteous marital relationship and kindness in work and behaviour.

8) Ending the divide of rich and poor on the basis of resolution and prosperity in every family.

9) Developing the procedure for making justice available to men and women of all age-groups within the orderliness.

❋ समस्त अर्थ नीति द्वारा मानवीयता पूर्ण दृष्टि, स्वभाव व विषय को लक्ष्य में रखते हुए समस्त संपर्क तथा संबंधों का निर्वाह करने में व्यक्ति से लेकर राष्ट्र तक को समृद्धि होने की पूर्ण संभावना होनी चाहिये, जिसका मूर्त रूप स्वधन, स्व-नारी/स्व-पुरुष एवं दया पूर्ण क्रियाओं में निष्ठा एवं परधन, पर-नारी/परपुरुष एवं पर-पीड़ात्मक क्रियाओं का निराकरण ही है, क्योंकि अंततोगत्वा समस्त संपर्क एवं संबंध और संपत्ति का साकार व्यवहार्य रूप स्वधन, स्व-नारी/स्वपुरुष और दया पूर्ण कार्य व्यवहार ही है।

★ 3. **उत्पादन सुरक्षा :-** प्रत्येक व्यक्ति के श्रम और तकनीक का पूर्ण सदुपयोग करते हुए अर्थ के उत्पादन की दिशा में किये गये प्रयास की उत्पादन संज्ञा है। प्राकृतिक ऐश्वर्य पर श्रम नियोजन पूर्वक उपयोगिता एवं कला मूल्य को स्थापित करना ही उत्पादन है।

❖ प्राप्त श्रम एवं तकनीक का सदुपयोग ही अर्थ सुरक्षा है।

❋ मानव के लिये आवश्यकीय उत्पादन मुख्यत: दो ही हैं - 1. कृषि और 2. उद्योग। अन्य जितने भी व्यवसाय हैं, वह इनके आश्रय में तथा इनके पूरक सिद्ध होते हैं।

❋ उत्पादन की सुरक्षा के लिये व्यवस्था को निम्न तथ्यों के आधार पर नीति निर्धारण करना चाहिये।

(1) निपुणता, कुशलता एवं पांडित्य को वरीयता प्रदान करना।

(2) निपुण एवं कुशल व्यक्ति को साधन उपलब्ध कराना।

(3) मानव उपयोगी वस्तुओं यथा आहार, आवास, अलंकार, दूरगमन, दूरश्रवण तथा दूरदर्शन के लिये वस्तुओं तथा उपकरणों पर प्रयोग तथा प्रयास को सहायता देने वाली नीति का विकास करना।

(4) अधिकाधिक उत्पादन करने वाली, निपुणता तथा कुशलता का समझदारी के साथ सामान्यीकरण करने वाली नीति का विकास करना।





❋ Entire Economic-Policy must have full possibility of realization of prosperity from individual till whole-nation while keeping the perspective, innate-nature and concerns of humanness as aim. This gets realized as commitment in righteous wealth, righteous marital relationship and kindness in work and behaviour and eradication of activities of unrighteous wealth, unrighteous relationship and activities that inflict suffering to others, because eventually the practicable form of entire relationships, associations and property is only in the form of righteous wealth, righteous marital relationship and kindness in work and behaviour.

★ **3. Production Security**: - The endeavour towards generating wealth (useful-products) while making good-use of hard-work (physical labor) and technology is known as production. Instilling utility and art value by deploying hard-work (physical labor) on natural-grandeur itself is production.

❖ Good-use of available hard-work (physical labor) and wealth itself is security.

❋ Mainly there are only two kinds of productions needed for humankind: - 1. Agriculture, 2. Industry. All other kinds of occupations either depend on these are are complementary to these.

❋ State needs to determine the policy for production-security based on the following facts.

1) Giving priority to proficiency in skills, behaviour and knowledge.

2) Making resources available to one with merits of skills and arts.

3) Developing policies that help efforts and innovation for objects of human-use such as food, shelter, utility, long-distance travel, tele-communication.

4) Developing policies for universalization (making commonly available) the skills and arts that maximize production on the basis of understanding.

(5) श्रम के फल का शोषण न हो, ऐसी नीति का विकास करना।

❋ व्यवसाय की सुरक्षा के लिये नीति निर्धारण करते समय न्याय के आश्रय से या न्यायोचित उत्पादन नीति का विकास करने से ही संपर्क एवं संबंधों के निर्वाह हेतु उपयुक्त उपयोग, सदुपयोग, वितरण, प्रयोग व व्यवसाय के लिये समुचित अवसर उपलब्ध हो सकेगा।

★ **4. विनिमय सुरक्षा –** उत्पादित वस्तुओं को श्रम मूल्य मूल्यांकन सहित दूसरों को प्राप्त कराने वाले प्रयास की विनिमय संज्ञा है।

❋ विनिमय सुरक्षा के लिये निम्न आधार पर नीति निर्धारण होना चाहिए।

❋ 1. लाभ-हानि मुक्त वितरण हेतु सह-अस्तित्ववादी दृष्टि व वितरण पद्धति को प्रोत्साहित करने वाली नीति का निर्धारण करना।

❋ 2. श्रम मूल्य और श्रम विनिमय आधारित विनियम पद्धति को विकसित करना।

❋ अंतर्राष्ट्रीय विनिमय लाभ-हानि रहित होना आवश्यक है, जो वस्तु व श्रम मूल्य के रूप में ही सफल है।

☆ **5. विद्याध्ययन सुरक्षा –** अस्तित्व मूलक मानव केन्द्रित, मध्यस्थ दर्शन सह-अस्तित्ववादी विचार विधि से विधिवत् वस्तुस्थिति का अध्ययन कराने वाली जानकारी की 'विद्या' संज्ञा है।

❋ अध्ययन को सफल बनाने का दायित्व अध्यापक, अध्यापन तथा शिक्षा वस्तु और प्रणाली पर है, क्योंकि यह चारों परस्पर पूरक हैं।

❋ शिक्षा प्रणाली, अध्यापक, माता, पिता तथा अध्ययन यह सब एकसूत्रात्मक होने से ही सफल विद्याध्ययन पद्धति का विकास संभव है, जिससे कृतज्ञता तथा सह-अस्तित्व का मार्ग प्रशस्त होता है।





5) Developing policies that ensure that there is no exploitation of the results of hard-work (physical labor).

❋ While determining the policy for occupational-security, it is only by developing production-policy which is as per justice, appropriate opportunities for use, good-use, distribution, innovation and occupation can become available for fulfilling duties and responsibilities in relationships and associations.

★ **4. Exchange Security**: - The endeavours of obtaining produced-objects based on appraisal of physical labor in producing them is known as exchange (in the purview of humanness).

❋ The policy of exchange should be determined on the following bases.

❋ 1. Determining the policy for encouraging perspective and distribution-procedure of of coexistentialism for realizing exchange devoid of profit or loss.

❋ 2. Developing the exchange-procedures based on hard-work (physical labor).

❋ International-exchange ought to be devoid of profit and loss, which is successful only when it is based on value of objects of human-needs and hard-work (physical labor) of human being.

★ **5. Education Security**: - That which imparts methodical study of realities from existence-rooted human-centric method (Madhyasth Darshan Sah-astitva-vad) is known as 'education'.

❋ The responsibility of making the study successful is with teacher, teaching, education-content and education-process – because these four are mutually complementary.

❋ It is possible to develop successful education procedures only when the education-process, teacher, mother-father and study are in complete agreement with each other, from which the path of gratitude and coexistence gets paved.

❋ शिक्षा प्रणाली के लिये शिक्षा नीति के निर्धारण के लिये धर्म-नीति और अखण्ड समाज सार्वभौम व्यवस्था रूपी राज्य-नीति का निर्भ्रम ज्ञान आवश्यक है।

**शिक्षा नीति का लक्ष्य है -**

❋ मानवीय दृष्टि, प्रवृत्ति व स्वभाव सहज ज्ञान-विवेक-विज्ञान सम्पन्न समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी, भागीदारी संपन्न नागरिकों का निर्माण, जिनमें अतिमानवीयता के लिये मार्ग प्रशस्त होता है।

❋ शिक्षा नीति की सफलता निम्न सूत्रों से है :-

(1) विज्ञान के साथ चैतन्य पक्ष का अध्ययन।

(2) मनोविज्ञान के साथ संस्कार पक्ष का अध्ययन।

(3) अर्थशास्त्र के साथ प्राकृतिक एवं वैयक्तिक ऐश्वर्य के सदुपयोगात्मक तथा सुरक्षात्मक नीति पक्ष का अध्ययन।

(4) समाजशास्त्र के साथ मानवीय संस्कृति तथा सभ्यता का अध्ययन।

(5) राजनीति शास्त्र के साथ मानवीयता के संरक्षण एवं संवर्धन के नीति पक्ष का अध्ययन।

(6) दर्शन शास्त्र के साथ क्रिया पक्ष का अध्ययन।

(7) इतिहास एवं भूगोल के साथ मानव तथा मानवीयता का अध्ययन।

(8) साहित्य शास्त्र के साथ तात्विकता का अध्ययन।

★ 6. **नैतिक सुरक्षा :-** यह मूलतः जीवन जागृति पर आधारित है। जागृति पूर्वक ही अखण्ड समाज सार्वभौम व्यवस्था को पहचानना होता है। फलस्वरूप नैतिकता प्रमाणित होती है। यही सदुपयोग, सुरक्षा का अर्थ है।

**''सर्व शुभ हो''**





❋ The absolute knowledge of 'Ethics of Human-Religion' and 'Ethics of Human-State' in the form of undivided society and universal orderliness is needed for determining Education-policy and Education-processes.

**The Aim of Education Policy is**: -

❋ Making the citizens with perspective, tendency and innate-nature of humanness, i.e. their having understanding, honesty, responsibility and participation based on knowledge, wisdom and science.

❋ The success of education policy is from the following: -

1) The study of conscious aspect (jeevan) along with science.

2) The study of impressions-aspect (*sanskar*) along with psychology.

3) The study of ethics of good-use and conservation of natural and conscious grandeur along with economics.

4) The study of culture and civilization of humanness along with sociology.

5) The study of ethics of conservation and growth of humanness along with political-sciences.

6) The study of activities (units of nature as realities) along with spiritual studies.

7) The study of human being and humanness along with history and geography.

8) The study of reality along with literature.

★ **6. Moral Security**: - Moral-Security is based on jeevan's awakening. It is only upon awakening the undivided society and universal orderliness gets recognized. As a result ethics are realized. This itself is the meaning of good-use and conservation.

**"May Universal goodness Prevail"**

## अध्याय - सत्रह

# रहस्य मुक्ति

- समझ को प्रगट न करना या न कर सकना या समझ सम्पन्न नहीं हो पाना ही रहस्य है तथा इसके लिए जो अक्षमता है उसे 'रहस्यता' संज्ञा है।

- इकाई क्रिया है। समझदारी मानव में प्रमाण वर्तमान है। मानव ही सह-अस्तित्व में अनुभव मूलक विधि से संपूर्ण समझ संपन्न होता है। जागृत मानव, भ्रमित मानव के जागृति का मार्ग प्रशस्त कर स्वयं के जागृति को प्रमाणित करता है।

- प्रत्येक इकाई का सर्वांगीण दर्शन उसके रूप, गुण, स्वभाव व धर्म से होता है। इनमें से रूप, गुण और स्वभाव समझ में आता है और धर्म की मात्र अनुभूति ही संभव है, जो अनुभव प्राप्त इकाई द्वारा एक प्रक्रियाबद्ध अनुभव के संभावना पूर्ण आदेश, संदेश एवं निर्देश व अध्ययन से ही संभव है।

- जीवन में अनुभव सह-अस्तित्व में होना स्पष्ट है। अनुभव मूलक विधि से पाँचों ज्ञानेन्द्रियों द्वारा संज्ञानशीलता पूर्वक व्यवस्था में प्रमाणित होना स्वाभाविक है। इसी आधार पर मन में मूल्यों का आस्वादन क्रिया संपन्न होता है। तब संज्ञानशीलता अर्थात् सह-अस्तित्व समाधान प्रधान रूप में प्रमाणित होता है। यही मूल्यों के आस्वादन के रूप में परिलक्षित होता है। यही निरंतर सुख का प्रमाण है और संज्ञानशीलता पूर्वक संवेदना नियंत्रित होने का प्रमाण है।





## Chapter-17

# Liberation from Mysteriousness

- **Not expressing the understanding, or being unable to express the understanding, or not being able to attain understanding itself is mystery and the lack of potential for this is known as 'mysteriousness'.**
- **Unit is activity. The eternal presence of humankind gets evidenced with understanding. Human being is the only unit in existence that achieves complete understanding from realization in coexistence. An awakened human being evidences his own awakening (understanding) by paving the way for awakening (understanding) of deluded human being.**
- **Holistic view (*darshan*) of every unit is understanding its form, characteristics, innate-nature and religion. Of these – form, characteristics and innate-nature are understood and only realization is possible of religion, which is possible only from methodically following the order, guidance and instruction with possibility of realization for study from the unit (human being) who has achieved realization.**
- **The realization in jeevan happens in coexistence. It is from realization rooted method that human being evidences his understanding through the five sense organs by participating in orderliness. It is on the basis of understanding that values get savoured by human being through the five sense organs. Thereby understanding of coexistence gets manifested as resolution. This itself is in the form of savouring of values in human being. This itself is the evidence of continuity of happiness. This itself is the evidence of sensations becoming restrained with understanding.**

- जीवन सदा सुख की पिपासा से तृषित रहता है।

★ सुख की उपलब्धि के लिये पंचेन्द्रियों द्वारा अजस्त्र प्रयत्न के पश्चात् भी उसकी (सुख की) अक्षुण्णता या निरंतरता न हो पाने के परिणाम स्वरूप ही ऐसे सुख की निरंतरता की संभावना की ओर मानव पुनः प्रयत्नशील होता है। ऐसी संभावना इस सिद्धांत पर है कि जिसका चैतन्य पक्ष जितना जागृत है उसके पूर्ण होने व प्रमाणित होने की उतनी ही संभावना है। जिससे सुख की निरंतरता होती है। यही कारण है कि मानव अपने से अधिक जागृत से संपर्क एवं संबंध के लिये प्रयत्नशील रहता है।

- रहस्यता का उन्मूलन चैतन्य पक्ष (बौद्धिक) के जागृति के स्तर पर आधारित है। चैतन्य पक्ष (बौद्धिक) सहज जागृति स्तर भेद से उसकी अवस्थाएँ हैं।

- बौद्धिक विकास :- पूर्ण जागृत, अर्ध जागृत, अल्प जागृत तथा अजागृत भेद से है। इसे ही पूर्ण चेतन, अर्ध चेतन, अल्प चेतन तथा अचेतन के नाम से भी संबोधित किया गया है।

- चैतन्य इकाई में मन, वृत्ति, चित्त, बुद्धि व आत्मा ये पाँच बल अविभाज्य हैं।

- मानव के प्रत्येक क्रिया-कलाप में बौद्धिक प्रयुक्ति है। यह क्रम से आशा, विचार, इच्छा, संकल्प, अस्तित्वानुभूति है।

- भ्रमवश मन द्वारा संवेदना सापेक्ष आशा, वृत्ति के द्वारा आशा के अनुरूप विचार, चित्त के द्वारा विचार के अनुरूप इच्छा; यह इंद्रिय मूलक संवेदनशील प्रणाली है। बुद्धि के आत्मविमुख होने से भ्रमित चित्रण और इच्छाओं का होना पाया जाता है।





- **Jeevan continuously thirsts for happiness.**

★ When despite human being's constantly trying to achieve happiness through five senses, permanence or continuity of happiness does not happen, then he starts trying again where there is possibility of achieving continuity of happiness. This possibility is there based on the principle: - "The extent to which one's conscious aspect is awakened is the extent of possibility for its becoming completely-awakened and getting realized." Continuity of happiness gets realized from completeness in awakening of conscious aspect. This is the reason human being always keeps trying to associate and relate with those who are more awakened than himself.

- **The eradication of mysteriousness is based on level of awakening of conscious aspect. The distinctions in levels of awakening of conscious aspect determine distinction in its evolution stages.**

- **Evolution of consciousness is with distinctions of completely-awakened, half-awakened, semi-awakened and un-awakened. These are also called as completely-conscious, half-conscious, semi-conscious and unconscious.**

- **A conscious unit (jeevan) has the five inseparable activities – *mun, vritti, chitta, buddhi* and *atma*.**

- **Every human activity is with use of conscious aspect, these are as wants, thoughts, desires, conviction and realization in existence.**

- **Due to delusion, the wants of *mun* are with respect to sensations from body, the thoughts of *vritti* follow those wants, desires of *chitta* follow those thoughts. This process is expression of sensitivity rooted in sense-organs – wherein deluded imaging and desires are found to be there because of *buddhi*'s disorientation from *atma*.**

- जागृति में मन की आशा वृत्ति की अनुरूपता में, वृत्ति के द्वारा विचार चित्त की अनुरूपता में, चित्त की इच्छा बुद्धि के बोधन के अनुरूप तथा बुद्धि आत्मा की अस्तित्वानुभूति अनुभव स्वीकृति पूर्वक सार्थक होती है। फलत: प्रत्यावर्तन-परावर्तन क्रियाएं सिद्ध होती हैं।

- स्थूल शरीर और मन के बीच में आशा, मन और वृत्ति के मध्य में विचार, वृत्ति और चित्त के बीच में इच्छा, चित्त और बुद्धि के मध्य में संकल्प तथा बुद्धि और आत्मा के मध्य में प्रमाण की अपेक्षा रहती है तथा यह आवर्तन क्रिया है। प्रत्यावर्तन-परावर्तन के संयुक्त रूप का नाम आवर्तन क्रिया है। यही जागृत जीवन चक्र है।

- इस प्रकार जीवन में सामरस्यता रहती है। शरीर के लिये मन, मन के लिये वृत्ति, वृत्ति के लिये चित्त, चित्त के लिये बुद्धि तथा बुद्धि के लिये आत्मा, आत्मा के लिये सह-अस्तित्व में अनुभव सहज प्रेरकता है।

★ मन के अनुरूप ही स्थूल शरीर का संचालन है, भ्रमवश इनके बीच में आशा बनी रहती है। परंतु वृत्ति मन से विकसित होने के कारण मन की आशा के अनुरूप नहीं बन पाती और परस्पर विषमता बनी ही रहती है। वृत्ति अपने अनुसार मन और शरीर का उपयोग चाहती है। इसी क्रम से वृत्ति, चित्त, बुद्धि तथा आत्मा में विषमता बनी ही रहती है। यह विषमता ही श्रम की अनुभूति तथा विश्राम की तृषा के लिये कारण सिद्ध होती है।

❈ अनुभव मूलक विधि से सहअस्तित्व में अनुभव प्रमाण आत्मा में, अनुभव बोध बुद्धि में, बोधानुरूप चिंतन चित्त में, चिंतन अनुरूप तुलन (न्याय, धर्म, सत्य) वृत्ति में, तुलन अनुसार आस्वादन मन में होता है।





- **In the purview of awakening - wants of *mun* follow *vritti*, thoughts of *vritti* follow *chitta*, desires of *chitta* follow understanding of *buddhi* and *buddhi* achieves its potential with acceptance of realization in coexistence that happens in *atma*. As a result, reflection and manifestation activities of jeevan get completely realized.**

- **There is expectation of want between gross-body and *mun*, of thought between *mun* and *vritti*, of desire between *vritti* and *chitta* and of conviction between *chitta* and *buddhi* and of evidence of realization between *buddhi* and *atma*. This is a cyclical-activity, which is combination of reflection and manifestation. This itself is the cycle of awakened jeevan.**

- **In this way there is harmony in jeevan. Natural inspiration for body is from *mun*, for *mun* is from *vritti*, for *vritti* is from *chitta*, for *chitta* is from *buddhi* and for *buddhi* is from *atma* and for *atma* realization in coexistence is natural inspiration.**

★ The control of gross-body is according to *mun* only, but due to delusion *mun* wants to experience happiness from body. However since *vritti* is subtler than *mun*, it can not become according to this want of *mun* and mutual-discord between them remains. *Vritti* wants to use *mun* and body according to its thoughts. In the same way, the discord between *vritti*, *chitta*, *buddhi* and *atma* remains to be there. This discord itself gets experienced as unrest and causes the thirst for effortlessness.

❈ Awakening or resolution is reverse of the above sequence, which is as follows. In realization rooted way, the wants in *mun* are according to *vritti* and the control of body happens according to that, thoughts in *vritti* are according to *chitta*, desires in *chitta* are according to *buddhi* and conviction in *buddhi* is according to realization in *atma*. Realization in coexistence itself is complete awakening.

❋ अनुभवगामी विधि से वृत्ति में उत्पन्न विचारों के अनुरूप मन में आशा का होना तथा उसकी पूर्ति हेतु ही शरीर का उपयोग एवं सदुपयोग करने की, चित्त में उत्पन्न इच्छा को कार्यरूप देने हेतु विचार करने की, बुद्धि में आत्मानुभव के लिये किये गये संकल्प के अनुसार इच्छा की अपेक्षा का नियंत्रित बने रहना ही प्रत्यावर्तन क्रिया है।

❋ आत्मा के मध्यस्थ क्रिया होने के कारण - बुद्धि, चित्त, वृत्ति, मन तथा शरीर; आत्मा द्वारा अनुशासित तथा नियन्त्रित होना अस्तित्व सहज है। इस नियन्त्रण के विरोध के क्रम में जो प्रयास है, वह ही विषमता को जन्म देता है।

❋ मन, वृत्ति से; वृत्ति चित्त से; चित्त बुद्धि से; तथा बुद्धि आत्मा से आप्लावित रहती ही है। यही जागृति है फलतः इस क्रम में क्रियाशील होने पर, तृप्त होने के कारण, उनके क्रियाकलाप में पूर्ण सक्षमता आ जाती है, जिससे श्रम का क्षोभ नहीं होता तथा जीवन के सभी सोपानों में विश्राम प्रमाणित होता है। यही सर्वतोमुखी समाधान और अभ्युदय है। ऐसी स्थिति में शरीर पूर्णतः मन द्वारा नियंत्रित होता है। नियंत्रित अर्थात् संज्ञानशीलता के आधार पर संवेदनाएं नियंत्रित हो जाती हैं।

- जड़ परमाणु ही विकास पूर्वक चैतन्य अवस्था अथवा पद को पाता है।

❋ उपरोक्त क्रमानुसार जड़ परमाणु विकास को पाकर चैतन्य पद में जीवावस्था में संवेदनाओं को वंशानुसार पहचानने के रूप में प्रमाणित हैं। तात्पर्य यह है कि 'जीवन-पुंज' के रूप में एक परमाणु क्रियाशील रहता है।

- जीवावस्था में, मन शरीर को जीने की आशा पूर्वक जीवंत बनाये रखते हुये वंशानुषंगीय विधि से कार्य करता है। अतः इसे अजागृत की संज्ञा है। जीवावस्था में बौद्धिक पक्ष अविकसित रहता है। उस अवस्था में मन, शरीर द्वारा नियंत्रित होता है तथा वृत्ति और चित्त उपेक्षित रहते हैं।

- केवल **वृत्ति** और **मन** के संयोग की स्थिति में मानव जीवन में कल्पना अथवा **स्वप्न** का चित्रण कार्य ही सम्पादित होता है। कार्य-व्यवहार में प्रमाणित न होने वाली कल्पनाएँ स्वप्न हैं।





❋ Realization oriented method (or in the process of study) is about reflection-activity, wherein the wants in *mun* happen towards making use and good-use of body according to thoughts that arise in *vritti* and desires arise in *chitta* to fulfill these thoughts, while desires remain restrained with conviction made in *buddhi* for achieving realization in *atma*.

❋ Since *atma* is activity of centeredness – there is natural provision in existence for discipline and restraint of *buddhi*, *chitta*, *vritti*, *mun* and body by *atma*. The endeavours that contradict this restraint alone give rise to discords.

❋ Awakening is inundation of *mun* from effect of *vritti*, *vritti* from *chitta*, *chitta* from *buddhi* and *buddhi* from *atma*. When jeevan is active in this way, it realizes its complete potential, whereby there is no friction in its efforts and effortlessness becomes evident in all levels of jeevan. This itself is all-round resolution. In this state, body is fully restrained by *mun*. Restraint means – sensations become restrained on the basis of understanding (completeness of cognition).

- **Atom of material nature itself transcends to conscious stage or plane.**

❋ The atom of material nature upon transcending to conscious-status evidences sensory-recognition according to specie in animal order. This means, an atom is continuously active in 'jeevan cloud'.

- **In animal order, jeevan functions with specie conformance method while keeping body alive along with want-to-be-alive. Therefore it is known as 'un-awakened' stage. In animal order the intellect aspect remains undeveloped. In that state *mun* functions according to body, while *vritti* and *chitta* remain neglected.**

- **In human-jeevan only with the union of *mun* and *vritti* - the imaging is merely of imaginations or dreams. The imaginations that do not get manifested in work and behaviour are dreams.**

- आत्म बोध पर्यन्त, मानव के द्वारा जागृत, स्वप्न एवम् सुषुप्ति अवस्था में कायिक, वाचिक तथा मानसिक साधनों से सम्पन्न होने वाले समस्त क्रिया कलाप के मूल में अहंकार ही है। अर्थात् भ्रमित मान्यताएँ ही हैं।
- भ्रमवश किये जाने वाले असत्य कल्पनाओं को 'अहंकार' अथवा 'अज्ञान' संज्ञा है। जागृति सहज विधि से आत्मबोध होने तक अहंकार का अभाव नहीं है।
- इसी अहंकार को चित्रण में 'अभिमान' संज्ञा से, वृत्ति में 'हठ' संज्ञा से तथा मन में 'आसक्ति और आवेश' संज्ञा से जाना जाता है।
- आवेश एवं आसक्ति मानव के जीवन को सफल बनाने में सर्वदा असमर्थ हैं। इसीलिए आवेश एवं आसक्ति के उन्मूलन के लिये अध्ययन, प्रयोग एवं प्रयास है।

★ साविपरीतता (भ्रम) से मुक्ति अर्थात् समाधानित होने के लिए सह-अस्तित्व में भौतिक क्रिया, रासायनिक क्रिया व जीवन क्रिया का अध्ययन ही है। जागृत परंपरा में दो प्रकार की प्रक्रिया है :-

★ एक - अनुकरण, अनुसरण, अध्ययन और प्रमाणीकरण।

★ दो - शोध, अनुसंधान और प्रमाणीकरण।

★ एक - अनुकरण तथा अनुसरण इसका विशद् विश्लेषण पूर्व के अध्यायों में यथा-स्थान किया है, जिसका सारभूत कार्यक्रम है। यह जागृत परंपरागत विधि से सार्थक होता है।

❋ 1. न्यायपूर्ण व्यवहार का अनुकरण अथवा अनुसरण करना।

❋ 2. समाधान पूर्ण (धर्म पूर्ण) विचार में पारंगत होना-रहना।

❋ उपरोक्त दोनों कार्यक्रमों की दृढ़ता एवं निष्ठा की अपेक्षा में सत्यता की अनुभूति का अधिकार जागृति पूर्वक प्राप्त होता है, फलस्वरूप बुद्धि आप्लावित होती है।





- **Until understanding of self becomes complete at the root of entire activities of human being in waking, dreaming, or sleeping states – there is false sense of self, which are beliefs of delusion.**
- **The untrue imaginations due to delusion are known as 'false sense of self' or 'ignorance'. By method of awakening, until one attains complete understanding of self, the false sense of self is not absent.**
- **This false sense of self itself is known as 'conceit' at the level of imaging, 'stubbornness' at the level of *vritti* and 'attachment and agitation' at the level of *mun*.**
- **Attachment and agitation are totally incapable in making human living successful. Therefore study, experiment and practice are for eradicating attachment and agitation.**

★ The study of nature (physical-activity, chemical-activity and jeevan-activity) in coexistence is the only way for becoming liberated from conflicting thoughts (delusion), i.e. for becoming resolved. There are only two paths for realization of awakened tradition: -

★ One - Follow, Emulate, Study and Evidence

★ Two - Research, Explore and Evidence

★ One – the detailed reasoning of the path of "following and emulating" has been done in earlier chapters where needed. This path is realized by way of awakened tradition.

❋ 1. Following or emulating behaviour of justice.

❋ 2. Becoming established (inclined) in thoughts of resolution.

❋ Through commitment and perseverance in above two programs one attains capability of becoming realized in truth and as a result *buddhi* becomes inundated (fulfilled).

❋ **दो - अनुसंधान - जो आविष्कारात्मक अनुभूति है, उसका साधक पूरा अध्ययन करता है। पूरे अध्ययन से तात्पर्य है क्रिया की आरंभिक स्थिति अर्थात् ह्रास की अंतिम स्थिति और विकास व जागृति तक अध्ययन करना।**

❋ **इस अध्ययन से साधक को यह स्पष्ट होता है कि अंतिम से अंतिम ह्रास एक सूक्ष्म परमाणु या इससे भी सूक्ष्म हो सकता है। यह परिणाम कितना भी सूक्ष्म क्यों न हो, अंततोगत्वा क्रिया ही है। अब उससे यह भी स्पष्ट होता है कि समस्त क्रियाएँ महावकाश में ओत-प्रोत हैं। यह महावकाश शून्य अर्थात् व्यापक वस्तु ही है। इस शून्य की सर्वत्र समान अवस्थिति ही एक मात्र कारण है कि समस्त इकाईयों की क्रिया के लिए समान रूप से प्रेरणा सम्पन्न रहने के लिये सत्ता उपलब्ध है। ऐसे समाधि तत्पर साधक में, ज्ञान-विज्ञान-विवेक सफल होता है। जिसने संपूर्ण ह्रास-विकास को देखा है, स्वयम् को देखा है और अपने को सतत् विकासशील सृष्टि के किसी विकासांश में पाया। अब साधक यहाँ से विकास की ओर अध्ययन करता है।**

**अध्ययन पूर्वक यह निर्णय में आता है कि विकास का चरमोत्कर्ष, व्यापक सत्ता में समूची क्रियाएँ अनवरत क्रियाशील हैं, इसी व्यापकता में अनुभूति योग्य क्षमता, योग्यता एवं पात्रता का उपार्जन ही एकमात्र परम पुरुषार्थ है, यही जागृति है। साधक यह भी अनुभव करता है कि यह मात्र उसका अथवा एक साधक का लक्ष्य नहीं अपितु समूचे मानव का अंतिम लक्ष्य है। अत: ऐसी क्षमता, योग्यता एवं पात्रता को उपार्जित करने के लिए अमानवीयता से मानवीयता की ओर न्यायपूर्ण व्यवहारपूर्वक स्वयं को अपनी स्थिति में पाता है। साधक जब अभ्यासपूर्वक पूर्णतया न्यायपूर्ण व्यवहार व धर्मपूर्ण विचार में प्रतिष्ठित हो जाता है, तो तत्काल ही ऐसी तात्विकता सहित प्रतिभा संपन्न साधक, देव मानव एवं दिव्य मानवीयता के लिए जो शेष जागृति है, उसकी पूर्ति हेतु चैतन्य पक्ष की क्षमता को विकसित करना आरंभ कर देता है। फलस्वरूप ही देव मानवीयता और दिव्य मानवीयता का पात्र बनता है और प्रमाणित होता है।**





❋ Two – the path of exploration – which is realization upon a new-discovery, the aspirant does complete study of his discovery. Complete-study means understanding from initial-state (ultimate regression) of activity until the ultimate of progress and awakening.

❋ It becomes clear to the aspirant from this study that the ultimate regression can be an atom or it can be even subtler. Howsomuch subtle a constitution may be, it is after all an activity only. Now it also becomes clear to him that entire activities are totally inundated in a Great emptiness. This Great emptiness is the Space or the pervasive element (Omnipresence) itself. The homogeneity of this Space is the only cause that Omnipotence is immanent as inspiration to entire units of nature for their activity in the same way. In such an aspirant, who is earnest for *Samadhi*, Knowledge-Wisdom-Science become successful. One who has seen entire deterioration and advancement, who has seen self and found himself to be in an evolution stage of the continuously evolving Cosmic order. From this point, the aspirant starts studying for his advancement.

Upon study he comes to conclude that the ultimate of advancement is Awakening, which is realization in all pervasive Omnipotence in which entire units are continuously active and acquiring potential, ability and receptivity of such realization itself is the single most and ultimate fortitude, which is Awakening. The aspirant also realizes that this is not just his aim, or of only one aspirant's aim, but it is the absolute existential purpose of entire humankind. Therefore for attaining such potential, ability and receptivity, to move from inhumanness to humanness, he gets established in behaviour of justice and thoughts of religion. Being established thus, instantly such capable aspirant starts developing potential in conscious aspect for fulfilling the remaining awakening for godly humanness and divine humanness. As a result, he becomes a worthy-receptive of godly humanness and divine humanness and gets realized.

व्यापकता में संपूर्ण प्रकृति का अस्तित्व, विकास और जागृति को अनुभव करने लगता है। इस उपलब्धि के फलस्वरूप ही साधक अनुभव करता है कि जीवन सफल हो गया, जागृति की चरम उपलब्धि हुई। यह उसमें 'प्राप्त अनुभूति के आनंद' को परंपरा प्रमाण के रूप में स्थिर कर देता है। ऐसी उपलब्धि के अनंतर रहस्यता के उन्मूलन की दक्षता, व्यवहार में मानवीयता की परिपूर्ण उपादेयता को सिद्ध करने में उनका प्रस्तुतीकरण ही प्रमाण बन जाता है। समाधि का तात्पर्य समत्व से है। समत्व आत्मा में होने वाले अनुभव बोध से ओत-प्रोत होने से है। ये जागृत मानव परंपरा में स्वाभाविक क्रिया है। हर विद्यार्थी साधक संज्ञा में होना पाया जाता है।

❋ उपरोक्तानुसार जब साधक अनुभव मूलक विधि से मानवीयतापूर्ण व्यवहार एवं धर्म पूर्ण विचार में प्रतिष्ठित हो जाता है तब मन, वृत्ति, चित्त, बुद्धि और आत्मा सहज क्रियाएं किस प्रकार से संपादित होती है, इसका अनुभूतिपरक वर्णन नीचे दिया गया है।

- मन जब वृत्ति का संकेत ग्रहण करने योग्य होता है तब समाधान व न्यायपूर्ण व्यवहार में परिवर्तित होता है, जो मित्र आशाएं हैं। मैत्री तथा न्याय की प्रत्याशा ही स्नेह के रूप में प्रदर्शित होती है। स्नेह के फलस्वरूप ही सुख तथा न्याय एवं निर्विरोधिता है। मानवीयता के संरक्षणात्मक, परिपालनात्मक और आचरणात्मक नियमों की ही 'न्याय' संज्ञा है।

- अनुभवमूलक विधि से वृत्ति जब चित्त का संकेत ग्रहण करता है, तब शान्ति सहज अनुभव होता है। विचार की पुष्टि चिन्तन से ही है। चिन्तन से ही प्रक्रिया, फल और प्रयोजन का निर्णय होता है।





Thereby, he starts realizing in entire nature's existence in the Omnipresence, progress and awakening. As a result of this accomplishment the aspirant realizes that his jeevan has become truly successful and he has accomplished the ultimate – which is awakening. This establishes the 'bliss of realizing the immanent' in him for evidencing this understanding in the form of a tradition. After this accomplishment, his presentation itself becomes evidence of knowledge – as his skill for uprooting the mysteriousness and proving absolute-necessisity of humanness in behaviour. Samadhi means coherence. Coherence means inundation from *bodh* of realization that happens in *atma*. This becomes a norm in awakened human tradition. Every disciple (student) in an awakened human tradition is an aspirant of awakening.

❋ According to above description, when the aspirant gets established in behaviour of humanness and thoughts of religion – then the way the activities of *mun*, *vritti*, *chitta* and *buddhi* happen, its elucidation is given below.

- **When *mun* becomes capable of receiving signals of *vritti* then it gets oriented in resolution and behaviour of humanness, which are the wants of friendliness (anticipation of living in harmony with others). Such anticipation of friendliness and justice gets manifested in the form of affection. The response of affection is unopposedness in happiness and justice. The laws of conservation, adherence and conduct of humanness itself are known as 'justice'.**

- **When *vritti* becomes capable of receiving signals of *chitta* then one becomes realized in peace. The strength of thoughts is from contemplation (in *chitta*) only. Contemplation itself is determination of process, result and purpose in self.**

- ★ **अतः जागृत जीवन में मन, वृत्ति तथा चित्त की एकसूत्रता से न्यायपूर्ण व्यवहार के लिए मित्र आशाएं जन्मती हैं जो प्रक्रिया, फल और प्रयोजन का निर्णय करती हैं, जिसे 'धर्म पूर्ण विचार' संज्ञा है। यह अनुभव मूलक विधि से सफल होता है।**

- **चित्त जब बुद्धि का संकेत ग्रहण करता है तब संतोष शांति सहज अनुभूति होती है। फलस्वरूप स्वायत्त मानव जीवन में जागृति का प्रादुर्भाव होता है अर्थात् मानव स्व-तंत्रित होता है।**

- ❋ **ऐसे स्वतंत्र मानव में अधिक उत्पादन, कम उपभोग तथा अपव्यय का अत्याभाव होता है और वह अधिकाधिक जागृति के लिए प्रेरणा स्त्रोत होता है। मानव में स्वतंत्रता की तृषा पाई ही जाती है।**

- **मन, वृत्ति, चित्त, बुद्धि एकसूत्रता में जब होते हैं तब न्याय, धर्म, सत्य व्यवहार-कार्य में प्रमाणित होता है।**

- **बुद्धि जब आत्मा का संकेत ग्रहण करता है, तब 'स्व-बोध' होता है, यही 'आत्मबोध' हैं। आत्मबोध से सत्य संकल्प होता है। सत्य संकल्प मात्र सत्य पूर्ण एवं सत्यपूर्ण आचरण ही है।**

- **मन, वृत्ति, चित्त और बुद्धि आत्मानुशासित होने पर न्यायपूर्ण व्यवहार धर्म पूर्ण विचार में सत्यानुभूति सहज सहअस्तित्व प्रतिष्ठित होता है।**

- **निश्चयात्मक निरंतरता ही संकल्प है। निश्चय सहित चित्रण ही योजना है तथा योजना सहित विचार ही समाधान सहज अभिव्यक्ति है।**

- **पूर्वानुषंगिक संकेत ग्रहण योग्यता का प्रादुर्भाव शक्ति की अंतर्नियामन प्रक्रिया से ही है। यह व्यवहार का विचार में, विचार का इच्छा में, इच्छा का ऋतम्भरा में तथा ऋतम्भरा का अनुभव में अथवा मध्यस्थ क्रिया में प्रत्यावर्तन ही है।**





- ★ Therefore, coherence of *mun*, *vritti* and *chitta* gives rise to wants of friendliness for behaviour of justice, which determine process, result and purpose, which are known as 'thoughts of religion'. This becomes successful from realization rooted method.

- **When *chitta* becomes capable of receiving signals of *buddhi* then realization of contentment happens. As a result, awakening arises in the self-sufficient human-jeevan, or human being becomes self-driven.**

- ❋ Such a self-driven human being is found to be realizing excess production, less consumption and there is least wastage and he is source of inspiration for awakening of more and more people. Humankind has the thirst for independence.

- **When *mun*, *vritti* and *chitta* are in alignment then understanding of justice, religion and truth is achieved.**

- **When *buddhi* becomes capable of receiving signals of *atma*, then understanding of self is achieved, which itself is "self-realization". Conviction in Truth results from Self-Realization. Conviction in Truth is in the form of Truthful Conduct (Conduct of Humanness) only.**

- **When *mun*, *vritti*, *chitta* and *buddhi* are in discipline of *atma*, then behaviour of justice and thoughts of religion are established in self because of realization in Truth.**

- **Continuity of Definitiveness itself is Conviction. Imaging with Definitiveness itself is known as Plan and Planned-thoughts itself is Meaningful-expression.**

- **The capability of receiving signals from subtler-self (causal-activities of *buddhi* and *atma*) emerges only from inversion of conscious forces. This is by reflecting one's behaviour into thoughts, thoughts into desires, desires into conviction and conviction into *atma* or in activity of centeredness.**

- अपराध के अभाव में दया पूर्ण आशा का प्रत्यावर्तन, अन्याय के अभाव में न्यायपूर्ण विचार का प्रत्यावर्तन, आसक्ति के अभाव में समाधान पूर्ण इच्छा का प्रत्यावर्तन तथा अज्ञान के अभाव में ज्ञानपूर्ण संकल्प का प्रत्यावर्तन होता है।

★ अतः अपराधहीन व्यवहार के लिए व्यवस्था का प्रभाव, अन्यायहीन विचार के लिए अखंड समाज का प्रभाव तथा अज्ञान रहित बुद्धि के लिए अन्तर्नियामन अथवा ध्यान आवश्यक है, जिससे ही प्रत्यावर्तन क्रिया सफल है। ध्यान का अर्थ समझने के लिए मन, वृत्ति, चित्त, बुद्धि को केन्द्रित करना और समझने-अनुभव करने के उपरांत प्रमाणित करने के लिए मन, वृत्ति, चित्त, बुद्धि को केंद्रित करना। अर्थबोध होने के लिए तथा अर्थ बोध को प्रमाणित करने के लिए ध्यान होना आवश्यक है। यही ध्येय है। सर्वमानव ध्याता है।

❈ अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि मानवीयतापूर्ण व्यवस्था, सामाजिक आचरण, अध्ययन और संस्कार के साथ ही अंतर्नियामन आवश्यक है, जिससे चरम विकास (जागृति) की उपलब्धि संभव है।

- न्याय पूर्ण व्यवहार, धर्मपूर्ण विचार तथा सत्यानुभूतिपूर्ण इच्छा संपन्न हो जाना ही पूर्ण जागृति है।
- व्यवहार में गलती एवं अपराध को न होने देना भी पूर्ण जागृति का लक्षण है। इसे मानव की परस्परता में देखा भी जाता है। न्याय, धर्म, सत्य पूर्वक जीना ही पूर्ण जागृति है।

★ मानव को अध्यात्मिक (व्यापक पक्ष), अधिदैविक (बौद्धिक पक्ष), और अधिभौतिक (जड़ पक्ष) का दर्शन, अध्ययन व प्रयोग करने का अवसर प्राप्त है। सह-अस्तित्व में अनुभव व प्रयोग करने का अधिकार हर नर नारी को प्राप्त है।





- **In the absence of crimes in behaviour - the wants of kindness are reflected into thoughts; in the absence of injustice - the thoughts of justice are reflected into desires) in the absence of attachment - the desires of resolution are reflected into *buddhi*; and in the absence of ignorance - the conviction of understanding is reflected into *atma*.**

★ Therefore, for behaviour devoid of crimes the effect of orderliness is necessary, for thoughts devoid of injustice the effect of society is necessary, for intellect (*buddhi*) devoid of ignorance – inversion of forces or attentiveness is necessary, from which alone the complete-reflection is accomplished. Attentiveness means – centering *mun*, *vritti*, *chitta* and *buddhi* for the purpose of understanding and upon understanding and becoming realized - centering *mun*, *vritti*, *chitta* and *buddhi* for producing evidence of realization. Attentiveness is necessary for understanding the meaning and for producing evidences of the meaning. This alone is the objective of attention. All human beings pay attention (to what they accept as objective of attention).

❈ Therefore we get conclusion that – the inversion of conscious-forces is necessary only along with orderliness of humanness, conduct of social harmony, study and impressions of humanness, from which the accomplishment of absolute progress (awakening) is possible.

- **Complete awakening is to achieve behaviour of justice, thoughts of religion (resolution) and desires based on realization in Truth.**
- **Not allowing mistakes and crimes in behaviour is also an indication of complete awakening. This is to be seen in human-relationships. Living with justice, religion (resolution) and truth itself is complete awakening.**

★ Humankind has the opportunity for understanding, studying and experimenting in spiritual, conscious and material domains. Every man and woman has capability of becoming realized and experimenting in coexistence.

★ रहस्य के मूल में अहंकार अथवा भ्रम ही है।

★ सत्यबोध के अभाव में चित्त में होने वाली चित्रण क्रिया में अति व्याप्ति, अनाव्याप्ति अथवा अव्याप्ति दोष का रहना अनिवार्य है। फलत: काल्पनिक आरोप चित्रण में होगा ही। चित्रण में इस काल्पनिक आरोप की 'अहंकार' अथवा भ्रम संज्ञा है।

❈ मन से वृति, वृत्ति से चित्त, चित्त से बुद्धि श्रेष्ठ प्रक्रिया है। अत: इसी क्रमिक अधिकार भेद से उनका परस्पर नियंत्रण है।

- मानवयीतापूर्ण दृष्टि, स्वभाव और विषय पर अधिकार पाने के पश्चात् ही देव मानवीयता तथा दिव्य मानवीयता के लिए जो शेष प्रयास हैं, उसे करने में साधक प्रवृत्त होता है।

★ अन्तर्नियामन प्रक्रिया द्वारा ही आत्म बोध होता है, जो ध्यान देने की चरम उपलब्धि है। यह ही पूर्ण जागृति है। ऐसे आत्म बोध (अनुभव बोध) से पूर्ण, जागृत मानव की पूर्ण जागृत संज्ञा है तथा यही प्रमाण रूप में मानव, देवमानव, दिव्य मानव होना पाया जाता है।

- आत्मा की ओर बुद्धि का प्रत्यावर्तन होते ही आत्म बोध तथा आत्मा सह-अस्तित्व में प्रत्यावर्तित होने पर अनुभव होता है। व्यापक सत्ता में अनुभूति यही सहअस्तित्व में अनुभूति प्रभावशील होती है। प्रभावित हो जाना ही उपलब्धि है। ऐसी उपलब्धि बुद्धि को आप्लावित किये रहती है।

- ऐसे ब्रह्मानुभूत आचरण प्रमाण सम्पन्न इकाई को मानव, देव मानव, दिव्य मानव की संज्ञा है जो सतत प्रेरणा का श्रोत है।





★ At the root of mysteriousness there is only a false sense of self or delusion.

★ Without having the understanding of truth the imaging activity in *chitta* would necessarily have the flaws of excessiveness, insufficiency or absence. Therefore the imaging will necessarily have imaginary imposition prior to understanding. This imaginary imposition in imaging is known as 'false sense of self' or delusion.

❈ *Vritti* is greater activity than *mun*, *chitta* is greater activity than *vritti* and *buddhi* is greater activity than *chitta*. Therefore, their mutual restraint is only from distinction in their successively higher capabilities.

- **It is only after attaining the capability of perspectives, innate-nature and pursuits of humanness that the aspirant gets inclined for the remaining endeavours for accomplishing godly humanness and divine humanness.**

★ The self-realization happens only from inversion of conscious-forces. Self-realization is the ultimate accomplishment of giving attention. This itself is complete awakening. Such self-realized awakened human being is known as completely-awakened and such a person himself is as *dev manav* and *divya manav* in the form of evidence.

- **When *buddhi* gets reflected towards *atma*, understanding of self (*atma*) is achieved and realization happens when *atma* gets reflected in coexistence. Realization in omnipresent Omnipotence itself is realization in coexistence. The manifestation of realization itself is achievement. Such achievement keeps the *buddhi* inundated.**

- **Such human beings with realization in Omnipotence, with evidence in conduct are known as *manav*, *dev manav* and *divya manav* – who are continuous sources of inspiration.**

- **मानव अपनी तथा अन्य मानव, देवमानव, दिव्य मानव, देवात्मा व दिव्यात्मा की प्रेरणा से, अनुग्रह से तथा अनुकम्पा से अध्ययन पूर्वक जागृत होना चाहता है, जिससे वह भी देवत्व तथा दिव्यत्व की उपलब्धि कर सकें।**

- **जागृत मानव अजागृत मानव का मार्गदर्शक है ही तथा मार्गदर्शन करता ही है।**

❋ **सामाजिकता की 'अपेक्षा' उसके योग्य वैचारिक संज्ञानशीलता से है। वैचारिक परिमार्जन आवश्यक है, क्योंकि सामाजिकता का संरक्षण सम्पर्कों एवम् सम्बन्धों के निर्वाह से है। सामाजिकता का निर्वाह परिमार्जित विचार एवम् संज्ञानपूर्ण व्यवहार से ही है। ऐसे परिमार्जित विचार एवम् व्यवहार, मात्र मानवीयता एवम् अतिमानवीयता से सम्पन्न होने पर ही सम्भव है। यही जागृति है।**

❋ **जड़ पक्ष पर जागृत मानव सह-अस्तित्व सहज संतुलन को बनाये रखने के लिए नियन्त्रण करने का अधिकार सम्पन्न रहता है। इसी नियंत्रण (ज्ञान) सह-अस्तित्व में अनुभव सहज क्षमता, योग्यता तथा पात्रता पूर्ण होने पर चैतन्य पक्ष की जागृति प्रमाणित होती है, अन्यथा में उसके द्वारा ह्रास की स्वीकृति ही है।**

❋ **नियंत्रण (ज्ञान या सह-अस्तित्व) की अनुभूति के लिये विचार पक्ष की संयमता, विचार पक्ष की संयमता के लिये चित्त शक्ति का प्रत्यावर्तन, ऐसे प्रत्यावर्तन के लिये दृढ़ता तथा निष्ठा, और दृढ़ता तथा निष्ठा के लिये जड़, चैतन्य व व्यापक का निर्भ्रम ज्ञान आवश्यक है।**

❋ **नीचे संक्षेप में जड़, चैतन्य तथा व्यापक सत्ता के बारे में मूल निर्देशक तत्व दिये गये हैं -**

- **1. जड़ मरण धर्मा, चैतन्य अमरत्वधर्मा तथा व्यापक नित्य-धर्मा है।**





- **Human being wants to become awakened through study from inspiration, blessings and grace of his own and of other human beings, *dev manav*, *divya manav*, *dev-atma* and *divya-atma* – so that he can also accomplish godliness and divineness.**

- **An awakened human being is guide of unawakened human beings for their awakening and that he does all the time.**

❋ The expectation of social harmony is from thoughts with capability of complete cognition. Refinement in thoughts is necessary, because conservation of social living is from fulfilling duties and responsibilities in associations and relationships. The fulfillment of social-responsibilities is only from refined thoughts and behaviour with complete-understanding. Such refined thoughts and behaviour is possible only upon attaining humanness and super humanness. This itself is awakening.

❋ An awakened human being has the capability of restraining material aspect for maintaining the balance in alignment with coexistence. It is only upon attaining completeness in potential, ability and receptivity of realization in coexistence, that awakening of conscious aspect gets realized. In the absence of such awakening, the conscious aspect has the acceptance of destruction.

❋ For becoming realized in the restraint evident in existence as knowledge or coexistence - discipline in thoughts is necessary, for discipline in thoughts - reflection of forces of *chitta* is necessary, for such reflection - commitment and perserverence is necessary and for commitment and perseverance the absolute-knowledge of material, conscious and the Omnipresence is necessary.

❋ Given below are the essential guidelines about material, conscious and the all pervasive Omnipotence: -

- 1. Mortality is the religion of material nature, Immortality is the religion of conscious nature (jeevan) and Eternity is the religion of all pervasive Omnipotence.

- 2. अनेक परमाणुओं से गठित पिण्ड या अनेक परमाणुओं से गठित अवस्था की 'स्थूल' संज्ञा है।
- 3. परमाणु की 'सूक्ष्म' संज्ञा है।
- 4. आत्मा की 'कारण' संज्ञा है।
- 5. महाकारण की 'व्यापक' संज्ञा है।

★ निरपेक्ष ऊर्जा सर्वत्र (व्यापक) होने के कारण सर्वदा सबको प्राप्त है। नित्य सह-अस्तित्व के कारण :-

- पदार्थावस्था की इकाईयाँ इसे पाकर सक्रिय,
- प्राणावस्था की इकाईयाँ इसमें होने के कारण स्पन्दित,
- जीवावस्था की इकाईयाँ इसमें होने के कारण आशान्वित और,
- ज्ञानावस्था की इकाईयाँ इसमें होने के कारण चेतना सम्पन्न हैं।

★ उत्तरोत्तर विकसित इकाई में निम्नस्तरीय इकाईयों के गुण विलय रहते ही हैं :-

- ज्ञान का उद्घाटन चैतन्य पक्ष अथवा विचारों द्वारा ही होता है।
- विचार पक्ष संस्कारों के आधार पर ह्रास और जागृति की ओर गतित है।
- दूसरों के कष्ट, दुःख, वेदना एवम् संकट के प्रति मानव में संवेदना होती ही है, जो ज्ञानानुभूति की सक्षमता अथवा संभावना के कारण है।





- 2. A body constituted from many atoms, or an evolution stage constituted of many atoms is known as 'gross'.
- 3. Atom is known as 'subtle'.
- 4. *Atma* is known as 'causal'.
- 5. Supreme-cause is known as 'Omnipresence'.

★ The knowledge, wisdom and science emerged in human being only according to awakening of intellect or conscious aspect. As a result, there are many levels of consciousness in humankind. The absolute energy is all pervasive, therefore it is always immanent to all units in the same way. Since coexistence is eternal: -

- **The units of material order are continuously active because of being in it.**
- **The units of *pranic* order are continuosly pulsing because of being in it.**
- **The units of animal order continuously want-to-be-alive because of being in it.**
- **The units of knowledge order continuously want-to-be-alive and continuously anticipate to know because of being in it.**

★ The characteristics of less evolved units remain merged in a more evolved unit.

- **Knowledge is revealed only by conscious aspect (jeevan) and only through thoughts.**
- **Conscious aspect (jeevan) moves towards deterioration (delusion) or awakening based on its impressions.**
- **The empathy in human being towards discomfort, misery, pain and distress of others is because of his potential and possibility for becoming realized in knowledge.**

- ज्ञानानुभूति की योग्यता मानव के जागृति पर; मानव की जागृति संस्कारों पर; संस्कारों का विकास वातावरण, अध्ययन व प्रयास पर; वातावरण, अध्ययन व प्रयास मानवीयता, अतिमानवीयता पर; मानवीयता, अतिमानवीयता ज्ञानानुभूति की योग्यता पर निर्भर करती है।

- कोषों के विकास भेद से मानव में योग्यता भेद है। तदनुसार ही दर्शन-प्रभेद है और दर्शन-प्रभेद से ही वैचारिक भेद तथा वैचारिक भेद में जागृति पूर्वक समाधान है।

- दर्शन भेद से जागृति भेद, जागृति भेद से प्रवृत्ति भेद, प्रवृत्ति भेद से प्रमाण भेद, प्रमाण भेद से अवधारणा भेद और अवधारणा भेद से मानवीयता, अतिमानवीयता भेद; मानवीयता, अतिमानवीयता भेद से दर्शन भेद है।

- स्वस्वरूप ही जीवन है। मन, वृत्ति, चित्त और बुद्धि से आत्मा सहज अनुभव श्रेष्ठ क्रिया है। फलस्वरूप ही आत्मा के प्रभाव से पूर्णतया प्रभावित होना ही बुद्धि में आनन्दानुभूति, चित्त में सन्तोषानुभूति, वृत्ति में शान्ति की अनुभूति तथा मन में सुखानुभूति है।

- जो सुखी नहीं है, वह दूसरों को सुखी नहीं कर सकता। जो सुखी नहीं है, वह दुःखी ही होगा तथा जिसके पास जो होगा वह उसी का बंटन कर सकेगा।

- बुद्धि को आत्मबोध व व्यापकता सहज अनुभव बोध का अवसर है। इसीलिये ऐसी अनुभूति के अनन्तर सर्वतोमुखी समाधान व समझ सुलभ है।





- **The ability of realization in knowledge depends on human being's status of awakening; human being's status of awakening depends upon his impressions; state of impressions depends upon one's environment, study and endeavours; environment, study and endeavours depend upon humanness and super-humanness; humanness and super-humanness depend upon ability of realization in knowledge.**
- **The distinction in abilities among human beings is from distinction in evolution of *koshas*, accordingly there are distinctions in their world views (holistic or limited) and from distinctions in world views there are distinctions in resolution or problem.**
- **From distinctions in world views are the distinctions in status of awakening; from distinctions in status of awakening are the distinctions in tendencies; from distinctions in tendencies are the distinctions in evidences; from distinctions in evidences are the distinctions in understanding; from distinctions in understanding are the distinctions of level of consciousness; from distinctions of level of consciousness are the distinctions in world views.**
- **Jeevan is self. Realization in *atma* is greater than the activities of *mun, vritti, chitta* and *buddhi*. Therefore by being totally inundated from the effect of *atma* is realization of bliss in *buddhi*, contentment in *chitta*, peace in *vritti* and happiness in *mun*.**
- **The one who is not happy, he cannot make others happy. The one who is not happy, must be in misery and one can distribute only what one has.**
- ***Buddhi* has the opportunity of attaining self-knowledge and of attaining understanding of realization in the Omnipresence. Therefore, after such realization (in *atma*) all-round understanding becomes accessible (to *buddhi*).**

- यथार्थता से भिन्न मान्यता ही 'भ्रम' है।

- ह्रास की सूचना रहते हुए भी विकास के स्पष्ट ज्ञान एवम् निष्ठा के अभाव में मानव विवशता पूर्वक अर्थात् भ्रमपूर्वक पतन की ओर गतित है।

★ अपराधहीन व्यवहार के लिये सार्वभौम व्यवस्था की प्रेरणा, न्यायपूर्ण विचार के लिये सामाजिक आचरण का प्रमाण, धर्मपूर्ण इच्छा के लिये अध्ययन एवम् सुसंस्कार का प्रभाव तथा अज्ञान रहित बुद्धि के लिये अनुभव बोध का प्रभाव आवश्यक सिद्ध होता है।

❋ अतः परस्परता में जो व्यतिरेक है उसके उन्मूलन के लिये तथा परस्परता में विश्वास को उत्पन्न करने के लिये, जो जागृति के लिये प्रथम सोपान है, मानवीयतापूर्ण आचरण व सामाजिकता, न्यायपूर्ण व्यवस्था, सहअस्तित्व रूपी सत्य प्रतिष्ठित शिक्षा एवम् इसमें विश्वासपूर्वक व्यक्तिगत निष्ठा उत्पन्न करना सबका सम्मिलित दायित्व सिद्ध होता है।

★ भौतिक रासायनिक संसार में रचना-विरचना का जो क्रम है, वह आवर्तनशीलता के आधार पर सिद्ध होता है। प्रत्येक मानव जागृति ही चाहता है, किन्तु भ्रमवश ह्रास को प्राप्त करता है। इसका कारण मन, वृत्ति, चित्त, बुद्धि और आत्मा के बीच आवर्तन क्रिया एवं उसके प्रभाव का ज्ञान न होना ही है, जो रहस्यता के रूप में मानव मन को उद्वेलित किए रहता है।

- भ्रान्त अवस्था में प्रधानतः छः प्रकार के आवेशों को पाया जाता है, वे हैं 1. काम, 2. क्रोध, 3. मद, 4. मोह, 5. लोभ और 6. मत्सर।

- इन सबके मूल में भ्रम है। आवेश ही मानव के लिए दुःख का कारण है। यही भ्रम है।





- **Beliefs different from actuality alone are 'delusion'.**

- **Despite being informed of deterioration, in the absence of having clear understanding and commitment, human being helplessly moves towards his downfall in delusion.**

★ From above reasoning it becomes clear about how to eradicate the causes from which human being remains distressed from fear of inhumanness in human being. In summary, for crimelessness in behaviour - inspiration of orderliness is necessary, for behaviour of justice - evidence of social conduct is necessary, for virtuous desires - the effect of study and righteous impressions is necessary and for intellect devoid of ignorance the effect of understanding of realization is necessary.

❋ Therefore, for uprooting the discord in relationships and for generating trust there, which is the first step for awakening, conduct of humanness, social harmony, orderliness based on justice, education with understanding of truth and generating personal commitment with trust in these proves to be joint responsibility of all.

★ The cycle of formation-deformation in physical-chemical world gets realized on the basis of law of natural-cyclicality. Every human being wants awakening, but due to delusion he regresses. Its root cause is absence of cyclical-activity between *mun*, *vritti*, *chitta*, *buddhi* and *atma* and not having the knowledge of its (*atma's*) effect, which keeps human-mind in turmoil in the form of mysteriousness. Following is the reasoning of the effect of above described cyclical-activity and reflection-activity: -

- **In the purview of delusion, six kinds of agitations are found to be there in humankind and these are:- 1. Carnality, 2. Anger, 3. Haughtiness, 4. Infatuation, 5. Greed and 6. Malice.**

- **At the root of all these is delusion. Agitation itself is the cause of misery for human being. This itself is delusion.**

- आवेश के मूल में हठ, हठ के मूल में भ्रम और भ्रम के मूल में अहंकार है।

❖ हठ :- अपने विचार या व्यवहार से पूर्णतः प्रभावित हो जाना हठ है।

❖ काम :- प्रजनन या यौन संवेदना क्रिया में सुख पाने की प्रवृत्ति की काम संज्ञा है।

❖ क्रोध :- स्वयम् की अक्षमता का प्रदर्शन ही क्रोध है।

❖ मदः- असत्यता के प्रति मान्यता की पराकाष्ठा ही मद है।

❖ मोह :-मुग्ध हो जाना ही मोह है।

❖ लोभ :- पात्रता से अधिक विशेष विभूति के प्रति उत्कट वांछा एवम् प्रयास ही लोभ है। सुविधा-संग्रह प्रवृत्ति होना।

❖ मत्सर :- दूसरे के ह्रास एवम् पतन हेतु उत्कट कामना व प्रयास मत्सर है।

- मन में आवेश, वृत्ति में हठ, चित्त में भ्रम तथा बुद्धि में आत्मा से विमुखता (अहंकार) ही शरीर मूलक प्रवृत्तियाँ है, और मन में मित्र-आशा, वृत्ति में विचार, चित्त में इच्छा और बुद्धि के ऋतम्भरा, आत्मा में अनुभव प्रमाण परावर्तन क्रिया है।

- मन एवम् वृत्ति के मध्य में भ्रमित मनःकृत वातावरण के दबाव से दुःख तथा इसके विपरीत वृत्ति एवम् मन के मध्य में अनुभवमूलक वृत्ति सहज वातावरण के प्रभाव से सुख की उपलब्धि होती है।





- **At the root of agitation is stubbornness, at the root of stubbornness is delusion, at the root of delusion is false sense of self.**

❖ Stubbornness (*hath*): - Becoming totally affected by one's own thoughts and behaviour (of delusion) itself is stubbornness.

❖ Carnality (*kaam*): - The tendency of seeking happiness in procreation and sensations from sexual-activity is known as carnality.

❖ Anger (*krodh*): - Exhibiting one's own lack of potential itself is anger.

❖ Haughtiness (*mad*): - The extremeness in belief about untruth itself is haughtiness.

❖ Enchantment (*moha*): - Becoming helplessly infatuated towards lucre and carnal passion itself is enchantment.

❖ Greed (*lobha*): - Excessively wanting and endeavouring to attain something which is beyond one's worthiness itself is greed, as having the tendencies for comforts and hoarding.

❖ Malice (*matsar*): - Overtly wanting other's damage and downfall itself is malice.

- **Agitation in *mun*, stubbornness in *vritti*, delusion in *chitta* and disorientation from *atma* in *buddhi* (false sense of self) itself are tendencies rooted in reference of body (as jeevan's attachment to material nature). Wants of friendliness in *mun*, thoughts of resolution in *vritti*, desires of harmony in *chitta*, conviction of truth in *buddhi* and evidence of realization in *atma* are manifestations as awakening.**

- **Misery is from stress of deluded *mun*'s environment between *mun* and *vritti* and its opposite, accomplishment of happiness is from effect of *vritti*'s environment between *vritti* and *mun*.**

- वृत्ति एवम् चित्त के मध्य में वृत्ति कृत वातावरण के दबाव से अशांति तथा इसके विपरीत चित्त एवम् वृत्ति के मध्य में अनुभवमूलक चित्त सहज वातावरण के प्रभाव से शान्ति की उपलब्धि होती है।

- चित्त एवम् बुद्धि के मध्य में चित्त कृत वातावरण से असंतोष तथा इसके विपरीत बुद्धि एवम् चित्त के मध्य अनुभवमूलक बुद्धि सहज वातावरण से संतोष की उपलब्धि होती है।

- बुद्धि एवम् आत्मा के मध्य में आत्मा का ही वातावरण होना पाया जाता है क्योंकि आत्मा मध्यस्थ है। यह वातावरण प्रभावपूर्ण रहता है तथा आत्माभिमुख बुद्धि सहअस्तित्व में अनुभव सहज आनन्द की अनुभूति रहना पाया जाता है।

★ इस प्रकार यह स्पष्ट हुआ कि जागृत जीवन में मन और वृत्ति के योग से सुख, वृत्ति और चित्त के योग से शान्ति, चित्त व बुद्धि के योग से संतोष तथा बुद्धि और आत्मा के योग से आनन्द की अनुभूति होती है। यही जागृति है।

- जागृत जीवन में आवर्तन क्रिया में आत्मसत्ता का बुद्धि में, बुद्धि सत्ता का चित्त में, चित्त सत्ता का वृत्ति में तथा वृत्ति-सत्ता का मन में पूर्णतः अवगाहन होता है। चूंकि मन से वृत्ति, वृत्ति से चित्त, चित्त से बुद्धि और बुद्धि से आत्मा श्रेष्ठ है, जो जागृति मूलक आवर्तन क्रम के अनुसार आनन्द, संतोष, शान्ति और सुख के रूप में प्रमाणित होता है।

- आत्मा, मध्यस्थ क्रिया होने के कारण प्रभावी ही रहता है, क्योंकि दबाव सम-विषम में ही है। अनुभव प्रभाव मध्यस्थ होने के कारण दबाव मुक्त है। अनुभव सहज नित्य प्रभाव ही है।





- **Unrest is from the stress of *vritti*'s environment between *vritti* and *chitta* and its opposite, the accomplishment of peace is from effect of *chitta*'s environment between *chitta* and *vritti*.**

- **Discontent is from the stress of *chitta*'s environment between *chitta* and *buddhi* and its opposite, the accomplishment of contentment is from effect of *buddhi*'s environment between *buddhi* and *chitta*.**

- **Only *atma*'s environment is found to be there between *buddhi* and *atma*, because *atma* is the activity of centeredness. The environment of *atma* is completely effective and *buddhi* oriented towards *atma* realizes in bliss.**

★ In this way it becomes clear that in an awakened jeevan, realization of happiness happens in the union of *mun* and *vritti*, realization of peace happens in the union of *vritti* and *chitta*, realization of contentment happens in the union of *chitta* and *buddhi* and realization of bliss happens in the union of *buddhi* and *atma*. This itself is awakening.

- **In the cycle of of awakened jeevan the power of *atma* is completely inundates *buddhi*, power of *buddhi* completely inundates *chitta*, power of *chitta* completely inundates *vritti* and power of *vritti* completely inundates *mun* – because *vritti* is greater than *mun*, *chitta* is greater than *vritti*, *buddhi* is greater than *chitta* and *atma* is greater than *buddhi* – which becomes evident in the form of bliss, contentment, peace and happiness according to awakening rooted cycle.**

- ***Atma*, because of its being activity of centeredness, is always there as effect, because stress is only in attraction and repulsion activities. The effect of realization is devoid of stress because of its centeredness. Space is only an eternal effect. Stress is only in attraction and repulsion activities.**

- आत्मा मध्यस्थ क्रिया है। मध्यस्थ-क्रिया का वातावरण भी मध्यस्थ है, यही कारण है कि आत्मा तथा उसके वातावरण पर्यन्त सम तथा विषम का दबाव नहीं पड़ता है।

- सत्ता व्यापक है इसलिए वह दबाव का कारण सिद्ध नहीं होता। क्रिया के बिना दबाव या प्रभाव सिद्ध नहीं होता। अतः शून्य अथवा व्यापक सत्ता प्रभाव व दबाव दोनों से मुक्त व सम-विषम प्रभाव से तटस्थ है। हर इकाई स्वयम् की पात्रता वश ही उसे पाकर गतिशील है।

★ व्यापक सत्ता सर्वत्र एवम् सर्वकालिक अवस्थिति तथा उसमें समस्त क्रियाएं समाहित होने से यह सिद्ध हुआ कि व्यापक सत्ता एवम् क्रियाएं अविभाज्य है।

❋ सत्ता व्यापक एवं साम्य ऊर्जा है। यह सर्वकालिक, सर्वदेशिक है एवम् सर्वत्र व्याप्त होने के कारण सबको समान रूप से प्राप्त है। इसलिए, यह सिद्ध होता है कि सभी शून्य में संरक्षित व नियंत्रित है। यह नियंत्रण ही इकाई की चेष्टा का मूल कारण है। इसलिए सत्ता को 'महाकारण' संज्ञा से भी जाना जाता है।

★ यह विकल्प अखंड समाज, सार्वभौम व्यवस्था के रूप में है। इस प्रस्ताव में मानव ही अखंड समाज, सार्वभौम व्यवस्था का प्रमाण देना प्रतिपादित है। साथ ही मानव ही प्रमाण होने का साक्षी को भी सँजो लिया है। इस मुद्दे पर सर्वमानव का ध्यानाकर्षण करना आवश्यक है ही।





- ***Atma* is activity of centeredness. The environment (effect) of activity of centeredness is centered as well; this is the reason *atma* and its environment there is no stress of attraction and repulsion.**

- **Omnipotence is all pervasive therefore it does not prove to be the cause of stress. In the absence of activity there is no evidence of any stress or effect. Therefore, Space or Omnipotence is devoid of both stress and effect and it is neutral to attractive and repulsive effects. Every unit is in continuous motion by having it due to its own receptivity.**

★ Omnipotence is all pervasive and it is present at all times and because entire activities of nature are included therein, the inseparability of pervasive-force (Omnipotence) and activity-force (nature) is established. These two - despite being essentially different – i.e., one is unitary (as countless units) and other is all pervasive – their existence is not independent from one another. Therefore the mystery of absolute-devotion ends here. Every activity of nature is occupied in manifesting its coexistence with the Omnipresence according to its potential, ability and receptivity – ultimate status of which is manifestation of realization in coexistence by human being.

❋ Units situated in Space do not have obstruction in their motion and there is no lack of energy for their continuous motion. Therefore it is established that there is no stress of Space. Space is Omnipotence. Space is energy. It is at all times, at all places and being all pervasive - it is immanent to all in the same way. Therefore it is proven that all units are conserved and restrained in Space. This restraint itself is the root cause of unit's activity. Therefore Space is also known as 'The Supreme-cause'.

★ This alternative is for realization of undivided society and universal orderliness. In this proposal human being himself gives the evidence of undivided society and universal orderliness. Along with this, human being himself is proposed to be the seer of evidence. On this issue, there is a need to get attention of all human beings.

इस क्रम में समुदाय चेतना से मानव चेतना, मानव चेतना से समाज चेतना में परिवर्तित होना ही महत्वपूर्ण घटना है। ऐसे स्थिति की सफलता मानव ही, शिक्षा-संस्कार पूर्वक, सर्वतोमुखी समाधान संपन्न होना ही एक मात्र उपाय है। इसे सार्थक बनाने के क्रम में ही मानव व्यवहार दर्शन, मानव के सम्मुख प्रस्तुत है। इस प्रकार समग्र विकास और जागृति को परंपरा में प्रमाणित करने हेतु एक मात्र इकाई मानव है क्योंकि अस्तित्व में केवल मानव ही दृष्टा पद प्रतिष्ठा में है। भ्रमित मानव के द्वारा भ्रमित मानव के चार ऐश्वर्यों (रूप, बल, पद, धन) का शोषण होता है।

- जागृति का वैभव ही अज्ञान का निराकरण है।
- अविकसित के प्रति आसक्ति (आकर्षण) से ही विवशता है, जो जागृति को अवरूद्ध करती है। जैसे भ्रमित परम्परा में मानव पशुओं के सदृश्य जीता देखा गया है।
- अजागृत, जागृत के लिए स्वयं की समझ को प्रमाणित करने के लिए अवसर है।
- साधन का सदुपयोग ही विकास है और उसका दुरूपयोग ही ह्रास का द्योतक है।
- विकसित का एकसूत्रवत् अनुकरण तथा अनुसरण पूर्वक स्वयं स्फूर्त होना ही और जागृति को प्रमाणित करना ही सर्वमानव का वैभव है।
- विश्राम या समाधान बौद्धिकता का वैभव है।
- व्यापकता की कोई सीमा नहीं है, व्यापक वस्तु में सह-अस्तित्व रूपी समझ ही समाधान है। इसे प्रमाणित करना ही सर्वमानव का सौभाग्य है।





On this path, the significant milestones are in terms of humankind's changing from communal-consciousness to human consciousness and then from human consciousness to social-consciousness. The only way for its success is human being's attaining all-round resolution by getting meaningful education. To make it successful, "Holistic view of Human behaviour" (Manav Vyavhar Darshan) has been presented to humankind. In this way, the only unit that can realize all-round progress and awakening is human being, because only human being has the potential of being in seer-status. A deluded human being exploits the four grandeurs (appearance, physical strength, social rank and wealth) of other deluded human beings.

- **The grandeur of awakening itself is eradication of ignorance in self.**
- **The helplessness is only from attachment (attraction) towards undeveloped, which blocks the awakening. As example, human being is found to be living like animals in deluded-tradition.**
- **An un-awakened human being is an opportunity for an awakened human being for realizing his understanding.**
- **Good-use of means of living itself is indication of advancement and their misuse itself is indication of deterioration.**
- **Becoming spontaneous from precisely following and emulating more evolved (realized human being) and realization of awakening itself is the grandeur of all human beings.**
- **Effortlessness or resolution is the grandeur of human-intellect.**
- **Omnipresence has no limit; understanding in the form of coexistence in the Omnipresence itself is resolution. Its realization is the good-fortune of all human beings.**

- भौतिकता परिणामवादी, बौद्धिकता अमरत्ववादी तथा अध्यात्मिकता नित्यवादी है जो अनुभवमूलक विधि से अनुभवगामी पद्धति पूर्वक लोकव्यापीकरण सहज है।
- चैतन्य इकाई के संस्कार भेद से ही उसकी क्षमता, योग्यता एवम् पात्रता है।
- क्षमता, योग्यता एवम् पात्रता के अनुसार ही चैतन्य इकाई ने मानवीयता, अतिमानवीयता और अमानवीयता का उद्घाटन किया है।
- मानव की क्षमता भेद से क्रम से बोध, दर्शन, कल्पना, आशा, अवस्था, प्रयास, प्रभाव और मानव की क्षमता का द्योतक है।
- पदार्थ, मन, वृत्ति, चित्त, बुद्धि और आत्मा का नाश नहीं है या अभाव नहीं है। इनमें मात्र विकास और जागृति का ही न्यूनाधिक्य है।
- पदार्थ परिणामवादी, प्राण तरंगवादी, मन चयनवादी, वृत्ति तुलनवादी, चित्त चित्रणवादी, बुद्धि बोधवादी तथा आत्मा सह-अस्तित्व में अनुभववादी तत्व है।
- आत्मा तीनों कालों में मध्यस्थ क्रिया के रूप में एक सा विद्यमान है। अस्तित्व अपरिवर्तनीय है। इसका आत्मा में अनुभव, बुद्धि में बोध होता है।
- जागृत मानव में स्व स्वरूप ज्ञान प्रसिद्ध है क्योंकि सह-अस्तित्व में अनुभव होने की क्रिया आत्मा में होना प्रमाणित होता है। यही स्वस्वरूप ज्ञान का तात्पर्य है। इसका बोध बुद्धि में, चिंतन चित्त में; न्याय, धर्म, सत्य तुलन में; और संपूर्ण मूल्यों का आस्वादन मन में सहज सुलभ होता है।





- **Transformation is norm for material nature. Immortality is norm for conscious nature. Eternity is norm for Omnipotence. This understanding can become universalized from realization rooted method with realization oriented procedure.**
- **The potential, ability and receptivity of conscious unit is based on distinction in its impressions.**
- **Conscious unit (jeevan) has expressed humanness, super-humanness and inhumanness based on its potential, ability and receptivity only.**
- **Human being's understanding, world view, imagination, wants, level of consciousness, endeavours, effect are indicative of his potential.**
- **There is no destruction or annihilation of material nature and conscious nature (*mun, vritti, chitta, buddhi* and *atma*). These only have less or more of advancement and awakening.**
- **Material nature has transformation tendency, *pranic*-nature has pulsation tendency, *mun* has tendency of making choices, *vritti* has tendency of doing evaluation, *chitta* has tendency of forming images, *buddhi* has tendency of understanding and *atma* has tendency of realization.**
- ***Atma* is present as activity of centeredness in past, present and future. The essence of existence is unchangable. Its realization happens in *atma* and its understanding happens in *buddhi*.**
- **Awakened human being is established with self-realization, because the realization in coexistence happens in *atma*. This itself is the meaning of self-realization. Its understanding happens in *buddhi*, contemplation in *chitta*, its evaluation from perspective of justice-religion-truth happens in *vritti* and savouring of all values happens in *mun*.**

- वृत्ति, चित्त, बुद्धि व आत्मा के अनुकूल प्रेरणा की 'पूर्वानुक्रम' संज्ञा है।
- भौतिक, रासायनिक वस्तु व सेवा में आसक्ति से संग्रह, लोभ व कामुकता; प्राण तत्व में आसक्ति से द्वेष, मोह, मद, क्रोध, दर्प; जीवत्व (जीने की आशा) में आसक्ति से अभिमान, अज्ञान, ईर्ष्या और मत्सर यह अजागृत मानव की प्रवृत्तियाँ है। सत्य के प्रति निष्ठा से कर्त्तव्य में दृढ़ता, असंग्रह, सरलता तथा अभयता व प्रेमपूर्ण मूल प्रवृत्तियाँ सक्रिय होती हैं।
- पूर्ण-बोध का अवसर इस भूमि पर केवल मानव को ही है, अन्य किसी इकाई को नहीं। इसलिए मानव उसके बिना सुखी नहीं हुआ है।
- जागृत मानव परम्परा ही सर्वमानव में, से, के लिए सर्वशुभ का स्त्रोत है।
- मनःस्वस्थता अथवा आनंद की उपलब्धि ही रहस्य से मुक्ति है।
- स्वस्वरूप की अनुभूति परम्परा सहज योग विधि से सार्थक होना पाया जाता है। योग का अर्थ मिलन है। सार्थक मिलन का अर्थ जागृत परम्परा में शरीर और जीवन का योग होने से है। जागृत मानव के साथ जागृति के लिए मिलन क्रिया सम्पन्न होने से है।

**''सर्व शुभ हो''**





- **The inspiration for making choices in accordance with *atma, buddhi, chitta* and *vritti* is known as 'conforming to prior'.**
- **The attachment towards material objects and comforts results in tendencies for hoarding, greed and carnality; attachment towards *pranic*-substance results in tendencies of hatred, enchantment, haughtiness, anger and arrogance; attachment towards want-to-be-alive results in tendencies of conceit, ignorance, jealousy and malice – all these are tendencies of un-awakened human being. From commitment towards truth, the natural tendencies of perseverence in duties, un-hoarding, naturalness, fearlessness and love (*prem*) become effective.**
- **The opportunity of completeness in understanding is only with human being on this Earth and not with any other unit. Therefore human being has not attained happiness in its absence.**
- **Awakened human tradition only is source of universal goodness in, from and for all human beings.**
- **Accomplishment of happiness itself is liberation from mysteriousness.**
- **Self-realization is achieved through union in awakened tradition. Union means meeting. Meaningful meeting means union of jeevan and body in awakened tradition and meeting with awakened human being for the purpose of becoming awakened.**

**"May Universal Goodness Prevail"**

## अध्याय - अठारह

# सुख-शांति-संतोष और आनन्द

- मानव ने अनुभूति व जागृति में 'सुख-शान्ति-संतोष और आनन्द' सहज निरन्तरता पाने का प्रयास किया है।
- अनुभूति के लिये योग आवश्यक है। योग के प्राप्त एवम् प्राप्य दो भेद हैं।

❋ प्राप्य-योग में किसी योग में किसी का वियोग भी है। प्राप्त-योग में न किसी का योग है और न ही किसी का वियोग है। प्राप्ति उसी की होगी, जिसका अभाव होगा। प्राप्त-योग से रिक्त मुक्त कोई इकाई नहीं है या क्रिया नहीं है। इसीलिये प्राप्य योग का ही सान्निध्य अथवा संग्रह होता है तथा प्राप्त योग की मात्र अनुभूति होती है।

- प्राप्त योगानुभूति के लिए सुयोग्य क्षमता, योग्यता और पात्रता ही अधिकार है। ऐसी सुयोग्य क्षमता, योग्यता और पात्रता प्राप्त करना ही इकाई के जागृति का चरमोत्कर्ष है।

❋ सुयोग्य क्षमता, योग्यता और पात्रता के लिये सह-अस्तित्व में अध्ययन है। अनुभव के लिए मानव ने अध्ययन, प्रयोग, अनुसंधान तथा अभ्यास भी किये हैं, जो मानवीयता और अतिमानवीयता के रूप में परिलक्षित हुआ है।

इस दिशा में जागृति का परिचय चैतन्य, ज्ञानावस्था के जागृत निर्भ्रान्त मानवों में ही पाया जाता है, जो मानव, देव मानव एवम् दिव्य मानव के रूप में है। देव तथा दिव्य मानवों की संख्या वृद्धि के लिए समुचित प्रयोग, अध्ययन, व्यवहार व व्यवस्था के स्तर में एकसूत्रता को अनुस्यूत किया जाना मानव कुल के लिये अति आवश्यक है, क्योंकि ऐसे विकसित मानवों द्वारा अपराध या अपव्यय की संभावना नहीं है।

- अज्ञान, अत्याशा तथा अभाववश ही मानव अपराध करता है और अविवेकवश ही अपव्यय करता है।





## Chapter-18

# Happiness Peace Contentment and Bliss

- **Human being has endeavoured to achieve natural continuity of happiness, peace, contentment and bliss in realization and awakening.**
- **Union is necessary for realization. Immanent and coincidental are two kinds of unions.**

❋ **In coincidental union of any kind there is separation also. There is neither any union nor separation in immanent-union. Achievement is only of that which was lacking. There is no unit or activity that is without or devoid of immanent union. Therefore the closeness and accumulation is only of coincidental union and only realization is there of immanent union.**

- **The potential, ability and receptivity for realization in immanent union itself is capability. Achieving such worthiness itself is the ultimate of jeevan unit's awakening.**

❋ The study in coexistence is for achieving potential, ability and receptivity worthy of realization. Human being has also performed study, experimentation, exploration and practices for realization, which have become manifested in the form of humanness and super-humanness.

The awakening of this kind gets manifested in the form of *manav*, *dev manav* and *divya manav*. It is absolutely necessary for humankind to establish universality in experiments, study, behaviour and orderliness for increase in the number of *dev manav* and *divya manav* category of human beings, because there is no possibility of crime or wastage from such evolved human beings.

- **Human being commits crimes only due to ignorance, extravagance and poverty and he wastes only due to lack of wisdom.**

❋ अपराध और अपव्यय, यह दोनों व्यवहार, मानवीयता और सामाजिकता की दृष्टि से सहायक नहीं है। अजागृति वश अपराध है।

- मध्यस्थ क्रिया (आत्मा) का अध्ययन अनुसंधानपूर्वक प्रस्तुत मध्यस्थ दर्शन का शोधपूर्वक अध्ययन अनुसरण ही एकसूत्रता है। एकसूत्रता न्याय, धर्म तथा सत्यतापूर्ण व्यवहार, विचार एवं अनुभूति ही है।

- मानव को विचार के अभाव में किसी भी सम-विषमात्मक क्रिया सम्भावना नहीं है।

- सत्य पहले से ही प्राप्त सत्ता है, जिसकी उपस्थिति जागृति के पूर्व भी पाई जाती है और अन्तिम ह्रास भी इसमें ही अवस्थित है। इसी के आनुषंगिक जो अनुभूति है, उसे 'पूर्वानुक्रम' की संज्ञा है। ऐसी अनुभूति में ही मानव ने समाधान एवम् आनन्द की निरंतरता का अनुभव किया है।

- मानव में तीनों ऐषणाएं मानवीय विषय, प्रवृत्ति के रूप में स्पष्ट हुआ रहता है, दृष्टि न्याय प्रधान, धर्म व सत्य सम्मत रहती है। इनका स्वभाव धीरता, वीरता, उदारता, दया, कृपा, करूणा के रूप में पहचाना गया है। ऐसे विषय, प्रवृत्ति, स्वभाव व दृष्टि संपन्न मानव को जागृत मानव के रूप में पहचाना गया है। इन्हें सर्वतोमुखी समाधान ज्ञान हुआ ही रहता है। उसे क्रियान्वयन करने की स्थिति में ऐषणाएं विशेषकर पुत्रेषणा, वित्तेषणा सीमित क्षेत्रों में व्यक्त करने के लिए व्यस्त रहते हैं। इस विधा में मानव उपयोगी, सदुपयोगी होते हुए, प्रयोजन पूर्ण होने में अपेक्षा बनी रहती है। इसलिए देवमानव, दिव्यमानव के रूप में व्यक्त होना, प्रमाणित होना आवश्यकता के रूप में होना पाया जाता है।





- **Crime and wastage, both these are unhelpful from humanness and social harmony. Crime is due to not being awakened.**
- **The universality is achieved only from detailed study and following of Madhyasth Darshan which has been presented as a result of exploration and study of activity of centeredness (*atma*). Universality is in behaviour of justice, religion and truth, in thoughts and in realization.**
- **Human being has no possibility of doing any attraction or repulsion activity in the absence (cessation) of thoughts.**
- **Truth is the eternally immanent Omnipotence, whose presence is there before awakening also and the ultimate deterioration is also situated in it. The realization in accordance to this truth itself is known as 'prior-conformance'. It is in such realization that human being has experienced continuity of resolution and bliss.**
- **The three motives in *manav* category human beings are as pursuits and tendencies of humanness and their perspective is primarily of justice in agreement with religion and truth. Their innate-nature has been recognized in the form of steadfastness, courage, generosity, kindness, graciousness and compassion. They have the knowledge of all-round resolution and for putting that into practice the motives - especially wealth-motive and progeny-motive - remain occupied in expressing themselves in limited spans. In *manav* category, human being while being of use and good-use remains with expectation of achieving completeness of existential purpose. Therefore becoming expressed in the form of *dev manav* and *divya manav* and their realization remains as a need in *manav* category.**

- पूर्वानुक्रम अनुभूति में, निहित क्रिया के रूप में, विकसित का संकेत ग्रहण करना है, जिससे विकास की ओर प्रवृत्ति, प्रयास एवम् उद्देश्य का रहना परम आवश्यक है।

- हर मानव जागृत होना चाहता है। हर मानव योग पूर्वक ही जागृत होता है। जागृति के लिए ही वह आतुर, कातुर रहता है।

❖ आतुर :- पात्रता से अधिक इच्छा प्रगट करने का प्रयास।

❖ कातुर :- वाँछित इच्छा पूर्ति के लिए शीघ्रता से कार्यरत होना जिसमें कुशलता, निपुणता और पाण्डित्य का अभाव हो।

❖ आकुल :-वाँछित के अभाव की पीड़ा।

❖ व्याकुल :- वाँछित की पीड़ा से भर जाना।

❖ उद्विग्न :- वाँछित-क्रिया में अवरोध।

❖ आवेश :- अतिक्रमण या आक्रमण से प्राप्त दबाव ही आवेश है।

❖ विधिवत आचरण :- धर्मनीति एवं राज्यनीति सम्मत व्यवहार।

❖ परानुक्रम :- संवेदनामूलक कार्य-व्यवहार जो जागृति पूर्वक ही समीक्षित होता है।

- आस्वादन एवं अनुभूति के लिए ही मानव द्वारा विभिन्न सभी पक्षों का अनुसंधान, संधान, प्रयोग व व्यवसाय, अभ्यास तथा आविष्कार किया गया है।

❖ आस्वादन :- जो जिसमें नहीं हो या कम हो और उसे पाने की इच्छा हो, ऐसी स्थिति में उसकी उपलब्धि से प्राप्त प्रभावपूर्ण क्रिया की, जिसमें तृप्ति या तृप्ति की प्रत्याशा अवश्य हो, 'आस्वादन' संज्ञा है।





- **Prior-conformance is about receiving the signals of subtler activities of self (of *buddhi* and *atma*), for which the tendency towards advancement, endeavour and aim is absolutely necessary.**

- **Every human being wants to become awakened. Every human being becomes awakened only upon union. It is for awakening that he remains impatient and impetuous.**

❖ Impatient (*aatur*): - Endeavouring to express more desire than one's present receptivity.

❖ Impetuous (*kaatur*): - Start working quickly for fulfilling the expected desire wherein one lacks the proficiency in skills, behaviour and knowledge.

❖ Anxious (*aakul*): - The suffering from not having that one desires.

❖ Distraught (*vyakul*): - Becoming full with suffering for one's desire.

❖ Restlessness (*udvign*): - Obstacle in accomplishment of the desired.

❖ Agitation (*aavesh*): - The stress from interference or attack itself is agitation.

❖ Lawful conduct (*vidhivat aachran*): - Behaviour aligned with ethics of human-religion and ethics of human-state.

❖ Post-conformance (*paranukram*): - The work and behaviour rooted in sensory-activities which gets appraised only upon awakening.

- **It is either for sensory experience or for realization that human being does exploration, study, experimentation, occupation, practice and invention.**

❖ Sensory experience (*asvadan*): - That which is not there with oneself, or is there in less measure and there is desire for getting it, in such a state the activity that happens upon achieving it, in which an expectation of contentment is necessarily there, that is known as 'sensory-experience' (or taste).

- कामना-जन्य क्षुधा तथा तृषा, राग द्वेषात्मक आवेशजन्य काम और क्रोध, मन आशित चार विषय तथा लोभ यह भ्रमित मानव की विवशताएँ हैं। जागृत विचारों से पोषित व्यवहार एवं तीन ऐषणाएँ, चिंतन से प्रस्तुत कला एवं साहित्य, बोधपूर्वक प्रस्तुत तात्विकता तथा समाधान, जागृत मानव के द्वारा उद्घाटित हुआ है।

- संसार के समस्त क्रियाकलाप, सह-अस्तित्व अनुभूति, विकसित के सान्निध्य और अविकसित के पूरकता, उपयोगिता के लिये है।

- सह-अस्तित्व में अनुभव ही सर्वमानव का ईष्ट है। अनुभव के फलन में सह-अस्तित्व में तद्रूपता, तादात्म्यता होना स्वाभाविक है। ऐसे तादात्म मानवत्व संपन्न मानव ही देव मानव, दिव्य मानव कोटि में होते हैं। ऐसे मानव के तत्सान्निध्य एवं तदावलोकन होना जागृत मानव परंपरा में भावी है। इससे स्पष्ट हुआ कि चरम विकास और जागृति व अभिव्यक्ति प्रमाण सदा-सदा मानव परंपरा में होना ही सौभाग्य है।

- भ्रमित मानव जागृति क्रम से जब जागृत होता है, तब जागृति ईष्ट होने के आधार पर जो भ्रमात्मक गुण स्वभाव रहा है वह शनैः शनैः विलय हो जाता है। फलतः जागृति में तद्रूपता को जीवन प्रमाणित करता है। जो मानव परंपरा में प्रमाणित होता है। भ्रमित अवस्था में अधिमूल्यन, अवमूल्यन, निर्मूल्यन को मूल्य माने रहते हैं, वह पूर्णतया जागृत होकर, जीवन मूल्य, मानव मूल्य, स्थापित मूल्य, शिष्ट मूल्य और उपयोगिता व कला (सुंदरता) मूल्य को पहचानना बन जाता है। यही तादात्म्यता का प्रमाण है। यही तत्सान्निध्यता है। सह-अस्तित्व नित्य सान्निध्य है।





- **The helplessness of deluded human being are in the form of thirst from desires, agitation of carnality and anger, the four sense-objects and greed. The behaviour nurtured from awakened thoughts, three motives of humanness, art and literature produced from contemplation and presentation of reality and resolution upon understanding.**
- **Entire activities of world are for becoming realized in coexistence, getting proximity of more developed and becoming complementary to undeveloped.**
- **Realization in coexistence itself is the ideal of all human beings. As a result of realization it is natural to achieve alignment and attunement in coexistence. Such human beings alone are in the *dev manav* and *divya manav* categories. In awakened human tradition getting closeness and observing the conduct of such awakened human beings is natural. Therefore, it becomes clear that eternal manifestation of ultimate of progress, awakening and its expression in human tradition is a great fortune.**
- **When a deluded human being becomes awakened from awakening progression, then on the basis of this ideal of awakening – the characteristics of delusion which had been one's nature gradually gets dissolved. As a result - jeevan becomes aligned with awakening, which gets manifested in human tradition. The over-valuation, under-valuation and unvaluation in delusion state gets replaced with recognition of values as jeevan values, human values, instilled values, expression values, utility value and art value. This itself is the evidence of alignment with reality. This itself is immanence with reality. Coexistence is eternal immanence.**

जागृति की निरंतरता ही तदावलोकन है। जागृति में तादात्म्यता ही भ्रम का समापन है। भ्रम का समापन का तात्पर्य जागृति के उपरांत अपने-आप भ्रम का पूर्णतया प्रभाव शून्य हो जाने से है।

- जागृति पूर्वक ही मानव में प्रमाण सहित मूल्यों की अभिव्यक्ति, संप्रेषणा, प्रकाशन होता है और इसकी निरंतरता मानव परंपरा में बना ही रहता है। यही प्रेम व भक्ति है।
- दया, कृपा, करुणा की संयुक्त अभिव्यक्ति ही प्रेम है। जिसका हर जागृत मानव में, से प्रमाणित होना स्वाभाविक है। यह तदावलोकन में पायी जाने वाली शीर्ष कोटि की उपलब्धि व अनुभूति है।
- व्यापकता में अनुभूति में प्रत्यावर्तन से प्राप्त आप्लावन से (प्रभाव व प्रवाह) बुद्धि, चित्त, वृत्ति एवं मन पर्यन्त प्रभावशील है। इस आप्लावन को बुद्धि के स्तर पर आनंद, चित्त के स्तर पर संतोष, वृत्ति के स्तर पर शांति तथा मन के स्तर पर सुख संज्ञा है। यह अनुभूति ही इकाई का चरमोत्कर्ष है।
- सहअस्तित्व में अनुभूति आत्मा करती है, तभी बुद्धि का प्रत्यावर्तन संभव होता है।
- मन का प्रत्यावर्तन वृत्ति में, वृत्ति का प्रत्यावर्तन चित्त में, चित्त का प्रत्यावर्तन बुद्धि में, बुद्धि का प्रत्यावर्तन आत्मा में एवं आत्मा का प्रत्यावर्तन सहअस्तित्व में होता है।
- प्रत्यावर्तन ही जागृति का कारण है।
- मानव में जागृति ज्ञान, विवेक, विज्ञान पूर्वक ही है जिसे बौद्धिक पक्ष कहते हैं। जो मानवीयता तथा अतिमानवीयता सहज है।
- जागृत मानव में मध्यस्थ व्यवहार, विचार व अनुभव पाया जाता है।





**Continuity of awakening itself is clarity of reality. The alignment in awakening itself is the end of delusion. End of delusion means, after awakening the effect of delusion gets nullified on its own.**

- **It is only upon awakening that human being has expression, communication and exposition of values with evidence and its continuity of being remains eternally manifested in human tradition. This itself is love and devotion.**
- **Combined expression of kindness, graciousness and compassion itself is love – which gets naturally realized in, from every awakened human being. This is the accomplishment and realization of highest kind in clarity of reality.**
- **The inundation (effect and flow) as a result of realization in the Omnipresence attained from process of reflection gets effective from *buddhi*, *chitta*, *vritti* and until *mun*. This inundation is known as bliss at the level of *buddhi*, as contentment at the level of *chitta*, as peace at the level of *vritti* and as happiness at the level of *mun*. This realization is the ultimate of unit's evolution.**
- **It is when *atma* gets realized in coexistence only then reflection of *buddhi* becomes possible.**
- ***Mun* gets reflected in *vritti*, *vritti* gets reflected in *chitta*, *chitta* gets reflected in *buddhi*, *buddhi* gets reflected in *atma* and *atma* gets reflected in coexistence.**
- **Reflection alone is the cause of awakening.**
- **The awakening in human being is only from knowledge, wisdom and science, which is the conscious aspect. Awakening is as humanness and super-humanness.**
- **Awakened human being is found to be with centered behaviour, thoughts and realization.**

- मध्यस्थ व्यवहार :- न्यायपूर्ण व्यवहार।
- मध्यस्थ विचार :- धर्मपूर्ण विचार।
- मध्यस्थ अनुभव :- सह-अस्तित्व रूपी परम सत्य।
- न्यायपूर्ण व्यवहार ही मानवीयतापूर्ण व्यवहार है। मानवीयता पूर्ण व्यवहार से तात्पर्य है मानवीयता के प्रति निर्विरोधपूर्ण व्यवहार जिसको समझना व समझाना अखंड मानव समाज की दृष्टि से आवश्यक है। इसके लिए अध्ययन व शिक्षा आवश्यक है।
- शिक्षण एवं प्रशिक्षण द्वारा केवल व्यवसाय का ज्ञान कराया जाता है यह मात्र भौतिक समृद्धि के लिये सहायक हुआ है।
- मानवीयता और अतिमानवीयता का वर्गीकरण एवं पुष्टि मानव के साथ किए गये व्यवहार से ही सिद्ध हुई है, जिसके लिए अध्ययन तथा दीक्षा आवश्यक है।

❖ दीक्षा :- अनुभवमूलक विधि से सुनिश्चित व्यवहार पद्धति व आचरण पद्धति बोध की 'दीक्षा' संज्ञा है, जो व्रत है, जिसकी विश्रृंखलता नहीं है, अथवा जिसमें अवरोध नहीं है। जिसमें निरंतरता है। जागृति की निरंतरता ही व्रत है, दीक्षा है।

- मानव के आहार, विहार, व्यवहार व व्यवस्था में भागीदारी से ही उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन होता है।

❖ व्यक्तित्व :- स्वयं में निहित प्रतिभा-प्रसारण के क्रम में सहायक आहार, विहार व व्यवहार की 'व्यक्तित्व' संज्ञा है।

★ व्यवहार का ईष्ट-अनिष्ट, उत्थान-पतन, विकास-ह्रास, उचित-अनुचित, लाभ-हानि, न्याय-अन्याय, पुण्य-पाप, विधि-निषेध, कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य, समाधान-समस्या, आवश्यक-अनावश्यक, भेद-प्रभेद से तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है।





- **Centered Behaviour: - Behaviour of Justice**
- **Centered Thoughts: - Thoughts of Religion**
- **Centered Realization: - Absolute truth in the form of coexistence.**
- **Behaviour of justice itself is the behaviour of humanness. Behaviour of humanness means unopposed behaviour towards humanness, understanding that and teaching that is needed from the perspective of undivided humankind. Study and education is necessary for this.**
- **Teaching and training only impart occupational knowledge, which has been helpful for material prosperity only.**
- **The demarcation of humanness and super-humanness and its growth has resulted only through behaviour with human being, for which study and initiation is necessary.**

❖ Initiation (*deeksha*): - Definitive procedures of behaviour and conduct for understanding from realization rooted method are known as 'initiation', which is an oath, which is unbroken, or in which there are no obstructions, which has continuity. The continuity of awakening itself is oath and initiation.

- **Human being's personality is appraised from his habits of food, enjoyment and participation in orderliness.**

❖ Personality (*vyaktitva*): - The habits of food, enjoyment and participation in orderliness that are helpful in expression of one's innate talent are known as 'personality'.

★ The study of human behaviour is to understand the distinction in distinctions of ideal - non-ideal, rise-fall, advancement-deterioration, appropriate-inappropriate, profitable-unprofitable, just-unjust, virtuous-unvirtuous, lawful-unlawful, dutiful-undutiful, resolved-unresolved, necessary-unnecessary.

व्यक्ति का मूल्यांकन उसके चैतन्य पक्ष की प्रतिभा का ही मूल्यांकन है, क्योंकि चैतन्य इकाई द्वारा ही जड़ पक्ष का चालन, संचालन, प्रतिचालन, परिपालन, परिपोषण, मूल्यांकन, परिवर्धन व परिवर्तन की क्रिया का संपादन हुआ है, जो उसी की इच्छा व विचार का पूर्व रूप है।

❖ ईष्ट :- प्रयोजनशील व सार्थक इच्छा के अनुकूल मानवीयतापूर्ण उपलब्धि व अतिमानवीयता जो समाधान, समृद्धि, अभय, सह-अस्तित्व पूर्ण उपलब्धि।

समाधान समृद्धि अभय सहअस्तित्व सहज ज्ञान, विवेक, विज्ञान है।

❖ अनिष्ट :- प्रयोजनशील व सार्थक इच्छा के प्रतिकूल उपलब्धि।

❖ उत्थान :- मानवीयता की ओर गति।

❖ पतन :- अमानवीयता की ओर गति।

❖ ह्रास :- अधिक मूल्यन से न्यून मूल्यन की ओर परिणाम।

❖ विकास :- न्यून मूल्य से अधिक मूल्य की ओर परिणाम।

❖ उचित :- समय, परिस्थिति तथा घटनाओं के अनुसार मानवीयता या अतिमानवीयता का प्रमाण।

❖ शोषण :- भ्रमवश किया गया कार्य-व्यवहार।

❖ पोषण :- मानवीयता, अतिमानवीयता सहज परंपरा।

❖ अनुचित :- समय, परिस्थिति तथा घटनाओं के संदर्भ में मानवीयता या अतिमानवीयता का शोषण, विरोध।

❖ लाभ :- कम वस्तु व सेवा के बदले में अधिक वस्तु व सेवा का पाना।

❖ हानि :- अधिक वस्तु व सेवा के बदले में कम वस्तु व सेवा का पाना।





The appraisal of human being is the appraisal of capability of his conscious aspect, because the conscious unit (jeevan) itself drives, controls, guides and protects, adheres, nurtures, appraises, assists and changes the material aspect. These activities become prior-form of its own further desires and thoughts.

❖ Ideal (*isht*): - Accomplishment of humanness and super-humanness – as resolution, prosperity, fearlessness and coexistence - aligned with purposeful and meaningful desires. Knowledge, wisdom and science are in alignment with resolution, prosperity, fearlnessness and coexistence.

❖ Non-ideal (*anisht*): - Accomplishments contrary to purposeful and meaningful desires.

❖ Rise (*utthan*): - Movement towards humanness.

❖ Fall (*patan*): - Movement towards inhumanness.

❖ Advancement (*vikas*): - Lower value resulting into higher value.

❖ Deterioration (*hraas*): - Higher value resulting into lower value.

❖ Appropriate (*uchit*): - The evidence of humanness or super-humanness according to time, situation or events.

❖ Exploitation (*shoshan*): - The work and behaviour performed due to delusion.

❖ Nurturing (*poshan*): - Tradition of humanness and super-humanness.

❖ Inappropriate (*anuchit*): - Exploitation and opposition of humanness or super-humanness in the context of time, situation and events.

❖ Profitable (*labh*): - Getting more things and service in exchange of less things and service.

❖ Unprofitable (*hani*): - Getting less things and service in exchange of more things and service.

- ❖ न्याय :- मानवीयता के पोषण के लिए संपादित क्रियाकलाप व व्यवहार। संबंधों की पहचान, मूल्यों का निर्वाह, मूल्यांकन, उभयतृप्ति ही न्याय है।
- ❖ अन्याय :- मानवीयता के विपरीत शोषण के लिए किया गया क्रियाकलाप व व्यवहार तथा अमानवीयतावश क्रियाकलाप व व्यवहार ही अन्याय है।
- ❖ पुण्य :- मानवीयता तथा अतिमानवीयतापूर्ण व्यवहार।
- ❖ पाप :- अमानवीयतावादी व्यवहार।
- ❖ विधि :- अखण्ड समाज सार्वभौम व्यवस्था की पोषणवादी नीति, कार्य व्यवहार।
- ❖ निषेध :- सामाजिकता की शोषणवादी नीति, अमानवीय कार्य व्यवहार। जीव चेतनावश किया गया समस्त कार्य व्यवहार विचार।
- ❖ कर्त्तव्य :- प्रत्येक स्तर पर प्राप्त संबंध एवं संपर्क के मध्य निहित मानवीयतापूर्ण आशा व प्रत्याशा का व्यवहार। मूल्यों का निर्वाह।
- ❖ अकर्त्तव्य :- प्रत्येक स्तर पर प्राप्त संबंध एवं संपर्क के मध्य निहित मानवीयतापूर्ण आशा व प्रत्याशा का निर्वाह न करने के स्थान पर अमानवीयतावादी आचरण अन्याय है।
- ❖ समाधान :- प्रत्येक क्रिया के लिए परिशिष्ट एवं परिमार्जित पद्धति के अनुसरण में वस्तुस्थिति का ज्ञान। सही, क्यों, कैसे का उत्तर, समाधान।
- ❖ समस्या :- पशुमानव, राक्षस मानव का कार्य व्यवहार।
- ❖ आवश्यक :- मानवीयता तथा अतिमानवीयता व्यवहार व प्रमाण।
- ❖ अनावश्यक :- अमानवीयता।
- ❖ चालन :- त्वरणन।
- ❖ संचालन :- संगठित रूप से पूर्णता के अर्थ में चालन, विधिवत चालन।





- ❖ Justice (*nyaya*): - The activities and behaviour carried out for nurturing humanness. Recognition of relationships, fulfilling of values, appraisal and mutual-contentment itself is justice.
- ❖ Injustice (*anyaya*): - The activities and behaviour contrary to humanness carried out for exploitation and activities and behaviour because of inhumanness itself is injustice.
- ❖ Virtue (*punya*): - Behaviour of humanness and super-humanness.
- ❖ Sin (paap): - Inhuman behaviour.
- ❖ Lawful (*vidhi*): - The work and behaviour with ethics of nurturing undivided society and universal orderliness.
- ❖ Unlawful (*nishedh*): - The work and behaviour of inhumanness, that exploit social harmony. Entire work, behaviour and thoughts because of animal consciousness.
- ❖ Dutiful (*kartavya*): - The behaviour that fulfills mutual expectations of humanness in every relationship and association. Fulfilling of values.
- ❖ Undutiful (*akartavya*): - Instead of behaviour that fulfils mutual expectations of humanness in every relationship and association, exhibiting conduct of inhumanness itself is being undutiful.
- ❖ Resolution (*samadhan*): - The knowledge of reality for following ethical and refined method for every action. Answer for all why and how = Resolution.
- ❖ Problem (*samasya*): - The work and behaviour of *pashu manav*, *rakshas manav*.
- ❖ Necessary (*avashyak*): - The behaviour and evidence of humanness and super-humanness.
- ❖ Unnecessary (*anavashyak*): - Inhumanness.
- ❖ Driving (*chalan*):- Jeevan giving signals to body.
- ❖ Control (*sanchalan*): - Jeevan giving signals to body in a coordinated way for the purpose of completeness, while following the norms of living.

- ❖ प्रति-संचालन :- संतुलित रूप में त्वरणन।
- ❖ प्रतिपालन :- जीवन में व्यतिक्रम का निवारण। न्याय, धर्म, सत्य प्रतीत होने के अर्थ में पालन।
- ❖ परिपालन :- परम्परा के अर्थ में पालन।
- ❖ परिपोषण :- जीवन-क्रम को जागृति सहज निरंतरता प्रदान करना।
- ❖ परिवर्धन :- जीवन के क्रिया-कलाप में जागृति के लिए सहयोग।
- ❖ चित्त-परिवर्तन :- मनाकार में उन्नतोचित्त स्फूर्त होना।

- **खनिज, वनस्पति एवं जीव का उपयोग एवं सदुपयोग प्राकृतिक एवं वैकृतिक भेद से मानव करता है।**

- ❖ वैकृतिक :- उपयोगिता के अर्थ में मनाकार को साकार करना।

- **संवेदन, संवहन, संरक्षण, संबोधन, संवर्तन तथा प्रत्यावर्तन क्रिया चैतन्य पक्ष की विशिष्टता है, जो जड़ में नहीं पायी जाती।**

- ❖ संवेदना :- पाँचों ज्ञानेंद्रियों व कर्मेंद्रियों का ज्ञान अथवा विकास के प्रति प्रवृत्ति।
- ❖ संवहन :- पूर्णता के अर्थ में जिज्ञासाओं का वहन। अथवा पूर्णता के अर्थ में वहनशीलता।
- ❖ संरक्षण :- विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करना।
- ❖ संबोधन :- यथार्थ-बोधन।
- ❖ संवर्तन :- परिमार्जन एवं परिपूर्णता के लिये प्राप्त संकेत के अनुसरण क्रिया की सम्वर्तन संज्ञा है।
- ❖ प्रत्यावर्तन:-जागृति सहज गतिशीलता।





- ❖ Guiding (*prati-sanchalan*): - Balance in control
- ❖ Protecting (*prati-palan*): - The removal of obstacles in living, following for achieving perception in justice, religion and truth.
- ❖ Adhering (*paripalan*): - Following in the form of tradition.
- ❖ Nurturing (*pariposhan*): - Giving continuity of awakening to jeevan.
- ❖ Assisting (*parivarshan*): - Helping for awakening in jeevan's activities.
- ❖ Change of mindset (*chitta-parivartan*): - The thoughts becoming spontaneous and more refined.

- **Human being makes use and good-use of minerals, vegetations and animals with distinction of natural and constructed.**

- ❖ Constructed (*vaikrutik*): - Materializing the ideas for achieving the desired utility.

- **The activities of Sensitivity, Receptivity, Conservation, Teaching, Following and Reflection are specialities of conscious aspect (jeevan), which are not found to be there in material nature.**

- ❖ Sensitivity (*samvedna*): - The knowledge of the five sensory-ograns and work-organs or tendency towards progress.
- ❖ Receptivity (*samvahan*): - Carrying the inquiries for completeness or the capacity for understanding.
- ❖ Conserving (*sanrakshan*): - Paving the way for progress.
- ❖ Teaching (*sambodhan*): - Instilling the understanding of actuality.
- ❖ Following (*samvartan*): - The activity of following the signals obtained for refinement and completeness is known as emulation.
- ❖ Reflection (*pratyavartan*): - Movement for awakening.

- अध्ययन के मूल में चैतन्य का प्रभाव होना अनिवार्य है। इसी के अनुपात में ही अपूर्ण बोध, अल्प बोध, सुबोध एवं पूर्ण बोध है। इनके ही प्रभेद से मानव में श्रेणियाँ हैं।

- मानव जागृति क्रम एवं जागृति के अनुसार पशु मानव, राक्षस मानव, मानव, देव मानव, दिव्य मानव के रूप में दृष्टिगत होता है।

❋ मानव, देव मानव, दिव्य मानव रूप में जागृति परंपरा है।

- मानव जागृति में चैतन्य पक्ष का संस्कार और शरीर और जीवन के संयुक्त रूप में संस्कृति एवं सभ्यता में ही गण्य है। यह मानव परंपरा में प्रमाणित होता है।

❖ संस्कृति :- पूर्णता के अर्थ में कार्य-व्यवहार। क्रियापूर्णता एवं आचरण पूर्णता के अर्थ में किया गया कृतियाँ।

- अखंड समाज के अर्थ में कृतियाँ।

- जागृत व्यक्ति की अखण्ड समाज सार्वभौम व्यवस्था के अर्थ में अभिव्यक्ति, संप्रेषणा, प्रकाशन।

- चैतन्य पक्ष में जागृति ही संस्कार है। यह सुसंस्कार है एवं जीव चेतना वश भ्रम ही कुसंस्कार है।

❖ सुसंस्कार :- मानवीयतापूर्ण मानव द्वारा अखंड समाज में, से, के लिए किया गया आवश्यकीय कार्य और आचरण सुसंस्कार है।

❖ सभ्यता :-सार्वभौम व्यवस्था के अर्थ में प्रमाणित होना। यही सार्वभौम व्यवस्था के अर्थ में अभिव्यक्ति है।

- समाज की अखंडता, मानवीयता पूर्ण आचरण पर निर्भर करती है।





- **At the root of study the effect of conscious aspect (jeevan) is mandatory. The understanding is in proportion of this effect is incomplete, partial, complete and perfect. The categories in humankind are based on these distinctions only.**

- **Human being is understood to be in the form of *pashu manav*, *rakshas manav*, *manav*, *dev manav* and *divya manav* according to awakening progression and awakening.**

❋ **The awakened tradition is in the from of manav, dev manav and divya manav.**

- **The awakening of humankind is in the form of impressions of conscious aspect (jeevan) and in the form of culture and civilization as combination of body and jeevan. This gets evidenced in human tradition.**

❖ Culture (*sanskruti*): - The work and behaviour for achieving completeness. The actions towards achievement of functional-completeness (complete understanding) and conduct-completeness (tradition of understanding).

- The activities towards undivided society.

- The expression, communication and exposition of awakened human being towards undivided society and universal orderliness.

- **The awakening in conscious aspect itself is righteous impression and unrighteous impression is due to animal consciousness.**

❖ Righteous Impression (*susanskar*): - The necessary work and conduct by human being with humanness in, from and for undivided society itself is righteous impression.

❖ Civilization (*sabhyata*): - Becoming realized in the form of universal orderliness. Civilization is manifestation of universal orderliness.

- **The undividedness of society depends on conduct of humanness.**

❋ मानवीयता पूर्ण आचरण एवं समाधान, समृद्धि, अभय, सह-अस्तित्व सहज प्रमाण परंपरा ही जागृतिपूर्णता है। व्यक्ति के संस्कार, समझ और समाज की संस्कृति व्यक्ति के जीवन जागृति व समाज की सभ्यता तथा समाज के गठन के मूल में पाई जाने वाली विधि एवं व्यवस्था पर निर्भर करती है।

❋ मानवीयता तथा अतिमानवीयता से सम्पन्न होने के लिए सह-अस्तित्व में अनुभवमूलक संकल्प, इच्छा व विचार का परिष्कृत होना आवश्यक है, जो सुसंस्कार ही है।

❋ सुसंस्कार के लिये वातावरण एवं अध्ययन ही प्रधान कारण है एवं सहायक भी है। इसको सुरक्षित तथा परिमार्जित करने का दायित्व मनीषियों पर निर्भर है। न्यायपूर्ण व्यवहार तथा अखण्ड सामाजिकता की प्रेरणा सुसंस्कारों के वर्धन में सहायक है।

- न्यायपूर्ण व्यवहार पक्ष, समाधान पूर्ण विचार पक्ष तथा सत्यानुभूति पूर्ण प्रमाण अनुभव पक्ष को भाषा द्वारा बोधगम्य, ज्ञानगम्य तथा व्यवहारगम्य बनाने का प्रयास अनुभवशील मानव अथवा जागृति सहज वृत्ति संपन्न व्यक्ति द्वारा किया जाता है।

❖ सहजता :- व्यवहार, विचार एवं अनुभव की एकसूत्रता ही सहजता है।

❖ सहज-वृत्ति :- सहजता प्राप्त मनीषियों की वृत्ति को ही 'सहज-वृत्ति' की संज्ञा है।

❖ न्यायपूर्ण व्यवहार :- सत्य सहज संबंध, मूल्य, मूल्यांकन, उभयतृप्ति।

❖ समाधानपूर्ण विचार :- सत्य सहज आभास।

❖ चिंतन :- सत्य सहज प्रतीति, अनुभूति सहज प्रमाण।

❖ ज्ञानानुभूति :- सह-अस्तित्व परम सत्य में अनुभूति सहज प्रमाण।





❋ The conduct of humanness and evidencing resolution, prosperity, fearlessness and coexistence in human tradition itself is completeness of awakening. The impressions, understanding and awakening of jeevans of individuals, culture of society depends on the norms and orderliness found at the root of society's consitution.

❋ The conviction, desires and thoughts rooted in realization are needed for achieving humanness and super-humanness, which are righteous impressions only.

❋ Environment and study are the primary causes and helpful aspects for righteous impressions. The responsibility of ensuring these is on those with understanding. The behaviour of justice and inspiration of undivided society is helpful for development of righteous impressions.

- **The efforts for making the aspects of behaviour of justice, thoughts of resolution and evidence of realization in truth are done by awakened human beings or by individuals who are with awakened thoughts.**

❖ Naturalness (*sahajta*): - Coherence in behaviour, thoughts and realization itself is naturalness.

❖ Awakened-thoughts (*sahaj vritti*): - The thoughts of awakened human beings who have achieved naturalness only are called 'awakened thoughts'.

❖ Behaviour of Justice (*nyaya poorna vyavhar*): - The relationships in co-existential orderliness, fulfilling of values, appraisal and mutual-contentment.

❖ Resolved Thoughts (*samadhan poorna vichar*): - Intuition of Truth (as a result of realization in coexistence).

❖ Contemplation (*chintan*): - Perception of Truth, as evidence of realization.

❖ Realization in Knowledge (*gyan-anubhuti*): - The natural evidence of realization in absolute Truth as coexistence.

- ज्ञानानुभूति के लिए सह-अस्तित्व के प्रति निर्भ्रम ज्ञान, अनन्यता, अनुराग तथा प्रेम के योग्य क्षमता, योग्यता एवं पात्रता का होना अनिवार्य है, जो साधक के न्याय पूर्ण व्यवहार, समाधान पूर्ण विचार से अथवा किसी अनुभवपूर्ण मानव के आज्ञा पालन में पूर्ण निष्ठा से जागृति प्रमाणित होती है।

❖ निर्भ्रम ज्ञान :- जो जैसा है, उसको वैसा ही जानना व समझना, समझाना।

❖ अनन्यता :- निर्भ्रम ज्ञान की निरंतरता।

❖ अनुराग :- अनन्यता की निरंतरता।

❖ प्रेम :- अनुराग सहित अनन्यता की निरंतरता।

दया, कृपा, करूणा सहज संयुक्त अभिव्यक्ति।

- प्रेम की निरंतरता से ही मानव जागृति व दया, कृपा, करूणा के संयुक्त अभिव्यक्ति, तद्रूप, तदाकार भाव को प्राप्त होकर भ्रम मुक्त हो जाता है।

- अनादिकाल से व्यापक रूपी सत्ता हर इकाई को समान रूप में प्राप्त है ही, इसमें अनुभूति ही मानव के लिये जागृति सहज प्रमाण है।

- अनुभूति की स्थिति को ही 'कैवल्य' या 'तादात्म्य' अनुभूति की संज्ञा है, जिसमें क्लेश, अमर्ष, भय, भ्रम बंधन मुक्ति है।

★ व्यष्टिगत एवं समष्टिगत व्यवहार शरीर, प्राण, मन, वृत्ति, चित्त, बुद्धि तथा आत्मा क्रम से जागृति पूर्णता है। इसीलिए समष्टित्व व्यष्टि सहज और व्यष्टित्व समष्टि सहज परस्पर अपेक्षाओं के रूप में हैं।





- **For realization in knowledge - the absolute knowledge of coexistence, absence of otherness, devotion and potential, ability and receptivity worthy of love are indispensible - which gets realized as awakening by aspirant's behaviour of justice and thoughts of resolution or by having complete commitment in obedience towards a human being with complete realization.**

❖ Absolute knowledge (*nirbhram gyan*): - The way something is, knowing and understanding and making others understand it in the same way.

❖ Absence of otherness (*ananyata*): - Continunity of absolute knowledge.

❖ Devotion (*anurag*): - Continuity of absence of otherness.

❖ Love (*prem*): - Continuity of 'absence of otherness' along with devotion.

Combined expression of kindness, graciousness and compassion.

- **It is from continuity of love that a human being upon attaining combined expression of kindness, graciousness and compassion as attunement and alignment in coexistence becomes liberated from delusion.**

- **The Omnipotence in the form of Space is immanent to every unit in the same way since time eternal, realization in it itself is the evidence of awakening for human being.**

- **The state of realization itself is known as '*kaivalya*' or realization of immanence, where in there is liberation from conflicts, resentment, fear and bondage of delusion.**

★ The behaviour of a human being with few human beings (for example – family) or with entire people (all humankind) is from body, *pran*, *mun*, *vritti*, *chitta*, *buddhi*, till *atma* – as completeness of awakening. There are mutual-expectations between few human beings and entire human beings.

फलस्वरूप ही एकसूत्रात्मक समन्वयता को पाने, पालन करने एवं प्रतिपालन करने की आवश्यकता मानव जाति में है और उसके योग्य नियमों का अध्ययन व प्रयोग करना ही समाज का प्रधान कार्यक्रम है।

★ व्यवहार, शरीर तथा प्राण ये जड़ क्रियाएँ हैं व संरचनाएँ हैं और शरीर के क्रियाकलाप तथा व्यवहार के लिए चैतन्य पक्ष का रहना अनिवार्य है।

- आत्मा सहअस्तित्व में अनुभव होते ही बुद्धि, चित्त, वृत्ति और मन पर उस महिमा की प्रसारण-क्रिया बिंब-प्रतिबिंब-अनुबिंब-न्याय से प्रभाव सम्पन्न होती है। ऐसी अनुभूति सहज महिमा प्रत्यावर्तन-परावर्तन क्रिया ही प्रमाण तथा अनुभव के रूप में सिद्ध हुई है।
- चैतन्य इकाई का अधिकतम विकसित अंश आत्मा ही है, क्योंकि हर अवस्था के परमाणु में मध्यांश, मध्यस्थ क्रिया में व्यस्त है और अन्य सभी अंग सम या विषम क्रिया में व्यस्त पाए जाते हैं।
- समझदारी की आंशिकता में क्रिया, क्रिया की आंशिकता में उपयोग, सदुपयोग, प्रयोजनशीलता के अनुपात में अनुभव प्रमाण और इसके अतिरिक्त अनुमान के कारण ज्ञानवर्धन संपन्न हुआ है। मूल में पूर्ण ज्ञान व्यंजना का अधिकार आत्मा में है।
- अज्ञान, आलस्य, अत्याशा, आक्रोश, आवेश, प्रलोभन, अभाव व रोग पक्ष ही दु:ख का कारण है। समस्त दु:ख का मूल भ्रम में ही है।

❖ व्यंजना :-अनुभव क्रिया का प्रभावशील, क्षमता अथवा प्रभाव क्षेत्र।

- ह्रासांश में स्थित इकाई के लिए दो कारण हैं :- प्रथम है, अजागृति तथा द्वितीय है, शक्ति का अपव्यय।
- अजागृत को जागृत बनाना ही सामाजिकता का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य और कार्यक्रम है।





As a result, there is need in humankind for achieving, following and implementing universality – and study and experimentation for that is the primary program for society.

★ Behaviour, body and *pran* – these are with material-activities and formations and conscious aspect (jeevan) is indispensible functioning and behaviour with body.

- **As *atma* achieves realization in coexistence – *buddhi, chitta, vritti* and *mun* get into its effect by the process of successive manifestation. This gets evidenced through reflection and manifestation activities as evidence of realization.**
- **The most evolved part of conscious unit (jeevan) is *atma* only, because in atoms of every evolution stage the nucleus is occupied in activity of centeredness and all other parts are occupied in activities of attraction and repulsion.**
- **Awakened human being's actions are only a fraction of his understanding and he uses only a fraction of result of his actions. The evidence of realization is in proportion of good-use and purposefulness of result of one's actions. The knowledge is achieved through inference. At the root, the capability of manifesting complete knowledge is there in *atma*.**
- **Ignorance, laziness, over-expectation, anger, agitation, greed, poverty and illness alone are the causes of misery. The root of entire miseries is in delusion only.**

❖ Manifestation (*vyanjana*): - The span of effect of realization.

- **There are two causes for a unit's being in the state of regression: - first is, un-awakening (lack of understanding) and second is, wastefulness.**
- **Awakening the unawakened is the most significant purpose and program of society.**

★ जो जिसको अधिक मूल्यवान मानता है, उसी के लिए वह अपने, तन, मन, व धन का व्यय करता है।

❋ मानव-कुल में निहित वैविध्यता का निराकरण केवल न्यायपूर्ण व्यवहार समाधान पूर्ण विचार नीति से संभव हुआ है।

❋ भ्रांत स्थिति से की गयी मूल्यांकन क्रिया को **आसक्ति,** भ्रांताभ्रांत स्थिति से किए गए मूल्यांकन की **जागृति** तथा निभ्रांत स्थिति से किए गए मूल्यांकन स्थिति की **'यथार्थ'** संज्ञा है।

❋ यथार्थ मूल्यांकन क्षमता ही **दर्शन की पूर्णता** दर्शन की पूर्णता ही **संतुलन,** पूर्ण संतुलन ही **ज्ञान,** ज्ञान ही व्यापकता में **अनुभूति,** व्यापक में अनुभूति ही **निर्भ्रमता** और निर्भ्रमता से ही यथार्थ मूल्यांकन क्रिया नि:सृत होती है। ऐसी इकाई में न्याय पूर्ण व्यवहार और धर्म पूर्ण विचार स्वभाव के रूप में परिलक्षित होता है।

• अनुभव के लिए समझदारी, समझदारी के लिए अनुभूति, इच्छा के लिए समझदारी और समझदारी के लिए इच्छा, इच्छा के लिए क्रिया और क्रिया के लिये इच्छा, उपयोग के लिये क्रिया और क्रिया के लिए उपयोग, क्रिया के लिए उत्पादन और उत्पादन के लिए क्रिया व्यस्त है।

• रूप क्रिया की गणना काल, सम्वेग, वेग , विसर्जन, गुण व स्वभाव के अनुसार स्थूल व सूक्ष्म भेद से है, जो मानव की समझदारी (ज्ञान) बुद्धि में भाव, इच्छा में प्रतिभाव, विचार में अनुभाव, मन से प्रवृत्तियों के रूप में व्यक्त होती है।





★ That which one believes is of higher value, he devotes his body, mind and wealth for that only.

❋ The normalization of disparities in humankind has been possible only from behaviour of justice and thoughts of resolution.

❋ The appraisal-activity from the delusion-state is known as attachment, appraisal-activity from discerning-state is known as realization of awakening and appraisal-activity from non-delusion state is known as description of actuality.

❋ The potential for 'appraisal of reality' alone is completeness of view (or holistic view), completeness of view itself is balance, complete balance itself is knowledge, knowledge itself is realization in the Omnipresence, realization in Omnipresence itself is non-delusion and it is from non-delusion alone that 'appraisal of reality' flows. In such a unit (human being with non-delusion) the behaviour of justice and thoughts of religion are manifested as innate-nature.

• **Understanding is occupied for realization and realization is occupied for understanding, desire is occupied for understanding and understanding is occupied for desire, actions are occupied for desires and desires are occupied for actions, utilization is occupied for actions and actions are occupied for utilization, production is occupied for activities and activities are occupied for production.**

• **The gross and subtle forms of nature can be understood for their duration of activity, impetus, speed, dissolution, characteristics and innate-nature – which gets reflected in human being as understanding in *buddhi*, willfulness in *chitta*, resolution in thoughts (*vritti*) and tendencies in *mun*.**

- सुरूप व कुरूप के भेद से रूप, जड़ व चैतन्य के भेद से क्रिया, लोक व लोकेश के भेद से लक्ष्य, विषय व निर्विषय व्यवस्था के भेद से ज्ञान, विधि व निषेध के भेद से कर्म, सार्थक व निरर्थक भेद से भाषा है।

- अवस्था भेद से आसक्ति एवं समाधान, आसक्ति एवं समाधान भेद से आवश्यकता, आवश्यकता भेद से श्रम, श्रम भेद से उत्पादन, उत्पादन भेद से उपलब्धि, उपलब्धि भेद से परिणाम, परिणाम भेद से ही क्षमता, योग्यता एवं पात्रता; क्षमता, योग्यता एवं पात्रता भेद से सहजात्मक, लोकात्मक (ईषणात्मक) और विषयात्मक प्रवृत्तियाँ तथा इन तीनों अथवा इनके मिश्रित बौद्धिक अवस्था में ही चित्रण की अभिव्यक्ति की समर्थता है।

- सहजता प्राप्त मानव जीवन में विश्राम का तथा लोकासक्त मानव जीवन में श्रम का क्षोभ है।

- मानव ने अपनी क्षमता, योग्यता और पात्रता के अनुसार सहजोन्मुखता में नित्यता का, लोकोन्मुखता में अमरत्व का बोध और विषयोन्मुखता में अनित्यता की स्वीकृति किया है। सहजता में दिखावा, रहस्य तथा अविद्या व भ्रम का पूर्ण विलय होता है। इसीलिए जागृत मानव विकार से मुक्त है। साथ ही इस स्थिति में निरंतर तृप्ति, समाधान और विश्राम का अनुभव है।





- **The forms are with distinction of beautiful (acceptable) and ugly (unacceptable), the activities are with distinction of material and conscious, the purpose is with distinction of worldly and spiritual, knowledge is with distinction of specific and absolute, actions are with distinction of lawful or unlawful, language is with distinction of meaningful and meaningless.**
- **The evolution status of consciousness determines attachment and resolution, distinction in attachment and resolution determines needs, distinction in needs determines extent of hard-work (physical labour), extent of hard-work (physical labour) determines extent of production, extent of production determines extent of achievement, extent of achievement determines results, distinction in results alone is potential, ability and receptivity (of human being), distinction in potential, ability and receptivity (of human being) alone are as natural, worldly (motivated) and instinctual tendencies and these three tendencies and their combinations alone characterize the capability of imaging.**
- **The human living that has attained naturalness has effortlessness and one who is attached to material world has friction in his efforts.**
- **Human being accepted permanence of existence upon self-realization and accepted immortality of self upon understanding of the world and (due to delusion) accepted impermanence in instinctual living. Naturalness completely dissolves the pretentiousness, mysteriousness, ignorance and delusion. Therefore awakened human being is liberated from flaws. Along with this, in this state there is continuous contentment, resolution and effortlessness.**

- लोकेषणा ही श्रेष्ठ ऐषणा है। देव मानव स्वयं की जागृति को प्रमाणित करने के अर्थ में मानवीय परंपरा को पोषण और सम्वर्धन के लिए जन बल व धन का नियोजन करते हैं। यही यश का कारण व स्वरूप है, जिसकी सार्थकता मानव परंपरा में व्यवस्था सार्वभौमिकता के रूप में होना है। इसके फलन में अखंड समाज का ख्याति होना आवश्यक है। लोकेषणा अर्थात् जागृत मानव परंपरा को लोकव्यापीकरण करने के क्रम में यश का स्वीकृति है। यश का तात्पर्य-जागृति की स्वीकृति, सहानुभूति, अनुकरण क्रिया है। मानवीयता के विरोधी जितने भी कायिक, वाचिक, मानसिक क्रियाकलाप है उससे मुक्त रहना ही यश है।

- मानवीयता पूर्ण परंपरा सहज उद्देश्य से प्रयास, प्रयास भेद से साधनों का उपयोग, सदुपयोग; उपयोग, सदुपयोग भेद से फल; फल से प्रयोजन; प्रयोजन से उद्देश्य सफल होना पाया जाता है। यही जागृति पूर्ण जीवन परंपरा चक्र है।

- समस्त साधनों की गणना अंतरंग और बहिरंग भेद से है।

❖ बहिरंग साधन :- शरीर व उससे उत्पन्न या उत्पादित समस्त वस्तुएँ बहिरंग साधन हैं।

❖ अंतरंग साधन :- मन, वृत्ति, चित्त, बुद्धि, आत्मा सहज परावर्तन रूपी शक्तियों के रूप में अंतरंग साधन है। जीवन में, से, के लिए सम्पूर्ण कार्य-व्यवहार करता है।

- शरीर का साध्य मन, मन का साध्य वृत्ति, वृत्ति का साध्य चित्त, चित्त का साध्य बुद्धि, बुद्धि का साध्य आत्मा और आत्मा का साध्य सह-अस्तित्व में अनुभव सहज प्रमाण है।





- **Fame-motive is noble. *Dev manav* devotes his available means as strength of people and material-wealth for nurturing and progress of humanness in tradition. This itself is the cause and form of fame, which results as orderliness in human tradition in the form of universality and in turn undivided society. The acceptance of fame is in the course of universalizing the awakened human tradition. Fame means – acceptance of awakening, mutual understanding and following. Whatever activities are there which oppose humanness, remaining untouched from them alone is fame.**

- **The aim of evidencing tradition of humanness determines endeavours, the distinction of endeavours determines use and good-use of resources, the distinction of use and good-use determines their results, the results determine purposefulness and it is with purposefulness that aim is achieved. This alone is the cycle of awakened living.**

- **Entire means of living are either interior or exterior.**

❖ Exterior means (*bahirang sadhan*): - Body and all everything produced with its use are exterior means.

❖ Interior means (*antrang sadhan*): - The manifestation of forces of *mun, vritti, chitta, buddhi* and *atma* are interior means. Entire work and behaviour of human being is in, from and for jeevan.

- **The aim of body is to in accordance with *mun*, the aim of *mun* is to be in accordance with *vritti*, the aim of *vritti* is to be in accordance of *chitta*, the aim of *chitta* is to be in accordance with *buddhi*, the aim of *buddhi* is to be in accordance with *atma* and aim of *atma* is realization in coexistence – as evidence.**

- ❖ साध्य :- जिसको पाना है।
- ❖ साधन :- साध्य को पाने हेतु आवश्यक प्रयुक्ति, उपाय एवं वस्तु।
- ❖ साधक:- साध्य को पाने हेतु साधन को जो प्रयुक्त करता है।
- जिसकी जागृति और तृप्ति शेष है, उसे ही शेष जागृति को प्राप्त करने के लिये साधन की आवश्यकता है।
- आत्मा का पूर्ण विकास (ज्ञान की पारदर्शकता) सह-अस्तित्व में अनुभूति में, बुद्धि का पूर्ण विकास अनुभव सहज संकेत बोध की सत्यसाक्षी में कलाकरण योग्य क्षमता से, वृत्ति का पूर्ण विकास चित्त के संकेत ग्रहण अर्थात् धर्म पूर्ण विचार निर्माण योग्यता से तथा मन का पूर्ण विकास वृत्ति का संकेत ग्रहण कर न्यायसम्मत व्यवहार पात्रता अर्जित करने से है।
- मन, वृत्ति, चित्त, बुद्धि व आत्मा जीवन में अभिन्न है। जीवन जागृति के स्थिति में, जीवन परंपरा में प्रमाणित होने वाली विभूतियाँ ( क्रियाएँ) बल और शक्ति के रूप में निम्न हैं :- आत्मा में दो विभूतियाँ, बुद्धि में चार, चित्त में सोलह, वृत्ति में छत्तीस व मन में स्थिति और गति मे ंचौसठ विभूतियाँ (क्रियाएँ) पायी जाती है। उपरोक्त सभी क्रियाओं को हर व्यक्ति प्रमाणित कर सकता है। इस प्रकार मानव (जीवन) में कुल स्थिति और गति अर्थात् बल और शक्ति के रूप में 122 क्रियाएं पायी जाती है।





- ❖ Aim (*sadhya*): - That which is to be achieved.
- ❖ Means (*sadhan*): - The method, the path and the objects required for achieving the aim.
- ❖ Aspirant (*sadhak*): - One who deploys the means for achieving the aim.
- **The one who remains to be awakened and contented, only he needs the means for achieving the remaining awakening.**
- **The completeness of *atma* is in realization in coexistence (as transparency of knowledge), the completeness of *buddhi* is in achieving the potential for manifesting the realization in Truth, the completeness of *vritti* is in achieving the ability of religious thoughts (resolved thoughts) and the completeness of *mun* is in achieving the receptivity for behaviour of justce.**
- ***Mun*, *vritti*, *chitta*, *buddhi* and *atma* are inseparable in jeevan. Awakened-jeevan manifests its strengths and forces in human tradition as follows: - There are two activities in *atma*, four in *buddhi*, sixteen in *chitta*, thirty-six in *vritti* and sixty-four in *mun* (in both *sthiti* and *gati*). In this way, human being has 122 activities in *sthiti* and *gati*, which means as strengths and forces.**

- **अनुभव और आनंद रूपी प्रमाण आत्मा में; अस्तित्व एवं परमानंद आत्मस्थ अनुभूति है।**

❖ **अस्तित्व :- नाश रहित गुण और नित्य वर्तमान।**

❖ **परमानन्द :- आत्मा की पारदर्शकता अथवा सहअस्तित्व में अनुभूति।**

❖ **आनंद :- मध्यस्थ क्रिया सहज पूर्ण-बोध या आत्मबोध।**

❖ **धृति :- भय का अभाव।**

❖ **धी :- ज्ञान-ग्रहण एवं प्रभावीकरण क्षमता।**

❖ **संकल्प :- निश्चय की निरंतरता।**

❖ **श्रुति :- यथार्थ रूपी ज्ञान, विवेक, विज्ञान का भाषाकरण।**

❖ **स्मृति :- बार-बार आवश्यकतानुसार, भाषापूर्वक समझदारी का प्रस्तुतीकरण।**

❖ **मेधा :- कला को धारण करने वाली क्रिया।**

❖ **श्री :- समृद्धि की स्वीकृति।**

❖ **संतोष :- अभाव का अभाव।**

❖ **कला :- उपयोगिता योग्य सुंदर क्रिया।**

❖ **कान्ति :- अज्ञान को क्षीण करने वाली प्रक्रिया।**

❖ **इच्छा :- वांछित एवं इच्छित के प्रति सजगता।**

❖ **विद्या :- जो जैसा है, उसको वैसा ही स्वीकार करना।**

❖ **प्रज्ञा :- यथार्थ की पूर्ण अनुमान सहित पूर्ण स्वीकृति क्रिया।**

❖ **कीर्ति :- विकास की ओर सक्रियता।**

❖ **विचार :- स्फुरण पूर्वक सत्यता को उद्घाटित करने हेतु की गई क्रिया।**





- **The evidence in the form of realization and bliss happens in *atma*. Existence and supreme bliss is realized in *atma*.**

❖ Existence (*astitva*): - That which is has the characteristics of not getting annihilated, as eternal presence.

❖ Supreme-bliss (*paramanand*): - The transparency of *atma* or realization in coexistence.

❖ Bliss (*anand*): - Self-realization. Accomplishing the understanding of activity of centeredness.

❖ *Dhriti*: - Absence of fear.

❖ *Dhee*: - The potential for receiving and manifesting the knowledge.

❖ *Sankalp*: - Continuity of determination.

❖ *Shruti*: - Articulation of knowledge, wisdom and science which is there in self as reality.

❖ *Smriti*: - Presentation of understanding in language again and again as needed.

❖ *Medha*: - The activity that bears the art.

❖ *Shree*: - The acceptance of prosperity.

❖ *Santosh*: - Lacking the sense of lacking.

❖ *Kala*: - Beauty along with utility.

❖ *Kanti*: - The process that emaciates ignorance.

❖ *Ichchha*: - Awareness towards what is expected and desired.

❖ *Vidya*: - Accepting something the way it is.

❖ *Pragya*: - The activity of complete acceptance with complete inference of actuality.

❖ *Keerti*: - Continuous activity towards advancement.

❖ Thought (*vichar*): - The activity of revealing the truth with exuberance.

- ❖ निश्चय :- सत्यतापूर्ण विचार की निरंतरता।
- ❖ धैर्य :- न्यायपूर्ण विचार की निरंतरता।
- ❖ शांति :- समाधान पूर्ण विचार व्यवहार में गतित होना।
- ❖ दया :- दूसरे के विकास में हस्तक्षेप न करना, सहायक होना।
- ❖ दम :- ह्रास की ओर जो आसक्ति है, उसकी समापन क्रिया। उत्थान की ओर प्रवृत्त।
- ❖ कृपा :- दूसरे मानव के जागृति के लिये सहायता अथवा पात्रता अर्जित करने में सहायक होना।
- ❖ करुणा :- जागृति के लिए उत्प्रेरित करना अथवा जागृति के लिए योग्यता और पात्रता अर्जित करने में सहायक होना।
- ❖ उत्साह :- जागृति के लिये प्रवृत्ति, उत्सव, सजगता।
- ❖ कल्पना :- मान्यता का पूर्व रूप।
- ❖ भाव :- मूल्य, मूल्यांकन।
- ❖ श्रद्धा :- श्रेय की ओर गतिशीलता।
- ❖ क्षमा :- जागृति के लिए की जाने वाली सहायता के समय उसके ह्रास पक्ष से अप्रभावित रहना।
- ❖ अनुराग :- निर्भ्रम ज्ञान की निरंतरता में अनन्यता।
- ❖ जाति :- रूप, गुण, स्वभाव व धर्म की विशिष्टता एवं भौतिकता।
- मन को जो प्रिय हो, उसके चुनाव की प्रकिया की चयन संज्ञा है। मन में आस्वादन अपेक्षा पूर्वक चयन होता है।





- ❖ Determination (*nishchaya*): - Continuity of truthful thoughts.
- ❖ Patience (*dhairya*): - Continuity of thoughts of justice.
- ❖ Peace (*shanti*): - Movement in thoughts and behaviour complete with resolution.
- ❖ Kindness (*daya*): - Not interfering in other's advancement, being helpful.
- ❖ *Dum*: - The ending of attachment towards deterioration. Tendency for advancement.
- ❖ Graciousness (*krupa*): - Being helpful for awakening of other human being or being helpful for developing receptivity in other.
- ❖ Compassion (*karuna*): - Inspiring for awakening, or being helpful for acquiring ability and receptivity for awakening.
- ❖ Enthusiasm (*utsaha*): - Tendency, celebration and awareness for awakening.
- ❖ Imagination (*kalpana*): - Prior form of an acceptance (belief).
- ❖ *Bhav*: - Value, appraisal.
- ❖ Reverence (*Shraddha*): - Movement towards virtuousness.
- ❖ Forgiveness (*kshama*): - At the time of helping for someone's advancement, remaining unaffected from the possibility of its misuse.
- ❖ Devotion (*anurag*): - Oneness in continuity of absolute knowledge.
- ❖ *Jati*: - The speciality of form, characteristics, innate-nature and religion.
- **Selecting that which is pleasant to *mun* is known as choice. The choice in *mun* happens on the basis of taste.**

★ समाधानपूर्ण व्यवहार तथा उत्पादित कार्य के समत्व में सह-अस्तित्व तथा समृद्धि, शरीर तथा हृदय के समत्व में तृप्ति, हृदय तथा प्राण के समत्व में आरोग्य तथा पुष्टि, प्राण एवं मन के समत्व में शरीर स्वस्थता बल तथा स्फूर्ति, मन व वृत्ति के समत्व में सुख, वृत्ति व चित्त के समत्व में शांति, चित्त व बुद्धि के समत्व में संतोष, बुद्धि व आत्मा के समत्व में आनंद अनुभव पूर्वक आत्मा तथा सह-अस्तित्व में नित्य समत्व है ही। इसीलिए परमानन्द सहज अनुभूति व प्रमाण है।

- परमानन्द सहज अनुभूति ही मानव जीवन का चरम लक्ष्य है। परमानन्द सह-अस्तितव में अनुभव सहज वैभव है। यह जागृत जीवन में सहज क्रिया और अभिव्यक्ति है।
- **जीवन सहज 122 क्रियाओं की परिभाषा इस प्रकार है**
- **आत्मा सहज दो क्रियाएँ - 1. अनुभव, 2. प्रमाण**

अनुभव :-सत्ता में संपृक्त प्रकृति के रूप में नित्य वर्तमान।

प्रमाण :- अनुभव संपन्न अभिव्यक्ति, संप्रेषणा, प्रकाशन।

- **बुद्धि सहज चार क्रियाएँ :-**

1. बोध :- अनुभव गामी विधि से अध्ययन पूर्वक अर्थ स्पष्ट होना अर्थात् अस्तित्व में वस्तु का स्पष्ट बोध होना। अनुभव मूलक विधि से वस्तु बोध होना तथा प्रमाणित होने के लिये संकल्प पूर्वक तत्पर होना। यही ऋतंभरा है।
2. संकल्प :- न्याय, धर्म, सत्य सहज निश्चय की निरंतरता प्रमाण व्यक्त होना।
3. धी :- उत्सवशीलता सहित प्रवर्तन क्रिया (परावर्तन के लिये तत्परता) ज्ञान ग्रहण एवं प्रभावीकरण क्षमता।
4. धृति :- भय का अभाव। वर्तमान में विश्वास होना ही धृति है।

- संपूर्ण सह-अस्तित्व सहज सत्य में निष्ठा परावर्तित करने के लिए प्रवृत्ति।





★ Coexistence and prosperity is achieved in harmony of resolved behaviour and production-activities, sensory-contentment is in the harmony of heart and body, healthiness and physical strength is in harmony of heart and *pran* (breathing), happiness is in harmony of *mun* and *vritti*, peace is in harmony of *vritti* and *chitta*, contentment is in harmony of *chitta* and *buddhi*, bliss is in harmony of *buddhi* and *atma* and upon realization there is eternal harmony in *atma* and coexistence. It is for this reason, supreme-bliss is natural upon realization and it is in the form of evidence.

- **The realization of supreme-bliss itself is the absolute purpose of human life. Supreme-bliss is the natural grandeur of realization in coexistence. This is natural expression of an awakened jeevan.**
- The definitions of 122 activities of jeevan are as follows: -
- **The two activities of *atma*** – 1. *Anubhav* 2. *Praman*

*Anubhav*: - Eternal presence in the form of nature saturated in Omnipotence.

*Praman*: - Realized expression, communication and exposition.

- **The four activities of *buddhi***: -

(1) *Bodh*: - Clarity of meaning as a result of realization oriented method. The understanding of reality from realization rooted method and earnestness for its realization with conviction. This itself is the power of understanding.

(2) *Sankalp*: - The expression of having continuity of determination in justice, religion and truth.

(3) *Dhee*: - The earnestness for manifestation with joyousness. The potential for receiving knowledge and influencing others.

(4) *Dhriti*: - Absence of fear. Trust in present itself is *dhriti*.

- The tendency for manifesting commitment in truth as coexistence.

- सत्य या सत्यता का बोध सहज परावर्तन में निष्ठा।

- **चित्त सहज सोलह क्रियाएँ :-** चिंतन व चित्रण रूपी सोलह (16) क्रिया कलाप :-

**1. श्रुति 2. स्मृति**

(1) श्रुति :-

1. यथार्थ समझदारी का भाषाकरण।
2. यथार्थ जीवन व दर्शन पूर्ण अभिव्यक्ति।
3. सह-अस्तित्व सहज यथार्थों का भाषा सहज संप्रेषणा, अभिव्यक्ति।

(2) स्मृति :- बार-बार आवश्यकतानुसार भाषा पूर्वक समझ का प्रस्तुतीकरण। भाषा से इंगित वस्तु को साक्षात्कार सहित चित्रण समेत की गई स्वीकृति, जिसको बार-बार दोहराया जाना प्रमाण है।

**3. मेधा 4. कला**

(3) मेधा :- स्मृति का धारक-वाहक क्रिया।

कला को साक्षात्कार करने वाली चिंतन क्रिया।

(4) कला :- उपयोगिता योग्य सुंदर क्रिया।

उपयोगिता एवं कला की संयुक्त उपलब्धि (प्रकाशन) एवं योग्यता मेधा अपने में, जीवन क्रियाओं में, से विज्ञान व विवेक सम्मत साक्षात्कार सहित स्वीकार क्रिया है।

**5. कान्ति 6. रूप**

(5) कान्ति :- कान्ति का तात्पर्य प्रकाश से है। सार्थकता संभावना के अर्थ में स्पष्ट होना प्रकाश है।

(6) रूप :- आकार, आयतन, धन।

**7.निरीक्षण 8. गुण**

(7) निरीक्षण :- अनुभव मूलक दर्शन व उसके प्रकटन की संयुक्त चिंतन चित्रण क्रिया।

(8) गुण :- सापेक्ष गतियाँ।





- The commitment in manifesting understanding of truth or truthfulness.

- **The sixteen activities of *chitta***: - The sixteen functions in the form of contemplation and imaging.

***Shruti, Smriti***

*(1)* *Shruti*: -

(i) Revelation in language of the knowledge of actuality.

(ii) Expression holistic view of actuality.

(iii) Communication and expression of realities of coexistence.

*(2)* *Smriti*: - The presentation of understanding again and again as needed. The acceptance of realities indicated by language upon their direct perception along with imaging, whose evidence is in the form of tradition.

***Medha, Kala***

*(3)* *Medha*: - The activity that holds and carries the memories.

The activity that does direct perception of *kala* (art)

*(4)* *Kala*: - Beauty with utility.

The combined accomplishment (exposition) of utility and art as talent, which is acceptance in jeevan-activities with direct perception aligned with wisdom and science.

***Kanti, Roop***

*(5)* *Kanti*: - *Kanti* means light. The expression of purpose in the form of possibility is light.

*(6)* *Roop*: - Shape, area, volume.

***Nirikshan, Guna***

*(7)* *Nirikshan*: - The combination of contemplation and imaging activities of realization rooted holistic view (*darshan*) and its expression.

*(8)* *Guna*: - Relative motions

- सम-विषम- मध्यस्थ गतियाँ, गतियों का आंकलन।
- स्वभाव गति और अपेक्षित गति का प्रकाशन।

### 9. संतोष 10. श्री

(9) संतोष :- अभाव का अभाव। आवश्यकता से अधिक उत्पादन सहित विवेक सम्मत विज्ञान पूर्वक प्रमाणित होने की तत्परता।

(10) श्री :- समृद्धि या समृद्धि की निरंतरता सहज स्वीकृति।

### 11. प्रेम 12. अनन्यता

(11) प्रेम :- पूर्णानुभूति।

- दया, कृपा, करुणा की संयुक्त अभिव्यक्ति।
- पूर्णता में रति व उसकी निरंतरता।

(12) अनन्यता :- मानव की परस्परता व नैसर्गिकता में पूरक क्रिया- कलाप।

- प्रामाणिकता व समाधान में निरंतरता।
- अजागृत के जागृति में सहायक क्रिया।

### 13. वात्सल्य 14. सहजता

(13) वात्सल्य :- अभ्युदय के अर्थ में पोषण, संरक्षण की निरंतरता।

(14) सहजता :- स्पष्टता व प्रामाणिकता।

- व्यवहार, रीति विचार एवं अनुभव की एक सूत्रता।

### 15. श्रद्धा 16. पूज्यता

(15) श्रद्धा :- श्रेय की और गतिशीलता अर्थात् आचरण पूर्णता की ओर गुणात्मक परिवर्तन।

- जागृति और प्रामाणिकता की ओर गति व उसकी निरंतरता।





- Attraction, replulsion and centering motions and their assessment.
- The expression of innate-nature or expected behaviour.

### *Santosh, Shree*

*(9)* *Santosh*: - Lacking the sense of lacking. The earnestness for becoming realized with science and wisdom while doing more production than needs.

*(10)* *Shree*: - Prosperity, or acceptance of continuity of prosperity.

### *Prem, Ananyata*

*(11)* *Prem*: - Realization in completeness

- Combined expression of kindness, graciousness and compassion.
- Living in completeness and its continuity

*(12)* *Ananyata*: - The mutual complementariness in human being's relationships and environment.

- The continuity in authenticity and resolution.
- The activity that is helpful in awakening of unawakened.

### *Vatsalya, Sahajta*

*(13)* *Vatsalya*: - The continuity of providing nurturing and protection towards realization of all-round resolution.

*(14)* *Sahajta*: - Clarity and authenticity

- The coherence in behaviour, customs, thoughts and realization.

### *Shraddha, Pujyata*

*(15)* *Shraddha*: - The movement towards merit, which means– qualitative-progress towards conduct-completeness.

- The movement towards awakening and authenticity and its continuity.

(16) पूज्यता :- गुणात्मक विकास और जागृति के लिए सक्रियता।

## वृत्ति सहज 36 क्रियायें

### 1. विद्या 2. प्रज्ञा

1. विद्या :- जो जैसा है, अर्थात् जिस प्रयोजनार्थ है उसे वैसा ही विधिवत् जानने, मानने, स्वीकार करने की क्रिया।

2. प्रज्ञा :- परिष्कृति पूर्ण संचेतना।

- यर्थाथ और यथार्थ सहज अनुमान अनुभव क्रिया।
- वस्तुगत सत्य, वस्तु स्थिति सत्य के प्रति अवधारणा एवं अनुभव मूलक गति और स्थिति सत्य में बोध व अनुभव मूलक गति है।

### 3. कीर्ति 4. विचार (वस्तु)

3. कीर्ति :- जागृति की ओर सक्रियता।

- वर्तमान में विकास और जागृति के संदर्भ में की गई श्रेष्ठता व सुलभता की प्रामाणिक प्रस्तुति।

4. विचार :- स्फुरण पूर्वक सत्यता को उद्‌घाटित करने हेतु की गई क्रिया।

- सह-अस्तित्व सहज प्रकाशन, संप्रेषणा, अभिव्यक्ति।

### 5. निश्चय 6. धैर्य

5. निश्चय :-सत्यतापूर्ण विचार की निरंतरता।

- लक्ष्य, दिशा और प्रयोजन की ओर गति।
- सत्यता पूर्ण विचार की निरंतरता।

6. धैर्य :- न्यायपूर्ण विचार की निरंतरता।

### 7. शांति 8. दया

7. शांति :- समाधान पूर्ण विचार का फलन।

- इच्छा एवं विचार की निर्विरोधिता।





*(16) Pujyata*: - Being active for qualitative-progress and awakening.

## The 36 Activities of *Vritti*

### *Vidya, Pragya*

*(1) Vidya*: - The way a reality is, i.e. the purpose for which a reality is – the activity of methodically knowing, believing and accepting that in the same way.

*(2) Pragya*: - Refined consciousness

- The activity of inferring and being realized in actuality
- The conception and realization is in objective and subjective truth. *Bodh* and realization is in absolute truth.

### *Keerti, Vichar*

*(3) Keerti*: - Progressiveness towards awakening.

- Authentic presentation about excellence and easiness about awakening and progress in present context.

*(4) Vichar*: - The activity that expositions truth with spontaneity.

- Exposition, communication and expression of coexistence.

### *Nishchaya, Dhairya*

*(5) Nishchaya*: - Continuity of thoughts of truthfulness

- Movement towards aim, direction and existential purpose
- Continuity of thaoughts of truth.

*(6) Dhairya*: - Continuity of thoughts of justice.

### *Shanti, Daya*

*(7) Shanti*: - The result of thoughts of resolution.

- The unopposedness of desires and thoughts.

8. दया :- दूसरे के विकास में हस्तक्षेप न करना।

- पात्रता के अनुरूप वस्तु, योग्यता प्रदायी क्षमता।

**9. कृपा 10. करुणा**

9. कृपा :- दूसरे के विकास के लिए सहायता अथवा पात्रता अर्जित करने में सहायक होने में अर्हता सम्पन्न रहना।

- वस्तु के अनुरूप पात्रता प्रमाणित कराने वाली क्षमता योग्यता को स्थापित करने की क्रिया।

10. करुणा :- विकास के लिए उत्प्रेरित करना।

- विकास के लिए योग्यता और पात्रता अर्जित करने में सहायक होना।

**11. दम 12. क्षमा**

11. दम :- ह्रास की ओर जो आसक्ति है, उसकी समापन क्रिया।

- भ्रम, भय और अपव्ययता से मुक्ति और जागृति पूर्ण प्रकृति में निष्ठा।

12. क्षमा :- विकास के लिए की जाने वाली सहायता के समय उसके ह्रास पक्ष से अप्रभावित रहना।

**13. तत्परता 14. उत्साह**

13. तत्परता :-जागृति, जागृति क्रम, विकास क्रम में सक्रियता।

- उत्पादन कार्य-कलाप में लगनशीलता।
- मानवीय व्यवहार-आचरण में निष्ठा।
- व्यवस्था और समग्र व्यवस्था में भागीदारी सहज उदय की ओर परावर्तन क्रिया।

14. उत्साह :- उत्थान के लिए साहस।

- व्यवस्था सहज सजगता।

**15. कृतज्ञता 16. सौम्यता**

15. कृतज्ञता :- जिस किसी की भी सहायता से उन्नति (विकास और जागृति) की प्राप्ति में सहायता मिली हो, उसकी स्वीकृति।





(8) *Daya*: - Not interfering in other's progress.

- The ability of instilling understanding in accordance with other's receptivity.

***Krupa, Karuna***

(9) *Krupa*: - Being capable of helping other's progress or in instilling receptivity in other.

- The activity of instilling receptivity in accordance with understanding.

(10) *Karuna*: - Inspiring other for progress.

- Being helpful for instilling understanding and receptivity in other.

***Dum, Kshama***

(11) *Dum*: - The ending of attachment towards regression.

- Liberation from delusion, fear and wastage and commitment in awakened nature.

(12) *Kshama*: - At the time of helping for someone's advancement, remaining unaffected from the possibility of its misuse.

***Tatparta, Utsaah***

(13) *Tatparta*: - Earnestness in awakening, awakening progression and evolution.

- Dedication in production activities
- Commitment in behaviour and conduct of humanness
- Participation in orderliness and holistic orderliness

(14) *Utsaah*: - The courage for upliftment

- Awareness of orderliness

***Kritagyata, Saumyata***

(15) *Kritagyata*: - Acceptance of whoever has been helpful for attaining higher-status (progress and awakening).

16. सौम्यता :- स्वेच्छा से स्वयं का नियंत्रण।

- स्वभावगति प्रतिष्ठा अर्थात् शिष्टता।

### 17. गौरव 18. सरलता

17. गौरव :- स्वीकृति पूर्वक अंगीकार किये गये अनुकरण।

18. सरलता :- अभिमान से रहित और यथार्थता को व्यक्त करने की विचार व व्यवहार पद्धति ही सरलता है।

### 19. विश्वास 20. सौजन्यता

19. विश्वास:- परस्परता में निहित मूल्य निर्वाह।

- व्यवस्था की समझ, समाधान की अभिव्यक्ति और संप्रेषणा।

20. सौजन्यता:- सहकारिता, सहभागिता, सहयोगिता, पूरकता।

### 21. सत्य 22. धर्म

21. सत्य:- जो तीनों काल में एक सा भासमान, विद्यमान एवं अनुभव गम्य है।

- अस्तित्व विकास, जीवन, जीवन-जागृति, रासायनिक-भौतिक रचना-विरचना के प्रति प्रामाणिकता का नित्य वर्तमान।
- अस्तित्व सहज स्थिति सत्य, वस्तु स्थिति सत्य, वस्तुगत सत्य नित्य वर्तमान।

22. धर्म:- धारणा ही धर्म है।

- जिससे जिसका विलगीकरण न हो।

### 23. न्याय (सौजन्यता) 24. संवेदना

23. न्याय :- मानवीयता के पोषण, संवर्धन एवं मूल्यांकन के लिए संपादित क्रियाकलाप।

- संबंधों व मूल्यों की पहचान व निर्वाह तथा मूल्यांकन व उभयतृप्ति क्रिया।





*(16)* *Saumyata*: - The restraint of self from own desire.

- Being established in natural-status of being, or being well-mannered.

### *Gaurav, Saralta*

*(17)* *Gaurav*: - Following upon acceptance (understanding).

*(18)* *Saralta*: - The way of thinking and behaviour that is devoid of conceit and expresses the actuality itself is *saralta*.

### *Vishvas, Saujanyata*

*(19)* *Vishvas*: - The fulfilling of values intrinsic to relationship.

- Understanding of holistic orderliness, expression of resolution and its expression.

*(20)* *Saujanyata*: - Collaborativeness, participativeness, helpfulness and complementariness.

### *Satya*, Dharma

(21) *Satya*: - That which is sensible, present and knowable in the same way forever.

- The eternal presence of authenticity towards existence, evolution, jeevan, awakening of jeevan and physiochemical formation-deformation.
- Eternal presence of absolute truth, subjective-truth and objective truth of existence.

(22) Dharma: - Innateness itself is dharma.

- That from which one cannot be separated from is its dharma.

### *Nyaya (Saujanyata), Samvedna*

(23) *Nyaya*: - The activities carried out for nurturing, strengthening and appraisal of humanness.

- Recognition of relationships, fulfilling of values, appraisal and mutual-contentment.

**24.** संवेदना :-पूर्णता के अर्थ में वेगित होना।

- नियम-त्रय सहित किया गया कार्य-व्यवहार विचार।
- विकास व जागृति के प्रति वेदना = जिज्ञासा, अपेक्षा, आशा।
- जाने हुए को मानने के लिए, पहचाने हुए को निर्वाह करने के लिए स्वयं स्फूर्त जीवन सहज उद्देश्य और प्रक्रिया।
- सभी ज्ञानेन्द्रियों द्वारा बाह्य संकेतों को ग्रहण करने की क्रिया।
- व्यवस्था के प्रति तत्परता।

### 25. तादात्मता 26. साहस

**25.** तादात्मयता:- नित्यता के अर्थ में स्वीकार सहित किया गया निर्णय।

**26.** साहस :- सहनशीलता समेत प्रसन्नता सहित किया गया व्यवहार क्रिया कलाप।

### 27. संयम 28. नियम

**27.** संयम :- मानवीयता पूर्ण विचार, व्यवहार एवम् व्यवसाय में नियंत्रित होना।

**28.** नियम :- नियंत्रण पूर्ण स्वयंस्फूर्त विधि से, व्यवस्था में जीते हुए, समग्र व्यवस्था में भागीदारी करने की प्रवृत्ति और प्रमाण।

### 29. वीरता 30. धीरता

**29.** वीरता :- अन्य को न्याय दिलाने में स्व-शक्तियों का नियोजन।

- दूसरों को न्याय उपलब्ध कराने में अपनी भौतिक व बौद्धिक शक्तियों का नियोजन करना।

**30.** धीरता :- न्याय के प्रति निष्ठा एवं दृढ़ता।

### 31. भाव 32. संवेग

**31.** भाव:- मौलिकता=मूल्य=जिम्मेदारी, भागीदारी।





(24) *Samvedna*: - Movement towards completeness.

- The thoughts, work and behaviour performed with the three laws (laws of natural domain, laws of conscious domain and laws of social domain)
- Longing towards progress and awakening as inquiry, expectation and want.
- Spontaneous purposefulness and process in jeevan for believing what has been known, recognizing what has been believed and fulfilling what has been recognized.
- The activity of receiving external signals from all sensory-organs.
- Earnestness towards orderliness.

### *Tadatmayata, Saahas*

(25) *Tadatmayata*: - The conclusion arrived towards eternal aspects.

(26) *Saahas*: - The behavioural activities with tolerance and joyousness.

### *Sanyam, Niyam*

(27) *Sanyam*: - Being restrained in thoughts, behaviour and occupation of humanness.

(28) *Niyam*: - The inclination and evidence of doing participation while living in orderliness in restrained and spontaneous way.

### *Veerta, Dheerta*

(29) *Veerta*: - Deploying one's forces for getting justice to other.

- Deploying one's material and conscious forces for getting justice to others.

(30) *Dheerta*: - Commitment and perseverence towards justice.

### *Bhav, Samveg*

(31) *Bhav*: - Essence = Value = Responsibility, Participation

32. संवेग :- संयोग से प्राप्त गति।

**33. जाति 34. काल**

33. जाति :- रूप, गुण, स्वभाव व धर्म की विशिष्टता, भौतिक क्रिया, एकता, विविधता।

- भौतिक वस्तु में अनेक प्रकार के परमाणु।

34. काल :- क्रिया की अवधि।

**35. तुष्टि 36. पुष्टि**

35. तुष्टि :- समझदारी पूर्वक छः सद्‌गुणों से संपन्न होना, परिवार में समाधान, समृद्धि को प्रमाणित करना। अखंड समाज, सार्वभौम व्यवस्था में भागीदारी करना निरंतर तुष्टि का स्वरूप है।

36. पुष्टि:- तुष्टि का निरंतर मूल्यांकन में निरीक्षण, परीक्षणपूर्वक किया जाना। पूर्णता की निरंतरता ही जीवन सहज संतुष्टि है। मानव परंपरा के रूप में उसका लोकव्यापीकरण होना ही पुष्टि है।

- **मन सहज चौसठ (64) क्रियाएँ**

**चयन व आस्वादन रूपी चौसठ (64) क्रियाकलाप**

**1. भक्ति 2. तन्मयता**

1. भक्ति:- भय से मुक्त होने का क्रियाकलाप और श्रम मुक्ति।

- भजन और सेवा से संयुक्त अभिव्यक्ति संप्रेषणा, प्रकाशन क्रियाकलाप।

- भक्ति संपूर्ण निष्ठा की अभिव्यक्ति है।

2. तन्मयता :- सम्यक निष्ठा के लिए निश्चित लक्ष्य एवं दिशा हेतु निर्देशन विधि से जागृति सहज प्रभाव में अभिभूत होना तन्मयता है।

**3. ममता 4.उदारता**

3. ममता :- अपनत्व की पराकाष्ठा पूर्वक पोषण संरक्षण कार्य।

- स्वयं की प्रतिरूपता की स्वीकृति, उसकी निरंतरता।





(32) *Samveg*: - The motion obtained from union.

***Jati, Kaal***

(33) *Jati*: - The speciality of form, characteristics, innate-nature and religion. Variety by grouping commonness in physical aspect.

- Many kinds of atoms in physical nature.

(34) *Kaal*: - Duration of activity.

***Tushti, Pushti***

(35) *Tushti*: - Attaining the six virtuous characteristics with understanding and evidencing resolution and prosperity in family. Participation in undivided society and universal orderliness itself is the form of continuity of *tushti*.

(36) *Pushti*: - Continuous appraisal of *tushti* from scrutinizing and examining. The continuity of completeness itself is contentment of jeevan.

- **The Sixty four (64)**

**activities of mun – the sixtyfour functions in the form of choice and taste**

***Bhakti, Tanmayta***

(1) *Bhakti*: - The activities of becoming liberated from fear and liberation from frictions in living.

- The combined expression, communication and exposition of devotion and service.

- Devotion is expression of completeness in commitment.

*(2)* *Tanmayata*: - *Tanmayata* is becoming totally affected in the effect of awakening for holistic commitment in definite purpose and direction.

***Mamta, Udarta***

*(3)* *Mamta*: - The activities of nurturing and protecting with culimination of affinity.

- The acceptance of other being a reflection of self and its continuity.

4. **उदारता :-** स्वप्रसन्नता पूर्वक, दूसरों की जीवन जागृति, शरीर स्वस्थता व समृद्धि के लिए आवश्यकतानुसार तन, मन, धन रूपी अर्थ का अर्पण-समर्पण करना।

- प्राप्त समाधान रूपी सुख सुविधाओं (समृद्धि) का, दूसरों के लिए सदुपयोग करना और प्रसन्न होना।

### 5.सम्मान 6. सौहार्द्र

5. **सम्मान :-** व्यक्तित्व, प्रतिभा की स्वीकृति और उसका संतुलन सहज प्रकाशन।

- व्यक्तित्व, प्रतिभा की श्रेष्ठता की स्वीकृति, निरंतरता व स्पष्टता।

6. **सौहार्द्र :-** जिस प्रकार से स्वीकृति हो उस अवधारणा, अनुभव, स्मृति और श्रुति को यथावत् प्रस्तुत करने का क्रियाकलाप।

### 7. स्नेह 8. निष्ठा

7. **स्नेह:-** न्यायपूर्ण व्यवहार में निर्विरोधिता।

- संतुष्टि में, से, के लिए स्वयं स्फूर्त मिलन और निरंतरता।

8. **निष्ठा:-** जागृति पूर्ण लक्ष्य में निश्चित अवधारणा व स्मरण पूर्वक प्राप्त करने व प्रमाणित करने का निरंतर प्रयास।

### 9. पुत्र-पुत्री 10. अनुराग

9. **पुत्र-पुत्री :-** शरीर रचना की कारकता सहज स्वीकृति और जीवन जागृति में पूरकता निर्वाह करने वाली मानव इकाई ही पिता है।

- पोषण, सुरक्षा की स्वीकृति।
- संतानों के पोषण संरक्षण के लिए, उत्पादन हेतू सक्षम बनाने हेतु आधार के रूप में स्वयं को स्वीकारना।
- शिक्षा संस्कार प्रदान करने में स्वयं को सक्षम स्वीकारना।
- सम्पूर्ण ज्ञान प्रावधानित करने के लिए स्वयं में स्वीकारना।





*(4)* *Udarta*: - Happily offering and devoting means of living in the form of body, mind and wealth for awakening, bodily health and prosperity of others.

- Making good-use of one's resolution and prosperity for others and becoming happy with that.

### ***Samman, Sauhard***

(5) *Samman*: - The acceptance of personality and talent and its balanced expression.

- The acceptance of excellence of personality and talent, its continuity and clarity.

*(6)* *Sauhard*: - The way a concept, experience, memory and revelation is accepted, the activity of presenting it in exactly the same way.

### ***Sneha, Nishtha***

(7) *Sneha*: - Unopposedness in behaviour of justice.

- Spontaneous meeting in, from and for contentment and its continuity.

*(8)* *Nishtha*: - Continuous efforts for achieving and realizing definite conception with memory for obtaining and realizing.

### ***Putra-Putree, Anurag***

*(9)* *Putra-Putree*: - Father is one who accepts having caused the body and who fulfils his complementariness for awakening of jeevan.

- The acceptance for providing nourishment and protection
- Accepting self to be responsible for providing nourishment and protection of children and for making them capable of doing production.
- Accepting self to be capable of providing education and values to children.
- Accepting self to be capable of provisioning the entire knowledge.

10. अनुराग :- निर्भ्रमता में प्राप्त आप्लावन (अनुपम रसास्वादन संभावना की स्वीकृति)

आप्लावन अर्थात् संबंधो में निहित मूल्यों का निर्वाह करने में सफलता।

### 11. साथी 12. दायित्व

11. साथी :- सर्वतोमुखी समाधान प्राप्त व्यक्ति।

- स्वयं स्फूर्त विधि से दृष्टा पद में हों।
- स्वयं को जानकर, मानकर, पहचान कर, निर्वाह करने के क्रम में साथी कहलाता है।

12. दायित्व :- परस्पर व्यवहार, व्यवसाय एवं व्यवस्थात्मक संबंधों में निहित, मूल्यानुभूति सहित, शिष्टतापूर्ण व्यवहार।

### 13. सहयोगी 14. कर्त्तव्य

13. सहयोगी :- प्रणेता अथवा अभ्युदय के अर्थ में मार्गदर्शक अथवा प्रेरक के साथ-साथ अनुगमन करना, स्वीकार पूर्वक गतित होना। उत्पादन में सहयोगी होना।

14. कर्त्तव्य :- प्रत्येक स्तर में प्राप्त संबंधों एवं सम्पर्कों और उसमें निहित मूल्यों का निर्वाह।

### 15. स्वायत्त 16. समृद्धि

15. स्वायत्त :- समृद्धि का अनुभव ही स्वायत्त है।

16. समृद्धि :- आवश्यकता से अधिक उत्पादन का अर्थ समृद्धि है।

### 17. हित 18. स्वास्थ्य

17. हित :- शरीर सीमान्तवर्तीय उपयोगिता।

18. स्वास्थ्य :- मन एवं प्रवृत्तियों के अनुसार कर्मेन्द्रिय व ज्ञानेन्द्रियों का कार्य करने योग्य स्थिति में होना।

- **स्पन्दन :-** स्फुरण योग्य स्थिति में कर्मेन्द्रिय एवं ज्ञानेन्द्रिय का होना।





*(10)* *Anurag*: - The inundation in non-delusion (the acceptance of possibility of unsurpassing experience)

Inundation means – success in fulfilling the values innate in relationships.

### *Sathi, Dayitva*

*(11)* *Sathi*: - The individual who has attained all-round resolution.

- One who is in the seer-status in spontaneous way.
- The one who is fulfilling his duties and responsibilities upon knowing, believing and recognizing self.

*(12)* *Dayitva*: - The behaviour of complete manners with experience of values in relationships of behaviour, occupation and orderliness.

### *Sahyogi, Kartavya*

*(13)* *Sahyogi*: - Following the originator, guide or inspiring-person for achieving all-round resolution, moving with acceptance, being helpful in production.

*(14)* *Kartaya*: - Fulfilling of values in relationships and associations obtained at every level.

### *Svayatta, Samriddhi*

*(15)* *Svayatta*: - The experience of prosperity itself is *svayatta*.

*(16)* *Samriddhi*: - Production more than definite needs itself is *samriddhi*.

### *Hita, Svasthya*

*(17)* *Hita*: - The usefulness for body's health.

*(18)* *Svasthya*: - The work-organs and sense-organs being in the state of working in accordance with *mun* and tendencies.

- The sense-organs and work-organs being in the state of pulsation and vivaciousness.

## 19. प्रिय 20. प्रवृत्तियाँ

19. प्रिय - शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्धात्मक ज्ञानेन्द्रियों के लिए शरीर स्वस्थता के अर्थ में अनुकूल योग संयोग।

20. प्रवृत्तियाँ -उपलब्धि एवं प्रयोजन सिद्धि हेतु प्रयुक्त बौद्धिक संवेग।

- परावर्तन होने के लिए जीवन में होने वाली आशा, विचार, इच्छा, संकल्पों एवं प्रामाणिकता की स्थिति, व्यवहार के अर्थ में मानवीयतापूर्ण मानसिकता।

## 21. उल्लास 22. हास

21. उल्लास :- मुखरण। उत्थान की और पारदर्शक प्रस्तुति और गति।

22. हास :- समाधान सहित प्रसन्नता व मुस्कान सहित मानवीय लक्ष्य व दिशा की ओर गति।

## 23. शील 24. संकोच

23. शील :- जागृति सहज वैभव को शिष्टता के रूप में सभी आयाम, कोण, दिशा, परिप्रेक्ष्य में प्रामाणिकता को इंगित कर लेना और कराने की क्रिया का नाम शील है।

- शिष्टता पूर्ण लक्षण।

24. संकोच :- अस्वीकृति को शिष्टता से प्रस्तुत करना।

## 25. गुरु 26. प्रामाणिक

25. गुरु :- शिक्षा-संस्कार नियति क्रमानुषंगीय विधि से जिज्ञासाओं और प्रश्नों को समाधान के रूप में अवधारणा में प्रस्थापित करने वाला मानव गुरु है।

26. प्रामाणिक :- प्रमाणों का धारक वाहक-यथा अस्तित्व दर्शन, जीवन ज्ञान, मानवीयता पूर्ण आचरण समुच्चय को प्रयोग, व्यवहार अनुभवपूर्ण विधि से प्रमाणित करना और प्रमाणों के रूप में जीना।





## *Priya, Pravrittiyan*

*(19)* *Priya*: - Conducive closeness to sense-organs (hearing, touch, sight, taste and smell) towards body's health.

*(20)* *Pravrittiyan*: - The conscious impetus for realizing accomplishment and purpose.

- The state of the jeevan's activities of wanting, thinking, desiring, convicton and authenticity for manifestation of understanding. The mindset of humanness in behaviour.

## *Ullas, Haas*

*(21)* *Ullas*: - Articulation. Presentation and movement with transparency towards upliftment.

*(22)* *Haas*: - Movement towards purpose and direction of humanness with resolution, joy and smile.

## *Sheel, Sankoch*

*(23)* *Sheel*: - Making the grandeur of awakening indicate authenticity in all aspects, angles, directions and perspectives is known as *sheel.*

- The traits of being with complete manners.

*(24)* *Sankoch*: - Presenting what is not acceptable with manners.

## *Guru, Pramanik*

*(25)* *Guru*: - The human being who instills the answers of all inquiries and questions in the form of resolution by way of educational impressions, conforming to destined order is *Guru*.

*(26)* *Pramanik*: - The one who holds and carries the evidences – which means, one who evidences holistic view (*darshan*) of existence, knowledge of self (jeevan) and conduct of humanness in his living as experimentation, behaviour and realization – and lives in the form of evidences.

## 27. शिष्य 28. जिज्ञासु

27. शिष्य :- जागृति लक्ष्य की पूर्ति के लिए शिक्षा-संस्कार ग्रहण करने, स्वीकार करने के लिए प्रस्तुत व्यक्ति, जिसमें गुरु का सम्बन्ध स्वीकृत हो चुका रहता है।

28. जिज्ञासु :- जीवन ज्ञान सहित निर्भ्रम शिक्षा ग्रहण करने के लिए तीव्र इच्छा का प्रकाशन।

## 29. भाई-मित्र 30. प्रगति

29. भाई :- एकोदर (एक उदर (पेट) से होने वाले) को भाई का संबोधन है। भाईवत् स्वीकृतियाँ या मित्र।

मित्र :- सहोदरवत् (सगे भाई जैसा) जो होते हैं, उन्हें भाई व मित्र का संबोधन है।

30. प्रगति :- मानवत्व रूपी सहज व्यवस्था व समग्र व्यवस्था अर्थात् परिवार मूलक स्वराज्य व्यवस्था में भागीदारी।

- समाधान प्रधान समृद्धि सहज अपेक्षा प्रक्रिया और प्रमाण।

## 31. बहन 32. उन्नति

31. बहन :- एकोदरीय (एक पेट से पैदा होने वाली) अथवा एकोदरवत् बहनें होती हैं।

32. उन्नति :- समृद्धि प्रधान समाधान सहज अपेक्षा, प्रक्रिया व प्रमाण।

- जागृति और उसकी निरन्तरता की ओर गति।

## 33. स्वीकृति 34. स्वागत

33. स्वीकृति :- अनुभव मूलक प्रभाव में इंगित होने वाले सम्पूर्ण संकेतों को यथावत् परावर्तन में प्रमाणित करने की क्रिया।

34. स्वागत :- अवधारणा अनुभव के लिए स्वीकृत क्रिया

- नियम, न्याय, समाधान, सत्य सहज स्वीकृतियों, अस्वीकृतियों के लिए तैयारियाँ।
- विवेक व विज्ञान सम्मत मानसिक, वैचारिक और ऐच्छिक तैयारियाँ।





## *Shishya, Jigyasu*

*(27)* *Shishya*: - The individual who presents himself for fulfilling the purpose of awakening to receive and accept educational impressions, who has accepted the relationship of Guru.

*(28)* *Jigyasu*: - Expressing strong desire for receiving education devoid of delusion and with knowledge of self (jeevan).

## *Bhai-Mitra, Pragati*

*(29)* *Bhai*: - Born to the same mother is called as *bhai* (brother) or having accepted other person to be like *bhai* (brother).

*Mitra*: - Those who are like one's own brother are called as *bhai* or *mitra*.

*(30)* *Pragati*: - Participation in orderliness of humanness and participation in family-rooted self-organized orderliness.

- The expectation, procedure and evidence of resolution and prosperity – with resolution being primary.

## *Bahan, Unnati*

*(31)* *Bahan*: - Born to the same mother or one accepted to be such is *bahan* (sister).

*(32)* *Unnati*: - The expectation, procedure and evidence of resolution and prosperity – with prosperity being primary. Awakening and movement towards its continuity.

## *Sveekruti, Swagat*

*(33)* *Sveekruti*: - The activity of realizing as manifestation of all signals in realization rooted influence.

*(34)* *Swagat*: - Conception, the acceptance activity for realization.

- The readiness for acceptances and rejections in accordance with Law, Justice, Resolution, Truth
- The readiness of *mun*, *vritti* and *chitta* in accordance with wisdom and science.

### 35. रुचि 36. पहचान

35. रुचि :- रासायनिक द्रव्यों से रचित रचनात्मक व्यवस्था में अनुकूल भौतिक रासायनिक वस्तुओं के संयोग से योग में प्राप्त परिणामों की पहचान।

36. पहचान :- इन्द्रिय सन्निकर्ष में चरितार्थता आवश्यक अथवा अनिवार्य तत्व।

- वस्तुओं का योग संयोग से प्राप्त कुल परिणाम की स्वीकृति।

### 37. सुख 38. स्फूर्ति

37. सुख = समाधान

38. स्फूर्ति = समाधान सहज प्रमाणों में, से, के लिए प्रवृत्ति।

### 39. पति-पत्नि 40 यतीत्व-सतीत्व

39. **यतीत्व :** यत्न (प्रयोग) पूर्वक तरने के लिए, जागृति निर्भ्रमता और जागृति सहज निरंतरता के लिए किया गया सम्पूर्ण कार्य-व्यवहार; निर्भ्रमता सहित की गई प्रक्रिया एवं प्रयास। यत्न अर्थात् शोधपूर्वक समझना ही तरना।

40. **सतीत्व :** सत्व (संकल्प) पूर्वक तरने, जागृत होने के लिए किया गया कार्य-व्यवहार, समझ, प्रक्रिया समुच्चय; भ्रम मुक्ति। सत्व अर्थात् संकल्प निष्ठापूर्वक समझना ही तरना।

### 41. माता 42. पोषण

42. **पोषण :-** इकाई + अनुकूल इकाई।

### 43. पिता 44. संरक्षण

44. **संरक्षण :-** निर्बाधता। सुगमता के अर्थ में है।

### ज्ञानेंद्रिय - कर्मेन्द्रिय क्रियाएं (45 से 64)

### 45. मृदु-कठोर 46. वहन-संवहन

परिभाषा : छः प्रकार की रुचियां जीभ के संयोग में आई वस्तु चाहे तरल, विरल, ठोस क्यों न हो, परिणाम स्वरूप ही पहचानना होता है। हर जागृत मानव संदवेदनाओं के प्रयोजनों का स्वस्थ शरीर के प्रयोजनों के लिए पहचाने रहना स्वाभाविक रहता है।

**47. शीत/उष्ण - 48. पोषण**





### *Ruchi, Pehchaan*

*(35)* *Ruchi*: - The recognition of results of body (orderly formation from chemical substances) when united with physiochemical objects.

*(36)* *Pehchaan*: - The acceptance of results of union of necessary substances and objects with sense-organs.

-

### *Sukha, Sfurti*

*(37)* *Sukha* = Resolution

*(38)* *Sfurti* = Inclination in, from and for evidences of resolution

### *Pati-Patni, Yatitv-Satitv*

*(39)* *Yatitv*: - Entire work and behaviour done for continuity of awakening, non-delusion and getting emancipated with diligence.

*(40)* *Satitv*: - The work and behaviour done for becoming awakened, getting emancipated with *satva* (conviction), understanding, practices and liberation from delusion. *Satva* means understanding with commitment, which itself is emanicipation.

### *Mata, Poshan*

*(42)* *Poshan*: - unit + conducive unit

### *Pita, Sanrakshan*

*(44)* *Sanrakshan*: - Unboundedness. It is in terms of easiness.

**The Activities of Sense-organs and Work-organs (from 45 till 64)**

### *Mridu-Kathor, Vahan-Samvahan*

*(45)* *Samvahan-Mridu*: -

(1) The objects which can bear less weight or stress than the sense-organs of touch.

(2) The objects which bear weight by getting compressed.

**49. खट्टा - 50. पोषण**

**51. मीठा - 52. पोषण**

**53. चरपरा - 54. पोषण**

**55. कड़ुवा - 56. पोषण**

**57. कसैला - 58. पोषण**

**59. खारा - 60. पोषण**

**61. सुगन्ध/दुर्गन्ध - 62.प्रश्वसन/विश्वसन**

**63. सुरूप / कुरूप - 64.अपनापन/ परायापन**

**संवहन - मृदु** :-

(1) स्पर्शेंद्रिय से कम भार व दबाव को सहने वाली वस्तुएँ।

(2) संकुचन पूर्वक वहन करने वाली वस्तुएँ ।

**कठोर** :-स्पर्शेंद्रिय से अधिक भार व दबाव को सहने वाली वस्तुएं । पूर्णता के वेदना सहित, गति वहन करना।

**''सर्व शुभ हो''**

**भूमिः स्वर्गताम् यातु, मनुष्यो यातु देवताम् ।**

**धर्मो सफलताम् यातु, नित्यं यातु शुभोदयम् ।।**





*(46)* *Kathor*: - The objects which bear more weight or stress than the sense-organs of touch. Bearing the weight with pain for completeness.

*(47)* *Sheet-ushna* – (48) *Poshan*

*(49)* *Khatta* – (50) *Poshan*

*(51)* *Meetha* – (52) *Poshan*

*(53)* *Charpara* – (54) *Poshan*

*(55)* *Kadua* – (56) *Poshan*

*(57)* *Kasaila* – (58) *Poshan*

*(59)* *Khara* – (60) *Poshan*

*(61)* *Sugandh/Durgandh* – (62) *prashvasan/vishvasan*

*(63)* *Suroop/Kuroop* – (64) *apna-pan/paraya-pan*

**“May Universal Goodness Prevail”**

*May Earth be Heaven, May humans be divine.*

*May religion get realized, May Goodness arise always.*

## प्रकाशित व प्रकाशनाधीन प्रबन्ध

**"अस्तित्व मूलक मानव केन्द्रित चिंतन" के रुप में 'मध्यस्थ दर्शन' सह-अस्तित्ववाद है। इसके प्रणेता एवं लेखक श्री ए. नागराज, अमरकण्टक हैं। इसमें अस्तित्व दर्शन को विविध प्रकार से स्पष्ट किया गया है।**

### दर्शन

1. मानव व्यवहार एवं दर्शन (प्रकाशित)
2. मानव अनुभव दर्शन (प्रकाशित)
3. मानव अभ्यास दर्शन (प्रकाशित)
4. मानव कर्म दर्शन (प्रकाशित)

### शास्त्र

1. व्यवहारवादी समाजशास्त्र (प्रकाशित)
2. आवर्तनशील अर्थचिंतन (प्रकाशित)
3. मानव संचेतनावादी मनोविज्ञान (प्रकाशित)

### वाद

1. समाधानात्मक भौतिकवाद (प्रकाशित)
2. व्यवहारात्मक जनवाद (प्रकाशित)
3. अनुभवात्मक अध्यात्मवाद (प्रकाशित)

### योजना

1. जीवन विद्या योजना (प्रकाशनाधीन)
2. मानव संचेतनावादी शिक्षा-संस्कार योजना (प्रकाशनाधीन)
3. परिवार मूलक स्वराज्य व्यवस्था योजना (प्रकाशित)

### अन्य

1. परिभाषा संहिता (प्रकाशित)
2. जीवन विद्या - एक परिचय (प्रकाशित)
3. अस्तित्व एवं अस्तित्व में परमाणु का विकास (प्रकाशित)
4. मानवीय संविधान का प्रारूप (प्रकाशित)
5. मध्यस्थ दर्शन सहअस्तित्ववाद पर आधारित संवाद (प्रकाशित)

★ जीवन विद्या गीत (लेखक-प्रदीप पूरक) (प्रकाशित)





## PUBLICATION DETAILS

**Following literature of Madhyasth Darshan originally presented by Shree A. Nagraj (Amarkantak) has been published in Hindi language.**

### Darshan (Holistic view)

1. Manav Vyavhar Darshan (also available in English)
2. Manav Karma Darshan
3. Manav Abhyas Darshan
4. Manav Anubhav Darshan

### Shastra (Thesis)

1. Vyavhar-vadi Samajshastra
2. Avartansheel Artha-shastra
3. Manav Sanchetnavadi Manovigyan

### Vaad (Ideology)

1. Samadhanatmak Bhautikvad
2. Vyavharatmak Janvad
3. Anubhavatmak Adhyatmvad

### Yojana (Plan)

1. Jeevan Vidya Yojana
2. Manav Sanchetna Vadi Shiksha-Sanskar Yojana
3. Parivar Moolak Svarajya Vyavastha

### Others

1. Paribhasha Samhita
2. Jeevan Vidya – Ek Parichaya
3. Astitva evam astitva me parmanu ka vikas
4. Manviya samvidhan ka praarup
5. Madhyasth Darshan Sah-astitva-vad par aadharit Samvad

★ Jeevan Vidya Geet (by Pradeep Purak)